चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 18 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-250, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

प्लूटो के सीने में भी धड़कता है दिल 18

जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज 17

12 बजे कपाट खुलते ही रामलला का हुआ सूर्याभिषेक

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या में राम जन्मोत्सव के दौरान श्रीराम जन्मभूमि के गर्भगृह का कपाट बुधवार को पूर्वाह्न 11:45 पर बंद हो गये। 15 मिनट तक शोडषोपचार पूजन और श्रृंगार के बाद दोपहर 12 बजे जैसे ही पट खुले तो रामलला के माथे पर सूर्य की किरणें उनका अभिषेक कर रही थीं। पांच मिनट तक रामलला का मस्तकाभिषेक हुआ। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला की चौपाइयों से गुंजायमान हो उठा। बधाइयां गूंजने लगीं।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार दिव्य और भव्य राम मंदिर में रामलला के जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। इससे पहले मंदिर परिसर को फूल और आकर्षक लाइटों से सजाया गया था। मंदिर में बुधवार सुबह तीन बजे मंगला आरती के बाद दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पांच बजते ही पांच वर्षीय रामलला और उत्सव मूर्ति का दूध, दही, पंचामृत और सरयू के जल से अभिषेक किया गया। वस्त्र धारण कराए जाने के बाद श्रृंगार आरती संपन्न हुई। इस दौरान दर्शन की प्रक्रिया जारी रही। पूर्वाह्न 11.45 पर गर्भगृह में विराजमान रामलला के जन्मोत्सव के पूर्व पूजन प्रक्रिया में शोडषोपचार पूजन किया गया। जिसमां भगवान का स्नान, पंचामृत, गंधोधक, सुगन्ध द्रव्य से अभिषेक और तुलसी अर्जन और अन्य परंपराओं को संपन्न किया गया। रामलला को नया स्वर्ण हार व मुकुट धारण कराया गया। श्री राम संकीर्तन और वेद मंत्रोच्चारण के बीच अपने आराध्य को धरा पर अवतरित होते देख भक्त भाव विभोर होकर जयकारे लगाने लगे। कुछ भक्तों के आंखों से आंसुओं की धारा बहने लगी।

पांच मिनट तक रामलला का हुआ मस्ताकाभिषेक, महल में गूंजी बधाइयां

करोड़ों लोग हुए इस अद्भुत पल के साक्षी

रामलला को स्नान कराते ट्रस्ट के पुजारी।

सुबह प्रसाद में लड्डू, दोपहर में पंजीरी

रामलला को 56 भोग लगाया गया। प्रसाद परिसर स्थित सुरक्षा बलों और निर्माण कर्मियों सहित उपस्थित सात हजार सेवकों और श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। राम मंदिर में सुबह से ही दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की अपार भीड़ दिखी। सभी ने नंगे पांव जन्म भूमि पथ के रास्ते राम मंदिर में प्रवेश किया। भक्तों को समयानुसार प्रसाद मिला। सुबह दर्शनार्थियों को लड्डू प्रसाद व जन्मोत्सव के बाद धनिये की पंजीरी का प्रसाद मिला।

मोदी-योगी ने भी देखा सूर्याभिषेक

सूर्याभिषेक का लाइव प्रसारण चल रहा था। इस पल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ देश-विदेश में बैठे करोड़ों लोगों ने देखा। रामनवमी पर दोपहर 12 बजते ही शंखनाद हुआ। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने रामलला की आरती उतारी। 12 से 12 :05 तक रामलला के माथे पर सूर्य का तिलक बना रहा।

प्रचार थमा, मतदान कल

पहला चरण : 21 राज्यों की 102 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग, 1625 प्रत्याशी मैदान में

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकतंत्र के महापर्व के पहले चरण का चुनाव प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया है। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी। देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर कुल 1626 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में कई केंद्रीय मंत्रीयों व पूर्व मुख्यमंत्री समेत पूर्व राज्यपाल की किस्मत दांव पर है।

19 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की 8, राजस्थान की 13, मध्य प्रदेश की छह, असम की पांच, बिहार की चार, महाराष्ट्र की पांच, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ की एक-एक, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश की दो-दो, त्रिपुरा की एक, उत्तराखंड की पांच, तमिलनाडु की 39, पश्चिम बंगाल की तीन, सिक्किम, नगालैंड, अंडमान और निकोबार, मिजोरम, पुडुचेरी, मणिपुर व लक्षद्वीप में मतदान होगा।

चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने के लिये चुनाव आयोग ने 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किए हैं। सार्वजनिक रूप से प्रचार पर पाबंदी के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें अपने पक्ष में मत डालने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। प्रचार के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम और त्रिपुरा में जनसभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोल्लार में चुनावी रैली को संबोधित किया।

सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, नागपुर लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार जीतने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री किरेन रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार नबाम तुकी के सामने हैं। केन्द्रीय जहाजरानी जल मार्ग एवं बंदरगाह मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम में डिब्रूगढ़ और केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) से चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह के चुनावी भविष्य का निर्णय ऊधमपुर सीट पर होने जा रहा है और उनके सहयोगी भूपेन्द्र यादव राजस्थान की अलवर सीट से भाग्य आजमा रहे हैं। राजस्थान की ही बीकानेर सीट पर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला कांग्रेस के उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल से है। पहले चरण के अन्य प्रमुख प्रत्याशियों में पूर्व मंत्री एवं द्रमुक सांसद ए राजा का भाग्य नीलगिरि सीट के मतदाताओं के निर्णय से तय होगा।

पहले चरण में उप्र में होना है आठ सीटों पर पोलिंग

पीलीभीत, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर

लखनऊ। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों के लिए चुनाव प्रचार बुधवार की शाम खत्म हो गया। 18 अप्रैल को पोलिंग पाटियां रवाना होंगी। इन सीटों पर मतदान 19 अप्रैल को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र के लिए 12 विकल्पों का प्रयोग भी कर सकेंगे। वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों की ओर से जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई की ओर से जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र-राज्य सरकार, लोक उपक्रम व पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों व विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे।

एक नजर

आतंकियों ने बिहार के मजदूर को मारी गोली

श्रीनगर : अनंतनाग जिले में बुधवार को प्रवासी को टारगेट करके गोली मारी गई। अबकी बार बिहार का एक मजदूर आतंकियों का निशाना बना। पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने बिजबेहरा इलाके के जबलीपोरा में राजा शाह को नजदीक से गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

हेमंत मामले में चार और गिरफ्तारी

रांची : ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ जमीन हड़पने से जुड़े धनशोधन मामले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में अंतु तिर्की, प्रिय रंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद है।

राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में की संयुक्त पत्रकार वार्ता

चुनावी बॉण्ड ने बैंड बजाया, 150 सीटों पर सिमट जाएगी एनडीए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनडीए को गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा : अखिलेश यादव
- इंडी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ रहा चुनाव : राहुल गांधी

अमृत विचार : कांग्रेस-सपा की संयुक्त पत्रकार वार्ता में बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए 150 सीटों तक सिमट कर रह जाएगी। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वो (एनडीए) 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे से होगी।

कौशांबी (गाजियाबाद) स्थित होटल में हुई प्रेसवार्ता में राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि एनडीए को गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और बागपत के गठबंधन के प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा, सपा के पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर मौजूद रहे।

अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चल रही है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग है। राहुल ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस और भाजपा संविधान को खत्म करने की कोशिश में है तो दूसरी ओर इंडी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए चुनाव लड़ रही है।

राहुल गांधी के मुताबिक, कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने बताया कि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था पारदर्शिता के लिए, राजनीति को साफ करने के लिए लाया गया। अगर ये सच है तो सुप्रीम कोर्ट ने उस व्यवस्था को क्यों रद कर दिया और दूसरी बात अगर आप पारदर्शिता लाना चाहते थे तो आपने भाजपा को पैसा देने वालों के नाम क्यों छुपाए। आपने उन तारीखों को क्यों छुपाया जिस दिन उन्होंने आपको पैसे दिए थे?

पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

ये तो भाजपा वाला सवाल?

अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि ये भाजपा वालों का सवाल है, बहुत अच्छा...मुझे जो आदेश मिलेगा मैं उसका पालन करूंगा।

लूट ईस्ट को एक्ट ईस्ट में बदला : मोदी

- प्रधानमंत्री ने कहा त्रिपुरा ने भाजपा में अभूतपूर्व बदलाव देखे

अगरतला, एजंसी

अगरतला में मंच से लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मोदी। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ने 'लूट ईस्ट' नीति अपना रखी थी, जबकि भाजपा ने उसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया। प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित रैली में कहा कि त्रिपुरा के लोगों ने भाजपा सरकार के शासन में अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं। मोदी ने कहा कि भगवान राम का जन्मोत्सव अयोध्या में उनके ही मंदिर में 500 साल के बाद मनाया जा रहा है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए आवास बनाने का फैसला किया है। त्रिपुरा के लोगों को भी इसका बहुत फायदा मिलने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 500 साल के लंबे इंतजार के बाद रामलला अंततः तंबू की जगह एक भव्य मंदिर में विराजित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उत्तर-पूर्व में 'कनेक्टिविटी' बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। मोदी ने कहा कि राज्य में राजमार्गों के उन्नयन के लिए 3,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले, राज्य में मोबाइल टॉवर ठीक से काम नहीं करते थे, लेकिन अब 5जी कनेक्टिविटी में सुधार के लिए काम किया जा रहा है। यह मोदी सरकार है जिसने मोबाइल बिल को कम करके लगभग 400-500 रुपये प्रति माह तक ला दिया है। अगर कांग्रेस सत्ता में होती तो, आपका मोबाइल बिल 4,000 रुपये से 5,000 रुपये रहता।

हाईकोर्ट की फटकार के बाद जज हुए हाजिर, मांगी माफी

लखनऊ, विधि संवाददाता

अभियुक्तों की मर्जी के बिना मजहब के आधार पर न्याय मित्र नियुक्त करना गलत

- कहा, जज ने धर्म के आधार पर एक समुदाय के साथ किया भेदभाव

अमृत विचार : अवैध धर्मांतरण केस में अदालत में उपस्थित गवाह से जुमे की नमाज पढ़ने जाने का हवाला देकर जिरह न करने की आलोचना करने व संबंधित अधिवक्ताओं के नमाज के लिए जाने पर न्याय मित्र नियुक्त करने वाले एनआईए/एटीएस कोर्ट के विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने हाईकोर्ट की फटकार के बाद बिना शर्त माफी मांगी है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने विशेष जज के विरुद्ध सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जज ने धर्म के आधार पर एक समुदाय के साथ भेदभाव किया है। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि अपनी पसंद और अपने मजहब के अधिवक्ता नियुक्त कर चुके अभियुक्तों की मर्जी के खिलाफ उनके लिए न्याय मित्र नियुक्त करना, धर्म के आधार पर भेदभाव है, जो संविधान के अनुच्छेद 15 का स्पष्ट उल्लंघन है। न्यायालय की इन टिप्पणियों के साथ जज को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल करने के लिए दो दिनों का समय दिया है। अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने एक अभियुक्त मोहम्मद इदरीस की याचिका पर पारित किया है।

अभियुक्त मोहम्मद इदरीस ने हाईकोर्ट में धारा 482 के तहत याचिका दाखिल कर विशेष जज के आदेशों को चुनौती दी थी। 5 मार्च को याचिका पर सुनवाई के बाद जब पुनः 15 अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई तो न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने विशेष जज पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने 5 मार्च के आदेश को ठीक से नहीं समझा। आगे कहा कि विशेष जज ने इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को देने के सम्बंध में कोई आदेश क्यों नहीं पारित किया। न्यायालय ने उक्त मामले में याची मोहम्मद इदरीस के विरुद्ध ट्रायल पर भी अग्रिम आदेशों तक के लिए रोक लगा दी है।

यह था मामला

दरअसल विशेष जज की अदालत में जबरन धर्म परिवर्तन के मामले में मोहम्मद उमर गौतम समेत अन्य अभियुक्तों का विचारण चल रहा है। हाईकोर्ट की दो जजों की खंडपीठ ने 16 दिसम्बर 2022 को आदेश दिया था कि उक्त मामले के विचारण की कार्यवाही एक वर्ष में पूरी की जाए जिसके बाद विशेष जज ने दिन-प्रतिदिन सुनवाई की कार्यवाही प्रारम्भ की। 19 जनवरी 2024 को मामले में हाजिर गवाह से जिरह करने के लिए जब अदालत ने अधिवक्ताओं से कहा तो मुस्लिम अधिवक्ता नमाज के लिए जाने की बात कह कर चले गए थे।

शहीद की पत्नी को सरकार वित्तीय लाभ देने पर राजी

मुंबई, एजेंसी

- हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद महाराष्ट्र सरकार ने विशेष मामला माना

महाराष्ट्र सरकार ने चार साल पहले जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए मेजर अनुज सूद के परिवार को वित्तीय लाभ देने का फैसला ले लिया। सरकार ने पहले अनुज की पत्नी आकृति सूद को इस आधार पर वित्तीय लाभ देने से इनकार कर दिया था कि सूद न तो महाराष्ट्र में पैदा हुए थे और न ही पिछले 15 वर्ष से राज्य में रह रहे थे। आकृति सूद ने अपनी याचिका में सरकार के इस फैसले को चुनौती दी थी। याचिका में दलील दी गई थी कि उनके दिवंगत पति की इच्छा के अनुसार परिवार पिछले 15 वर्ष से महाराष्ट्र में रह रहा है।

मेजर सूद दो मई, 2020 को उस वक्त शहीद हो गये थे। उन्हें मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। सरकार ने आकृति को एक करोड़ रुपये (आकृति को 60 लाख रुपये और सूद के पिता को 40 लाख रुपये) और 9,000 रुपये मासिक भुगतान देने का फैसला किया है। पीठ ने सरकार के इस फैसले की सराहना की।

नक्सलियों ने की भाजपा नेता पंचम दास की हत्या

बस्तर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सलियों के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद नारायणपुर में नक्सलियों ने बस्तर सीट पर चुनाव के पहले चरण के मतदान से दो दिन पहले नक्सलियों ने भाजपा नेता एवं उप सरपंच पंचम दास की मंगलवार देर रात कुल्हाड़ी से हत्या कर दी है। बुधवार को नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि इस घटना को बाहर से आए नक्सलियों ने अंजाम दिया है। दास को नक्सली पहले भी मारने की धमकी दे चुके थे। कल देर रात सादे कपड़ों में कुछ नक्सली उनके घर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। उसके बाद कुल्हाड़ी से हमला कर दास की हत्या कर दी।

आकस्मिक स्थिति से निपटने को तैनात रहेंगी एयर एंबुलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप्र. में सात चरणों में होने वाले चुनाव के दौरान रहेगी तैनाती, तुरंत पहुंचेगी मदद
- अर्द्धसैनिक और पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही चिकित्सकीय सुविधा भी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में सात चरणो में होने वाले चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए शासन की ओर से एयर एंबुलेंस एवं हेलीकॉप्टर का प्रबंध किया गया है। इसकी सहायता से आकस्मिक स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्द्धसैनिक और पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही ये चिकित्सकीय सुविधा पहुंचाने में भी मददगार होगी।

योजना के मुताबिक एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को चरणों के हिसाब से अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया जाएगा। ये एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर हरियाणा के गुरुग्राम स्थित निजी एविएशन कंपनी से लीज पर लिया गया है। दरअसल, राज्य में लोकसभा चुनाव सभी सात चरणो में होना है। इस दौरान किसी भी संकट का सामना करने के लिए इनको हायर किया गया है। हर चरण में चुनावों की लोकेशन के आधार पर एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को तैनात किया गया है। 19 अप्रैल को चुनाव के पहले चरण में उप्र. के पश्चिम क्षेत्र की सीटों पर मतदान होना है। इसके तहत हेलीकॉप्टर को 18 अप्रैल एवं 19 अप्रैल को मुरादाबाद में और एयर एंबुलेंस को 19 अप्रैल को बरेली में तैनात किया गया है।

दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को हेलीकॉप्टर अलीगढ़ में (25 और 26 अप्रैल) और एयर एंबुलेंस को मेरठ में (26 अप्रैल) तैनात रहेंगे। 7 मई को तीसरे चरण में हेलीकॉप्टर आगरा (6 व 7 मई को) एवं एयर एंबुलेंस को बरेली (7 मई को) में तैनात होंगे। 13 मई को चौथे चरण में हेलीकॉप्टर 12 व 13 मई को कानपुर और एयर एंबुलेंस 13 मई को लखनऊ में होंगे। पांचवें चरण यानी 20 मई को हेलीकॉप्टर झांसी में और एयर एंबुलेंस लखनऊ में तो छठे चरण में हेलीकॉप्टर अयोध्या और एयर एंबुलेंस प्रयागराज में रहेंगे।

इस पर खर्च होंगे कुल 39.20 लाख रुपये

आकस्मिक स्थिति में चिकित्सकीय मदद के साथ ही सुरक्षाबलों को लाने व ले जाने में यह हेलीकॉप्टर और एयर एंबुलेंस मददगार होंगे। इससे प्रभावित स्थान तक तत्काल सहायता पहुंचाई जा सकेगी। इस कदम को एहतियात के रूप में उठाया गया है, ताकि बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। गुरुग्राम की जेट सर्व एविएशन प्रा. लि. से 5.60 लाख रुपये के न्यूनतम उपयोग (2 घंटे प्रतिदिन) के लिए लीज पर लिया गया है। 7 दिन के हिसाब से कुल 39.20 लाख रुपये का खर्च आएगा। शासन की ओर से इसकी वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। भुगतान एवं जीएसटी के साथ नियमानुसार गणना का दायित्व उप्र. नागरिक उड्डयन विभाग एवं उप्र. पुलिस मुख्यालय, लखनऊ का होगा।

एक नजर

संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला युवक का शव

मिल्कीपुर, अयोध्या। हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के चमैला निवासी सुनील(35) पुत्र राम अंजोर का बुधवार को संदिग्ध हालात में कमरे में लगे पंखे के हुक से रस्सी के सहारे शव लटकता मिला। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह व फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल के बाद युवक के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि मौत के कारणों की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी।

चूड़ी और खिलौने की दुकान में चोरी

बीकापुर अयोध्या। कस्बे के मलेथू कनक तिराहा के समीप स्थित चूड़ी व खिलौना की दुकान के गुमटी का पटरा उखाड़ कर चोर मंगलवार रात नगदी सहित हजारों का सामान उठा ले गए। दुकान संचालक मोहम्मद मुश्ताक ने बताया कि बुधवार सुबह दुकान पर जाने के बाद चोरी की घटना की जानकारी हुई। चोर दुकान के गल्ले में रखा करीब 1100 रुपये नगदी चूड़ियां और बच्चों के खिलौने उठा ले गए। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

परेशानी : 30 हजार लोगों ने सात घंटे झेला बिजली संकट

तेज हवा से 11 हजार की लाइन टूटी, छह फीडर और एक उपकेंद्र हुआ प्रभावित

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार : सोहावल उपकेंद्र से जुड़े कई फीडरों पर बुधवार को भी सुबह 10 से शाम चार बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। इसके पीछे कारण तेज हवा का चलना बताया गया। जिससे हाई वोल्टेज तारों में टकराव होने से 11 हजार की लाइन टूटने से आपूर्ति में बाधा आई।

सोहावल उपकेंद्र से जुड़े फीडर मंगलसी, रौनाही, आरएल, रेलवे, जगनपुर, नगर पंचायत खिरौनी ही नहीं गोड़वा उपकेंद्र की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। लगातार दूसरे दिन आरएल फीडर की आपूर्ति बुधवार को भी सुबह लगभग 10 बजे से शाम चार बजे तक हवा की रफ्तार कम होने तक लगभग सात घंटे ठप रही। इस फीडर से 12 से ज्यादा राजस्व गांव जुड़े है। जिनकी आबादी 30 हजार है। सोहावल के उन फीडरों की आपूर्ति रुक-रुक कर जारी रही। जहां विभाग ने समय से पहले तार और खभों की लाइन ठीक कर रखी है।

सोहावल 220 केवीए और 33/11 उपमंडलीय अभियंता का कार्यालय। अमृत विचार

> कुछ क्षेत्र में खेतों में फसल खड़ी होने से अब तक मेंटीनेंस का काम नहीं हो पाया था। तार और खंभों की खिंचाई नहीं हो पाई थी, वह अब कराई जा रही है। अधिकतम आपूर्ति जारी रखने का प्रयास किया जा रहा है। - ज्ञान सिंह, अवर अभियंता, पॉवर कॉर्पोरेशन

आग की चपेट में आकर जली गेहूं और गन्ने की फसल। अमृत विचार

हवा और गर्मी ने खोल दी दावों की पोल

हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार : इस बार शुरू हुई गर्मी में पॉवर कॉर्पोरेशन के दावों की पोल खोल कर रख दी है। जिसके चलते विद्युत उपकेंद्र केलालाल खान के सभी फीडर हैदरगंज, तारुन, खपराडीह, नंसा, भीटी सुबह होते ही बंद हो जाते हैं। शिवमंगल गौड़, शारदा प्रसाद दुबे, रामप्रताप सिंह, महेश सिंह, रामदास तिवारी, अरविंद यादव, महेश भारती आदि उपभोक्ताओं का कहना है कि प्रचंड गर्मी में विद्युत आपूर्ति बंद होने से बच्चों और बुजुर्गों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। जन सेवा केंद्र संचालक मोनू शुक्ला और संदीप गौड़ ने बताया कि विद्युत सप्लाई न आने से पैसे का लेन-देन करने में बड़ी समस्या हो रही है। जेई राजेश कुमार यादव ने बताया हवा चलने के कारण सप्लाई बार-बार ट्रिप हो रही है। जैसे ही हवा नॉर्मल होती है विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी।

मिल्कीपुर में भी छाया रहा बिजली संकट

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : मिल्कीपुर क्षेत्र में बुधवार सुबह 10 बजे से ही बिजली गुल हो गई है। पॉवर कॉर्पोरेशन आपूर्ति बंद होने के पीछे तेज हवा को दोष दे रहा है। क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज, मिल्कीपुर, कुमारगंज, खंडासा इलाकों में बुधवार सुबह से ही बिजली गुल हो गई। घुरेहटा निवासी विजय कुमार तिवारी, सुरेन्द्र यादव, आदिलपुर के रामेंद्र मिश्रा, सज्जन कुमार, अलीपुर खजुरी के ज्ञान प्रकाश तिवारी, राम नगर अमावां सूफी के विजय उपाध्याय, अमरगंज के सुनील कुमार ने बताया कि सुबह से बंद बिजली आपूर्ति देर शाम तक सप्लाई बहाल हो पाती है। कई उपभोक्ता का कहना है कि बिजली कर्मचारियों ने बताया कि तेज हवा की वजह से शॉर्ट सर्किट की घटनाएं ज्यादा बढ़ रही है। एसडीओ संतोष कुमार ने बताया कि तेज हवा की वजह से बार बार ट्रिपिंग हो जा रही है। इसके कारण सप्लाई बंद करनी पड़ रही है।

11 हजार लाइन का तार गिरा, जली गेहूं और गन्ने की फसल

बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार : सोहावल तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत करेरू स्थित शारदा सहायक नहर पुल के पास बुधवार को 11000 लाइन का तार गेहूं और गन्ने की फसल पर टूटकर गिर गया। इससे फसल जलकर राख हो गई। आरोप है कि सूचना के बावजूद भी फायर ब्रिगेड की टीम नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने मुश्किल से आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के जेई ज्ञानचंद ने लटके तार को ठीक कराया। प्रधान प्रतिनिधि गिरजेश त्रिपाठी ने बताया बुधवार सुबह करेरू गांव निवासी राघव बिहारी गुप्ता की तीन चार बीघे गेहूं, कुंवर बहादुर सिंह की गन्ना, कालिका सिंह का बंधा हुआ 50 बोझ गेहूं जल गया। आग की लपटें इतनी फैली एक बाग को भी आगोश में ले लिया। ग्रामीणों की कठिन मेहनत से आग से काबू पाया गया। प्रधान प्रतिनिधि गिरजेश त्रिपाठी बब्बू ने पीड़ित किसानों के लिए मुआवजे की मांग की है।

रामनवमी तिथि का संकेत, बदलनी होगी हमें अपनी प्रकृति

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : अयोध्या से राम नवमी तिथि का संकेत है कि हमें अपनी प्रकृति बदलनी होगी। राम जन्मोत्सव पर बुधवार को अतीत की तुलना में मौसम में खासा बदलाव दिखा। मौसम विज्ञानी से पयार्वरण विद तक इसे गंभीर मानते हैं। प्रकृति को मानव की अपेक्षा के अनुरुप बदलने के बजाए स्वयं को प्रकृति के अनुरुप बदलने की सलाह देते हैं।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला जन्मोत्सव था। लोगों की आस्था रामलला के प्रति हिलोंरे ले रही थी, श्रद्धा इतनी कि प्रकृति पर उनकी नजर नहीं थी, लेकिन जानकार इसके पीछे काल के कपाल पर लिखी जा रही नई इबारत को पढ़ने की कोशिश में थे। अध्यात्म से विज्ञान को जोड़कर इसके निहितार्थ खोज रहे थे। भविष्य में इससे उत्पन्न होने वाली स्थिति का आंकलन कर रहे थे। तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस, हवा के तेज झोंके। धूप तेज, श्रद्धालु परेशान थे लेकिन श्रद्धा उफान पर थी। यह मौसम चैत्र राम नवमी जैसा नहीं दिख रहा था। तुलना करते हैं 500 साल पहले किए गए चैत्र राम नवमी तिथि के चित्रण से। मौसम में खासा बदलाव दिखता है।

500 साल बाद राम जन्म पर खासा बदला दिखा मौसम, प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम लला का पहला जन्मोत्सव

> मौसम में यह परिवर्तन क्लाइमेंट चेंज की वजह से है। मौसम बदला हुआ है। स्थिरता नहीं रह गई है। अधिकतम तापमान में बहुत परिवर्तन नहीं हुआ है, लेकिन आज तो पौरिणक ग्रंथों में वर्णित स्थिति से भिन्न है। इसके लिए हमें सतर्क होना चाहिए। -अमर नाथ मिश्र, मौसम विज्ञानी, नरेंद्र देव किष एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज

> प्रकृति के प्रति मानवीय व्यवहार नहीं रह गया। चीन और दुबई में कृत्रिम वर्षा कराई जा रही है। चीन कृत्रिम सूर्य बनाना चाहता है। प्राकृतिक संतुलन बिगड़ा। प्रकृति एक सीमा तक संतुलन बनाती है। अब प्रकृति आपदाओं के रूप में बदला लेने की राह पर है। प्रकृति के अंधाधुंध दोहन पर अंकुश नहीं लगा तो इसके परिणाम गंभीर होंगे। हमें प्रकृति संरक्षण के साथ पेड़-पौधों सहित अन्य के प्रति व्यवहार बदलना होगा। यही रामनवमी के मौसम का संकेत भी है। -अरुण कुमार पांडेय, पर्यावरणविद व कुलसचिव, बृज विश्वविद्यालय भरतपुर रास्थान

लगभग 500 साल पहले बाबा तुलसी ने राम चरित मानस में श्रीराम लला के जन्मोत्सव का चित्रण किया है। कहा है कि नौमी तिथि मधु मास पुनीता, सुकल पच्छ अभिजित हरिप्रीता। मध्य दिवस अति सीत न घामा, पावन काल लोक बिश्रामा। सीतल मंद सुरभि बह बाउ, हरषित मन संतन मन चाउ। पयार्वरण विद अरुण कुमार पांडेय कहते हैं कि बुधवार का मौसम इससे मेल नहीं खाता। तिथि नवमी है, मधुमास है लेकिन मध्य दिन में मौसम सामान्य नहीं है। भले ही आज की प्रकृति के हिसाब से मौसम सामान्य कहा जाए लेकिन अतीत की दृष्टि से ऐसा नहीं माना जा सकता है। कहा गया है कि जन्मोत्सव के समय सीत और घाम अर्थात ठंडक और गर्मी नहीं लेकिन यहां तो लोग पसीने-पसीने थे। शीतल मंद सुरभि के स्थान पर लू चल रही थी। मौसम विज्ञानी अमरनाथ मिश्र इसे मौसम का बदलाव मानते हैं। यह लोग भविष्य के लिए बेहतर संकेत नहीं मानते है। विशेषज्ञ प्रकृति हमारे अनुकूल बदले इसकी अपेक्षा छोड़कर हमें प्रकृति के सापेक्ष बदलने की सलाह देते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले जन्मोत्सव से इसके संकल्प का संदेश देते हैं।

राज्य परियोजना निदेशालय की टीम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय समेत कई स्कूलों का करेगी निरीक्षण

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सरकारी विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को परखने के लिए राज्य परियोजना कार्यालय की टीम 20 जनपदों का निरीक्षण करेगी। एक सप्ताह तक होने वाले निरीक्षण के लिए शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों की टीम गठित की है। 18 से 25 अप्रैल तक निरीक्षण किया जायेगा। इसे लेकर यहां बेसिक शिक्षा विभाग की धड़कन बढ़ गई है। टीम किस तारीख में यहां आयेगी यह गोपनीय रखा गया है। निरीक्षण संबंध में अधिकारियों के लिए पांच बिंदुओं की गाइडलाइन भी जारी की गई है।सभी टीमें पीएमश्री विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण करेंगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को तत्काल निरीक्षण आख्या चेकलिस्ट में निर्धारित बिन्दुओं के आधार पर गूगल फार्म पर अपलोड करने के लिए कहा गया है। इसके बाद इसकी विस्तृत रिपोर्ट तीन दिन के अंदर लिखित रूप से देनी होगी। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, वित्त एवं लेखाधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारियों कार्यशैली को भी परखा जायेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि तारीख अभी निर्धारित नहीं है। सभी तैयारियां की जा रही है।

सार-संक्षेप

जिगनाही जंगल में लगी आग, 10 परिवारों के जले घर

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के खंडासा थाना क्षेत्र स्थित जिगनाही जंगल में लगी भीषण आग की चपेट में बकचुना ग्राम पंचायत के प्रसाद के पुरवा गांव के 10 परिवारों के घर और सारा सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रहीं, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। जिगनाही गांव के जंगल में बुधवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। हवा के साथ विकराल हुईं लपटें देखते ही देखते लगभग तीन किलोमीटर दूर में फैल गई। लपटों ने जंगल के बीच बकचुना ग्राम पंचायत के मजरे राम प्रसाद पुरवा के 10 घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। अग्निशमन प्रभारी मिल्कीपुर प्रदीप कुमार पांडेय मौके पर पहुंच गए। आग को बुझाने में सफलता न मिलते देख उन्होंने फायर ब्रिगेड की तीन और बड़ी गाड़ियां मंगाई। अग्निकांड में सुखराम मौर्य, कांशीराम, विश्राम, मनोज कुमार, अमेरिका प्रसाद, अभय, पप्पू मौर्य, कमलेश, राम आशीष और विनोद कुमार के घर व सारा सामान जलकर राख हो गया।

शिक्षक संकुल की बैठक में गतिविधियों से दी जानकारी

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : न्याय पंचायत बेनीगद्दीपुर के शिक्षक संकुल की बैठक बुधवार को कंपोजिट विद्यालय बरॉव में हुई। अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका संगीता वर्मा व शिक्षक संकुल प्रभारी सुनीता वर्मा ने की। न्याय पंचायत के सभी विद्यालयों के शिक्षकों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति अपने-अपने टीएलएम के साथ प्रस्तुत कीं। इसी के साथ विद्यालय में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम भी संपन्न किया गया। अभिभावकों को बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर एआरपी संतोष कुमार, रजनी रंजन जायसवाल और न्याय पंचायत के शिक्षक संकुल राम सुभावन यादव, प्रवीण सिंह, रोली सिंह, तौहीद अली, सतेंद्र सिंह, श्याम नारायण आदि मौजूद रहे।

केक काट मनाया संस्थापक का जन्मदिन

अयोध्या, अमृत विचार : निशुल्क प्रशिक्षण देने वाली संस्था श्रीदेव बृज सेवा संस्थान की संस्थापक बृज रानी शुक्ला का 95वां जन्मदिन बुधवार को केक काट अस्पताल में मरीजों को फल वितरण करके मनाया गया। उपस्थिति लोगों ने उनके स्वस्थ जीवन व दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य दयानंद शुक्ला, राजेंद्र प्रताप सिंह, इकबाल बहादुर, भीम, आलोक आदि मौजूद थे।

चिकित्सा शिविर व प्याऊ लगा की सेवा

अयोध्या, अमृत विचार : अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने श्रीरामनवमी पर बुधवार को हाईवे के नजदीक चिकित्सा शिविर और जल प्याऊ लगाकर तीर्थ यात्रियों की सेवा की। मरीजों को दवाइयां, ओआरएस घोल और सहायता प्रदान की गई। शिविर में आरएसएस के सह प्रांत प्रचारक संजय, महानगर के संघ चालक प्रोफेसर विक्रमा प्रसाद पाण्डेय, महानगर प्रचारक सुबन्धु, लखनऊ उत्तर नगर प्रचारक आलोक, उपेंद्र मणि त्रिपाठी, परिषद के जिलाध्यक्ष प्रकाश पाठक, सचिव कैप्टन कृष्ण कुमार तिवारी, कैप्टन बीके द्विवेदी, सूबेदार मेजर महेंद्र कुमार, सूबेदार कपिल देव सहित अन्य लोग थे।

प्रणाम में परिणाम को अनुकूल करने की सामर्थ्य

आचार्य ज्ञान चन्द्र

अयोध्या, अमृत विचार : श्रीरामकथा मर्मज्ञ आचार्य ज्ञान चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि प्रणाम में परिणाम को अनुकूल करने की सामर्थ्य होती है। ऋषि महर्षियों ने ऐसे नियम बनाएं हैं। जिससे व्यक्ति के अंहकार का नाश हो जाता है। वह सरस्वतीपुरम में बुधवार को श्रोताओं को राम कथा का रसपान करा रहे थे। उन्होंने धनुष भंग के पहले और बाद के दृष्य का अपने शब्दों में चित्रांकन किया। कहा कि लोग तुम्हारी निंदा भी करें तो समझो तुम जिंदा हो। कथा में कमलेश कुमार तिवारी, वेदमती तिवारी, बालक राम दास जी महाराज, मणीन्द्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

मनुष्य के कष्टों का निवारण करती है श्रीमद्भागवत

आचार्य स्वर्णदीप

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : क्षेत्र के सनेथू गांव के काली माता स्थान पर चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में अयोध्या धाम के प्रख्यात कथा प्रवक्ता आचार्य स्वर्णदीप तिवारी ने कहा कि श्रीमद्भागवत मनुष्य के कष्टों का निवारण करती है। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं, काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत: ही प्राप्त हो जाती है। इस अवसर पर मुख्य यजमान सहित ग्रामीणों ने कथा का रसपान किया।

श्रद्धालुओं के लिए लगाए सुविधा केन्द्र

रामनवमी पर आने वाले भक्तों का स्वागत व सेवा करतीं भाजपा कार्यकर्ता।

अयोध्या, अमृत विचार : राम जन्मोत्सव पर अयोध्या आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए भाजपा ने प्रमुख स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केन्द्र लगाया। भक्तों का रोली, तिलक लगा कर स्वागत किया गया। केन्द्र पर रामभक्तों के लिए शीतल जल, सूक्ष्म जल पान सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। अयोध्या कैंट स्टेशन पर रीना द्विवेदी, उर्मिला सिंह, रूबी रावत, सोनाली गौड़, एकता भटनागर, पायल जायसवाल, उदया चौराहे पर अशोक द्विवेदी, तिलक राम मौर्य, रिकाबगंज में बुद्धिपाल प्रजापति, अरुण सोनकर, रीडगंज में आशा गौड़, प्रतिमा शुक्ला, शशि रानी गुप्ता, दर्शन नगर में दिव्य प्रकाश तिवारी, अरविंद पांडे, वरुण चौधरी, चूड़ामणि चौराहा पर संजय गुप्ता, लक्ष्मण वर्मा, नाका मनोज जायसवाल, अभय सिंह, उसरू में मनोज श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव ,निखिल श्रीवास्तव देवकाली में अनीता सिंह, मनोज श्रीवास्तव, मंजू गुप्ता के नेतृत्व में सुविधा केन्द्र चलाया गया।

रामनवमी पर हुआ पुस्तक का विमोचन

अयोध्या। अमृत विचार : अयोध्या धाम, ओरछा धाम, काशी धाम, चित्रकूट धाम, मथुरा धाम की यथार्थ गाथा एवं मार्डन पूजा/साधना पद्धति की पुस्तक का विमोचन राम नवमी पर रामलला के दरबार में किया गया। यह पुस्तक 432 पृष्ठों की है। पुस्तक के लेखक उप निदेशक सूचना डॉ. मुरलीधर सिंह ने बताया कि अयोध्या धाम के वरिष्ठ संतों के आशीर्वाद के साथ पुस्तक का विमोचन किया गया।

छात्रावास में मेरिट के आधार पर मिलेगा प्रवेश

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: प्रदेश के खेल छात्रावास में प्रवेश के लिए डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित 15 दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर का गत दिवस समापन हुआ।

मुख्य अतिथि डीआईजी इंटेलिजेंस डॉ. संजीव त्यागी ने केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के सभी बालक व बालिका खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को किट व प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए नसीहत दी कि खिलाड़ी की असल पहचान उसका अनुशासन व फिटनेस है। इसलिए इसे हमेशा मेंटेन रखना चाहिए, क्योंकि ये जीवन के हर कदम पर काम आती है। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि टेबल टेनिस व हैंडबॉल खेल छात्रावास के लिए प्रदेशीय ट्रायल से चयनित 51 बालक व बालिकाओं का केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के बाद बनी मेरिट लिस्ट प्रदेश खेल निदेशालय को सौंप दी गई है। अब खिलाड़ियों को मेरिट के आधार पर प्रदेश के टेबल टेनिस व हैंडबॉल छात्रावास में बालक व बालिका खिलाड़ियों को प्रवेश मिलेगा। इसके पूर्व आयोजित केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में प्रदेशीय ट्रायल से चयनित टेबल टेनिस के लिए छह बालिका व 10 बालकों तथा हैंडबॉल के लिए 20 बालिका व 15 बालकों को खेल की बारीकियां सिखाई गई। टेबल टेनिस में सुल्तानपुर की प्रशिक्षक समां बानो व हैंडबॉल में अयोध्या के प्रशिक्षक मो. इरफान व अमेठी के मुशर्रफ ने प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद, सीडी सिंह सहित क्रीड़ा कार्यालय कर्मी व खिलाड़ी मौजूद रहे।

हैंडबॉल व टेटे के 51 खिलाड़ियों की किस्मत खेल निदेशालय के हाथ में

धंधा रहा मंदा, नहीं पूरी हो पाई कारोबारियों की उम्मीद

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार। इस बार के रामनवमी मेले ने रामनगरी के कारोबारियों को निराश कर दिया। मेले पर कारोबारियों ने अच्छे व्यवसाय की उम्मीद लगाई थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, धंधा मंदा रहा।

श्रद्धालुओं की बेरुखी से कंठी-माला, प्रसाद आदि की दुकान चलाने वालों से लेकर पार्किंग संचालक भी परेशान रहे। हालांकि मंगलवार रात विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं को लेकर निजी वाहन रामनगरी पहुंचना शुरू हुए। मेला क्षेत्र में भीड़ बढ़ने लगी। श्रद्धालुओं का बुधवार सुबह 9-10 बजे तक आगमन जारी रहा, लेकिन टैक्टर-ट्रॉली और सिर पर झोला लिए रामनगरी की ओर आता श्रद्धालुओं का जत्था नहीं दिखा। जिसके चलते हाईवे किनारे आने-जाने वाले वाहनों की भीड़ तो रही लेकिन मेले जैसा माहौल नहीं बन पाया। भीड़ नियंन्त्रण के लिए जगह-जगह बैरिकेटिंग व बंदिशों से खरीद फरोख्त प्रभावित हुआ। रामपथ पर लड्डू की दुकान चलाने वाले मन्नू ने बताया कि उम्मीद के हिसाब से व्यवसाय नहीं हुआ। नयाघाट क्षेत्र में कंठी-माला की दुकान चलाने वाले मनोहर ने बताया कि अबकी घाट पर ज्यादा भीड़ नहीं आई। चाय-नाश्ते की दुकान चलाने वाले विक्की ने बताया कि इस बार का मेला फीका रहा।

देर रात शुरू हुआ श्रद्धालुओं का आगमन, पर नहीं बन पाया मेले जैसा माहौल

टेढ़ी बाजार क्षेत्र स्थित पार्किंग के निकट चल रही एलईडी।

स्क्रीन तो चली, लेकिन देखने वाले नदारद रहे

प्रशासन की ओर से रामलला के जन्मोत्सव के सजीव प्रसारण के लिए जगह-जगह एलईडी स्क्रीन लगवाई थी। इन स्क्रीनों पर पूरे कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया, लेकिन अधिकतर जगहों पर प्रसारण देखने वालों की भीड़ नदारद रही। कई जगह तो एलईडी स्क्रीन का संचालन करने के लिए लगाए गए कर्मी भी मौके से गायब मिले।

राममंदिर परिसर के निकट वशिष्ठकुंड क्षेत्र स्थित पार्किंग में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

पार्किंगों तक नहीं पहुंचे वाहन

चैत्र रामनवमी मेले को लेकर पुलिस ने रुट डायवर्जन लागू किया था, लेकिन भीड़ का दबाव कम होने के चलते दो पहिया वाहनों को टेढ़ी बाजार से आगे श्रीराम अस्पताल और उधर धर्मपथ के प्रवेश द्वार तक जाने दिया गया। हाईवे किनारे साकेत पेट्रोल पंप के पास स्थित प्राइवेट पार्किंग तो आबाद रही लेकिन रामपथ पर जालपा के निकट गुरुकुल महाविद्यालय, टेढ़ी बाजार के आगे वशिष्ठ कुंड आदि पार्किंग पर कोई वाहन ही नहीं पहुंचा। उदया चौराहा से रोके जाने के चलते कुछ वाहन परिक्रमा मार्ग के बगल गैस गोदाम बैरियर के निकट स्थित अस्थाई पार्किंग की सड़क पर दोनों किनारे और पार्किंग में मात्र चार वाहन खड़े दिखे।

साइबर ठगी ठगों ने आभासी दुनिया में बना लिए होटल और धर्मशाला, ऑनलाइन बुकिंग कर श्रद्धालुओं की जेब कर रहे ढीली

सावधान : बुकिंग के पहले कर लें पड़ताल

प्रमोद पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों की तादात में गुणात्मक बढ़ोत्तरी हुई है। मांग बढ़ने के साथ ही साइबर ठगों ने होटल-धर्मशाला के बुकिंग के नाम पर गोरखधंधा शुरू कर दिया है। ऐसे में अयोध्या दर्शन-पूजन का कार्यक्रम बना रहे हैं तो होटल-धर्मशाला की बुकिंग के पहले गहराई से छानबीन कर लें, क्योंकि ठगों ने आभासी दुनिया में होटल व धर्मशाला बना ली हैं, जिसका जमीन पर कोई वजूद ही नहीं है। इतना ही नहीं गोरखधंधे को परवान चढ़ाने के लिए चर्चित होटल-धर्मशाला आदि की फोटो और नाम का इस्तेमाल किया जा रहा है। आए दिन बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी के मामले सामने आ रहे हैं और यात्री ही नहीं बल्कि होटल-धर्मशाला संचालक भी परेशान हैं।

पहले शिकायतें अयोध्या के होटल और धर्मशाला के नाम पर फर्जी और मिलती जुलती वेबसाइट बना बुकिंग के नाम पर ठगी की आती थीं और अब तो ऐसे होटल और धर्मशाला के नाम पर भी ठगी शुरू हो गई है, जिनका वास्तव में वजूद ही नहीं है। बुकिंग डॉट काम पर एक होटल गॉड्स वैली है।जिसका पता रामपथ पर टेढ़ी बाजार चौराहा प्लाट नंबर 919 दर्शाया जा रहा है, जबकि मौके पर कोई होटल है ही नहीं। आरजेबी थाना प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने सोशल मीडिया पर इसको लेकर लोगों को सावधान किया है। उधर कई साइटों के माध्यम से ब्रोकरों ने बुकिंग का धंधा शुरू कर दिया है और कमीशन ही नहीं अक्सर बुकिंग की पूरी रकम ही हड़प जाते हैं।

ट्रेंड में चल रहे संस्थान हो रहे ज्यादा शिकार

ऑनलाइन ठगों के निशाने पर ऐसे होटल और धर्मशाला है, जिनको ऑनलाइन ज्यादा सर्च किया गया। ठग इन्हीं होटल व धर्मशाला के बदले हुए नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाते हैं और बुकिंग के नाम पर रकम अपने खाते में जमा करवा हड़प कर जाते हैं। वहीं कुछ ऐसे के नाम से वेबसाइट बनाई जाती है, जो ऑनलाइन बुकिंग ही नहीं करते हैं। जानकीमहल ट्रस्ट के साथ ऐसा ही हो रहा है। रामजन्मभूमि परिसर के निकट अशर्फी भवन चौराहा स्थित श्रीराम भवन होटल के साथ ऐसा ही वाकया सामने आया। संचालन अनूप कुमार का कहना है कि उनके होटल के कमरे और सुविधाओं की फोटो एक चर्चित वेबसाइट पर डाल राम भवन और एक जगह न्यू श्रीराम भवन के नाम पर ठगी की गई।



शासन ने शुरू कराया गोपनीय सत्यापन

रामनगरी में होटल और धर्मशाला की बुकिंग के नाम शुरू हुए गोरखधंधे को लेकर शासन ने गोपनीय जांच शुरू कराई है। ऐसा संचालकों की ओर से मनमाना किराया वसूलने व ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर हो रही धोखाधड़ी की शिकायतों के बाद हुआ है। आधिकारिक रूप से रामनगरी समेत जुड़वां शहरों में होटल और धर्मशालाओं की कुल संख्या 190 है। खुफिया विभाग ने कर्मियों की टीम बनाकर जाँच का अभियान शुरू किया है। टीम को संबंधित होटल व धर्मशाला में उपलब्ध सुविधा समेत मानकों के अनुपालन को परखने की हिदायत दी गई है।

बचाव का तरीका

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह का कहना है कि कमरा बुक करने से पहले चेक कर लें कि यह होटल अयोध्या में है या नहीं। हमेशा सत्यापित ऑनलाइन होटल बुकिंग साइट का ही इस्तेमाल करें। लुभावने ऑफर और कम कीमत के लालच में न फंसे। फर्जी वेबसाइट का पता लगाने के लिए यूआरएल की स्पेलिंग का मिलान करें, कोई गलती होने पर सावधान हो जाएं। वहीं ठगी का शिकार होने पर साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोनकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

जिला अस्पताल में 347 मरीज ही पहुंचे, वार्डों में भी दिखा सन्नाटा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या में रामलला के जन्मोत्सव के दौरान बुधवार को लोग टीवी से चिपके रहे। हर कोई अपने आराध्य के सूर्य तिलक को लाइव देखना चाहता था। यही कारण रहा कि सरकारी अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों की संख्या काफी कम रही। दोपहर 12 बजे तक जिला अस्पताल में महज 347 मरीजों की ही ओपीडी हो सकी, जबकि अन्य दिनों में 800 से ऊपर होती थी। अस्पताल में 151 मरीज फिजिशियन के पास ही पहुंचे। आर्थो, स्किन, डेंटल, ईएनटी व बाल रोग की ओपीडी में 20-25 मरीज ही इलाज कराने के लिए पहुंचे। 36 बेड वाले मेडिकल वार्ड को छोड़कर सभी वार्डों में दो-चार मरीज ही भर्ती दिखे। सीएमएस डॉ. अरुण प्रकाश ने बताया कि संभवता रामनवमी के कारण ही मरीजों की संख्या में कमी रही।

नए भवन में पौने 12 बजे सन्नाटा दिखा। अमृत विचार

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था)
(छात्रावास की व्यवस्था)
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
Email-id: gicfaizabad@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646

भोर में तीन बजे जागे रामलला, 11 पुजारियों ने किया अभिषेक

देसी घी से अभिषेक

दुग्धाभिषेक

दही से नहलाया

अष्टगंध

अंत में सरयू जल से अभिषेक

ये चमक ये दमक

भव्य मंदिर के गर्भगृह में विराजमान रामलला को भोर में तीन बजे जगाया गया। इसके बाद मंगला आरती हुई। साढ़े तीन बजे दर्शन शुरू हुआ। दर्शन के साथ ही उनका अभिषेक और श्रंगार करने के लिए 11 पुजारियों को लगाया गया था। पांच बजे के करीब अभिषेक संपन्न हुआ। इसके बाद श्रंगार आरती हुई और तब से देर रात 11:30 बजे तक दर्शन का सिलसिला जारी रहा।

भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला, कौशल्या हितकारी पर झूम उठी रामनगरी, तीन दिन और 19 घंटे तक खुला रहेगा मंदिर

15 लाख भक्तों ने किए रामलला के दर्शन

▸▸ सुबह सरयू स्नान के बाद शुरू हुआ दर्शन-पूजन, हनुमानगढ़ी में शाम तक रही कतार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनवमी पर दोपहर में घड़ी की दोनों सुइयां 12 पर पहुंचते ही घंटों-घडिय़ालों से मठ-मंदिर गूंज उठे। ढोल-नगाड़ों की थाप और शंखनाद के बीच मंदिरों में श्रीराम का जन्मदिन मनाया गया। रामलला की आरती भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला पर रामनगरी पहुंचे श्रद्धालु झूम उठे। देर शाम तक मंदिरों का उल्लास देखते ही बन रहा था। आज बुधवार को 15 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। जिला प्रशासन की मानें तो शहर में तीन दिन तक भीड़ रहने की संभावना है, जिसे देखते हुए मंदिर लगभग 19 घंटे खुला रहेगा।

रामनवमी पर बुधवार तड़के सरयू स्नान के बाद अयोध्या में दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आकर्षण में रहने वाले कनक भवन मंदिर में जन्मोत्सव को लेकर बधाई गीत के साथ उत्सव का अद्भुत आयोजन संपन्न हुआ।

जनम लियो रघुरइया अवध मा बाजे बधइया समेत अन्य शोहर गाए जा रहे थे। ठीक 12 बजे जैसे ही जन्मोत्सव की आरती शुरू हुई तो मंजीरे, ढोल की थाप पर भक्त भावविभोर होकर थिरकने लगे। प्रमुख मंदिरों में जन्मोत्सव का उल्लास छाया रहा। मणिरामदास की छावनी, दशरथ महल, सियाराम किला, रंगमहल, जानकी घाट, हरिधाम गोपाल पीठ सहित अन्य मंदिरों में भी आरतियां हुईं और प्रसाद वितरित किया गया। राम मंदिर में जन्मोत्सव के आयोजन के दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास, राजा वीरेंद्र मोहन मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश चंद्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक मनोज कुमार ट्रस्ट के सहयोगी गोपाल जी राव, महंत धर्मदास, विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग परिसर में मौजूद रहे। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि रामनवमी पर अयोध्या में उल्लास छाया रहा। सुबह से शाम तक 15 लाख श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान व दर्शन-पूजन किया।

कनक भवन में आयोजित जन्मोत्सव में जयश्रीराम का उद्घोष करते भक्त। अमृत विचार

11 बजे सुबह दूरदर्शन ने शुरू किया लाइव प्रसारण

150 स्थानों पर एलईडी पर चला लाइव प्रसारण

10 सेक्टर में सुरक्षा की दृष्टि से बटी थी अयोध्या

कनक भवन में सजा विग्रह।

दिन भर व्यवस्थाएं देखते रहे अधिकारी

मेला क्षेत्र में मंडलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, एसएसपी राजकरण नैय्यर, नगर आयुक्त संतोष शर्मा ड्यूटी स्थलों पर एवं क्षेत्रों में भ्रमण कर श्रद्धालुओं का हाल चाल लेते रहे थे। इलेक्ट्रिक बसों सहित बड़ी संख्या में हर तरफ जाने के लिए बसें तैनात कर थीं।

कारसेवक पुरम में पका छप्पन भोग

श्रीराम लला को भी छप्पन भोग लगाया गया। इन पकवानों को कारसेवकपुरम में ही शुद्धता के साथ तैयार कराया गया था। प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रही।

राम जन्मोत्सव पर आर्कषक ढंग से सजा रामजन्मभूमि परिसर का द्वार।

चंद मिनटों में श्रद्धालुओं की डीपी पर आ गए राम

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या में रामलला के सूर्याभिषेक का देश भर के श्रद्धालुओं को ब्रेसब्री से इंतजार था। हर कोई लाइव प्रसारण देख रहा था। दोपहर में 12 बजते ही श्रीराम जन्मभूमि के गर्भगृह में विराजमान रामलला पर जैसे ही सूर्य की किरणें पड़ीं। उसी तेजी से साथ उनकी तस्वीरें वायरल हो गईं। चंद मिनटों के अंदर देश-दुनिया में बैठे श्रद्धालुओं के मोबाइल के वाट्सएप (डिस्प्ले पिक्चर) डीपी पर राम आ गए। सबने एक शब्द में लिखा। मेरे राम आ गए। इसके बाद सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफार्म पर रामलला की तस्वीरें वायरल होने लगीं। अयोध्या में रामलला के सूर्याभिषेक के लिए एक वर्ष से तैयारियां चल रही थीं। सूर्य की किरणों को रामलला के दरबार में पहुंचाने की खबरें जैसे प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की हेडलाइन वैसे ही श्रद्धालुओं की बांछें खिल आईं। सीबीआई रुड़की के वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप चौहान बताते हैं कि राम मंदिर के तीसरी मंजिल पर स्थाई रूप से ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम को स्थापित किया गया था। वहां से सूर्य की किरणें दर्पण से परिवर्तित होकर वर्टिकल पाइप के जरिए गर्भगृह में उतकर रामलला के मस्तक पर 75 मिमी. के आकार का गोलाकार तिलक बनाई हैं।

▸▸ सूर्य तिलक के बाद तेजी से वायरल हुई मस्तकाभिषेक की तस्वीरें

राजू गुप्ता की ओर से एफबी पर डाली गई पोस्ट।

शरद सिंह ने एफबी पर शेयर की गई तस्वीर।

तब एक माह तक अस्त नहीं हुआ था सूर्य

रुदौली निवासी राजू गुप्ता लुधियाना में अपना व्यावसाय करते हैं। उन्होंने वाट्सएप और फेसबुक पर रामलला की तस्वीर पोस्ट की। लिखा जब त्रेता में प्रभु श्रीराम प्रकट हुए थे तो अवध में एक माह तक सूर्य अस्त नहीं हुआ था। अब 500 वर्ष बाद राम जन्म ले रहे हैं तो सूर्यदेव पुन: साक्षी बनकर उनका तिलक कर रहे हैं।

इस मंगल दिन का सभी को था इंतजार

अयोध्या में केमिस्ट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी शरद सिंह ने फेसबुक पर रामलला के श्रृंगार से लेकर सूर्य तिलक तक की तस्वीरें पोस्ट कीं। उन्होंने बताया कि इस मंगल दिन का अयोध्या के ही नहीं बल्कि देश-विदेश में बैठे श्रद्धालुओं को इंतजार था।

श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई रामनवमी

गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार : कस्बे में रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। ठकुराइन मंदिर, हिंक्षाराम भारती मंदिर, तमसा तट महादेवा घाट, सहित सभी मंदिरों में बुधवार सुबह बजे से भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों से रामायण पाठ, भजन कीर्तन प्रारंभ हो गया। दोपहर के ठीक 12 बजते ही सभी मंदिरों में घंटे, घड़ियाल, शंख आदि बजने लगे। स्तुति, आरती, बधाई व सोहर के बाद एक दूसरे को बधाई देते हुए प्रसाद वितरित हुआ। वहीं सरयू तट पर स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम पर भी भोर से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे व सन्निकट सरयू नदी में डुबकी लगाने के बाद आश्रम पर स्थित श्रृंगी ऋषि में पूजन किया। चेयरमैन डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल, रामकुमार सेठ, नन्दकुमार आदि मौजूद रहे।

कनक भवन में नृत्य कर रामलला के जन्मोत्सव पर बधाई गीत गाते भक्तगण। अमृत विचार

भक्ति पथ पर गिरा एंगल, चार घायल

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। राम जन्मोत्सव के बीच बुधवार को रामनगरी में भक्ति पथ के एंट्री प्वॉइंट श्रृंगारहाट बैरियर के निकट एक हादसा हो गया। इसमें चार श्रद्धालु चोटिल हुए हैं। इनमें से दो महिलाओं का श्रीराम अस्पताल में उपचार कराया गया है। हादसे के बाद इस मार्ग पर श्रद्धालुओं का आवागमन रोककर हनुमानगढ़ी चौराहे के रास्ते आवागमन कराया जा रहा है।

गर्मी से श्रद्धालुओं के बचाव के लिए नगर निगम प्रशासन की ओर से रामनगरी के विभिन्न मार्गों पर टेंट का पर्दा लगवाया गया है। रामपथ से हनुमानगढ़ी और कनक भवन तथा राम जन्मभूमि के विप मार्ग नंबर दो की ओर जाने वाले भक्ति पथ पर श्रृंगारहॉट बैरियर के निकट प्रकाश व्यवस्था के लिए लगाए गए एंगिल और केबल के सहारे पर्दा लगवाया गया था। हवा के तेज झोंके के चलते बुधवार सुबह करीब 10 बजे अचानक फैंसी लाइट एंगिल समेत गिर पड़ा और उधर से गुजर रहे श्रद्धालुओं का जत्था इसकी चपेट में आ गया। थाना रामजन्मभूमि प्रभारी ने एंबुलेंस से घायलों को श्री राम अस्पताल भिजवाया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि अंजना (30) पत्नी प्रह्लाद ग्राम बगुरहिया हाट थाना दीपनगर जिला नालंदा बिहार को ज्यादा चोट आई थी, जबकि तीन अन्य चोटिल हुई थीं। सभी का प्राथमिक उपचार किया गया है।

भक्तिपथ मार्ग पर गिरा एंगल व पर्दा। अमृत विचार

भक्तों पर पुष्पवर्षा करते साधु संत।

रामपथ पर जन्मभूमि पथ के सामने बैरिकेटिंग पार करते श्रद्धालु।

आस्था कनक भवन के बजाय जन्मभूमि रहा आयोजन का केंद्र, मेला कंट्रोल रूम भी बदला, सिंचाई विभाग का डाक बंगला हुआ

एक नया अध्याय लिख गया रामनवमी मेला

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। रामनगरी अयोध्या नित नया इतिहास लिख रही है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद आयोजित पहला रामनवमी पर्व एक नया इतिहास लिख गया है।

रामनगरी में पौराणिक व ऐतिहासिक रूप से तीन प्रमुख मेलों सावन झूला मेला, कार्तिक पूर्णिमा मेला और चैत्र रामनवमी मेले का आयोजन होता रहा है। इन सभी मेलों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही है लेकिन हर बार अयोध्या रामनवमी अर्थात राम जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं के

विशेष उत्साह का साक्षी बनती रही है। जन्मोत्सव को लेकर कई दिन पूर्व से मठ-मंदिरों में उत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हो जाती है। जगह-जगह कथा-प्रवचन होने लगता है। जन्मोत्सव का साक्षी बनने के लिए श्रद्धालु कई दिन पूर्व डेरा डाल देते थे। प्रत्येक मठ-मंदिर में जन्मोत्सव का आयोजन होता था लेकिन केंद्र में कनक भवन ही रहता था। यहां तिल रखने की जगह नहीं होती थी। इस बार रामनवमी पर नजारा पूरी तरह बदला दिखा। कनक भवन समेत अन्य मठ-मदिरों में जन्मोत्सव कार्यक्रम तो हुआ लेकिन भक्तों की भीड़ कम रही। कथा-प्रवचन भी सीमित स्थानों पर ही आयोजित हुए। आयोजन का केंद्र जन्मभूमि स्थित राम मंदिर रहा। दूरदर्शन व आकाशवाणी ने परिसर से सजीव प्रसारण किया और अधिकारियों का जमावड़ा रहा। यहां भी अपेक्षित भीड़ नहीं दिखी, लेकिन मीडिया से लेकर सोशल मीडिया में छाया रहा।

इतना ही नहीं व्यवस्था को लेकर भी काफी कुछ बदला दिखा। पहले जहां रामकथा संग्रहालय में मेला नियंत्रण कक्ष स्थापित हुआ करता था। वहीं इस बार इसे नयाघाट पुलिस चौकी के पीछे सिंचाई विभाग के डाक बंगले में स्थानांतरित किया गया। श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए नगर निगम की ओर से पहली बार कई जगह जूता स्टैंड की व्यवस्था कराई थी। हलांकि रामनगरी के धर्मपथ, रामपथ और भक्ति पथ पर धूप से बचाव व पेयजल की व्यवस्था नाकाफी दिखी। रामनवमी पर प्रमुख तीनों पथ लगभग खाली दिखे।

सिमटी रही सरयू, नहीं चली मेला स्पेशल रेल

चैत्र रामनवमी मेले को लेकर पुलिस-प्रशासन की ओर से चाक-चौबंद व्यवस्था का दावा किया गया था। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहली बार हुए जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर पुख्ता इंतजाम नहीं हुए। मेले में आने वाली भीड़ ही नहीं बल्कि इंतजाम को लेकर भी प्रशासन गफलत में रहा। सरयू के घाटों पर स्नान के दौरान डूबने की घटनाओं पर रोकथाम के लिए पुलिस और पीएसी की तैनाती तो की गई, लेकिन गर्मी के चलते सिकुड़ चुकी सरयू में श्रद्धालुओं के लिए पानी नहीं छोड़ा गया। वहीं रेलवे की ओर से किसी मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन नहीं किया गया। हर बार की तरह रेलवे स्टेशनों पर चहल-पहल भी नहीं दिखी।

सोहावल ढेमवा घाट पर सरयू तट पर मौजूद श्रद्धालु।

कारसेवक पुरम में रामलला के जन्मोत्सव पर भजन प्रस्तुत करते गायक।

श्रद्धालुओं ने ढेमवा घाट सरयू में किया स्नान

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : रामनवमी के पावन पर्व पर बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र सरयू में डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना की। ढेमवा घाट स्थित पुल के नीचे मेले जैसा दृश्य था। सरयू मां की पुष्प आरती, पूजा अर्चना, दान दक्षिणा के साथ मिष्ठान भोग के आयोजन पूरे दिन चलते रहे। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और न ही किसी सामाजिक संस्था की ओर से कोई व्यवस्था की गई। जिसे लेकर श्रद्धालुओं में रोष देखा गया।

कारसेवक पुरम में मना रामलला का जन्मोत्सव

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या धाम के कारसेवकपुरम् में भी वैदिक मंत्रोंचारण, भजन, कीर्तन, सोहर गीतों के साथ बुधवार को रामलला का जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह से ही कारसेवकपुरम् की यज्ञशाला में विराजमान श्रीराम के विग्रह पर पूजन अर्चन प्रारंभ हुआ। भजन गायक पंडित लक्ष्मण पांडेय के साथ संगत दे रहे पुष्कल, अभय वा धन्जू त्रिपाठी के भजनों और स्तुति ने लोगों को भक्ति से सराबोर कर दिया। इस दौरान विहिप केंद्रीय मंत्री अशोक तिवारी, कारसेवकपुरम् प्रभारी शिवदास सिंह, विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, आचार्य इंद्रदेव मिश्र समेत बड़ी संख्या में रामभक्त मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

चुनाव कार्यालय में राम जन्मोत्सव पर भजन-कीर्तन सांसद लल्लू सिंह।

भाजपा चुनाव कार्यालय में भजन-कीर्तन व प्रसाद वितरण

अयोध्या, अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी पर बुधवार को भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय में रामजन्मोत्सव का आयोजन किया गया। भजन, कीर्तन व पूजन किया गया। जन्में हैं अवध में रघुराई, अवध में बाजे बधाई, भए प्रकट कृपाला दीन दयाला जैसे भजनों ने परिवेश में राम भक्ति का रस घोल दिया। भजन कीर्तन के बाद राम लला की आरती गई। मौजूद लोगों को प्रसाद का वितरित किया गया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या को उसकी पौराणिक महिमा के अनुरूप वर्तमान कालखंड में सजाया व संवारा जा रहा है। राम से जुड़े अन्य पौराणिक महत्व के स्थलों का समुचित विकास किया गया है। इस दौरान लोकसभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, मनमोहन जायसवाल, इं. रामधीरज पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दो पक्षों में खूनी संघर्ष, एक लखनऊ रेफर

अयोध्या। अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गाँव में रंजिश के चलते दो पक्षों में मंगलवार रात खूनी संघर्ष हुआ। संघर्ष में गंभीर घायल दो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल हिमांशु सिंह (23) पुत्र विनोद कुमार सिंह को डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। राहुल सिंह (35) पुत्र राजेश सिंह का इलाज चल रहा है। पुलिस को दी तहरीर में गांव निवासी कुम्भकर्ण सिंह का कहना है कि विकास, राजा, सौरभ, रिंकल और अंकित सिंह ने लाठी-डंडा और कुल्हाड़ी से हिमांशु पर हमलाकर बेहोश कर दिया। बीच बचाव को पहुंचे मेरे बेटों अतुल व राजू व सुभाष पुत्र बीरबल को मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं घायल राहुल सिंह ने विनोद कुमार सिंह, पत्नी प्रेमा, उनके बेटों हिमांशु, सुधांशु, कुम्भकर्ण सिंह, राजू सिंह व अतुल सिंह के खिलाफ हमलाकर ऋषभ सिंह व अंकित से गाली-गलौच व धमकी तथा उसको मरणासन्न कर देने का आरोप लगाया है। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि दोनों पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

सांड से टकराई कार, तीन घायल

अयोध्या, अमृत विचार। लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पटरंगा थाना क्षेत्र के रानीमऊ चौराहे के पास बुधवार शाम अचानक एक सांड के सामने आ जाने से कार टकरा गई। हादसे में रेल कर्मी समेत तीन लोग चोटहिल हुए हैं। मामले में रेल कर्मी अश्वनी कुमार के बेटे नगर कोतवाली के लालबाग मोहल्ला निवासी अमन तिवारी ने सूचना पुलिस में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी पटरंगा ओम प्रकाश ने बताया कि सूचना दर्ज कर जांच की जा रही है।

दूसरे की जमीन दिखाकर की जालसाजी

रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार : दूसरे की जमीन को अपना दिखाकर जालसाजी करते हुए 90 हजार रुपए हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना रामनगर के ग्राम बिछलखा निवासी देवेश का आरोप है कि गांव के ही निवासी देवी प्रसाद पुत्र राम दुलारे ने भूमि गाटा संख्या 577 में अपना हिस्सा बताकर एक लाख रुपए में बेचने को तय किया। जिससे नब्बे हजार रुपए लेकर तहसील में पंजीकृत इकरार नामा लिख दिया। उसके बाद अनेकों बार कहने के बावजूद वह बैनामा करने नहीं आया। पता करने पर मालूम हुआ कि देवी प्रसाद के द्वारा जो जमीन दिखाई गई थी। वह उसकी है ही नहीं। उसने जालसाजी करते हुए दूसरे की जमीन दिखाई है। बीते 8 मार्च को देवी प्रसाद के द्वारा गांव के तमाम लोगों के सामने कहा गया कि उसने छल कपट करते हुए रूपए लिए है। अगर कोई कार्रवाई करोगे तो जान से मार देंगे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

निन्दूरा, बाराबंकी : अमृत विचार : घुंघटेर थाना क्षेत्र के उमरिया गांव के बाहर पेड़ से एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। सीतापुर जिले के पीरगंज सिधौली सीतापुर निवासी इशहाक पुत्र स्वर्गीय कल्लू 38 वर्षीय अपनी ससुराल उमरिया ग्राम पंचायत बाजगहनी अपनी ससुराल मंगलवार को आया हुआ था। गांव के बाहर पकड़िया के पेड़ में अंगोछा के सहारे उसका शव लटका मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ससुराल में रह रही पत्नी नसरीन को दी। मौके पर पहुंची पत्नी ने शव की पहचान की। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को उतरवाया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मामला कुछ संदिग्ध लग रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

थ्रेसर में फंस कर महिला की मौत

रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार : जैदपुर थाना अंतर्गत बाबा का पुरवा मज़रे किठूरी निवासी नौमी रावत की पत्नी वर्षा दोपहर खेत में गेहूं की मड़ाई ट्रैक्टर से करवा रही थी। उसी दौरान वर्षा की साड़ी थ्रेसर की पुल्ली में फंस गई। वहां मौजूद लोगों ने आनन फानन में ट्रैक्टर को बंद कर थ्रेसर को रोका, लेकिन तब तक महिला गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी और घायल अवस्था में महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों की मौजूद न होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

अविवि व वेकनो टेक्नोलॉजी के बीच अनुबंध

सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफार्म क्लाउड कंप्यूटिंग स्टोरेज से संचालित

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देशन में आईईटी संस्थान में वेकनो टेक्नोलॉजी, लखनऊ के बीच बुधवार को तकनीकी आदान प्रदान व निशुल्क इंडस्ट्री ट्रेनिंग के लिए एमओयू किया गया।

संस्थान के निदेशक प्रो. राजीव गौड़ व वेकनो टेक्नोलॉजी के सीईओ इंजीनियर गौरव सक्सेना के मध्य तीन वर्ष के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। दूसरी ओर संस्थान में एमओयू के क्रम में क्लाउड स्टोरेज विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी को आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता गौरव सक्सेना ने बताया कि हम सभी रोज सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर इंस्टाग्राम, यूट्यूब,

अवध विश्विद्यालय और कंपनी के बीच अनुबंध का आदान-प्रदान करते अधिकारी।

फेसबुक, ट्विटर का इस्तेमाल करते है। यह सभी प्लेटफार्म क्लाउड कंप्यूटिंग से ही संचालित होती है। सारा डाटा क्लाउड स्टोरेज पर ही स्टोर होता है। बताया कि वर्तमान में सारे डेटा को संभालना और होस्ट करना कम्पनियों के द्वारा हो रहा है। अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. राजीव गौड़ ने बताया कि आजकल हम सभी रोजाना के कार्य का डाटा क्लाउड स्टोरेज पर ही करते है, लेकिन इस्तेमाल से अनजान है। उन्होंने बताया कि जब हम अपना डाटा स्मार्टफोन, कंप्यूटर, हार्ड डिस्क, पेन ड्राइव में स्टोर करते है तो उसे हम डिजिटल मीडियम कहते है। इसी तरह जब हम उन सभी डेटा को ऑनलाइन स्टोर करते हैं या दूसरी कंपनियों के सर्वर पर ट्रांसफर करते है तो क्लाउड स्टोरेज कहा जाता है। शिक्षक डॉ. अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि छोटा व्यवसाय हो या एक बड़ा बिजनेस, क्लाउड स्टोरेज आपके मुख्य व्यवसाय विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीष सिंह द्वारा किया गया। संचालन डॉ. विनीत कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. तुहिना वर्मा सहित संस्थान के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

28 विषयों की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 30 को

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तिथि घोषित की गई है। यह परीक्षा 30 अप्रैल को कराई जायेगी। जिसमें 28 विषयों में 1498 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा बुधवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई। कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि पीएचडी प्रवेश सत्र 2023-24 की प्रवेश परीक्षा की तिथि जारी कर दी गई है। 30 अप्रैल को प्रवेश परीक्षा कराई जायेगी। इसके लिए परीक्षार्थी 25 अप्रैल से विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट से प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के उपरांत परीक्षार्थियों को उनके सही उत्तरों की जांच करने के लिए विश्वविद्यालय की साइट पर पीएचडी प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी प्रदर्शित की जायेगी। परीक्षा की पारदर्शिता के लिए किसी भी प्रकार के प्रश्नों की विसंगति या अस्पष्टता के मामले में परीक्षार्थियों के लिए ई-मेल पर प्रासंगिक दस्तावेजों से आपत्ति एक से तीन मई तक कर सकेंगे। परीक्षा के समन्वयक प्रो. फरूख जमाल ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तैयारियां की जा रही है।

25 अप्रैल से डाउनलोड कर सकेंगे प्रवेश-पत्र

जोधपुर से मऊ के बीच चलेगी विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन

अयोध्या, अमृत विचार। रेलवे ने राजस्थान के जोधपुर से प्रदेश के मऊ स्टेशन के बीच विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 21 अप्रैल से दो जुलाई के बीच निर्धारित समय-सारणी के तहत संचालित होगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि यह विशेष ट्रेन जोधपुर से 21 अप्रैल से 30 जून के बीच प्रत्येक रविवार को रवाना होगी। जबकि मऊ से 23 अप्रैल से 2 जुलाई के बीच प्रत्येक मंगलवार को वापस जाएगी। ट्रेन का जिले में केवल अयोध्या धाम जंक्शन पर ठहराव तय किया गया है। उन्होंने कहा कि जोधपुर की तरफ से इस ट्रेन का अयोध्या धाम जंक्शन पर आगमन 17.05 बजे व प्रस्थान 17.15 बजे तथा वापसी में आगमन 9.10 बजे व प्रस्थान 9.20 बजे तय किया गया है।

रेल यात्रियों की संतुष्टि को रखें सर्वोपरि

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रेलवे के अधिकारी व कर्मचारी यात्रियों की संतुष्टि को सर्वोपरि रखें और इसी आधार पर कार्य करें। ये हिदायत रामनवमी पर बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ अयोध्या पहुंचे उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा ने दी। उन्होंने अयोध्या धाम व अयोध्या कैंट स्टेशन का जायजा लिया।

एकीकृत कमांड सेंटर में स्टेशन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। स्टेशन पर

▸▸ मंडल रेल प्रबंधक की हिदायत अयोध्या धाम व अयोध्या कैंट स्टेशन का किया निरीक्षण

उपलब्ध जन सुविधाओं को जांचा परखा। सुरक्षा के साथ साफ-सफाई को दुरुस्त रखने के लिए अधिकारियों को नियमित निगरानी की हिदायत दी। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक रेखा शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के बाद वह थर्मल पॉवर प्लांट टांडा के लिए रवाना हो गए। इस दौरान मंडल के अनेक विभागों के शाखाध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं रेलकर्मी आदि मौजूद रहे।

नृत्य नाटिका और लोक भजनों से मना जन्मोत्सव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : संस्कृति विभाग द्वारा तुलसी मंच पर रामोत्सव के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बुधवार को रामजन्म की धूम रही।

लोक गायक सच्चिदानंद ने अपने दल के साथ लोक भजनों से श्रीराम जी के जीवन प्रसंगों का गायन करके सभी को अभिभूत कर दिया। भगवती के भजन शेरवा सवार होके, आवेलि पहाड़वा के छोड़ देवी मईया से आरंभ करके रामलला के आगमन के उल्लास को प्रकट किया। गाया बहुत समैया बाद, आवा शुभ दिनवा, रामलला बैठ गए अपने भवनवा तो लोग तालिया बजाने लगे। अंतिम

तुलसी मंच पर भक्तिपूर्ण प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

प्रस्तुति में अवध नगरी हो अवध नगरी, सब गावे बधाइयां गाकर अयोध्या के आनंद को प्रतिबिंबित किया। अगली प्रस्तुति अयोध्या की कलाकार वाणी शुक्ला और दल ने रामायण नृत्य नाटिका की प्रस्तुति

▸▸ तुलसी मंच पर मना राम जन्मोत्सव, दिव्यांग वाणी ने मोहा

की। जिसमें राम जन्म के प्रसंग को गीत और नृत्य के माध्यम से मंचित करके सभी को रामरस में डुबो दिया। व्हील चेयर पर बैठकर वाणी ने जिस तन्मयता से अपने चरित्र को निभाते हुए नृत्य किया, सभी हतप्रभ रह गए। पारंपरिक सोहर जन्मे अवध में राम के बोलो पर कलाकारों ने कौशल्या माता को बधाई दी इसके बाद रामलला को छवि को सजीव करते हुए ठुमुक चलत रामचंद्र, बाजत पैजनियां पर नृत्य किया तो सभी मुदित हो गए। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया।

श्री शक्तिपीठ पर कन्या पूजन, सामूहिक हवन व भंडारा आज

सोहावल अयोध्या

अमृत विचार: नवरात्र की नवमी पर्व पर घरों, मंदिरों, देवी स्थलो पर बड़ी संख्या में लोगों ने हवन और कन्या पूजन का आयोजन किया। कन्याओं की आरती उतारी, नए वस्त्र आदि देकर भव्य भंडारे का प्रसाद ग्रहण कराया। अध्यात्म शक्ति पीठ मुबारक गंज में कन्या पूजन का आयोजन किया गया। गुरुवार को हवन और भंडारे का आयोजन होगा। ज्वाला माई स्थान पर कार्यक्रम आस्था और विश्वास का प्रतीक बना रहा।

नवरात्र भर आस्था और विश्वास का केंद्र बने रहे अध्यात्म शक्ति पीठ मुबारक गंज में पंडित गिरजा प्रसाद मिश्र के मार्गदर्शन में हुए कन्या पूजन में श्री शक्तिपीठ न्यास अध्यक्ष पंडित देव मित्र पांडेय, मुख्य अर्चक सुधीर कुमार पांडेय,

आस्था

▸▸ घरों से देवी मंदिरों तक रही नवरात्र पर्व की धूम

सुमन स्वरूप, आशीष सिंह, सुनीता सिंह, सेवानिवृत्त आईपीएस विशंभर दयाल शुक्ल, मुंबई के जयप्रकाश सिंह आदि ने भाग लिया। इससे पूर्व पीठ परिसर में स्थापित भगवती तारा, मां पीतांबरा, स्वामीजी महाराज, पीठ के संस्थापक गुरुदेव श्रीरामकृष्ण पांडेय आमिल समेत सभी देवी-देवताओं के विग्रहों की दतिया पीठ परंपरा के अनुरूप विशेष पूजा अर्चना की गई। मुख्य अर्चक पांडेय ने बताया कि वासंतिक नवरात्र के समापन पर 18 अप्रैल को 11 बजे से सामूहिक हवन होगी। इसके बाद भंडारा आयोजित किया जाएगा। इसमें पीठ से जुड़े कई जिलों के साधक व श्रद्धालु भाग लेंगे।

रामनवमी पर प्रसाद देता भक्त।

भंडारा और फल वितरण कर मनाया राम जन्मोत्सव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: शहर में कई स्थानों पर प्रभु श्री राम के जन्म उत्सव भंडारे व फल वितरण करके मनाया गया। शहर में लाउडस्पीकर से राम चरित मानस की चौपाइयों की धुन गूंज रही थी। एलईडी से प्रसारण किया जाता रहा। चौक घंटा घर पर भक्तों को प्रसाद के रूप में फल वितरण किया गया। शुभारंभ पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री, श्रीगुलशन कोहली दुर्गियाना मंदिर कमेटी अमृतसर पंजाब के पवन साबू जी माधव जी ने श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

डॉ. निर्मल ने कहा कि कि आज

▸▸ श्रीराम के बताए रास्ते पर चल संस्कृतियों को जोड़े : डॉ. निर्मल

देश के लिए बहुत गर्व का दिन है। प्रभु श्रीराम हमारे आराध्य होने के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम राम के नाम से भी जाते हैं। उन्होंने रामराज की स्थापना की। प्रभु श्री राम के बताए हुए रास्ते को चुने व भारत की संस्कृति को जिस प्रकार से उन्होंने जोड़ा है उसी पर चले। इस मौके पर खत्री सभा के अध्यक्ष संजय महिंद्रा, संरक्षक आलोक मनचंदा, राजीव साहनी, सुधीर मेहरोत्रा, हर्ष मनोचा, कार्यक्रम संयोजक व महिला खत्री सभा की अध्यक्ष बबीता साहनी, सचिव सचिन सरीन ने अतिथियों के माथे पर टीका लगाकर व पटका पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया।

पेट्रोल पंपों पर भी जगेगी जागरूकता की अलख

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिले में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बुधवार को स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत पेट्रोल पंपों पर मतदाताओं को जागरुक करने के लिये अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पंपों पर आने वाले वाहनों पर स्टीकर चिपकाए और हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। उन्होंने अधिक से अधिक मतदान के लिये लोगों को प्रेरित किया। साथ ही लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई।

जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि एलपीजी डिलीवरी वाहनों और सिलेंडर पर मतदाता जागरूकता संदेश के स्टीकर चिपकाकर एक-एक घर तक लोगों को वोटिंग करने का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही अब पेट्रोल पंपों पर जो भी वाहन तेल डलवाने आएंगे, उन सभी पर भी जागरुकता संदेश लिखे स्टीकर चिपकाए जाएंगे। जनपद में करीब सात लाख एलपीजी कनेक्शन हैं। इसके साथ ही पांच लाख गाड़ियां रजिस्टर्ड हैं। तो इस अभियान के माध्यम से करीब 10 से 12 लाख लोगों को हम लोग जागरुक कर सकेंगे। जिससे जिले में 20 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान हो। इस मौके पर एसडीएम सदर विजय कुमार त्रिवेदी, जिला पूर्ति अधिकारी डॉ. राकेश कुमार तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय, उप जिलाधिकारी श्वेता मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीवी सिन्हा समेत तमाम आलाधिकारी, समाजसेवी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

छह माह में तैयार हो जाएगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

डॉ. दिनेश मिश्र, अयोध्या

अमृत विचार: रामनगरी में निर्माणाधीन बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय स्तरीय क्रिकेट स्टेडियम के छह माह में बन कर तैयार होने की उम्मीद है। क्रिकेट ग्राउंड में घास रोपने का काम तेजी से हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप पिच बनाने के लिए दिल्ली से विशेषज्ञ बुलाए गए हैं। निर्माण एजेन्सी कॉन्स्ट्रक्शन एंड डिजाइनिंग सर्विसेज (सीएंडडीएस) के इंजीनियर भानु प्रताप ने बुधवार को अमृत विचार से खास बातचीत में बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने का लक्ष्य तो दिसम्बर तक है, लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि सितम्बर-अक्टूबर तक स्टेडियम खिलाड़ियों के खेलने योग्य बन कर तैयार हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस स्टेडियम की

▸▸ ग्राउंड में घास रोपने का काम शुरू पिच के लिए दिल्ली से आए विशेषज्ञ



दर्शक क्षमता अंतरराष्ट्रीय धर्मशाला व फिरोजशाह कोटला मैदान से अधिक होगी। जहां अंतरराष्ट्रीय मैच भी आयोजित किए जा सकेंगे। इसी को ध्यान में रखकर 72 यार्ड एरिया व 140 मीटर सर्कुलर ग्राउन्ड में अंतरराष्ट्रीय मानक की पांच पिच बनाई जा रही है। इसका जिम्मा दिल्ली की एक फर्म को दिया गया है। क्रिकेट मैदान आदि ग्राउंड के लिए खास सिन्टेक्स घास रोपण का कार्य भी चल रहा है। स्टेडियम में लगभग 15 से 17 हजार दर्शक क्षमता की दर्शक दीर्घा का निर्माण का कार्य 90 फीसदी तक हो चुका है। उन्होंने बताया कि गत दिनों जिलाधिकारी नितीश कुमार ने क्रिकेट स्टेडियम निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया था। इस क्रिकेट मैदान पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तरीय मैच आयोजन हो सकेंगे।

बताते चलें कि लगभग 76 करोड़ की लागत से बन रहा क्रिकेट स्टेडियम का वर्ष 2006 में शिलान्यास हुआ था। बजट के अभाव में लगभग 17 वर्षों बाद भी बन कर तैयार नहीं हो पाया है। इसमें 20 लाख की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्तरीय पांच पिच बनाई जा रही है। साथ ही तीन प्रैक्टिस पिच होगी। अभी इस मैदान की दर्शक क्षमता 15 हजार होगी, जिसे बाद में बढ़ाया भी जा सकेगा।

राम जन्मोत्सव पर चतुर्वेद यज्ञ का आयोजन

अयोध्या, अमृत विचार : आर्य समाज सुभाषनगर ने राम जन्मोत्सव चतुर्वेद यज्ञ का आयोजन और भजन पूजन के बीच मनाया। महर्षि दयानंद उद्यान की प्राचीन यज्ञशाला में शाम को चार से साढ़े छह बजे यज्ञका आयोजन किया गया। इसके बाद डॉ. अपूर्व कुमार आर्य ने भगवान राम से अपने कार्यो के जरिए समाज को दिए गए संदेश के बारे में बताया। श्री राम मुनि और यज्ञ संचालक मनीष आर्य ने भजनों की प्रस्तुति दी। समाज के प्रधान आर्य अवधेश आर्य, उप प्रधान राज नरायन आर्य, राकेश आर्य आदि ने भगवान राम के आचरण का अनुसरण करने आह्वान किया।

कवायद जिले के 11 ब्लॉकों के बीआरसी पर कंप्यूटर लैब होगी विकसित

2.50 लाख छात्र बनेंगे कंप्यूटर में दक्ष

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की प्रारंभिक पढ़ाई में कंप्यूटर शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए बीआरसी केंद्रों पर कंप्यूटर लैब विकसित की जा रही है। यहां आसपास के स्कूलों के बच्चों का शेड्यूल बनाकर उन्हें रोज बुलाया जाएगा।

जिले में 1792 परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट स्कूल संचालित है। इन स्कूलों छात्र-छात्राएं दो लाख 56 हजार अध्ययनरत हैं। ऑपरेशन कायाकल्प योजना के तहत जहां स्कूलों का सुंदरीकरण किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में सभी मूलभूत सुविधाएं पूर्ण कराई

▸▸ 1792 परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मिलेगा लाभ

> ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर कम्प्यूटर लैब बनाई जायेगी। इसके लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को एक कक्ष तैयार करने के लिए निर्देश दिया गया है। -संतोष कुमार राय, बीएसए

जा रही है। निपुण आदि योजनाओं के तहत छात्रों को शिक्षा में होशियार बनाया जा रहा है। वैसे काफी स्कूलों में कंप्यूटर सिस्टम स्थापित किए गए हैं। अभी भी काफी स्कूल ऐसे हैं, जहां कंप्यूटर लैब आदि नहीं है। ऐसे स्कूलों के छात्र-छात्राओं को बीआरसी केंद्रों पर बुलाकर प्रशिक्षित शिक्षक कंप्यूटर की पढ़ाई पढ़ाएंगे।

जिला समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि स्कूलों में स्मार्ट कंप्यूटर लैब बनाई जाएंगी। स्कूलों में इन्वर्टर बैटरी, इंटरनेट की सुविधा, सात- सात कंप्यूटर सिस्टम आदि कार्य के लिए क्रय किए जाएंगे। स्कूलों के अलावा ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एक कमरे में कंप्यूटर लैब विकसित की जा रही है। इनमें कंप्यूटर सिस्टम के साथ इंटरनेट, सीसीटीवी कैमरे आदि की सुविधाएं रहेगी।

कलाम शाह ने पार्टी नेताओं पर 50 लाख लेकर टिकट कटवाने का लगाया आरोप

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार कलाम शाह ने पार्टी के ही कद्दावर नेता पर गंभीर आरोप लगाया है। जिसका एक ऑडियो खूब वायरल हो रहा है।

बसपा उम्मीदवार कलाम शाह ने पवन मौर्य और पूर्व सांसद घनश्याम चंद्र खरवार पर टिकट कटवाने का आरोप लगाया है। वायरल ऑडियो में कलाम शाह ने बसपा नेता पवन मौर्य और पार्टी के कोऑर्डिनेटर व पूर्व सांसद घनश्याम चंद्र खरवार पर सपा उम्मीदवार लालजी वर्मा से 50 लाख रुपए या एक गाड़ी लेने के एवज में टिकट करवाए जाने का आरोप लगाया है। बहुजन समाज पार्टी ने शहजादपुर स्थित एक मैरिज हॉल में बीते

▸▸ ऑडियो वायरल

बसपा प्रदेश अध्यक्ष बोले-

बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने बताया कि कलाम शाह द्वारा जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह बेबुनियाद हैं। टिकट बदलने को लेकर मुझे इस तरह की कोई जानकारी नहीं है।

24 मार्च को कलाम शाह को अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने की थी। वहीं वायरल आडियो को लेकर जब बसपा उम्मीदवार कलाम शाह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आडियो उन्हीं का है जो पूरी तरह से सही है। हालांकि अमृत विचार वायरल आडियो की पुष्टि नहीं करता है। वहीं मामले की जानकारी के लिए जब पूर्व सांसद धनश्याम चंद्र खरवार को फोन किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

NOTICE

I Rammilan son of Shri Jageshwar resident of village Kheda Silajit tehsil Sarila District Hamirpur, U.P. I had passed class high school examination in the year 2010, whose roll number is 1682161. That in my above mentioned mark sheet my father's name are mentioned as JAGESHWAR PRASAD. That the above two names JAGESHWAR PRASAD and JAGESHWAR belong to my father only and not to anyone else.

अब्दुल मजीद
मदरसा अब्दुल मजीद अकादमी
खोजीपुर छिबरामऊ- कन्नौज

में आधुनिकीकरण योजना अन्तर्गत आधुनिक विषय के 1 अध्यापक की जरूरत है।
शैक्षिक योग्यता- स्नातक/ परास्नातक / बी0एड
वेतनमान देय- राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा देय है।
आवेदन करने की अन्तिम तिथि- 28/04/2024
साक्षात्कार दिनांक- 30/04/2024
विज्ञप्ति दिनांक- 18/04/2024

सूचना

सूचित हो की मैं ATIK AHAMAD पुत्र IKBAL HUSAIN निवासी:- आलहन मऊ, पो. सराय बरई, जि. बाराबंकी का हूँ, मैंने अपना नाम MOHAMMAD ATIQ KHAN से बदलकर ATIK AHAMAD रख लिया हैं, आज से मुझे ATIK AHAMAD के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल यू0पी0 बोर्ड इलाहाबाद, वर्ष- 2019, अनु0- 1870076 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र की मूलप्रति वास्तव में कहीं खो गयी है। धन लक्ष्मी सुपुत्री श्री सत्य राम नि0ग्रा0- अलाउद्दीनपुर, पोस्ट- बनगवॉडीह, तहसील- कादीपुर, जनपद- सुलतानपुर (उ0प्र0)।

सूचना

सूचित हो कि मैं रईस अहमद पुत्र फकीरे अपने पुत्र सिराज के चाल चलन से काफी परेशान हूं। वह आए दिन परिवार में विवाद करता है। जिसके चलते अन्य लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मैं अपने पुत्र सिराज को चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। रईस अहमद पुत्र फकीरे निवासी ग्राम भटपुरवा थाना कोतवाली देहात बहराइच।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

एक नजर

क्षतिग्रस्त मार्ग से आवागमन को मजबूर हैं राहगीर

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। हजपुरा बरियावन मार्ग पूरी तरह बदहाली का शिकार हो गया है। बुरी तरह से क्षतिग्रस्त मार्ग पर लोगों को आने जाने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग हजपुरा बाजार से सम्मनपुर होते हुए बरियावन तक जाता है। इस मार्ग पर आवागमन भी अधिक होता है लेकिन इस समय यह पूरी तरह से टूट चुका है। स्थानीय लोगों ने मार्ग के निर्माण की मांग की है।

सीएम को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग

जलालपुर, अंबेडकरनगर। 10 दिन पूर्व हुए लाखों रुपए के नगदी और लाखों के जेवरात की चोरी के मामले में कटका पुलिस अभी भी लकीर पीटते हुए नजर आ रही है। जिससे पीड़ित ने कटका पुलिस की कार्रवाई से नाराज होकर मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग किया है। कटका थाना अंतर्गत अमोला बुजुर्ग गांव निवासी अंकुर सिंह ने बीते 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजते हुए कहा गया है कि बीते 4 अप्रैल को मेरे घर की खिड़की का दरवाजा तोड़कर घर में घुसे चोरों ने घर के अंदर रखे दो लाख बीस हजार रुपए नगद व लगभग 10 लाख के जेवराज चुरा ले गए। पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन उदासीनता के चलते आज तक चोरी का पर्दाफाश नहीं किया जा सका है। पीड़ित अंकुर सिंह कटका पुलिस की कार्य प्रणाली से निराश हैं, जिससे पुलिस पर पूर्ण रूप से इनका भरोसा उठ चुका है।

अभियुक्त गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना मालीपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर बाबूराम वर्मा के बाग के पास बहद ग्राम ताहापुर से अभियुक्त सूर्यनाथ उपाध्याय पुत्र सदानन्द उपाध्याय निवासी ग्राम ताहापुर खनूसपुर थाना मालीपुर उम्र करीब 24 वर्ष को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक शिव कुमार, हेड कांस्टेबल विनोद प्रचेता, कांस्टेबल विशाल पटेल शामिल रहे।

महिला पर फब्तियां कसने वालों के खिलाफ कार्रवाई

जलालपुर। अम्बेडकरनगर। लड़कियों व महिलाओं को देखकर गंदा व अश्लील इशारा करने के मामले में चार मनचलों को हिरासत में लेकर करवाई की गई है। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के अमर गांधी बालिका इंटर कॉलेज के निकट खड़े होकर लड़कियों व महिलाओं को देखकर गंदा व अश्लील हरकत का प्रयोग कर रहे थे तथा अश्लील फब्तियां कस रहे थे। महिला चौकी की उप निरीक्षक ममता यादव, सुधा यादव, हमराही पीयूष मौर्य, जितेंद्र कुमार, शीला यादव आदि प्रार्थना पत्र की जांच हेतु क्षेत्र में निकले थे। इन चारों मनचलों की हरकत को देखकर इन्हें हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में इन लोगों ने अपना नाम जाफर मेहंदी निवासी जाफराबाद, मोहम्मद आसिफ रन्नू खां का पूरा तथा माजाहिद अब्बास व मोहम्मद हादी निवासी जाफराबाद कोतवाली जलालपुर बताया। पुलिस ने इन चारों को हिरासत में लेते हुए धारा 294 के तहत कार्रवाई किया है।

भ्रामक खबर फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : जिलाधिकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने एमसीएमसी कमेटी को निगरानी करने के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में व्यय अनुवीक्षण, उड़न दस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम, एमसीएमसी और पेड न्यूज, वीडियो निगरानी टीम की बैठक का आयोजन किया गया। कहा कि भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अधीन कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के चुनावी पैम्पलेट या पोस्टर, हेंडबिल या अन्य दस्तावेज प्रकाशक व मुद्रक के नाम, पता वर्णित किए बिना और प्रकाशक की घोषणा जो कि दो व्यक्तियों द्वारा अनुप्रमाणित की गई हो, प्राप्त किए बगैर निर्वाचन के लिए न तो प्रकाशित व मुद्रित करेंगे और न ही मुद्रण या प्रकाशन करेंगे। यह ऐसे प्रेस की जिम्मेदारी है कि वह दस्तावेज के मुद्रण के बाद युक्तिसंगत समय के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी को दस्तावेज की प्रति के साथ घोषणा की प्रति सौंपने के लिए निर्देशित किया गया। मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण समिति केबल नेटवर्क, रेडियो इत्यादि सहित इलेक्ट्रानिक, प्रिंट मीडिया के माध्यम से अभियान की बारीकी से निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। पेड न्यूज प्रकाशित करने पर संबंधित मीडिया को चुनाव आयोग के निर्देश के क्रम में नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में उड़नदस्ता टीम और वीडियो निगरानी टीम के साथ बैठक करते जिलानिर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह। अमृत विचार

भ्रष्ट आचरण की करें शिकायत

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सहायक व्यय प्रेक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि व्यय अनुवीक्षण में लगी टीमों से प्रत्येक अभ्यर्थी के संबंध में व्यय से संबंधित रिपोर्ट और आदेश प्राप्त करें और अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के दिन-प्रतिदिन के लेखे में उचित रूप से दर्शाएं। भ्रष्ट आचरण की शिकायत होने पर वह इसे शीघ्र कार्यवाही के लिए उड़नदस्तों को हस्तान्तरित करें और व्यय प्रेक्षक को तुरंत सूचित करें। उड़न दस्ते प्रत्येक शिकायत पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट दें। उड़न दस्ता मतदाता को डराने, धमकाने, असामाजिक तत्वों, मदिरा, हथियार और गोला-बारूद और निर्वाचकों को रिश्वत देने के प्रयोजनार्थ भारी मात्रा में नकदी को लाने और ले जाने आदि की सभी शिकायतों पर कार्यवाही करेगा।

जांच प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के दिए निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जांच किए जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करने के निर्देश दिए हैं। जांच की जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियो रिकार्ड करने के निर्देश दिए गए है। वीडियो निगरानी टीमें व्यय से संबंधित सभी घटनाओं और साक्ष्यों को दर्ज करने में सक्षम होनी चाहिए। वीडियो निगरानी टीम को रिकॉर्डिंग के प्रारम्भ में घटना का नाम और प्रकार, तारीख, स्थान और घटना का संचालन करने वाली पार्टी और अभ्यर्थी का नाम स्वर प्रणाली में रिकार्ड करने के निर्देश दिए हैं।

उधार का पैसा मांगने पर दुकानदार को जान से मारने की धमकी दी

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। बकाया पैसा मांगने पर दुकानदार को जान से मारने की धमकी मिल रही है। जिससे दुकानदार भय ग्रस्त है। शिकायत पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। बता दें कि सम्मनपुर थाना क्षेत्र के कहरा सुलेमपुर के रहने वाले राम तीरथ त्रिपाठी मुरली नगर चैराहे पर एक हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं। करीब चार माह पहले गांव का ही एक व्यक्ति दुकान से प्लास्टिक की पाइप और अन्य सामान खरीद कर ले गया था। जिसकी कीमत दस हजार रुपए हुई थी। दुकानदार ने बताया कि उक्त व्यक्ति तत्समय एक हजार रुपए देकर बाकी नौ हजार रुपए एक सप्ताह में देने की बात कही थी। एक सप्ताह बाद दुकानदार ने जब अपना बकाया पैसा मांगा तो वह पहले तो आजकल करता रहा। इस बीच चार महीने से अधिक समय बीत गया। लेकिन अब पैसा देने की बात तो दूर वह दुकानदार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। वहीं दुकान लूट लेने की बात कर रहा है। पीड़ित दुकानदार ने आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त व्यक्ति बेहद शातिर किस्म का है। पूर्व में कई मामलों में लिप्त रहा है। दुकानदार ने उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि शिकायत की जांच पड़ताल की जा रही है।

सार-संक्षेप

जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के बौरांव गांव में आग लगने से जली गेहूं की फसल।

आग लगने से डेढ़ बीघा फसल जलकर राख

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। शॉर्ट सर्किट से लगी आग में तीन किसानों की डेढ़ बीघा की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग की लपटें अन्य खेतों पर पहुंचती इससे पहले ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के बौरांव गांव के रामसमुझ पाठक, बनावटी मौर्य और शिवमूर्त के खेत आपस में एक दूसरे से सटे हुए हैं। उनके खेतों के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन के तारों के सटने में हुई शॉर्ट सर्किट से उक्त किसानों के गेहूं के खेतों में आग लग गई। आग से तीन किसानों का करीब डेढ़ बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि तीन किसानों की करीब डेढ़ बीघा फसल जलकर राख हुई है। क्षति के आंकलन के लिए हल्का लेखपाल को अवगत कराया जा रहा है।

फरियादियों की समस्याओं का हो निस्तारण : एसपी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया है।

कुरान में मौजूद है हर समस्या का हल : मेहदी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। कुरान अल्लाह का कलाम है। इसमें छोटी बड़ी सभी समस्याओं का हल मौजूद है। रहती दुनिया तक कुरान में किसी प्रकार का बदलाव संभव नहीं है। उक्त बातें मौलाना सैयद इंतेजार मेहदी फैजी लोरपुरी ने बडा.इमामबाड़ा मीरानपुर में कही। वह जाहिद अली आबिदी और फैजी अली आबिदी की ओर से दिवंगत सैय्यद आबिद अली के पुण्य के लिए आयोजित मजलिस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मौलाना फैजी ने आगे कहा कि परवर दिगार ने कुरान को तन्हा नहीं छोड़ा है, बल्कि उसके साथ हर दौर में एक मुहाफिज भी रखा। यह महाप्रलय तक अपनी वास्तविकता के साथ टिका रहेगा। इसमें किसी किस्म का मतांतर न पहले कभी था न भविष्य में होगा। खुद कुरान मजीद का दावा है कि इसमें हर खूश्को तर मौजूद है। अंत में उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म के प्रत्येक मतावलंबी को जीवन में कम से कम एक बार कुरान अवश्य पढ़ना चाहिए। इस कलामे इलाही को ठहराव के साथ समझ कर पढ़ने का निर्देश दिया गया है। कुरानी आयतों को देखने, सुनने और दोहराने का भी सवाब निर्धारित है।

अध्यक्ष व महामंत्री को पुनः मिला दायित्व

टांडा, अमृत विचार। संयुक्त प्रेस क्लब टाण्डा की कार्यकरिणी बोर्ड बैठक बुधवार को पत्रकार सरफ़राज़ अहमद के आवास पर सम्पन्न हुई जिसमें अध्यक्ष व महामंत्री सहित सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। संयुक्त प्रेस क्लब टाण्डा के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार सत्य प्रकाश मौर्य व सत्य प्रकाश पांडेय की सहमति से आगामी दो वर्ष के लिए नए बोर्ड का गठन किया गया। बोर्ड बैठक से एक दिन पूर्व अध्यक्ष फखरे आलम खान द्वारा त्यागपत्र देते हुए बोर्ड को भंग कर दिया था। बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से फखरे आलम खान को अध्यक्ष व कृष्ण कुमार कसौधन को महामंत्री पद का दायित्व सौंपा गया है। तथा सुनील कुमार सिंह (सुनील सलूजा) को संगठन का कोषाध्यक्ष नामित किया गया है। संगठन मंत्री की ज़िम्मेदारी पूर्व की तरफ सरफ़राज़ अहमद निभाएंगे।

रामोउत्सव कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

उत्साह के साथ मनाया गया रामोत्सव कार्यक्रम

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। विश्व हिन्दू परिषद व मातृशक्ति टांडा समिति द्वारा बुधवार को विंध्य माधव मन्दिर निकट हनुमानगढ़ी परिसर में रामोउत्सव का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। जिसका संचालन प्रान्त सत्संग प्रमुख श्याम बाबू मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र संगठन मंत्री विहिप गजेंद्र ने किया। कार्यक्रम में माताओं, बहनों और भाइयों ने अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई और रामजी के बारे गजेन्द्र के उद्बोधन को सुना। उन्होंने कहा कि राम हमारे जीवन के प्रत्येक पहलुओं के अंग हैं, उनके जीवन से जुड़े कोई भी एक चरित्र जीवन में धारण कर ले तो हमारा जीवन सार्थक हो जाएगा। इस अवसर पर जयप्रकाश यादव, माखन जायसवाल, आदित्य मौर्या, सुधीर अग्रहरी, दीपक कन्नौजिया, राकेश गौड़, सुयश कसौधन ने व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदीप पांडे जिला अध्यक्ष, विकास मौर्य जिला मंत्री, जिला संयोजिका शोभना गुप्ता, जिला सह मंत्री संजय पांडे, जिला सत्संग प्रमुख कृष्णनं दास, जिला धर्मा चार्य प्रमुख दीपक श्रीवासत्व, नगर संयोजक सुमित, अभिषेक, राजेश, गगन, पुष्पा, उषा, कुसुम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

संवेदनशील मतदेय स्थलों पर हो पैनी नजर

▸▸ **चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में समस्त उप जिलाधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को निर्देशित किया कि वल्नरेबिलिटी मैपिंग, क्रिटिकल मतदेय स्थल, मतदेय स्थलों पर उपलब्ध सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा, मतदेय स्थल निर्माण, कम्युनिकेशन प्लान, रूट चार्ट और प्रेषक पुस्तिका की तैयारी करें। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराने के लिए क्रिटिकल मतदेय स्थलों का चयन करते हुए पैनी नजर रखी जाए। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी और संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी।

हवन-पूजन के साथ हुआ नवरात्र का समापन

जलालपुर क्षेत्र में भगवा ध्वज लेकर शोभायात्रा निकालते भक्त।

शोभायात्रा में शामिल नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अध्यक्ष ओमकार गुप्ता।

▸▸ **रामनवमी पर भक्तिमय रहा माहौल, घरों पर भगवा ध्वजों को लगाकर कर मनाई गई खुशी**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। चैत्र शुक्ल नवरात्र की समाप्ति और भगवान राम के प्राकट्य अवसर रामनवमी पर जनपद में बुधवार को दुर्गा मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। सभी ने माता की आराधना करते हुए हवन-पूजन किया।

नगर और ग्रामीण क्षेत्र भी भक्तिमय माहौल से परिपूर्ण रहा। जगह-जगह लोगों द्वारा कन्या पूजन कर नवरात्रि के व्रत का समापन किया गया। सुबह से ही नव कन्याओं के पूजन और भोजन का कार्यक्रम किया गया और दक्षिणा देकर संतुष्ट करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया गया। लोगों ने घरों पर श्रीराम नाम अंकित भगवा ध्वजों को लगाकर कर खुशी मनाई गई। दोपहर के पश्चात जलालपुर कस्बे में स्थित श्रद्धा के केंद्र मठिया मंदिर और सरस्वती शिशु मंदिर से श्रीराम शोभा यात्रा निकली गई। शोभा यात्रा में शामिल युवा, डीजे की धुन बज रहे भक्ति संगीत पर थिरकते रहे और घंटे घड़ियालों व शंख ध्वनियों पर जय श्रीराम का उद्घोष करते श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर दिखाई पड़ा। जलालपुर कस्बे के छाछू मोहल्ला, सरायचैक, यादव चैराहा, जमालपुर आदि विभिन्न क्षेत्रों से गुजरने के दौरान आम लोगों द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। वहीं, शुक्लबाजार में श्रीराम जन्मोत्सव समिति के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने पहुंचकर भगवान राम के चित्र पर माल्यापर्ण कर शोभायात्रा को रवाना किया। मौके पर राहुल पांडे, क्षेत्र पंचायत सदस्य पवन जायसवाल, हरिवंश शुक्ला, सूरज मद्देशिया, विकास अग्रहरि, चिंटू शुक्ला, गुलाब आदि शामिल रहे। वहीं, जलालपुर क्षेत्र में उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य, कोतवाल संतोष कुमार सिंह द्वारा विभिन्न स्थानों पहुंचकर कानून व्यवस्था के लिए विभिन्न दिशा-निर्देश दिए।

पशुपालकों को मिले आकस्मिक सेवा का लाभ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पशु चिकित्सा वाहन टोल फ्री नम्बर 1962 के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रोजेक्ट हेड अभिषेक शर्मा ने बताया कि जनपद में छह वाहन संचालित हैं, जिनमें से तीन वाहन आकस्मिक सेवा और तीन वाहन शेड्यूल सर्विस में विजिट करते हैं। शेड्यूल सर्विस के तहत एक वाहन प्रतिदिन तीन गांव की विजिट करता है। आकस्मिक सेवा के तहत किसी भी पशुपालक द्वारा उपर्युक्त नंबर पर कॉल किए जाने पर यह सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया गया कि पशुपालकों द्वारा आकस्मिक सेवा के अंतर्गत यथाशीघ्र वहां पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। जिससे पशुओं का समय से उचित इलाज किया जा सके। साथ ही शेड्यूल वहां जिस भी ग्राम में भेजे जा रहे हैं वहां के पशुपालकों को पूर्व से सूचित कर दिया जाए। जिससे वह चिकित्सीय सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी द्वारा प्रोजेक्ट हेड को निर्देशित किया गया कि आपकी टीम द्वारा जो भी कार्य किया जा रहे हैं उसकी प्रतिलिपि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए। जिससे उचित तरीके से इसकी मॉनीटरिंग की जा सके। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

एक नजर

हनुमान मंदिर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

इटियाथोक, अमृत विचार : इटियाथोक विकासखंड के रुदापुर ग्राम पंचायत स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पर नवरात्रि के पावन पर पर अष्टमी व नवमी के दिन भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने हनुमान मंदिर में दर्शन किए परिसर में लगे मेले का लुत्फ भी उठाया। हवन इत्यादि के साथ-साथ ब्राह्मण भोज साथ-साथ प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया गया। बता दे रुदापुर स्थित हनुमान मंदिर काफी प्रसिद्ध मंदिर है भक्तगणों का मानना है जो मंदिर में हनुमान जी का दर्शन करता है प्रभु उस पर कृपा अवश्य करते हैं।

अद्वैत स्वरूप संन्यास आश्रम में भंडारे का आयोजन

परसपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत के अद्वैत स्वरूप संन्यास आश्रम युक्त पुरी परमधाम में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत भागवत ज्ञानयज्ञ के पूर्णाहुति के अवसर पर बुधवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। श्री मद्भागवत कथा के पूर्णाहुति एवं रामनवमी के अवसर पर दूर दराज आये संतों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। वहीं क्षेत्रीय लोगों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। क्षेत्र की महिलाओं के भजनों पर क्षेत्रीय श्रद्धालु खूब झूमे। उक्त अवसर पर रामू बाबा, सहेजा नन्द बाबा, दयालु बाबा बाराबंकी,भभुवा आश्रम के संत तथा साध्वी शशी दीदी, साध्वी रागिनी तथा क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर मनाया रामोत्सव

रुपईडीह, अमृत विचार : भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर कौड़िया के फलाहारी दास मंदिर पर मांगलिक गीत, भजन, कीर्तन आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर पर महंत सिद्धार्थ दास के निर्देशन में भगवान दास की टीम द्वारा भजन, कीर्तन व मांगलिक गीत प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्रीराम व फलाहारी दास की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर पूजा अर्चना की गई। दीपनारायण पांडेय, लखन लाल शुक्ल, भरत लाल शुक्ल, शिव वरदान तिवारी, रामनरेश शुक्ल, दयाशंकर तिवारी, ननकऊ कश्यप, झोखू, छोटकऊ आदि लोग उपस्थित रहे।

अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को किया पुरस्कृत

इटियाथोक, अमृत विचार : इटियाथोक शिक्षा क्षेत्र के पेमई पुरवा पारासराय स्थित प्राथमिक विद्यालय में अंक पत्र वितरित किया गया। वहीं विद्यालय परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। अभिभावकों से नामांकन कराने पर जोर दिया गया। प्राथमिक विद्यालय में सरकार द्वारा बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ-साथ किताब, पोशाक जूते मोजे बैग के लिए 1200 अभिभावकों के खाते में भी भेजती है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विश्वजीत यादव, सहायक अध्यापक शिवनाथ गौतम ,श्रीपति राम निषाद, अबू मोहम्मद, सरवन वर्मा, अर्जुन मौर्या, मोहित मौर्य ,शिवम मौर्य मौजूद रहे।

11467 स्थानों पर धूमधाम से मनाया रामोत्सव

भक्तों में चरम पर दिखा उत्साह, महिलाओं ने गाए मंगल गीत, कई जगह सुंदरकांड पाठ का आयोजन

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: जैसे ही घड़ी की सूई ने 12 बजाए वैसे ही "भए प्रकट कृपाला दीन दयाला" की मंगल अनुगूंज आरंभ हो गई व घंटे घड़ियाल इत्यादि बजने लगे और प्रभु श्री राम का जन्म हुआ।

अयोध्या में श्री रामलला की नूतन विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा पश्चात हुई। इस वर्ष की चैत्र रामनवमी पर उत्साह चरम पर दिखा। यहां पर लोगों ने स्थान स्थान पर प्रभु श्री राम का चित्र, छोटी मूर्ति इत्यादि रखकर तो कहीं मंदिरों में एकत्र होकर श्री रामलला का जन्मोत्सव मनाया। विश्व हिंदू परिषद की योजना से पूरे जिले में श्री रामनवमी का कार्यक्रम रामोत्सव के रूप में मनाया गया जिसमें संगठन की योजना से 11467 स्थान पर रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुए। जहां पर कहीं मंदिरों पर, कहीं चौपाल पर, कहीं किसी शिवालय में, तो कहीं ब्रह्मस्थान इत्यादि पर एकत्र होकर प्रभु रामलला के 496 वर्षों के बाद अपने भव्य मंदिर में श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम होने से उल्लासित लोगों ने पूरे उत्साह के साथ रामोत्सव कार्यक्रम किया।

राम जन्मोत्सव मनाते विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता। अमृत विचार

विहिप के प्रांतीय नेता राकेश वर्मा गुड्डू के अनुसार स्थानीय कार्यकर्ताओं की मांग पर प्रयागराज व अयोध्या से मंगाई गए प्रभु श्रीराम के स्वरूप, तो कहीं राम दरबार रखकर तो कहीं नूतन विग्रह का चित्र स्वरूप रखकर रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं ने मंगल गीत गाए। कहीं-कहीं सुंदरकांड का पाठ हुआ तो सारे स्थानों पर प्रसाद इत्यादि का वितरण कर प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया। गोंडा के झंझरी, कृपाल, इटियाथोक रुपईडीह, मुजेहना, कटरा, परसपुर, करनैलगंज, तरबगंज, बेलसर, नवाबगंज, वजीरगंज, मनकापुर, छपिया, बभनजोत सहित गोंडा नगर में भी श्री रामोत्सव के विविध आयोजन हुए। कार्यक्रमों में ओमप्रकाश सोनी, भरत गिरी, राजकुमार शुक्ल, दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी, आशीष मोदनवाल, रघुराज सोनकर, शिवशंकर सिंह, मोहित गुप्ता, श्यामू, बिरजू, सुनील निदास, सोनू सोनकर, गोविंद मिश्रा, विजय वर्मा, संदीप यादव, रतुल सिंह, प्रकाश कुमार, बबलू, कमल, किन्नू विश्वकर्मा, प्रेम राज सोनकर, भुवनेश्वर मौर्य, बृजमोहन गौतम, दीपेंद्र गौतम इत्यादि उपस्थित रहे।

खैरा भवानी मंदिर में सामूहिक हवन करते भक्त। अमृत विचार

मंदिरों में सामूहिक हवन व कन्या भोज का आयोजन

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : नगर के खैरा भवानी, काली भवानी, विंध्यवासिनी मंदिर व भगवती मंदिर में सामूहिक हवन किया गया। आसपास के जुटे पुरोहितों ने मंदिर परिसर में यजमानों को पूर्ण विधि विधान से पूर्णाहुति कराई। इसके बाद सामूहिक कन्याभोज का आयोजन हुआ। इसके अलावा घरों में भी हवन पूजन तथा कन्याभोज व पूजन का आयोजन किया गया। लोगों ने अपने सामर्थ्य के अनुसार कन्याओं को दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

जिले में धूमधाम से मनाई गई चैत्र रामनवमी, कन्या भोज कराया

मंदिरों में भक्तों ने नवाए शीश, दिन भर हुआ हवन-पूजन, महिलाओं ने गाए मंगलगीत

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: नवरात्रि की नवमी पर देवी मंदिरों में हवन पूजन के साथ लोगों ने कन्याभोज कराया। इसके साथ ही नौ दिनों की देवी आराधना संपन्न हो गई। चैत्र रामनवमी का भी जिले भर में धूमधाम से उत्सव मनाया गया। लोगों ने भगवान राम के बाल विग्रह की जगह-जगह पूजा की। मंदिरों में दोपहर 12 बजते ही घंटे घरियार बजने लगे। शंख ध्वनि से पूरा इलाका गुंजायमान रहा। प्रसाद का वितरण किया गया।

श्रीराम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला रानी बाजार में प्रभु श्री राम का प्रकट उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। पूरे मंदिर परिसर को पुष्प एवं गुब्बारों से सजाया गया था। महिला सदस्य प्रभु श्री राम नाम की साड़ी पहन कर बेहद सुंदर प्रतीत हो रही थीं। प्रातः काल से ही मंदिर में सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ हो गया जिसमें दीपक मोदी, श्याम, महेश अग्रवाल, बृजेंद्र सिंघल व बहुत सारे भक्त भक्तों ने भाग लिया। उसके उपरांत भजन कीर्तन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

भजनों की गंगा बहाने में महिला मण्डल व मारवाड़ी की समाज की महिलाओं ने बड़चढ़ कर हिस्सा लिया। ठीक 12:00 बजे भगवान के जन्म की लीला दिखाई गई। भगवान प्रभु श्री राम आज नई पोशाक व सुन्दर आभूषणों में अत्यंत शोभायमान प्रतीत हो रहे थे। प्रभु को 56 भोग अर्पण किया गया। जन्म के उपरांत उपस्थित भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

रामजानकी धर्मशाला के मंदिर में प्रभु के विग्रह को लगा छप्पन भोग। अमृत विचार

बालरूप के बालक को राम स्वरूप में खिलातीं महिलाएं। अमृत विचार

मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, परमानंद शर्मा, चांदमल मित्तल, रमेश, अनिल अग्रवाल, देवाकर सोमानी, सीमा अग्रवाल, सरिता नेवटिया, सुधा अग्रवाल, नीलम जैन, पूजा केडिया, मारवाडी युवा मंच महिला शाखा की अध्यक्षा नीतू गर्ग, पूनम मित्तल, सरोज अग्रवाल, शारदा गर्ग, सरोज अग्रवाल, प्रेमलता सिंघल आदि भगत उपस्थित थे।

करनैलगंज में भगवान श्रीराम का प्राकट्य उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। हर तरफ भये प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी व भगवान राम की आरती की गई।

मंदिर ठाकुर श्रीराम जानकी चतुर्भुजी मंदिर बालकराम पुरवा व संतोषी माता मंदिर लखनऊ रोड पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास पूर्ण तरीके से मनाया गया। मंत्रोच्चारण के बीच भगवान का जन्म उत्सव मनाया। नगर के हलवाई समाज द्वारा श्री रामजानकी मंदिर बालूगंज में रामजन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संजय यज्ञसेनी, सत्येंद्र यज्ञसेनी, रामजीलाल मोदनवाल, सुशील यज्ञसेनी, राजीव गुप्ता, महेश गुप्ता , कन्हैया लाल वर्मा, संतोष यज्ञसेनी, अशोक सिंघानिया सहित नगर के संभ्रांतजन श्रीराम जन्म उत्सव की महाआरती में सम्मिलित हुए। तमाम संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहीं। इसके अलावा नगर के मां गायत्री शक्ति पीठ सकरौरा, श्रीराम जानकी मन्दिर बालूगंज, श्रीभैरव नाथ मंदिर, हनुमान गढ़ी मन्दिर सहित नगर के तमाम मंदिरों में श्रीराम जन्मोत्सव की धूम रही।

आज से होगा 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन:

करनैलगंज, अमृत विचार : राष्ट्र जागरण महा अभियान, 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन बृहस्पतिवार से नगर के सकरौरा में स्थित गायत्री शक्तिपीठ में प्रारंभ होगा। यह जानकारी देते हुए गायत्री शक्तिपीठ मंदिर के पुजारी तिलक राम तिवारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को प्रातः 9 बजे जल कलश की शोभायात्रा एवं शाम 7 बजे शांतिकुंज हरिद्वार की टोली से संगीत मय प्रज्ञा पुराण की कथा, शुक्रवार को सुबह सात बजे देव पूजन यज्ञ एवं संस्कार और शाम सात बजे प्रज्ञा पुराण की संगीतमय कथा और शनिवार को सुबह 7 बजे यज्ञ संस्कार शाम सात बजे प्रज्ञा पुराण की कथा एवं गायत्री दीप महायज्ञ, रविवार को सुबह सात बजे यज्ञ की पूर्णाहुति संस्कार एवं विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है और सभी कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ पर संपन्न कराए जाएंगे।

सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता प्रबंध

बैरियर व मंदिरों पर तैनात पुलिसकर्मियों को दिए गए निर्देश

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन सजग रहा। अधिकारी नवाबगंज समेत सीमा क्षेत्र में सुरक्षा का जायजा लेते रहे। मंदिरों पर आवश्यक जानकारी लेते हुए पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के आदेश पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने पुलिस बल के साथ अयोध्या चैत्र रामनवमी मेला को लेकर श्रद्धालुओं ,यात्रियों की सुविधा हेतु अयोध्या-गोंडा बार्डर पर भ्रमण कर रूट डायवर्जन व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुलभता हेतु कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत मंदिरों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सभी रूट डायवर्जन, बैरियर ड्यूटी व अन्य ड्यूटी प्वाइंट को चेक किया। ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसी प्रकार समस्त क्षेत्राधिकारी ने भी अपने अपने सर्किल क्षेत्र में व समस्त प्रभारी निरीक्षक ,थानाध्यक्षों के साथ अपने अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले मंदिरों पर पहुँच कर चैत्र रामनवमी पर सुरक्षा व्यवस्था देखी।

मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद पुलिसकर्मी। अमृत विचार

न्याय पंचायत के संकुल अध्यापकों ने की बैठक

रुपईडीह, अमृत विचार: न्याय पंचायत रुपईडीह के संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक कंपोजिट विद्यालय दलपतपुर में मुख्य शिक्षक संकुल अनिल कुमार चौरसिया की देखरेख में आयोजित की गई। बैठक में संकुल अनिल कुमार चौरसिया, बालमुकुंद पांडेय, दुर्गेश पाठक व चंदन शर्मा ने निपुण भारत अभियान के तहत बच्चों का एप के माध्यम से आकलन तथा शिक्षण कार्य के दौरान संदर्शिका का उपयोग किए जाने पर विशेष बल दिया। योगेंद्र प्रकाश मिश्र, आशा मिश्र, पंकज तिवारी, संजय यादव, अनंत पाठक, सोमवीर, उमा शंकर पांडेय, दिवाकर तिवारी आदि मौजूद रहे।

खुद को सकारात्मकता से प्रेरित कर तय करें लक्ष्य

परसपुर, अमृत विचार: परसपुर विकास क्षेत्र के एक छोटे से गांव भयापुरवा धनौरा की रहने वाली तृप्ति कलहंस के पिता नवरंग सिंह डेहरास में एसबीआई का ग्राहक सेवा केन्द्र चलाते हैं, जबकि मां नीरजा सिंह गृहिणी हैं। परिवार के और लोग गांव में ही रहते हैं। दो भाई- बहनों में तृप्ति बड़ी है। भाई यशवर्धन सिंह इंटर की परीक्षा देकर आगे की तैयारी कर रहा है। पिता नवरंग सिंह बेटी को अच्छी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से आवास विकास गोंडा में रहकर फातिमा हायर सेकेन्डरी स्कूल में दाखिला दिलाया। प्राथमिक शिक्षा से लेकर इण्टर तक पढ़ाई फातिमा स्कूल से की। वर्ष 2014 में तृप्ति ने स्कूल टॉप किया। उसके बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी के कमला नेहरू कालेज से बीकॉम ऑनर्स से स्नातक करने के बाद तैयारी कर रही थी। तृप्ति ने यूपीएससी 2023 में 199वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दिल्ली में नानी के यहां रहकर सेल्फ स्टडी से उन्हें पांचवें प्रयास में सफलता मिली है। तृप्ति ने सफलता का श्रेय माता-पिता तथा एक दो मित्रों को दिया है। उन्होंने बताया कि स्वयं को सकारात्मकता से प्रेरित रखना चाहिए। पूर्व वर्ष के प्रश्न पत्रों को अच्छे से तैयार करना चाहिए। प्रतिदिन घन्टों से ज्यादा टारगेट महत्वपूर्ण होना चाहिए।

आग से तीन मकान जले, गृहस्थी हुई राख

करनैलगंज, अमृत विचार : दो अलग-अलग क्षेत्रों में आग लगने से तीन घर व उसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम धौरहरा में मंगलवार की देर शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें दो फूस के मकान मय गृहस्थी जलकर राख हो गई। करनैलगंज स्थित फायर स्टेशन के यूनिट प्रभारी नित्यानंद यादव ने बताया कि ग्राम धौरहरा से मंजीत कुमार ने मंगलवार देर शाम आग लगने की सूचना दी। जिस पर तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई, लेकिन तब तक धौरहरा गांव के राम लाल पुत्र राम का करीब 20 हजार व ननकू पुत्र मथुरा का करीब 60 हजार का नुकसान हो चुका था। दोनों लोगों का रिहायशी छप्पर आग में जल गया। बहरहाल दमकल के पहुंचने से आसपास के अन्य घरों को बचाने में सफलता मिली। तहसीलदार मनीष कुमार ने बताया कि हलका लेखपाल नें नुकसान का आकलन किया है। इटियाथोक क्षेत्र में बुधवार की दोपहर छप्पर में आग लगने से दो लाख रुपये का सामान जल गया। घटना की सूचना राजस्व विभाग को दी गई। रिसिया बहराइच के अशोक महेश व कांग्रेस ने बताया कि वह पांडेय पारासराय में फिरोज के मकान में रहकर दरी व चटाई का व्यवसाय करते हैं। दोपहर में सभी लोग कमरे के भीतर सो रहे थे। तभी अचानक बाहर लगे छप्पर में आग लग गई। तेज हवा के कारण आग कमरे में भी फैल गई। कमरे में रखे हुए दरी, चटाई, झूमर के गट्ठर जल गये। घटना में करीब दो लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। कमरे में रखा घर गृहस्थी, खाने पीने के समान भी जलकर खाक हो गए। आगजनी के पश्चात तीनों परिवारों के खाने के लाले पड़ गए। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पा रहा है। परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है। राजस्व विभाग को आगजनी की सूचना दी गई है।

महिला अस्पताल में ट्रांसफार्मर से लगी आग

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में ट्रांसफार्मर से शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। अस्पताल से सटे परिसर में रखें ट्रांसफार्मर में आग लगने से हड़कंप मच गया। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना फायर कर्मियों को दी। मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। बुधवार दोपहर में महिला अस्पताल के पीछे रखे ट्रांसफार्मर में आग लग गई देखते ही देखते ट्रांसफार्मर व तार धू धू कर जलने लगा। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना नगर कोतवाली पुलिस व फायर कर्मियों को दी। मौके पर पहुंचे नगर कोतवाली पुलिस ने भीड़ को उधर से हटाया। आग लगने की घटना से महिला अस्पताल में अफरा तफरी अपनी मच गई आग जहां लगी थी काफी लोग जुट गए थे। पुलिस कर्मियों ने मेहनत के बाद उनको हटाए। 1 घंटे तक फायर कर्मियों ने मेहनत की तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। संयोग ठीक रहा कि आग पर काबू पर लिया गया। कोई जनहानि नहीं हुई आग बुझ अस्पताल प्रशासन में राहत की सांस ली।

देवी भगवती के जागरण में झूमे भक्त

झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र, हिन्दू नवयुवक सेवा समिति ने किया आयोजन

संवाददाता, कटरा बाजार

अमृत विचार: नगर पंचायत कटरा बाजार में मंगलवार को हिन्दू नवयुवक सेवा समिति द्वारा तेरहवां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन रामलीला मैदान के हनुमान गढी. मन्दिर तिराहे के प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्य आयोजक सचिन रस्तोगी व निकेश रस्तोगी ने शेरावाली की आरती के साथ कलाकारों को चुनरी भेंट कर जागरण का कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के यजमान ननकऊ गुप्ता रहे। गोंडा के सांई म्यूजिकल ग्रुप के वैभव सक्सेना ने गणेश जी की झांकी के साथ कार्यक्रम माता रानी व प्रभु श्री राम के भजन से कार्यक्रम की शुरुआत की। अवध धाम से आए रिजूराज ने राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगा दीप जलाकर दीवाली मैं मनाऊंगा भजन से पूरे पंडाल को भक्तिमय कर दिया। भजन से लोग झूम उठे,वही लखनऊ से आई दीपिका मिश्रा ने हारा हूं बाबा पर तुझ पर भरोसा है जीतूंगी एक दिन मेरा दिल यह कहता है खाटू श्याम भजन ने लोगों में जोश भर दिया भजन सुनकर पंडाल में बैठे लोग झूम उठे। वहीं कानपुर की मास्टर मिंटू एंड झांकी ग्रुप ने शिव पार्वती, हनुमान जी, महाकाली, श्री राम, सीता, लक्ष्मण सहित अन्य झांकियां प्रस्तुत की। मंच का संचालन करुणा शंकर शुक्ला ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तिवारी, चेयरमैन प्रतिनिधि मुजीबुल हसन सुबराती, धनलाल पाण्डेय, पूर्व प्रधान अर्जुन बाबा, राजेश निगम, राजू रस्तोगी, सुमित, बब्लू जायसवाल, रजत, शुभम व हर्षित सोनी सहित दो हजार की संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

काली मां की झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

फजीहत प्रति दिन मेडिकल कॉलेज पहुंच रहे सैकड़ों मरीज, चिकित्सक खुला खाना न खाने व लू से बचने की दे रहे सलाह

तेज धूप और गरम हवा से डायरिया-बुखार के बढ़ रहे मरीज

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: धूप तेज होने लगी है, साथ ही गर्म हवाएं भी चलने लगी है। ऐसे में लोगों की सेहत खराब हो रही है। भारी संख्या में मरीज प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज में आ रहे हैं। इस समय जो मरीज आ रहे हैं उनमें डायरिया व बुखार की शिकायत ज्यादा आ रही है।

मेडिकल कालेज में मेडिसिन विभाग की ओपीडी में मुंह सूखना, कमजोरी, बेहोशी, गहरे पीले रंग का पेशाब, चिड़चिड़ापन व कब्ज की समस्या के मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सक लू से बचने की सलाह दे रहे हैं। प्रशासन ने भी बचाव के लिए एडवायजरी जारी की है। मेडिकल कालेज में बारह से अधिक डायरिया के मरीज भर्ती हैं। इसके अलावा प्रतिदिन करीब 400 मरीज ओपीडी में आते हैं। इसमें से करीब 70 से अधिक बच्चे होते हैं जो गर्मी की वजह से परेशान हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डा. आफताफ आलम कहते हैं कि बच्चे पानी पीना याद नहीं रखते हैं। खेलने के साथ ही दूसरी एक्टिविटी में पसीना खूब निकलता है। पर्याप्त मात्रा में पानी न पीने के कारण डिहाइड्रेट होने लगता है। बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा अधिक होता है।गर्मी में इंफेक्शन का खतरा अधिक रहता है। बाहर का खुला खाना खाने, पानी पीने से डायरिया और टाइफाइड जैसी बीमारिया हो सकती हैं जो लंबे समय तक चलती हैं। लंबे समय तक तेज धूप में रहने की वजह से हीट स्ट्रोक की समस्या हो रही है। चिकित्सक बुखार, हार्ट बीट बढ़ने व चक्कर आने पर तत्काल डॉक्टर को दिखाने की सलाह देते हैं। मेडिकल कालेज के जूनियर रेजिडेंट डा. राकेश तिवारी का कहना है कि गर्मी में खानपान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। भरपूर पानी पिएं। इस समय शरीर में पानी की कमी होना घातक हो सकता है।

अस्पताल में उमड़े मरीज। अमृत विचार

नहर सूखी होने से बढ़ी परेशानी।

पानी के लिए भटक रहे बेजुबान

बेलसर, अमृत विचार : अप्रैल महीने में इस बार गर्मी ने रिकार्ड तोड दिया है। सुबह दस बजे से ही घर से बाहर निकलने में लोगों को दिक्कत होने लगी है। भीषण गर्मी से तालाबों में बूंद भर पानी नहीं है। नहर भी सूखी है। ऐसे में बेजुबानों की प्यास नहीं बुझ रही है वे गांवों की तरफ रुख कर रहे है। अप्रैल माह में ही गर्मी ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सुबह से तेज हवा के साथ भीषण गर्मी से आम जीवन अस्त व्यस्त है। लोगों को बाहरी कार्यों की जल्दी जल्दी निपटा कर सुबह से दस बजे से ही दुबक कर घरों में बैठना पड़ता है। पानी पीने के थोड़ी देर बाद प्यास दोबारा लग जा रही है। बाजारों में भी शीतल पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ गई है। इस लू एवं गर्मी के प्रभाव से तालाब पोखरों में बूंद भर पानी नहीं बचा है। जबकि जल संरक्षण के लिए जनपद के हर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर का निर्माण कराया जा चुका है। अमृत सरोवर निर्माण में लाखों रुपए खर्च किए जा चुके है। नहर भी सूखी है। बेजुबानों की प्यास नहीं बुझ रही है और वे गांवों की तरफ रुख कर लिए हैं। प्यास से बेहाल ये बेजुबान हिंसक हो गए है। अजीत ने बताया कि गांव की तरफ आने वाले इन बेजुबानों को डांटते है तो काटने के लिए दौड़ा लेते है।

जागरूकता पोस्टर के साथ रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

रैली निकाल मतदान के लिए किया जागरूक

तरबगंज, अमृत विचार: श्री बजरंग सिंह शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज चौबेपुर नाला तरबगंज गोंडा में बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर विद्यालय के आस-पास के सभी अभिभावकों और छात्र छात्राओं को आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा वोट देने के लिए जागरूक किया गया। तथा मताधिकार के महत्व को बताया गया। इस कार्यक्रम में प्रबंधक गोपाल सिंह, अरविन्द सिंह, रजनीश सिंह, वेद प्रकाश, विपिन सिंह अभिषेक सिंह, सुकदेव यादव, सूरज दूबे, अंजलि सिंह, गरिमा सिंह तुलसीराम आदि शामिल रहे।

एक नजर

गांव में मजदूरी करने आया युवक नाबालिग लड़की लेकर फरार, केस दर्ज

परसपुर, अमृत विचार : छह माह पहले गांव में मजदूरी करने आया युवक एक नाबालिग लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसे लेकर फरार हो गया। परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि एक युवक लगभग छह महीना से गांव में मजदूरी करता था। सोमवार की रात उसकी 17 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। लड़की को ले जाने के बाद से अपना मोबाइल भी बंद कर लिया है। नाबालिग के पिता द्वारा आरोपी का मोबाइल नंबर भी दिया गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि रोहित कुमार उर्फ छोटू पुत्र मुटुरु ग्राम रुपन पुरवा पोस्ट भीरा तहसील पलिया कला लखीमपुर के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लड़की के बरामदगी के लिए एक टीम गठित की गयी है।

मनोहर जोत में किसान के खेत में कराई क्रॉप कटिंग

रुपईडीह, अमृत विचार : जिलाधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनोहर जोत में उप जिलाधिकारी सदर की देखरेख में गांव के किसान मुनव्वर अली के खेत में लगी गेहूं के फसल की क्रॉप कटिंग कराई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक रामानुज, लेखपाल अक्षय कुमार पांडेय व रक्षा राम दुबे मौजूद रहे।

विशेष शिक्षक ने कंपोजिट विद्यालय का किया भ्रमण

रुपईडीह, अमृत विचार : ब्लॉक के विशेष शिक्षक सुनीत कुमार मिश्र ने कंपोजिट विद्यालय दलपतपुर का भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने नामांकित दिव्यांग बच्चों के पठन पाठन के बारे में प्रधानाध्यापक से जानकारी हासिल की। उसके पश्चात नवीन नामांकित दिव्यांग छात्रा खुशी के घर जाकर उसके शारीरिक स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की।

एसीएमओ व डीएमओ के निरीक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री नदारद

इटियाथोक ब्लॉक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत चल रहा दस्तक कार्यक्रम

दस्तक कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से जानकारी करते अधिकारी। अमृत विचार

कायाकल्प योजना के तहत सम्मान पत्र के साथ पूरा स्टाफ। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: इटियाथोक ब्लॉक क्षेत्र में इन दिनों संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दस्तक कार्यक्रम चल रहा है। आशा और आंगनबाड़ी वर्कर को घर घर जाकर दिवालों पर स्टिकर लगाते हुए लोगो को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी सौपी गई है।

दस्तक कार्यक्रम का औचक निरीक्षण बुधवार को एसीएमओ डा आदित्य वर्मा और डिस्ट्रिक मलेरिया आफिसर ने किया। क्षेत्र के चुरिहारपुर, मोहनपुर असिधा और कुम्हारनपुरवा गाँव मे पहुंचकर चलाये जा रहे अभियान की हकीकत परखी। स्थानीय सीएचसी मे तैनात बीसीपीएम दिनेश कुमार भी मौजूद रहे। एसीएमओ ने बताया की जिन स्थानो पर आंगनबाड़ी वर्कर अनुपस्थित पाई गई है उनकी जानकारी विभागीय आलाधिकारियों को भेजी गई है। उन्होंने बताया की मौके पर रही आशा कार्यकर्ताओ से अभियान सम्बन्धी जानकारी ली गई व ई-कवच ऐप पर विवरण दर्ज करने की स्थिति देखी गई। उन्होंने कहा की इन दिनों आभा कार्ड बनाने का ख़ास अभियान भी चल रहा है। कई आशा बहु रूचि नहीं ली जा रही है। ब्लाक की प्रगति खराब चल रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार ने बताया कि दस्तक अभियान संचारी रोग नियंत्रण अभियान का महत्वपूर्ण चरण है। इस चरण में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर संचारी रोगों के बारे में लोगो को बता रही है। जो लोग ई-कवच ऐप पर अपलोड कार्यों के प्रति लापरवाही करेंगी उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

परसपुर, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में कायाकल्प अवॉर्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने सीएचसी अधीक्षक डॉ लवकेश शुक्ला, प्रदीप पाण्डेय व शैलेन्द्र सिंह, अरुण कुमार सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र त्यौरासी के फार्मासिस्ट आलम, राकेश सिंह तथा धर्मेन्द्र शुक्ला को भी मिशन कायाकल्प 2022-23 के तहत सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डीआईओ द्वारा वैक्सीन कोल्ड चेन का निरीक्षण किया गया तथा सीएचसी के समस्त स्टाफ को ड्रेस कोड में रहने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर डीआईओ डॉ जयगोविंद, डॉ सुशील कायाकल्प कन्सन्टेंट, डॉ ओपी गुप्ता, योगेंद्र सिंह, बृजेन्द्र सिंह सहित अन्य सीएचसी स्टाफ उपस्थित रहे।

बगैर मानक पूरा किए नर्सिंग होम का हो रहा संचालन

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : बगैर मानक पूरा किए नर्सिंग होम का संचालन हो रहा है। लखनऊ रोड स्थित कांति उपवन पार्क के बगल संचालित कुसमा हास्पिटल पर मानक न पूरा किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई है। सतीश मिश्र की ओर से सीएमओ को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया कि अस्पताल में बिना निश्चेतक व सर्जन ही ऑपरेशन किया जाता है। इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर नहीं रहते। झोलाछाप चिकित्सक इलाज करते हैं। शिकायतकर्ता अधिवक्ता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जांच किए जाने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि सीसी टीवी कैमरे की भी जांच की जाए, जिससे स्थिति स्पष्ट हो सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रश्मि वर्मा ने कहा कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी गेहूं की फसल जलकर हुई स्वाहा

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार: दो अलग-अलग गांवों में गेहूं के खेत में लगी आग से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। नवाबगंज थाना क्षेत्र के किसुन दासपुर गांव के शुकुल पुरवा मजरे में गेहूं के खेत के ऊपर से होकर जा रही हाइटेंशन विद्युत तार बुधवार की दोपहर में टूटकर खेत में गिर गया, जिससे निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। गांव वाले जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग की लपटें पूरे खेत में फैल गई। बगल के खेत में गेंहू काट रहे लोगों के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने विद्युत लाइन कटवा कर किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक रामनाथ शुक्ल, सुशील शुक्ल, सुमित शुक्ल तथा सुनील शुक्ल के खेत में लगी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। फोन करने के बावजूद मौके पर फायर ब्रिगेड नहीं पहुंची।

ग्रामीणों ने बताया कि खेत के ऊपर से गुजर रहे जर्जर तारों को बदलने के लिए कई बार विभाग से कहा गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सूचना पर मौके पर पहुंचे लेखपाल बलवंत गुप्ता ने कहा फसल के नुकसान का आंकलन करके रिपोर्ट तहसील भेज दी जाएगी। वहीं दूसरी घटना कल्यानपुर के दरोगा पुरवा में अचानक गेहूं के फसल में आग लग गई। जिससे करीब डेढ़ एकड़ से अधिक गेंहू की फसल जलकर राख हो गई।

गांव के प्रधान प्रतिनिधि डाक्टर शेरा भैया ने बताया कि कि गांव के ओम प्रकाश, संगम लाल यादव तथा गौतम के खेत में लगी आग से पूरी फसल जलकर राख हो गई। उन्होंने बताया कि सूचना पर थाने से पुलिस टीम मौके पर पहुंची लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। गांव वालों के अथक प्रयास से आग पर किसी तरह काबू पाया गया।

करनैलगंज में पोल पर बिजली के तारों का मकड़जाल। अमृत विचार

चौक घंटाघर के विद्युत पोल पर लगा तारों का मकड़जाल

करनैलगंज, अमृत विचार : नगर के अति संवेदनशील स्थान चौक घंटाघर के पास लगे विद्युत पोल पर जर्जर तारों का मकड़जाल कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। आए दिन धू धू कर तारों से निकलती चिनगारी लोगों के लिए समस्या बनी हुई है। पोल को अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट कराने की मांग वर्षों से की जा रही है। लेकिन इस ओर किसी भी जिम्मेदार की नजर नहीं पड़ रही है। नगर के सबसे भीड़भाड़ वाले स्थल आदि शक्ति माता भवानी मंदिर चौक घंटाघर के बगल स्थित विद्युत पोल पर लगे जर्जर तार आए दिन टूटकर गिर रहे हैं। विभागीय कर्मचारी उन्हीं पुराने तारों को जोड़कर आपूर्ति बहाल कर दे रहे हैं। खंभों पर लटक रहे तार गिरने के बाद लोग इसकी सूचना बिजली विभाग को दे देते हैं तो आपूर्ति ठप हो जाती है और लाइनमैन पुराने तार को जोड़कर आपूर्ति बहाल कर देते हैं। खंभों पर लटक रहे ढीले व जर्जर तार को देख लोगों को हमेशा दुर्घटना की चिंता सताती रहती है। आदि शक्ति माता भवानी मंदिर चौक घंटाघर के व्यवस्थापक सरदार जोगिंदर सिंह जानी बतातें हैं कि मंदिर के बगल स्थित इस पोल की वजह से मंदिर का सौंदर्यीकरण नहीं हो पा रहा है। यहां पर आए दिन तारों का गिरना, शार्ट सर्किट से आग लगना आदि आम बात हो गई है। मंदिर पर सुबह शाम आरती होती है। जिसमें तमाम श्रद्धालु शामिल होते हैं। जिन्हें दुर्घटना की आशंका सताती रहती है।

सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन जीतेगा: पीएल पुनिया

कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता मनोज यादव हुए शामिल

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: यूपी के सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। उक्त बातें जिला कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद पीएल पुनिया व सपा के प्रवक्ता मनोज यादव ने संयुक्त रूप से कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सपा के साथ मजबूत गठबंधन किया है। यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है। सभी लोगों को सोच समझकर मतदान करना होगा। भाजपा पार्टी न होकर मोदी की गारंटी बन गई है। जिसमें एक ही व्यक्ति को बढ़ाने का कवायद हो रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान को खत्म करने के लिए भाजपा 400 सीट जीतना चाहती है। जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। भाजपा आरक्षण पर भी प्रहार करना चाहती हैं। यह चुनाव दो विचारधारा की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि कुछ भाजपा नेता मुद्दों को भूलने के लिए बयान बाजी कर रहे हैं। देश का मुख्य मुद्दा रोजगार गरीबी तथा महंगाई है इस समस्या से पूरा देश जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि जब कोई 10 साल की बात करता है तो भाजपाई इधर-उधर की बात करने लगते हैं। लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए 400 सीट जीतने वाला ना होकर 400 हारने वाला चुनाव है। मूलभूत समस्या उठाई जाती है तो भाजपाई मुद्दे से हटकर नया जुमला लाते हैं । पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुशील पासी, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, शहर अध्यक्ष रफीक रेनी, जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे, कुतुबुद्दीन खान डायमंड, संतोष ओझा, सुभाष पांडे, वसीम सिद्दीकी, विनय प्रकाश त्रिपाठी, रमा कश्यप, अभिषेक तिवारी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

जिला कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता करते पीएल पुनिया। अमृत विचार

प्रधानाध्यापक को किया निलंबित

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: छपिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत बखरौली के कम्पोजिट विद्यालय बखरौली के प्रधानाध्यापक को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन करने के मामले में निलंबित कर दिया गया है। प्रधानाध्यापक पर एक राजनीतिक पार्टी के उम्मीदवार के प्रचार प्रसार में शामिल होने का आरोप है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने मामले की शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से की थी। शिकायत की जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद कार्रवाई की गयी है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा है कि चुनाव आयोग के निर्देशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

छपिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत बखरौली के कंपोजिट स्कूल में प्रधानाध्यापक पद पर तैनात अरुण कुमार वर्मा एक राजनीतिक दल के प्रत्याशी का प्रचार प्रसार कर रहे थे। अरुण वर्मा पर प्रत्याशी के राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। होने का आरोप भी लगा था। भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने इसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से की थी। प्रशासन की जांच में शिकायत सही पायी गयी। इसके बाद प्रधानाध्यापक अरुण कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव ने बताया कि प्रधानाध्यापक का कृत्य आदर्श निर्वाचन आचार संहिता का उल्लंघन तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों के विपरीत पाया गया। प्रधानाध्यापक अरुण वर्मा सरकारी सेवक कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन के भी दोषी पाए गए। अरुण कुमार वर्मा को निलंबित कर उच्च प्राथमिक विद्यालय घनश्यामपुर से सम्बद्ध कर दिया गया है। इस पूरे की विस्तृत जांच की जिम्मेदारी खण्ड शिक्षा अधिकारी गीतांजली तिवारी को सौंपी गई है।

निलंबित शिक्षक अरुण वर्मा।

धर्म की रक्षा को निकाली शोभायात्रा

करनैलगंज, अमृत विचार : बुधवार को नगर में श्रीराम नवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। धर्म रक्षा सेतु के बैनर तले भगवान श्रीराम के प्राकट्य दिवस के अवसर पर बुधवार को श्रीराम नवमी के अवसर पर सायं नगर के सीताराम मंदिर बालूगंज के पास से निकली शोभायात्रा में श्री राम दरबार के रथ के आगे डीजे की धुनों पर श्रद्धालु नृत्य करते दिखे। इसके साथ ही प्रसाद भी वितरित किया गया।

नगर के गुड़मंडी, गाड़ी बाजार, नगर पालिका रोड, सर्वामाई थान होते हुए शोभायात्रा घंटाघर चौराहे पर पहुंची जहां आदि शक्ति माता भवानी मंदिर पर आरती के पश्चात यात्रा कसगरान होते हुए बालक रामपुरवा स्थित श्रीचतुर्भुजी राम-जानकी मंदिर पहुंची। जहां उसका स्वागत किया गया। साथ ही संतोषी माता मंदिर पर स्वागत के पश्चात यात्रा जब सकरौरा मोहल्ले में पहुंची तो गायत्री मंदिर में आरती की गई। इसके पश्चात धनुष यज्ञ महोत्सव समिति के प्रांगण में सभी मूर्तियों की आरती के पश्चात उन्हें कलेवा कराया गया और दक्षिणा देकर आशीर्वाद की कामना की गई। सकरौरा से यात्रा अपने प्रारम्भ स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में रामजी लाल मोदनवाल, अशोक शुक्ला, कन्हैया लाल वर्मा, मोहित पाण्डेय, सुनील पुरी, मोहित राज, अनोखेलाल मोदनवाल, आयुष सोनी, विशाल कौशल, अनुज जायसवाल, दीपक सोनी, मोहित सेठ, अभिषेक पुरवार, पराग गुप्ता, अशोक सिंघानिया, राहुल सिंह, आशीष गिरि समेत नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे। वहीं यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कोतवाल निर्भय नारायण सिंह, नगर चौकी प्रभारी आशीष कुमार दलबल के साथ चल रहे थे।

करनैलगंज में शोभायात्रा निकालते लोग।

चोरी की योजना बनाते समय तीन लोग गिरफ्तार

मसकनवा, अमृत विचार : गश्त के दौरान छपिया पुलिस ने चोरी करने के मामले में तीन लोगों को चोरी के समान सहित गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि शिवपूजन यादव उर्फ घसियारे पुत्र कर्मराज यादव निवासी खुर्दाबाद मौजा जफरापुर थाना नवाबगंज, रामपाल उर्फ पाले पुत्र रामदुलारे और राम सजीवन पुत्र रामदुलारे निवासी ग्राम टपरा मौजा इस्माइलपुर थाना नवाबगंज जनपद गोंडा को ग्राम कुकुरभुकवा मोड़ से आगे बिरहीपुर बगिया से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से तीन प्लास्टिक के टॉर्च, एक लोहे का प्लास, पेचकस, रॉड, आरी, ब्लेड, चाभी का गुच्छा, बीस सोलर पैनल व 1780 रुपए नगद बरामद किया गया। तीनों के विरुद्ध विभिन्न मामलों में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय रवाना कर दिया गया। टीम में उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अवनीश शुक्ला, आशुतोष यादव, अभिषेक कुमार सिंह, मृदुल रहे।

महिला ने संदिग्ध हालात में लगाई फांसी

संवाददाता, मसकनवा

अमृत विचार: छपिया थाना क्षेत्र के तेंदुआ रानीपुर गांव में एक 26 वर्षीय विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि पीआरवी की सूचना पर मौके पर पहुंचने पर मृतका की पहचान उपासना पांडेय पत्नी धर्म कुमार पांडेय के रूप में हुई।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका के गले में फांसी लगाने का काला निशान पाया गया। ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है की मंगलवार की रात घर के लोग खाना खाने के बाद सोने चले गए। सुबह उठने पर पता चला कि मृतका ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। ससुराल वालों ने शव को नीचे उतारकर बरामदे में लिटा दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना मिलने पर मृतका के मायके वाले भी मौके पर पहुंचे। मृतका के पिता राघवेंद्र दास निवासी वासुदेव घाट अयोध्या ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने तथा फांसी लगाकर मार डालने की तहरीर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर मृतका के जेठ राजकुमार पाण्डेय, इंद्रदेव, देवर बृजेश व जेठ की लड़की दुलारी व लड़का विजय कुमार व दो देवरानी नाम अज्ञात सहित आठ लोगों के विरुद्ध 498A, 304B धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतका उपासना पांडेय की शादी मृतका की शादी मई 2018 में हुई थी। उसके पांच वर्ष का बेटा शौर्य व तीन साल की लड़की करुणा है। मृतका का पति धर्म कुमार पांडेय लुधियाना में नौकरी करता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना का निरीक्षण सीओ मनकापुर आरके सिंह व नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने किया। घटना स्थल पर फील्ड यूनिट की टीम भी मौके पर पहुंची।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

परसपुर, अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गयी। मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी है। थाना उमरी बेगमगंज के ग्राम जस करन पुरवा सैलोनी डीहा निवासी रेनू पत्नी राजितराम पासवान ग्राम जसकरन पुरवा सैलोनी डीहा ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उसकी पुत्री पूजा (22) की शादी 28 अप्रैल 2021 को सोनू पासवान पुत्र स्वामीनाथ पासवान ग्राम पुरैना थाना परसपुर जनपद गोण्डा के साथ की थी। सोनू पासवान उनकी पुत्री को दहेज के लिये बार- बार प्रताड़ित करते थे। जिसकी शिकायत उसकी पुत्री ने कई बार की, लेकिन समझा बुझाकर अपनी पुत्री को उसके ससुराल भेज दिया था। मंगलवार की शाम पुत्री के ससुराल के गांव से फोन आया कि उसकी मृत्यु हो गयी है। जब पुत्री के ससुराल पुरैना पहुंची तो देखा कि उसका शव घर के बाहर पड़ा है। दहेज के लिये उसके पति ने उसे मार डाला है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

लापरवाही | विकासखंड कटरा के राजगढ़ समिति पर संचालित केंद्र का मामला

गेंहू क्रय केंद्र में संचालित हो रही टेंट की दुकान

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: विकासखंड कटरा अंतर्गत राजगढ़ गांव की समिति पर संचालित हो रहे गेहूं खरीद केंद्र की कहानी कुछ अलग है। अभी इस केंद्र पर एक भी किसान ने अपने उपज को नहीं बेचा है। मजेदार बात यह है कि गेहूं क्रय केंद्र पर टेंट हाउस खुला है। सरकारी केंद्र पर गेहूं खरीद से जुड़ा बैनर भी नहीं दिख रहा है। टेंट हाउस का सामान समिति पर रखा है।

केंद्र प्रभारी का दावा है कि एक कमरे में गेहूं केंद्र का संचालन हो रहा है । हालांकि केंद्र प्रभारी का जो दावा है वह हवा-हवाई साबित हो रहा है। मंडी में कटरा क्षेत्र से भी गेहूं आ रहा है जिसको व्यापारी खरीद रहे हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो यहां गेहूं खरीद का सेंटर तो बना हुआ है लेकिन समिति पर टेंट हाउस का सामान रखा दिखाई पड़ रहा है। जिले में एक मार्च से गेहूं खरीद के सेंटर खुल गए थे। माना जा रहा था कि अप्रैल में गेहूं की आवक बढ़ेगी। पीसयू द्वारा संचालित राजगढ़ का एक केंद्र चर्चा का विषय बना हुआ है लोग कह रहे हैं कि सरकार चाहती है कि गेहूं खरीद हो लेकिन केंद्र प्रभारी का रैवया किसानों के हित में भी ठीक नहीं है। केंद्र प्रभारी रमेश श्रीवास्तव से जब दूरभाष पर वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अभी गेहूं तैयार नहीं है। केंद्र खुला हुआ है। केंद्र का संचालन समिति के कमरे में हो रहा है। जबकि बगल टेंट हाउस का सामान रखा हुआ। मूल्य समर्थन योजना के तहत सरकार की ओर से किसानों से 2275 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदना है। फिलहाल शासन, प्रशासन भले ही गेहूं खरीद को लेकर सजग हो लेकिन सभी केंद्र प्रभारी रुचि नहीं ले रहे हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी से दूरभाष पर संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन वार्ता नहीं हो पाई।

सरकारी गेहूं क्रय केंद्र पर रखा टेंट का सामान। अमृत विचार

चोरी करने के आरोप में दो महिलाओं को किया गिरफ्तार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नगर कोतवाली पुलिस को अरूण वर्मा पुत्र खुदी वर्मा निवासी मोहम्मद नगर चाइनाडीह थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर ने तहरीर दी कि वह अपनी पत्नी के साथ रेलवे स्टेशन गोण्डा से बस स्टाप गोण्डा जाने के लिए ई-रिक्शा में बैठ कर जा रहा था। रास्ते में ई-रिक्शा में बैठी 2 महिलाओं ने मेरी पत्नी के पर्स से 1 जोड़ी पायल, कान के टप्स व 7000 रुपया चुरा लिया है। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। नगर पुलिस दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के गहने व 7000 रुपये बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों मे गुंजन देवी पत्नी गोविन्द कुमार निवासी कोटिया सिकरीगंज गोरखपुर, गुड्डी पत्नी जुगानी निवासी अराव जगदीश ऊरूवा बाजार गोरखपुर है।

इलाज के लिए भटक रहे पशुपालक

पशु चिकित्सक की खाली पड़ी कुर्सी।

बेलसर, अमृत विचार: डॉक्टर की कमी से जूझ रहे पशुपालन विभाग के लिए चुनाव कोढ़ में खाज बन गया है। मामला विखं बेलसर का है। यहां नगर पंचायत समेत 48 ग्राम पंचायतों के पशुओं की देखभाल के लिए दो डॉक्टरों की तैनाती है। इनमें से डॉक्टर सुमित वर्मा की ड्यूटी पहले बोर्ड परीक्षा में लगाई गई थी। वहां से रिलीव होने के तीन दिन बाद लोकसभा चुनाव में तरबगंज में ड्यूटी लगा दी गई है। जबकि उमरी पशु सेवा केंद्र पर तैनात डॉक्टर विजय पांडेय की चुनाव ड्यूटी गौरा विधानसभा में एसटी में लगाई गई है। विजय कुमार पांडेय ने बताया कि इस समय उनके पास बेलसर मुख्य केंद्र, उमरी, दुर्जनपुर, भेड़ एवं ऊन प्रसार केंद्र सहित चौदह गो आश्रय केंद्र की जिम्मेदारी है। डॉक्टर सुमित वर्मा को बेलसर का अतिरिक्त प्रभार मिलने के बाद करीब एक साल से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लल्लू पशुओं का इलाज कर रहा है। यही हाल बेलसर का है यहां डॉक्टर पर भी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हनुमान के भरोसे चलता है। डॉक्टर की कमी के चलते टीकाकरण, बधियाकरण, टैगिंग सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

भेड़ न डॉक्टर, फिर भी चल रहा ऊन प्रसार केंद्र

बेलसर मुख्यालय पर पशु चिकित्सालय के पास ही भेड़ एवं ऊन प्रसार केंद्र संचालित हो रहा है। इसका प्रभार भी एक साल से उमरी बेगमगंज के पशु सेवा केंद्र पर तैनात विजय कुमार पांडेय के पास है। लेकिन उक्त केंद्र पर जो भेड़ विभाग द्वारा दी गई थी वे करीब एक दशक पूर्व से केंद्र पर नहीं हैं। केंद्र की हालत ऐसी है की उसमें कोई बैठ नहीं सकता। भेड़ रखने वालों ने बताया कि दस साल से भेड़ के ऊन की बिक्री नहीं हुई। भेड़ के बालों को काट कर रखे हुए हैं लेकिन अब उसके खरीदार नहीं हैं। ऐसे में उक्त केंद्र के संचालन का क्या औचित्य बनता है।

एक नजर

सिद्धार्थ विवि सम सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

बलरामपुर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर से सम्बद्ध एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर में सम सेमेस्टर की परीक्षायें 18 अप्रैल से प्रारंभ होगी। परीक्षा में लगभग सात हजार से ज्यादा परीक्षार्थियों के सम्मिलित होने की संभावना है। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 18 अप्रैल से प्रारंभ हो रही हैं और यह तीन पालियों में परीक्षा होगी। प्रथम पाली प्रात: 07 से 09, द्वितीय 11 से 01 बजे तथा तृतीय 03 से 05 बजे सम्पन्न होगी। परीक्षा के सकुशल व शुचितापूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा पहले से ही सीसीटीवी कैमरों व वॉइस रिकॉर्डिंग के निगरानी में कराई जा रही है।

होमगार्ड की हत्या के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

श्रावस्ती। इकौना थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात में एक होमगार्ड की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्यारोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। इकौना के कंजडवा रघुवीर मार्ग पर नहर पुलिया के पास बुद्धिसागर शुक्ला पुत्र सदानन्द शुक्ला (होमगार्ड) का शव मंगलवार की सुबह मिली थी। इसपर मृतक के पुत्र राजेश कुमार शुक्ला निवासी ग्राम रामपुर बनकट थाना इकौना ने तहरीर देकर मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने छानबीन के आधार पर रजत शुक्ला पुत्र राकेश कुमार शुक्ला उर्फ बग्गू निवासी गोविन्दपुर जयचन्दपुर कटघरा थाना इकौना को मदारा मुख्य मार्ग से बुधवार को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर एक अदद आला कत्ल ईट का टुकड़ा खून लगा हुआ व रजत शुक्ला के कपड़े बरामद किए।

हर्षोल्लास के साथ निकली राम जन्मोत्सव शोभायात्रा

बलरामपुर। बुधवार को नगर मे विश्व हिंदू परिषद की तरफ से श्रीराम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में झारखंडी मंदिर से श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा झारखंडी मंदिर से निकलकर वीर विनय चौराहा, चौक, गर्ल्स कॉलेज चौराहा, देवी दयाल तिराहा, बड़ा पुल चौराहा, मेजर चौराहा होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर रामलीला मैदान में पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह नगरपालिका अध्यक्ष डा. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु, डा. राकेश चन्द्र श्रीवास्तव व संजय कुमार शर्मा सहितभारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मां पाटेश्वरी विवि निर्माण की दूसरी बाधा भी समाप्त

▸▸ **डीएम के तर्कपूर्ण जवाब पर हाईकोर्ट ने खारिज की पीआईएल**

बलरामपुर, अमृत विचार। शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी देवी के नाम से बनने वाले राज्य विश्वविद्यालय की विधिक बाधाएं समाप्त हो गई हैं। जिला प्रशासन की मेहनत रंग लाई और विश्वविद्यालय के जनपद बलरामपुर में ही बनने का रास्ता साफ हो गया है। विश्वविद्यालय का निर्माण बलरामपुर के बजाय मंडल मुख्यालय के जनपद में हो इसको लेकर योजित की गई दूसरी याचिका उच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गई है। अब विश्वविद्यालय बलरामपुर में ही बनेगा इसका रास्ता एकदम साफ हो गया है। विदित हो कि विश्वविद्यालय बलरामपुर के बजाय मंडल मुख्यालय के जनपद में बने इसको लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका पहले ही खारिज चुकी थी।

उच्च न्यायालय में जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द सिंह द्वारा कानूनी बिंदुओं और भौतिक तथ्यों के आधार पर मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय बलरामपुर का बचाव करते हुए एक बहुत ही तीखा तर्क दायर किया गया। जिसमें कहा गया है कि संविधान के तीन अंग यथा-कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका अच्छी तरह से स्थापित संवैधानिक सिद्धांत, जनादेश और तीन विंगों की सीमाओं को परिभाषित करते हैं। एक क़ानून जब तक कि वह संविधान के किसी भी प्रावधान के दायरे से बाहर न हो, रिट कोर्ट की समीक्षा का विषय नहीं हो सकता।

दिसंबर 2023 में इसे प्रभावी बनाने के लिए यूपी विधानसभा द्वारा एक कानून पारित/संशोधित किया गया था। इसी प्रकार कार्यकारी सार्वजनिक नीति न्यायपालिका का क्षेत्र नहीं है जब तक कि नीति संविधान के किसी प्रावधान के दायरे से बाहर न हो या इसमें किसी गलत इरादे की बू न आती हो। यहां ऐसा कुछ नहीं हुआ। जिला प्रशासन द्वारा अपना पक्ष रखते हुए कहा गया कि भारत संघ की सार्वजनिक नीति के अनुसार, बलरामपुर एक आकांक्षी जिला है और रजिस्ट्रार की नियुक्ति के बाद विश्वविद्यालय अब एक पूर्ण उपलब्धि बन गया है।

मण्डल मुख्यालय के जनपद में एक विश्वविद्यालय और बलरामपुर में एक विश्वविद्यालय जीरो सम गेम नहीं है। उच्च शिक्षा का अधिकार संविधान या सुप्रीम कोर्ट के किसी भी केस कानून के अनुसार मौलिक अधिकार नहीं है। इसलिए यह रिट सुनवाई योग्य नहीं है क्योंकि यह याचिकाकर्ता के किसी भी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं करता है। याचिकाकर्ता का इस मामले में कोई अधिकार नहीं है तथा यह एक जनहित याचिका नहीं बल्कि एक निजी हित याचिका है।

जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला प्रशासन द्वारा कहा गया कि जनपद में मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय, बलरामपुर के निर्माण स्थल से जनपद गोण्डा की सीमा की दूरी लगभग 5 किमी एवं जनपद श्रावस्ती की सीमा की दूरी लगभग 14 किमी है, क्रमशः लगभग 5 मिनट में गोण्डा बार्डर एवं 15 मिनट में श्रावस्ती बार्डर स्थित है। इस प्रकार देवी पाटन मण्डल में स्थापित किया जा रहा राज्य विश्वविद्यालय, मण्डल के अन्य तीनों जनपदों के मध्य में होने के साथ-साथ उनसे निकटतम जुड़ा हुआ है। इसलिए विपक्षियों द्वारा सस्ती लोकप्रियता के लिए याचिका दायर की गई है। इसी आधार पर एक अधिवक्ता द्वारा विश्वविद्यालय जनपद बलरामपुर के बजाय मंडल मुख्यालय के जनपद में बने, इसको लेकर सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में दाखिल दोनों याचिकाएं खारिज हो गईं हैं।

भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी...

चहुंओर दिखा रामनवमी का उल्लास

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। वासंतिक नवरात्र के नौवें दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों तथा घरों में राम जन्मोत्सव की धूम रही। इसके साथ-साथ लोगों ने जगत जननी मां जगदंबा की नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना जी की। मंगल गीतों से देवी मंदिर वक्षघर गुलजार रहे।

भोर पहर से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। 9 दिन तक पूजा अर्चना के बाद बुधवार को लोगों ने जगह-जगह हवन पूजन किया। देवीपाटन शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा रहा। मां पाटेश्वरी के साथ साथ लोगों ने पीर रतन नाथ का भी दर्शन पूजन किया। पूजन के उपरांत लोगों ने हवन कर नवरात्र व्रत का समापन किया। मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी कतार लगी रही। नवरात्र के आखिरी दिन लोगों ने अपने घरों में हवन पूजन कराकर कन्याओं को भोजन कराया। इस दौरान नगर के मंदिरों में भी खूब भीड़ देखी गई।

नगर के विभिन्न मंदिरों में की गई पूजा-अर्चना

इसी तरह बिजलेश्वरी देवी मंदिर बिजलीपुर, झारखंडी मंदिर, ज्वाला देवी मंदिर उतरौला, दुर्गा माता मंदिर पेहर बाजार, रहिया माता मंदिर जरवा और नवो देवी दुर्गा मंदिर सीरिया तट पर लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना किया। देवी मंदिरों तथा घरों में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। भाई प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी... जैसे मंगल गीतों से मंदिर व घर गुंजायमान रहे।

बलरामपुर के देवीपाटन मंदिर में हवन-पूजन करते लोग। अमृत विचार

देवीपाटन शक्तिपीठ में दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु।

बिजलीपुर मंदिर में हवन-पूजन करते दर्शनार्थी। अमृत विचार

शादी समारोह में शामिल होने जा रहे कार सवारों को ट्रक ने मारी ठोकर

▸▸ **चार लोग घायल, दो की हालत गंभीर, लखनऊ रेफर**

बलरामपुर, अमृत विचार। ट्रक की चपेट में आने से कार सवार दो लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया है। घायल हुए लोग लखनऊ से बलरामपुर होकर सिद्धार्थनगर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

मंगलवार की भोर पहर लखनऊ से बलरामपुर होकर सिद्धार्थ नगर जा रहे कार सवार को ट्रक ने गोंडा रोड स्थित फुलवरिया बाईपास पर जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी का एक हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गाड़ी में सवार 44 वर्षीय राजकुमार चौबे निवासी बर्डपुर नंबर 6 टोला बसहिया थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर, 16 वर्षीय सुमित तिवारी पुत्र संतोष तिवारी निवासी अलीगंज लखनऊ, सुषमा पत्नी राजकुमार चौबे व हरिश्चंद्र यादव 15 पुत्र दिलीप यादव निवासी सिद्धार्थनगर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान राजकुमार चौबे और सुमित तिवारी की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया है। सुषमा और हरिश्चंद्र को मामूली चोट आने पर उनका उपचार करके घर भेज दिया गया है। घायल राजकुमार चौबे के भाई राजेश कुमार चौबे ने देहात कोतवाली में घटना की सूचना दी है। कोतवाल देहात ने बताया कि एक ट्रक जो बस्ती से बलरामपुर होकर बहराइच की तरफ जा रहा था। सूचना के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

ट्रक की ठोकर से क्षतिग्रस्त हुई कार। अमृत विचार

आमने-सामने भिड़े बाइक सवार, दो घायल

बलरामपुर। तुलसीपुर-बढ़नी मुख्य सड़क मार्ग पर तुलसीपुर थाना क्षेत्र के चैपुरवा के निकट आमने-सामने दो मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए है। दुर्घटना में तुलसीपुर से गैसड़ी की तरफ जा रहे बाइक चालक शिवकुमार निवासी पठखौली थाना जरवा, दूसरी तरफ से बढ़नी की तरफ से आ रहे हैं जनपद गोंडा के इटियाथोक निवासी आलोक शुक्ला (19) घायल हो गए है। इलाज तुलसीपुर सीएचसी में चल रहा है।

कन्या पूजन कर लोगों ने मां से लिया आशीर्वाद

श्रावस्ती। जिला मुख्यालय भिनगा सहित जिले के अन्य स्थानों पर रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। एक और जहां नवरात्रि व्रत रखने वाले लोगों ने हवन पूजन कर मां जगदंबे से मनोकामना पूर्ण करने का आशीर्वाद मांगा और कन्या पूजन नवरात्रि व्रत का समापन किया। नवरात्र के नवें दिन सुबह से ही भिनगा नगर की अति प्राचीन काली मंदिर पर भक्तों का ताता लगा रहा कहीं हवन हो रहा है तो कहीं कन्या पूजन की जा रही है यह नजारा देखकर लोगों ने खूब आनंद उठाया जगदंबे की जयकारा लगे। नगर के अति प्राचीन मंदिर ठाकुरद्वारा तथा रामयस धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया राम यश धाम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व संघ चालक बाबूराम जी तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजय आर्य ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का पूजन अर्चन किया और आरती की। इस मौके पर आवजीत प्रताप सिंह वीरेंद्र कुमार बबलू पटवा विजय कुमार लकी अन्य काफी संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे। वही अति प्राचीन ठाकुर द्वारा मंदिर में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ विश्वनाथ मिश्र विश्व हिंदू महासंघ के निवर्तमान जिला अध्यक्ष अशीष आर्य ने भगवान श्री राम की पूजा अर्चना की। इस दौरान नगर के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

आग से जले तीन फूस के मकान, दो मवेशी की मौत

बलरामपुर, अमृत विचार। ललिया थाना क्षेत्र के मदरहवा गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में तीन फूस के मकान जलकर राख हो गए हैं। वहीं पशु शाला में बंधे दो मवेशी की झुलस कर दर्दनाक मौत हो गई। मंगलवार के दोपहर में अज्ञात कारणों से लगी आग से तीन घर जल कर राख हो गए है। ग्रामीणों के मदद से आग पर काबू पाया गया।

ग्राम पंचायत धामाचौरी के मजरे मदरहवा गांव अज्ञात कारणों से उठी चिंगारी में कृष्ण कुमार यादव, रामनिवास यादव, फूलचंद वर्मा के फूस मकान जलकर राख हो गया। घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। अग्निकांड की घटना में फूलचंद वर्मा की एक दुधारू गाय और बछिया झुलसकर मर गयी है। प्रधान प्रतिनिधि पटवारी यादव ने बताया कि अग्निकांड के घटना की सूचना हल्का लेखपाल को दी गयी है।

जरवा कोतवाली क्षेत्र में सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग रेंज तुलसीपुर के कक्ष संख्या दो के जंगलों में कल से ही आग लगी हुई थी। कई पेड़ पौधे भी झुलस गए। आग धीरे धीरे टिकुइया और नेवलगढ़ गांव के निकट किसानों के खेत तक पहुंच गई। किसान विजय कुमार, मालिक राम, केशव राम, सहज राम ने बताया कि आग कल से ही लगी हुई थी जो धीरे-धीरे जलते हुए मेरे खेत टिकुईया और नेवलगढ़ पर पहुंच गई। जिसमें जंगल के किनारे-किनारे 4 किसानों के खेत का थोड़ा हिस्सा जलना शुरू ही हुआ था कि बजरंगी थारू ने वन विभाग और दमकल की टीम को सूचना दिया।

जंगल मे लगी आग से किसी का कोई नुकसान नहीं हुआ है समय रहते आग पर काबू पा लिया गया है। दमकल टीम प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि अग्निशमन विभाग द्वारा 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह चलाया जा रहा है। इसमें लोगों को आग से बचाव तथा सावधानियां बरतने की अपील की जा रही है।

सार-संक्षेप

मानव एवं विश्व कल्याण के लिए डाली गईं आहुतियां

विश्व कल्याण के लिए हवन में आहुतियां डालते गायत्री परिवार के लोग।

बलरामपुर। गायत्री परिवार शाखा तुलसीपुर द्वारा नौ दिवसीय गायत्री जप तप अनुष्ठान की पूर्णाहुति नवमी के दिन गायत्री मंदिर के पवित्र यज्ञशाला में सैकड़ो साधकों द्वारा मानव कल्याण एवं विश्व कल्याण के लिए आहुतियां डालकर किया गया। कार्यक्रम का आरंभ युग संगीत "होता है सारे विश्व का कल्याण यज्ञ से, जल्दी प्रसन्न होते हैं भगवान यज्ञ से" शुरू हुआ। देव आवाहन के बाद यज्ञ की श्रृंखला कई पालियों में चली जिस में राष्ट्र उत्थान, पर्यावरण संरक्षण व मानव कल्याण के लिए विशेष आहुतियां डाली गई। यज्ञ में नामकरण व दीक्षा के कई संस्कार संपन्न हुए। कार्यक्रम में गैसड़ी के पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने भी यज्ञ में अपनी आहुतियां समर्पित की व श्री राम जन्म के साक्षी बने। कार्यक्रम में युग साहित्य को आधे मूल्य पर वितरित किया गया। अंत में साधकों ने कन्या भोज करा कर मंदिर द्वारा बनवाए गए अमृतासन प्रसाद ग्रहण किया। उक्त आयोजन में मुख्य रूप से राजीव गोयल, गुलाबचंद भारती, सत्य प्रकाश शुक्ला आदि का विषय सहयोग रहा।

अग्निकांड पीड़ित परिवार से मिलकर बंधाया ढांढस

अग्निकांड पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना देते भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्र व तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ला। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। हर्रैया थाना क्षेत्र के बलोहवा गांव में हुए अग्निकांड में मंगलवार को एक बच्ची की मौत हो गई थी। लोकसभा श्रावस्ती के भाजपा प्रत्याशी व एमएलसी साकेत मिश्र व तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने मंगलवार देर शाम गांव पहुंच पीड़ित परिजनों से मुलाक़ात की। मृतका के पिता कंधई कुरील को ढाढ़स बन्धाते हुए साकेत मिश्र ने कहा कि यह अपूर्णनीयय क्षति है। जिसकी भरपाई संभव नहीं है। वह प्रशासन से हर संभव मदद दिलाने का प्रयास करेंगे। तुलसीपुर विधायक कैलास नाथ शुक्ल ने कहा कि क्षति का आँकलन कराया गया है। वह प्रयास करेंगे कि अहेतुक सहायता शीघ्र मिल सके। इस अवसर पर प्रधान बलोहवा घनश्याम मौर्य सहित कई लोग मौजूद थे।

सपा, बसपा समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी में सपा, बसपा सहित अन्य पार्टियों के सैकड़ों लोगों ने मंगलवार को अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, लोकसभा श्रावस्ती से भाजपा प्रत्याशी/एमएलसी साकेत मिश्र, भाजपा तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि तुलसीपुर विधान सभा के शिवपुरा मंडल में कार्यकर्त्ता बैठक आयोजित किया गया। जिसमे ग्राम पंचायत भक्ता के प्रधान विजय वर्मा अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इसी के साथ में शिव प्रसाद गौतम, रामानंद गौतम, महेश गौतम, सीताराम पासवान, राहुल वर्मा सहित तमाम लोगो ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विचारधारा से लोग बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

हत्या के दो आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

श्रावस्ती। मंगलवार को एक महिला का शव ग्राम सहियापुर के खेत मे हत्या कर फेका गया था। प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर देखा कि महिला की गला दबाकर हत्या की गयी थी। आस पास के लोगो के सहयोग से महिला की शिनाख्त करायी गयी। मृतका का नाम रूशा देवी पत्नी छोटकऊ उर्फ राजेश कुमार वर्मा नि0 बहादुर पुर थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती था। परिजनों को बुलाकर शिनाख्त करायी गयी तत्पश्चात मृतका के भाई की लिखित सूचना पर छोटकऊ उर्फ राजेश कुमार वर्मा पुत्र प्रहलाद वर्मा व छोटकऊ यादव के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भिनगा ने पुलिस टीम के साथ बुधवार को 24 घण्टे के अन्दर मुखबिर की सूचना पर हत्यारोपी छोटकऊ उर्फ राजेश कुमार वर्मा पुत्र प्रहलाद वर्मा, छोटकऊ यादव उर्फ रामकुमार यादव पुत्र रामसमोखन यादव निवासीगण बहादुरपुर थाना को. भिनगा को लालपुर अयोध्या मोड़ से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतका का पति जमीन बेचना चाह रहा था, पत्नी द्वारा जमीन बेचने का विरोध किया जा रहा था। जिससे उसकी हत्या कर दी।

आग से करीब 50 बीघा गेहूं जला

श्रावस्ती। भिनगा कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को केवलपुर गांव के किसानों के खेत में आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी आग ने देखते ही देखते कई किसानों के खेत को अपने आगोश में ले लिया। जबतक किसान कुछ कर पाते तबतक करीब 50 बीघे गेहूं की फसल जल गई। अग्निकांड में किसान बदलू राम यादव, अजय यादव, छबील, पंकज सिंह सहित अन्य किसानो की फसल जल गई है। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया।

धर्म-कर्म | डीजे की धुनों पर झूमे श्रद्धालु, साईंनाथ के जयकारों से गूंजायमान रहा नगर

धूमधाम से निकाली गई साईं नाथ पालकी शोभायात्रा

बलरामपुर में निकाली गई साईं नाथ पालकी शोभा यात्रा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। पंचमुखी शिव साईं मंदिर से बुधवार को साईंनाथ की पालकी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। पालकी के साथ कई देवी-देवताओं की भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु डीजे की धुनों पर झूमते नजर आए। साईंनाथ के जयकारों से पूरा नगर गूंजायमान रहा।

सदर विधायक पल्टूराम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, डॉ. अजय सिंह पिंकू, बृजेंद्र तिवारी, संजय शर्मा, रमेश पाहवा, रवींद्र गुप्ता, आद्या सिंह पिंकी, वरूण सिंह मोनू आदि ने साईंनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम-लक्ष्मण, हनुमान जी, गणेश जी व भारत माता आदि की झांकी शामिल रही। शोभायात्रा पंचमुखी शिव साईंनाथ मंदिर से निकलकर पुरानी चौक, बड़ा पुल चौराहा, सिटी पैलेस, मेजर चौराहा, आंबेडकर तिराहा व वीर विनय चौराहा होते हुए पुनः साईं मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में महिलाओं सहित भारी संख्या में पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर राकेश शर्मा, महेश शुक्ला, बंटी शुक्ला, राजेंद्र साहू आदि मौजूद रहे।

कन्या पूजन कर कराया भोज

बलरामपुर। देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर में महंत मिथिलेश नाथ योगी ने वासंतिक नवरात्रि के नवमी तिथि को मंदिर परिसर में विधि विधान से देवी मां का स्वरूप मानी जानी वाली कन्याओं का पूजन किया गया। पूजन के उपरांत उन्हें स्वादिष्ट व्यंजन खिलाए गए। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, तुलसीपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विक्की सिंह, गौरव मिश्रा व अरुण गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे। अमृत विचार

बदलते मौसम के साथ बढ़ने लगे डायरिया के मरीज

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : डायरिया यानी दस्त रोग पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है। ऐसे तो यह किसी भी मौसम में हो सकता है लेकिन गर्मी और बरसात में इसकी संख्या बढ़ जाती है। जिला अस्पताल के चिल्ड्रेन वार्ड में भर्ती नए 31 बच्चों में 25 बच्चे डायरिया से पीड़ित हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ एसके त्रिपाठी के अनुसार डायरिया दूषित भोजन व पानी के सेवन से होने वाला आंत में संक्रमण का एक लक्षण है, जो विभिन्न प्रकार के जीवाणु, वायरल और परजीवी जीवों के कारण होता है। समय रहते इसकी रोकथाम न की जाय तो यह जानलेवा हो सकता है ।

मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ त्रिपाठी ने बताया ज्यादातर मामलों में दस्त रोग दूषित पेयजल के उपयोग से होता है। ऐसे नल , हैंडपंप, तालाब या अन्य पानी के स्रोत जो खुले में शौच या दूसरी गंदगी की वजह से प्रदूषित हो गए हों उनका उपयोग हाथ धोने, नहाने, पीने या खाना बनाने से दस्त होने की पूरी संभावना रहती है। इसके अलावा आस-पास गंदा वातावरण या खुले में शौच पर बैठी मक्खियों के माध्यम से दूषित भोजन व पानी के उपयोग व शौच के बाद बच्चे का मल साफ करने के बाद हाथों को अच्छी तरह साबुन पानी से न धोने पर भी दस्त रोग हो सकता है। प्रभारी सीएमओ डॉ राजेश कुमार ने बताया डायरिया पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है। बीमारी की शुरुआत में छह माह से अधिक उम्र के बच्चों को जिंक व ओआरएस घोल के साथ घर पर मौजूद तरल पदार्थ जैसे छाछ , नीबू पानी , दाल या सब्जी का सूप, ताजे फलों का रस , सादा स्वच्छ पानी पिलाना चाहिए। इस दौरान बच्चे को स्तनपान ज्यादा बार कराना चाहिए।

मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में भर्ती बच्चे । अमृत विचार

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ एसके त्रिपाठी।

दस्त रोग से जुड़ी भ्रांतियाँ

- बच्चे को नज़र लगना
- बच्चे की नाल खिसक जाना
- बच्चे के दाँत निकलते समय
- गर्मी से आकार बच्चे को स्तनपान कराने से
- माता द्वारा बदपरहेजी करने से

छोटे बच्चों का रखे विशेष ख्याल

- छह माह तक की आयु के बच्चों को सिर्फ माँ का दूध दें, हे ऊपर से पानी भी नहीं
- बोतल निपुल से ऊपरी दूध न पिलाएँ
- छह माह से अधिक आयु के बच्चों को कटोरी चम्मच से ऊपरी आहार दें

ओआरएस घोल से करें उपचार

- बीमारी की शुरुआत में छह माह से छोटे शिशु को ओआरएस घोल के साथ सिर्फ स्तनपान कराते रहें
- छह माह से अधिक उम्र के बच्चे को ओआरएस घोल के साथ 14 दिन तक ज़िंक की गोली दें
- ज़िंक और ओआरएस नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, आशा या एएनएम के पास उपलब्ध है

इन लक्षणों में तुरंत अस्पताल ले जाएँ

- एक घंटे में दो या तीन बार दस्त होना
- बच्चा सुस्त या बेहोश हो
- बुखार हो
- बच्चा कुछ भी पीने या स्तनपान करने में असमर्थ हो
- मल में खून आता हो
- बहुत अधिक प्यास लगना

बुद्धि और ज्ञान का हरण करता है अहंकार

बौंडी,बहराइच, अमृत विचार: व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। फखरपुर ब्लॉक के सिपहिया हुलास में स्थित मां गावट माता मंदिर पर चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के पंचम दिवस पर आचार्य पंडित बृजेश शास्त्री महराज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। कथा व्यास ने बताया कि भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्ति में खूब थिरके एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दी गई। कथा के दौरान कमेटी अध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ला, उपाध्यक्ष अरूण कुमार शुक्ल, संचालन मंत्री पवन कुमार शुक्ल,संगठन मंत्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल,मंत्री देव चन्द्र शुक्ल, महामंत्री आदित्य प्रसाद शुक्ल, उपमंत्री राम दुलारे यादव, पूजन कर महाराज का आशीर्वाद लिया।

श्रीकृष्ण कथा सुनाते कथावाचक।

एक नजर

आज आयेंगे व्यय प्रेक्षक

बहराइच : लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अजा) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक 2014 बैच के आईआरएस आफिसर टी सेंथिल मुरूगन 18 अप्रैल को जनपद बहराइच आ रहे हैं। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा/वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने दी है।

थ्रेसर में हाथ जाने से किसान घायल

बहराइच : श्रावस्ती जिले के सिरसिया थाने के मिढ़किया गांव निवासी 35 वर्षीय राधेश्याम पुत्र नन्हे गेहूं की थ्रेसर से दंवाई करा रहा था। इसी दौरान उसका दांया हाथ थ्रेसर के अंदर चले जाने से कटकर घायल हो गया। दर्द से छटपटा रहे युवक गंभीरावस्था में शहर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

बालक करंट लगने से मेडिकल कॉलेज में भर्ती

बहराइच : दरगाह थाने के दयालपुरवा मे मंगलवार शाम छत पर 9 वर्षीय बैजनाथ पुत्र मेवालाल खेल रहा था। बिजली तार से हाथ छू जाने से उसे करंट लगने से हालत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

ट्रैक्टर -ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार घायल

महसी, बहराइच : बौंड़ी थाने के खैरा बाजार के पास मंगलवार देर रात लगभग 12 बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। दुर्घटना होते ही चालक वाहन सहित फरार हो लिया। घायल की पहचान देहात कोतवाली के बेड़नापुर के मजरे कटहा निवासी 38 वर्षीय लड्डन खां पुत्र छब्बन खां के रूप में हुई। ग्रामीणों ने घायल को एंबुलेंस मंगाकर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। उसके परिजनों को दुर्घटना की जानकारी दी।

नामांकन आज से, सुरक्षा के कड़े प्रबंध

सीसीटीवी से रहेगी नजर, प्रत्याशी के साथ जा सकेंगे पांच समर्थक

बहराइच

अमृत विचार : जिले में स्थित बहराइच सीट के लिए गुरुवार से नामांकन शुरू हो जाएगा। नामांकन को लेकर पूरे कलेक्ट्रेट परिसर को बैरिकेटिंग और सीसीटीवी से लैस कर दिया गया है। नामांकन को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी ने जायज़ा लिया। प्रत्याशियों के आने जाने के लिए कलेक्ट्रेट के गलियारों में रेड कार्पेट बिछाई गई है।

जिले में चौथे चरण में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। इसके लिए गुरुवार से नामांकन शुरू हो जाएगा। लोकतन्त्र के महापर्व के नामांकन प्रक्रिया को सकुशल कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मोनिका ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के साथ नामांकन स्थल कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर नामांकन कक्ष तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। लोकसभा चुनाव में इस जनपद के 56-बहराइच (अजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नामनिर्देशन-पत्र प्राप्त करने से लेकर अभ्यर्थिता वापस लेने तक की कार्यवाही सम्पन्न करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर बहराइच स्थित कक्ष संख्या-02 न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट बहराइच नियत स्थल होगा।

यह जानकारी रिटर्निंग आफिसर/जिलाधिकारी मोनिका रानी ने दी ।बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 56-बहराइच (अजा) हेतु नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर के अन्दर एवं बाहर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारियों की तैनाती की गयी है। नामांकन के समय प्रत्याशी के लिए 03 वाहन अनुमन्य हैं, जो नामांकन कक्ष के 100 मीटर की दूरी तक आ सकेंगे। जबकि नामांकन कक्ष में अधिकतम 05 व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे।

कलेक्ट्रेट में नामांकन स्थल का निरीक्षण करतीं डीएम । अमृत विचार

पेड़ पर लगा सीसीटीवी।

आज से सक्रिय हो जायेगी एफसीटी और एसएसटी टीम

जिला निर्वाचन अधिकारी।

बहराइच, अमृत विचार : नामांकन शुरू होने के साथ ही जिले में एफएसटी और एसएसटी की टीम सक्रिय हो जाएगी। लोकसभा चुनाव को लेकर नेपाल के सीमावर्ती जिलों की पुलिस द्वारा भी नजर रखी जा रही है। बहराइच सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया के साथ ही बनाई गई टीम भी बृहस्पतिवार से सक्रिय हो जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बृहस्पतिवार से जिले में 63 एफएसटी और 63 एससटी की टीम सक्रिय हो जायेगी। यह तीन लेनदेन समेत अन्य कार्य की देखरेख करेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सीट से से सटे नेपाल के बाकी और बर्दिया जिलों के डीएम और पुलिस अधिकारियों से वार्ता हो गई है। 13 अंतरराष्ट्रीय बैरियर से सुरक्षा की जा रही है उन्होंने बताया कि नेपाल के अधिकारी लोकसभा चुनाव में पूरा सहयोग करेंगे साथ ही जिले को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था बनाने में सहयोग करेंगे।

स्ट्रांग रूम के लिए चयनित कक्ष-कक्षों का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच,अमृत विचार : जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजीव कुमार सिंह, सचिव मण्डी धनंजय सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोग द्वारा निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार फुल-प्रूफ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें और इस बात का विशेष ख्याल रखा जाय कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर मतगणना तक के कार्य सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके।

सीसीटीवी कैमरे रखेंगे नजर

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में सीसीटीवी लगाए गए हैं। साथ ही पूरे क्षेत्र में बैरीकेटिंग करवा दी गई है। इस बार नामांकन प्रक्रिया को काफी आधुनिक बनाया गया है।

छह माह से इंडिया मार्का हैंडपंप खराब

गांव में लगा हैंडपंप खराब।

बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार: सीमावर्ती ब्लाक नवाबगंज के गांवों में इंडिया मार्का नलों के न बनवाए जाने से शुद्ध पेयजल की समस्या बनी हुई है। भीषण गर्मी में आम लोगों को और समस्याएं हो रही हैं। विकास खंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर, सलारपुर में मुख्य सार्वजनिक स्थान पर पीने के पानी की मुकम्मल व्यवस्था नहीं है। यहां दस में से सात हैंडपंप ठीक नहीं है। इससे स्थानीय लोगों के साथ आने वाले राहगीरों को अपनी प्यास बुझाने में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों के प्यास बुझाने के लिए एक मात्र साधन बोतल बंद पानी है,जो खरीदने में सक्षम नहीं हैं,उन्हें दुकान के पास निजी नल के पास पानी के लिए भटकना पड़ता है। डेढ़ हज़ार की आबादी वाले इस गांव में मुन्ना अली के घर के सामने, फैय्याज के दरवाजे पर, अंचलू के गेट पर, ह्रदय राम के दीवाल के पास,शिव कुमार शर्मा के दरवाजे पर ,अजय वर्मा के घर के पास लगे इंडिया मार्का नल खराब है। गांव के अविरल कुमार ने बताया कि कई बार नल ठीक कराने के लिए सचिव से कहा गया है। लेकिन उनका ध्यान नहीं जा रहा है। खंड विकास अधिकारी का कहना है कि जल्द ही खराब हैंडपंप को सही करवा दिया जायेगा।

सार-संक्षेप

अग्निकांड में राख के ढेर में तब्दील हुए खेत

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : जनपद के ग्राम पंचायत सोहरियांवा और बुबकापुर में बुधवार सुबह किसानों के खेत में लगी गेहूं की फसल में आग लग गई। जिसमें 40 एकड़ से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पयागपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहरियांवा में किसानों के खेत मे गेहूं की फसल तैयार लगी हुई थी। बुधवार सुबह नौ बजे अज्ञात कारणों से किसान के खेत में आग लग गई। आग ने धीरे धीरे विकराल रूप ले लिया। गांव निवासी किसान पहाड़ी, राजेंद्र प्रसाद, रामगोपाल, विजय, राम भजन, राजेश, अनूप वर्मा, सहज राम वर्मा, उमाशंकर, शुभम शुक्ला, हरीश पासवान, अक्षय तिवारी, काली प्रसाद, अमृतलाल, दद्दन श्रीवास्तव, अजय चौहान, राम मूरत चौहान, पृथ्वी पाल चौहान, तिलक राम, मनोज तिवारी समेत अन्य की 150 बीघा फसल जलकर राख हो गई। पयागपुर और जिला मुख्यालय से भेजे गए दमकल वाहन ने लगभग एक घंटे में आग पर काबू पाया। दो दर्जन से अधिक किसानों की 150 बीघा फसल जलकर राख हो गई है। लेखपाल सौरभ शर्मा की अगुवाई में टीम क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील को भेज दी है। उधर फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुबकापुर गांव निवासी किसान बुधवार सुबह गेहूं के फसल की कटाई की तैयारी में लगे थे। तभी अचानक फसलों में आग लग गई जिसके चलते मोहम्मद उमर सलमा बेगम रज्जू पृथ्वीराज शहादत अली परशुराम तीर्थ कमरू कृपाराम समेत 12 किसानों की 48 बीघा फसल जलकर राख हो गया। किसानों की सूचना पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील को भेज दिया है।

मृतक शिक्षामित्र के परिवार को दी आर्थिक सहायता राशि

मृतक शिक्षामित्र के आश्रितों को चेक देते पदाधिकारी। अमृत विचार

बौंडी, बहराइच, अमृत विचार : विकास खण्ड फखरपुर के प्राथमिक विद्यालय बेलहरी द्वितीय में तैनात शिक्षामित्र ऊषा सिंह का आकस्मिक निधन कुछ दिन पूर्व हो गया था। दिवंगत के आश्रितों को आर्थिक सहयोग किया गया। विद्यालय परिवार की पहल पर खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्र ने संबंधित ब्लॉक के सभी शिक्षकों,शिक्षामित्रों और अनुदेशकों से सहयोग करने के लिए आवाहन किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी के आवाहन पर तीन सौ शिक्षकों,अनुदेशकों और शिक्षामित्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए जारी खाता संख्या में एक लाख छिहत्तर हजार रुपए का सहयोग किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्र मंगलवार को दिवंगत परिवार के पास पहुंचकर बैंक मैनेजर सुधांशु चतुर्वेदी के उपस्थिति में मृतक के तीनों बेटियों को पचपन - पचपन हजार की एफडी सौंप आर्थिक मदद कर संबल प्रदान किया तथा शेष सहयोग की धनराशि खाते में छोड़ दिया गया।

कुत्ते के हमले में बालक घायल

बहराइच,अमृत विचार : पयागपुर थाने के गौदौरा में उठाई बाजार लगती है। शनिवार शाम बाजार में कुत्तों के झुंड ने छह वर्षीय बालक जैन पुत्र मुरली पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके चलते बालक को गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज लाया गया था। बालक की हालत में सुधार हो रहा है।

20 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद

रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार : नानपारा रेंज के जंगल से काटे गए 20 बोटा सागौन की लकड़ी वन विभाग की टीम ने बरामद किया है। उसे रेंज कार्यालय लाकर सीज कर दिया गया है ।बहराइच वन प्रभाग के जंगल से अज्ञात लोगों ने सागौन के पेड़ काट डाले। इसके बाद उसके बोटे बनाकर मेला रोड पर डंप कर लिया। उस लकड़ी को वन विभाग ने कब्जे में ले लिया। वन क्षेत्राधिकारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि लकड़ी रेंज कार्यालय लाकर सीज कर दिया गया है।

आश्रम के लोगों को वितरित किया सामान

बहराइच,अमृत विचार : राजापुर माफी गांव में स्थित आश्रम में राम नवमी के मौके पर वरिष्ठ नागरिक का जन्मदिन मनाया गया। साथ ही आश्रम के लोगों को खानपान की वस्तुएं वितरित की गईं। जिले के राजापुर माफी गांव में आदर्श कल्याण सेवा समिति द्वारा संचालित ओल्ड एज होम आश्रम का संचालन होता है। आश्रम में घर से दूर रहने वाले ग्रामीण निवास करते हैं। कई वर्षों से रह रहे मुकेश बुद्धवार बाबा का जन्मदिन बुधवार को मनाया गया। आज के दिन पूरे देश में महापुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा में लगा हुआ है। इसी शुभ अवसर पर इस ओल्ड एज होम में निवास कर रहे मुकेश बुद्धवार बाबा का भी जन्मदिन प्रबंधक व समाजसेवक अनिल कुमार प्रधान के द्वारा मनाया गया। आश्रम की वार्डन अनुराधा के द्वारा की गई। मुकेश बाबा के हाथों से केक काटा गया और आश्रम में निवास रथ कर रहे समस्त संवासियों में बाबा को बधाई दी। इसके बाद आश्रम में रहने वाले बुजुर्ग लोगों को केक, मिठाई, बिस्कुट, चॉकलेट आदि खाद्य सामग्री खिलाई गई। सभा का संचालन आश्रम की वार्डन अनुराधा ने किया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

हवन-पूजन के साथ नवरात्र का समापन

रूपईडीहा/बाबागंज

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र का समापन श्री राम नवमी के पावन पर्व के साथ हो गया। शहर और ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भीड़ रही।

जिले के मंदिरों में बसंतीय नवरात्रि में राम नवमी के दिन विशेष पूजा,आरती,भंडारे का आयोजन किया गया। नवाबगंज, बाबागंज, रूपईडीहा, इलाके के चौरी कुटिया मंदिर वीरपुर,बगौरा माता के मंदिर करिंगा गांव, सहित कई मंदिरो में श्रधालुओं द्वारा पूजन,हवन,आरती आयोजित की गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद वर्मा,हरीश वर्मा,अवधेश वर्मा,मुन्ना लाल, ओमप्रकाश, चेतराम, टिंकू, अमित सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओ ने नवमी के दिन चौरी कुटिया मंदिर पर कन्याओं का भोज करा कर मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया। हजारों की जमा भीड़ के शांति व्यवस्था हेतु पुलिस चौकी इंचार्ज बाबागंज रामगोविन्द वर्मा, सिपाही भारत यादव, भीमसेन, दल,बल के साथ मुस्तैद रहे।

दुर्गा मंदिर में बने हवन कुंड में आहुति देते श्रधक्लु। अमृत विचार

शिक्षा से परिवार का भविष्य संवारे बच्चे

विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में मौजूद मुख्य अतिथि । अमृत विचार

रामगांव, बहराइच ,अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय खाले पुरवा द्वितीय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूम धाम से खण्ड विकास अधिकारी तेजवापुर अनुष्का श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी तेजवापुर अखिलेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मना। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने छात्रों के द्वारा एक से बढ़कर एक रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। वार्षिकोत्सव में सन्दर्भदाता डॉ नँद कुमार शुक्ल और अनूप कुमार मिश्र ने भी परिषदीय स्कूलों की बढ़ती हुई लोकप्रियता से अभिभावकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ आनंद कुमार पाठक ने बीडीओ और बीईओ के कार्यक्रम में सम्मलित होने पर आभार जताया। । जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय नोडल संकुल ज्ञानेंद्र पाल आजाद शिक्षिका संध्या सिंह ग्राम प्रधान कुंती मौर्य को मंच पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार यादव, उत्कर्ष तिवारी, बृजेन्द्र पाण्डेय, डॉ प्रीती सिंह, गुलफिसा मुख्तार,वैशाली शर्मा, प्रियंका मौर्या, प्रदीप अवस्थी सहित दर्जनों शिक्षक अभिभावक उपस्थित रहे।



कार्रवाई की मांग | राजस्व विभाग की मिलीभगत से हुई चकबंदी,अध्यक्ष और ईओ ने प्रमुख सचिव को भेजा शिकायती पत्र

नानपारा नगरपालिका की जमीन का करा लिया बैनामा

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : नानपारा नगर पालिका की जमीन का राजस्व विभाग की टीम से मिलीभगत कर कुछ भू माफियाओं ने बैनामा करवा लिया। जब कब्जे को लेकर कार्रवाई शुरू हुई, तब नगर पालिका अध्यक्ष को पता चला। जिस पर उन्होंने सीएम, प्रमुख सचिव, राजस्व परिषद और डीएम को शिकायती पत्र भेजकर जांच व कार्रवाई की मांग की है।

नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल वहीद व अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह ने नगर पालिका की 31 संपत्तियों का हवाला देते हुए अपने पत्र में कहा है कि नगर पालिका परिषद नानपारा की सीमा के अंदर गाटा संख्या 4237 क रकबा 1.340 एकड़ आकार पत्र 41 में नाम जेड ए नाला अंकित है। जो नाला संपूर्ण शहर व उसके संलग्नक अन्य क्षेत्रों का पानी नगर पालिका स्थापना से कायम है। इस नाला को आकार पत्र 45 में सोची समझी साजिश एवं राजस्व विभाग तहसील तहसील नानपारा को त्रुटि पूर्ण कार्यशैली के कारण किशन लाल पुत्र रामनारायण निवासी जुबलीगंज नानपारा के आकार पत्र 45 में खाता संख्या 242 पर उक्त नान जेड ए नाला का नंबर 4237 क रकबा 1.340 एकड़ का अंकन कर दिया गया है। जबकि नगर पालिका के अभिलेख खसरा व खतौनी सर्वे सन 1964 65 में खसरा संख्या 4810 साबिक नंबर 8068 रकबा 71 डिसमिल नाला तथा उसी के बगल पूरब खसरा संख्या 4811 साबिक नंबर 8068 रब्बा 53 डिसमिल रास्ता के रूप में अंकित है। उक्त अंकन का लाभ उठाकर किशन लाल के वारिसान ने पंजीकृत दस्तावेज के आधार पर नामांतरण प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र की नान.जेड.ए. की अन्य संपत्तियां जो लगभग 31 है जिसमे अलग-अलग नंबरों पर मजरूआ, बंजर पिछवाड़ा क्लब, क्लब घर, बंजर.तालाब तथा बालक क्रीड़ा स्थल सहित नाला, रास्ता व तालाब,कुआं, आदि के रूप में संपत्तियों नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज हैं । जिसकी सूची अभी तक राजस्व अभिलेखों में नान जेड ए अंकित कराने की कार्रवाई करने की मांग की गई है।

नानपारा नगर क्षेत्र में नगर पालिका की इसी जमीन पर हुआ बैनामा। अमृत विचार

जेड ए दिखाकर जमीन का कराया बैनामा

नगर पालिका की ओर से बताया कि नगर पालिका नानपारा 1901 में स्थापित हुई है उस समय नगर पालिका की जो भूमि संपत्ति अभिलेखों में अंकित थी। उसका खसरा, खतौनी तथा नक्शा भी नगर पालिका में उपलब्ध है। लेकिन राजस्व विभाग की मिलीभगत से शहरी क्षेत्र की जमीनों को चकबंदी के दौरान तहसील के अभिलेखों में दर्ज कर लिया गया।

ट्रांज़िक्शन फेल धनराशियों का आहरण 30 अप्रैल तक

बहराइच,अमृत विचार: वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि जनपद में वर्तमान में ई. कुबेर व्यवस्था के तहत कोषागार से डीडीओ पोर्टल के माध्यम से भुगतान किए जा रहे है। जिससे कुछ धनराशियॉ या ट्रांजेक्शन विभिन्न कारणों से फेल हो जाते है, जो डीडीओ पोर्टल पर प्रदर्शित होते हैं, अधिकारियों से अपेक्षा की है कि रिटर्न ट्रांजेक्शन से सम्बन्धित देयक विलम्बतम 25 अप्रैल तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि सम्यक परीक्षणोपरान्त उनके भुगतान के सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सर्वाभिलाषिणः सर्वभोजिनः सपरिग्रहाः ।
अब्रह्मचारिणो मिथ्योपदेशा गुरवो न तु ॥

अभिलाषा रखनेवाले, सब भोग करनेवाले, संग्रह करनेवाले, ब्रह्मचर्य का पालन न करनेवाले, और मिथ्या उपदेश करनेवाले, गुरु नहीं है ।

संपादकीय

नहीं ले पा रहे लाभ

पिछले कुछ दशकों से देश में नौकरियों की कमी की समस्या है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी अभी भी कृषि पर निर्भर है जो कि अल्प-रोजगार और प्रच्छन्न बेरोज़गारी के लिए बदनाम है। भारत में 62 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या की आयु 15 से 59 वर्ष के बीच है तथा जनसंख्या की औसत आयु 30 वर्ष से कम है। इसका तात्पर्य यह है कि भारत जनसंख्या की आयु संरचना के आधार पर आर्थिक विकास की क्षमता का प्रतिनिधित्व करने वाले 'जनसांख्यिकीय लाभांश' के चरण से गुजर रहा है। उधर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत चीन या कोरिया की तरह जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। देश की तरक्की को लेकर हो रहे 'प्रचार' पर भरोसा कर भारत गलती कर रहा है। बहुत सारे भारतीय नवप्रवर्तक अब सिंगापुर या सिलिकॉन वैली का रुख कर रहे हैं क्योंकि उन्हें वहां अंतिम बाजारों तक पहुंच बहुत आसान लगती है। इसके लिए मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। जनसांख्यिकीय लाभांश किसी देश की जनसंख्या की संरचना में बदलाव के कारण होने वाली आर्थिक वृद्धि है, जो आमतौर पर प्रजनन और मृत्यु दर में गिरावट का परिणाम है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश पर एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश का अवसर वर्ष 2005-06 से वर्ष 2055-56 तक पांच दशकों के लिए उपलब्ध है।

कोई भी जनसांख्यिकीय लाभांश इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, शासन और अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सही नीतियां लागू करती है या नहीं। इसके अलावा, किसी देश को मिलने वाले जनसांख्यिकीय लाभांश की मात्रा युवा वयस्कों की उत्पादकता के स्तर पर निर्भर करती है, जो बदले में, देश में स्कूली शिक्षा के स्तर, रोजगार प्रथाओं, समय और बच्चे पैदा करने की आवृत्ति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति पर भी निर्भर करती है। जनसांख्यिकीय लाभांश बचत, श्रम आपूर्ति, मानव पूंजी और आर्थिक विकास के साथ पाया जा सकता है। भारत की अल्प-वित्त पोषित शिक्षा प्रणाली युवाओं को उभरते रोज़गार के अवसरों का लाभ उठाने हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए अपर्याप्त है। इसलिए 'जनसंख्या विस्फोट' की आशंका से अधिक यह महत्वपूर्ण है कि भारत युवा जनसंख्या की स्वास्थ्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करे, क्योंकि भारत का कल्याण इसी पर निर्भर है। युवा आबादी की रोज़गार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास भारत की श्रम शक्ति को आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए सही कौशल के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है। युवाओं के कल्याण की रक्षा करना आवश्यक है क्योंकि भारत का कल्याण उन्हीं पर टिका है।

विश्व धरोहर दिवस पर सबाल्टर्न विरासत को भी बचाएं

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

एक विशिष्ट दिवस के प्रति जिसका आयोजन सोद्देश्य किया जाए और प्रयोजन सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय है, हमें जागरूक रहना चाहिए। केंद्र सरकार में सक्रिय ड्यूटी पर था तो उन सभी दिवसों का मैं ख्याल रखता था जो हमारे संस्थान के उद्देश्यों से मेल खाने वाले होने के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर महत्व के हैं।

आज 'वर्ल्ड हेरिटेज डे' के आयोजन के समय अपनी मूर्त और अमूर्त धरोहरों को याद करते हुए इन्हें बचाए रखने का संकल्प लिया जाता है। हमारा अधिकांश ध्यान भवनों पर केन्द्रित रहता है जबकि सभ्यताओं की तरक्की के दौर में वास्तुशिल्प से परे हरेक वह वस्तु -फिजिकल और नॉन-फिजिकल, धरोहर है जिससे मनुष्य जीवन और समाज के चरित्र पर गुणात्मक असर पड़ता रहा है। गायन, नृत्य, चित्रभाषा, किताब या नदी पर बनाया गया पुल, लिखने के लिए पुराने इंक पेन और एम्ब्रायडरी वाले परिधान भी मनुष्य के जीवन को गुणात्मक दृष्टि और जीवनशैली देने, दृश्य-स्वरुप गढ़ने और बौद्धिक आनंद के सृजन हेतु निर्मित्ति के दायरे में आते हैं। दिवस विशेष एक परंपरा की भांति गुज़र जाने दिए जाते हैं। कुछ संगठन एक निर्धारित दिवस पर एक आयोजन बेशक प्रभावी तरीके से करते हैं खासतौर से अगर यह उनके मैंडेट से संबंधित हो, लेकिन अन्य संगठन दूसरों से संबद्ध दिवस-आयोजन से बहुधा, ख़ास वास्ता नहीं रखते। ऐसा क्यों? 'वास्ते' का सवाल नैतिकता और प्रबंधन के नाके पर आकर अटक जाता है। संबंधित संस्थाओं को इन विशिष्ट अवसरों पर लोगों तक पहुंच बनाने के लिए आधुनिक सूचना तकनीक का इस्तेमाल करना चाहिए जैसे कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, वेबकास्ट, यू-ट्यूब।

एक विशिष्ट दिवस के प्रति जिसका आयोजन सोद्देश्य किया जाए और प्रयोजन सर्वजनहिताय-सर्वजनसुखाय है, हमें जागरूक रहना चाहिए। केंद्र सरकार में सक्रिय ड्यूटी पर था तो उन सभी दिवसों का मैं ख्याल रखता था जो हमारे संस्थान के उद्देश्यों से मेल खाने वाले होने के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर महत्व के हैं। ऑफिस की स्टाफ कौंसिल के निर्णय के अनुसार इनमें से विशिष्ट दिवसों को चिह्नित करके इनके बारे हम कार्यक्रम आयोजित करते थे। यह सब करने से आयोजनकर्ताओं का भी मानसिक स्तर ऊंचा उठता है। इसे आयोजित करने से आकलन किए जाने का एक सुअवसर मिलता है कि अभी तक एक फील्ड में जो भी किया उसे करने की जरूरत क्या थी और जो हुआ या किया गया इसके नतीज़न हमने एक क्षेत्र विशिष्ट में ऐसा क्या किया जिसे लोककल्याण, लोकज्ञान और संबद्ध घटनाओं को परखने में हमारे दृष्टिकोण

धरोहर दिवस सिर्फ मान्यूमेंट्स के इर्द-गिर्द करके इसे एक 'बॉक्स-ऑफिस' अचीवमेंट नहीं बनाकर रखा जा सकता बल्कि जहां संभव है वहां फील्ड इवेंट का तत्व शुमार होना चाहिए। सिर्फ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय महत्व की वास्तु-धरोहर को स्मरण करने से परे बहुत कुछ और जोड़ा जाना चाहिए।

में गुणात्मक वृद्धि हुई। विषय स्टेटिस्टिक्स का हो या न्यूक्लियर फिजिक्स का, वायरल प्रोटीन्स की फोल्डिंग का है या फिर एस्ट्रोनॉमी विषय में ब्रह्माण्ड में तारों के जन्म या मृत्यु से संबंधित, गेहूं की नई नस्ल के विकास का है या पानी के पुराने आर्किटेक्चर से संबंधित, मनुष्य का इन्हें देखने और बरतने का अंदाज़ एथिक्स के बिना व्यर्थ है। मनुष्य निर्मित पुरातात्विक धरोहर के प्रति दिखाए-बरते गए नैतिक मानक संहिता में ठहराव है जबकि इन्हें गतिमान होना चाहिए। इसे बनाए रखने के लिए काम करने की पद्धतियों में सुधार करने के लिए ऐसे विशिष्ट अवसर विमर्श हेतु उपयुक्त होते हैं जिनमें जनभागीदारी भी हो सकती है। अन्यथा बंद कमरों में आचार समितियों की बैठकों के दौरान निर्णय लेने की प्रक्रिया क्या रहती, इसके बारे में मालूम नहीं होता।

धरोहर दिवस सिर्फ मान्यूमेंट्स के इर्द-गिर्द करके इसे एक 'बॉक्स-ऑफिस' अचीवमेंट नहीं बनाकर रखा जा सकता बल्कि जहां संभव है वहां फील्ड इवेंट का तत्व शुमार होना चाहिए। सिर्फ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय महत्व की वास्तु-धरोहर को स्मरण करने से परे बहुत कुछ और जोड़ा जाना चाहिए।

विश्व-धरोहर दिवस का आयोजन महानगरों में स्थित कुछ बड़े संस्थाओं के दायरे में सिमट जाता है। भारत के गांवों और कस्बों में निवास करने वाली एक बड़ी संख्या इसमें, पैसिव और एक्टिव दोनों तरह की, भागीदारी से छूट जाती है। विद्यालयों और कालेजों तक में विशिष्ट दिवसों पर विषय से संबंधित कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाते। गांवों और कस्बों में ऐसी अनेक वस्तुएं और विधाएं मौजूद रही हैं जिन्हें स्थानीय महत्व पर मान मिल सकता है जैसेकि प्रयाग में जमुना किनारे और गया में स्टेशन रोड पर शानदार धर्मशाला भवन एवं उत्तर प्रदेश में गंगा नहर पर 200 वर्ष या इससे पहले बनाये गए पुल, गांव में 75-100 वर्ष पहले की बनायी हुई एक हवेली और चौपाल के आलावा बुजुर्ग महिलाओं द्वारा एक सदी पहले बरते जाने वाले वाले परिधान जिन पर शानदार कशीदाकारी हुआ करती। प्रचलन से बाहर हो गए खेती के हमारे औजार, गांव में मौजूद शानदार कलात्मक कुएं, एक बावड़ी, कुंड या पक्का तालाब, मंदिर और इसमें स्थापित देव मूर्ति, अन्य धर्मों के आस्था स्थल जो सदियों पुराने हो सकते हैं, हमारे साझा धरोहर हैं।

विविध प्रकार की धरोहर हमारे आसपास ही होती हैं, लेकिन इनकी पहचान और संरक्षण अत्यावश्यक है। इनके संरक्षण के लिए अनेक तरह का नया वैज्ञानिक ज्ञान, पद्धति और टूल्स हमारे पास अब मौजूद हैं। लेकिन जरूरत है इसके इस्तेमाल की और ऐसी पहल की जिससे सांस्कृतिक धरोहर जब तक संभव है, बचाई जा सके। दुनिया में कोई वस्तु या कला सदा के लिए तो नहीं रहती क्योंकि हरेक की एक निश्चित फिजिकल लाइफ होती है, लेकिन हम बेहतर देखभाल से इन्हें दीर्घायु तो कर ही सकते हैं।

धरोहर संरक्षण के प्रति देश में पर्याप्त निष्ठा है, संरक्षण के लिए तकनीकी क्षमता भी, लेकिन सियासत और धनाभाव के चंगुल में यह ऐसी उलझी है जिससे हमारे गांव-कस्बों और बाहरी इलाकों में मौजूद लाखों की संख्या में सबाल्टर्न हेरिटेज की लिस्टिंग नहीं हो पाई है बावजूद इसके कि इंडियन नेशनल ट्रस्ट ऑफ़ आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) और स्वेच्छा से काम करने वाले हज़ारों उत्साही व्यक्ति इस काम में पिछले करीब 40 वर्ष से लगे हुए हैं। यह प्रशंसनीय है कि देश में इन्हें सूचीबद्ध किए जाने और संरक्षण के प्रति सांप्रदायिक भेदभाव और रोषयुक्त नीति कभी नहीं रही बल्कि विविध प्रकार के स्मारक भवनों के इर्द-गिर्द नीति का ताना-बाना समान रूप लागू रहा चाहे यह ब्रिटिश राज का समय था अथवा आधुनिक संप्रभु भारत। फिलवक्त पुरातात्विक अध्ययन और संरक्षण के लिए मौजूद विशाल तंत्र के संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में न तो प्रशिक्षित मैनपावर है और न ही संरक्षण-निधि। भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के पूर्व-महानिदेशक डॉ.राकेश तिवारी से इस बाबत बात हुई तो कहने लगे कि 'भारत में स्थानीय महत्व की बिल्ट-हेरिटेज के महत्व को स्थानीय तौर से लोग जब तक नहीं समझेंगे तब तक इसका संरक्षण भी नहीं हो पाएगा। इसे बिना सरकारी मदद के साझाप्रयास, आर्थिक अंशदान से ही किया जाना संभव है। पंचायती राज तंत्र में इसे 'इनबिल्ट' नहीं किया गया। केंद्रीय या प्रांतीय स्तर के सरकारी तंत्र से इसका संचालन और संरक्षण असंभव है'।

देश में कुछेक बड़े न्यास और मिल-जुल कर लोगों द्वारा बनाए गए रजिस्टर्ड संगठनों के लिए इंटेक ने काफी काम करवाया है। अभी कुछेक राज्यों में कम्युनिटी लीडर्स और राज्य सरकारों की रुचि आमजन को 'हेरिटेज वाक' करवाने की हो गई है जिससे यह भरोसा बढ़ने लगा है कि जागरूकता के प्रसार से सूचीबद्ध होने से छूट गई सबाल्टर्न स्तर पर निम्न महत्व की मानी गई वास्तु और अमूर्त धरोहर का संरक्षण तेज़ी से हो पाएगा। लोकवार्ता में लोकगायन करने वाले साजिंदों की डॉक्यूमेंटेशन दूरदर्शन और आल इंडिया रेडियो ने की है। राजस्थान में विजयदान देथा और कोमल कोठारी और हरियाणा में आरसिंह और आरके नैन जैसे लोगों ने 50 वर्ष में काफी काम किया। उन लोगों का काम महत्व दिए जाने योग्य है जिन्होंनें अपने बलबूते पर, अपने संसाधनों से दुःख-सुख झेलकर भारत की अमूल्य मूर्त-अमूर्त धरोहर की डॉक्यूमेंटेशन की है। पिछले सौ वर्ष में देश में ऐसे करीब 100 से अधिक संख्या में निष्ठावान व्यक्तियों ने इस प्रकार का काम किया है। इन व्यक्तियों के बारे में फोटोग्राफिक क्लब्स और सोसाइटीज, फिल्म डिवीज़न, संग्रहालयों में स्थापित फोटोग्राफ़िक एवं फिल्म सेक्शन्स के रिकॉर्ड, प्राइवेट आर्काइव्ज वगैरह स्रोतों से हमें अनेक नाम उपलब्ध हो सकते हैं। विश्व धरोहर दिवस ऐसे लोगों के अभिनंदन के लिए उपयुक्त अवसर होना चाहिए।

प्रसंगवश

यमुना की बदहाली गाथा

यमुना छठ पर यमुना भयानक गंदगी से भरी थी। गंदगी से भरी यमुना को देखकर किसी को गुस्सा नहीं आता। भक्त गण, यमुना प्रेमी लोग प्रतिवाद नहीं करते। बल्कि गंदगी में यमुना को रखकर जश्न मनाते हैं। इवेंट करते हैं। गंदगी से भरी यमुना में धार्मिक इवेंट देखने हो तो आप कभी भी यमुना किनारे विश्राम घाट-सतीघाट आदि प्रमुख घाटों पर आएं और गंदगी में धार्मिक इवेंट का आनंद लें।

यमुना छठ पर घाट किनारे भाजपा के अनेक नेता और लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी भी वहां आई थीं। उनको गंदगी से भरी यमुना देखकर शर्म नहीं आई। सन 2014 में पीएम मोदी ने कहा था हेमा मालिनी को जिता दो मैं 15 दिन में यमुना स्वच्छ करा दूंगा। दस साल हो गए। कोई यमुना साफ नहीं करा पाया। मीडिया के अनुसार यमुना स्वच्छ कराने के नाम पर कागज में 1697 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इनमें से अकेले मथुरा में 235 करोड़ रुपए किए हैं। लेकिन नतीजा जीरो है। हकीकत यह है मथुरा ने जब से भाजपा सांसद को चुना है तब से यमुना में प्रदूषण बढ़ा है। यमुना जल विषाक्त हुआ है। इसका प्रधान कारण है कारखानेदारों-भवन निर्माताओं -कमीशनखोरों-स्थानीय माफ़िया गिरोहों -मिडिल क्लास के साथ सांठगांठ।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

मथुरा में बेशर्मी और सैलीब्रिटी हेकड़ी का आलम यह है कि सांसद ने विगत दस साल में मथुरा की जनता को कभी समय नहीं दिया। टिककर कभी मथुरा में नहीं रहीं। मंदिरों का राजनीतिक प्रचार के लिए दुरुपयोग किया। संसद में दस सालों में उनकी न्यूनतम शिरकत रही है। साल में कभी एक आध बार संसद में बोलती हैं।

शहर में असंख्य समस्याएं हैं। जनता भटकती रहती है और दलालों -कमीशनखोरों से काम कराती रहती है। जब मेले आते हैं तो डीजे-नाच-गान आदि के शोर में जनता को इस कदर डुबो दिया जाता है कि वह यमुना की गंदगी, बंदरों के आतंक, बेरोजगारी, अकादमिक अव्यवस्था आदि पर सोचने की किसी के पास फुरसत नहीं होती।

हालत इस कदर ख़राब हैं कि जो लोग कुछ साल पहले तक अपने को 'प्रगतिशील' कहते थे वे आज गर्व से हेमा मालिनी और संघ को चंदा दे रहे हैं। घर में बैठकर राम नाम जप रहे हैं। सैलीब्रिटी जब सांसद बनेंगे तो वह कभी आपके इलाके में टिककर रहेगा नहीं। सैलीब्रिटी का मन संसद और जनता में नहीं लगता। उसका मन धन कमाने में लगता है। संसद में जाना उसके लिए समय बर्बाद करना है। जनता की सेवा करने का उसके पास समय नहीं है। वह तो मीडिया और इवेंट के लिए बना है।

सैलीब्रिटी जब सांसद बनेंगे तो वह कभी आपके इलाके में टिककर रहेगा नहीं। सैलीब्रिटी का मन संसद और जनता में नहीं लगता। उसका मन धन कमाने में लगता है। संसद में जाना उसके लिए समय बर्बाद करना है। जनता की सेवा करने का उसके पास समय नहीं है। वह तो मीडिया और इवेंट के लिए बना है।

यमुना छठ के दिन मथुरा की जनता का किस तरह उत्पीड़न किया गया उसका एक ही नमूना काफी है। यमुना छठ के दिन विश्रामघाट-सती घाट आदि घाटों पर मेला लगता है। लेकिन अचानक रात को तक़रीबन एक घंटे बिजली ग़ायब रही। लाखों लोग उससे परेशान हुए। इतने विशाल मेले के समय बिजली का गायब रहना साधारण घटना नहीं है। अव्यवस्था का आलम यह था कि विश्राम घाट और उसके आसपास के बाजार और क्षेत्र में भयानक अव्यवस्था थी, जनता परेशान रही। कोई सुव्यवस्था नज़र नहीं आई।

विगत दस साल में मथुरा में बेरोज़गारी और अपराध बढ़े हैं। फुटकर व्यापारी, छोटे दुकानदार आदि के व्यापार में तबाही मची हुई है। मंदिरों की आमदनी बड़ी मात्रा में गिरी है। देह-व्यापार बढ़ा है। आए दिन सरेआम अपराध हो रहे हैं।

मथुरा में रहने वाले व्यक्ति को जब भी जनता ने चुना है, उसने जनता की सेवा की है। ऐसे यशस्वी सांसदों में राजा महेंद्र प्रताप, चौधरी दिगंबर सिंह, ठा.चकलेश्वर सिंह, मानवेन्द्र सिंह के नाम उल्लेखनीय हैं। आज सांगठनिक तौर पर भाजपा के अलावा और किसी दल का संगठन जमीनी स्तर पर काम नहीं कर रहा। विपक्ष की इस तरह अनुपस्थिति भी भाजपा को जिताने में मदद कर रही है। विपक्ष ने यह मान लिया है कि उसे यहां काम नहीं करना।

आखिर क्यों ना जोड़ें नक्सलियों से बातचीत के तार

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

नक्सली कमजोर तो हुए हैं लेकिन अपनी हिंसा से बाज नहीं आ रहे। कई बार वे अपने अशक्त होते हालात पर पर्दा डालने के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करते हैं जिससे उनका आतंक कायम रहे।

गर्मी और चुनाव की तपन शुरू हुई और नक्सलियों ने धुंआधार हमले शुरू कर दिए। हालांकि सरकार की कार्यवाही में बीते दो महीनों में 52 नक्सली मारे गए और कई बड़े नाम आत्मसमर्पण कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनते ही उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दो बार मंशा जाहिर की कि सरकार बातचीत के जरिए नक्सली समस्या का निदान चाहती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नक्सलियों के गढ़ दंतेवाड़ा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सलियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील करते हुए आश्वासन दिया था कि उनकी सरकार उनके साथ बातचीत के लिए तैयार है और वह हर जायज मांग को मानेगी। इसके बाद 21 मार्च को दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने पत्र जारी कर कहा कि हम सरकार से बातचीत को तैयार हैं लेकिन सरकार पहले हमारी शर्तों को माने। इधर बातचीत की तैयारी चल रही थी और दूसरी तरफ बस्तर की सीमा से लगे गढ़चिरौली में एक साथ कई कथित नक्सली मार दिए गये। उसके बाद 10 अप्रैल को नक्सलियों ने पर्चा जारी कर इसे सरकार की बातचीत की आड़ में धोखाधड़ी बताया।

समझना होगा कि नक्सली कई कारणों से दबाव में हैं। सरकार की स्थानीय आदिवासियों को फोर्स मे भर्ती करने की योजना भी कारगर रही है। एक तो स्थानीय लोगों को रोजगार मिला, दूसरा स्थनीय जंगल के जानकार जब सुरक्षा बलों से जुड़े तो अबुझमाड़ का रास्ता इतना अबूझ नहीं रहा। तीसरा जब स्थानीय जवान नक्सली के हाथों मारा गया और उसकी लाश गांव-टोले में पहुंची तो ग्रामीणें का रोष नक्सलियों पर बढ़ा। एक बात जान लें कि दंडकारण्य में नक्सलवाद महज फैंटेसी, गुंडागर्दी या फैशन नहीं है। वहां खनिज और विकास के लिए जंगल उजाड़ने व पारंपरिक जनजाति संस्कारों पर खतरे तो हैं और नक्सली अनपढ़-गरीब आदिवासियों में यह भरोसा भरने में समर्थ रहे हैं कि उनके अस्तित्व को बचाने की लड़ाई के लिए ही उन्होंने हथियार उठाए हैं। यह भी कड़वा सच है कि नक्सल विरोधी कार्यवाही में बड़ी संख्या में निर्दोष लोग भी जेल में हैं व कई मारे भी गए, इसी के चलते अभी सुरक्षा बल आम लोगों का भरोसा जीत नहीं पाए हैं। लेकिन यह सटीक समय है जब नक्सलियों को बातचीत के लिए झुका कर इस हिंसा का सदा के लिए अंत कर दिया जाए।

नक्सली कमजोर तो हुए हैं लेकिन अपनी हिंसा से बाज नहीं आ रहे। कई बार वे अपने अशक्त होते हालात पर पर्दा डालने के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करते हैं जिससे उनका आतंक कायम रहे। याद करें 21 अक्तूबर 2016 को न्यायमूर्ति मदन लौकुर और एके गोयल की पीठ ने फर्जी मुठभेड़ के मामले में राज्य सरकार के वकील को सख्त आदेश दिया था कि पुलिस कार्यवाही तात्कालिक राहत तो है लेकिन स्थाई समाधान के लिए राज्य सरकार को नागालैंड व मिजोरम में आतंकवादियों से बातचीत की ही तरह बस्तर में भी बातचीत कर हिंसा का स्थाई हल निकालना चाहिए।

बस्तर से भी समय-समय पर यह आवाज उठती रही है कि नक्सली सुलभ हैं, वे विदेश में नहीं बैठे हैं तो उनसे बातचीत का तार क्यों नहीं जोड़ा जाए। हिंसा से सर्वाधिक प्रभावित दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा में सर्व आदिवासी समाज चिंता जताता रहा है कि अरण्य मे लगातार हो रहे खूनखराबे से आदिवासियों में पलायन बढ़ा है और इसकी परिणति है कि आदिवासियों की बोली, संस्कार, त्योहार, भोजन सभी कुछ खतरे में हैं। यदि ईमानदार कोशिश की जाए तो नक्सलियों से बातचीत कर उन्हें हथियार डाल कर देश की लोकतांत्रिक मुख्य धारा में शामिल होने के लिए राजी किया जा सकता है।

भारत सरकार मिजोरम और नगालैंड जैसे छोटे राज्यों में शांति के लिए हाथ में क्लासनिकोव रायफल ले कर सरेआम बैठे उग्रवादियों से ना केवल बातचीत करती है, बल्कि लिखित में युद्ध विराम जैसे समझौते करती है। प्रधानमंत्री निवास पर उन अलगाववादियों को बाकायदा बुलाया जाता है और उनके साथ हुए समझौतों को गोपनीय रखा जाता है जो दूर देश में बैठ कर भारत में जमकर वसूली, सरकारी फंड से चौथ वसूलने और गाहे-बगाहे सुरक्षा बलों पर हमला कर उनके हथियार लूटने का काम करते हैं। फिर नक्सलियों मे ऐसी कौन सी दिक्कत है कि उनसे टेबल पर बैठ कर बात नहीं की जा सकती। कभी विचार करें कि सरकार व प्रशासन में बैठे वे कौन लोग हैं जो हर हाल में जंगल में माओवादियों को सक्रिय रखना चाहते हैं। जब नेपाल में वार्ता के जरिये उनके हथियार रखवाए जा सकते थे तो हमारे यहां ऐसे प्रयास क्यों नहीं हुए ?

सोशल फोरम

सबसे बड़ा सवाल

एक मोमिन की पोस्ट देखी। रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के आदर्श, धर्म और नैतिकता की तारीफ करते हुए उन्होंने लिखा कि हमने अपना धर्म बदला है अपने पूर्वज नही। अपनी संस्कृति अपनी सभ्यता नही। अपनी आस्था अपना मुल्क नहीं। दूसरे धर्म वाला जब आपकी आस्था के संबंध में ऐसी बातें कहे तो आपके लहालोट होने के लिए इतनी पंक्तियां काफी है। लेकिन क्या बात इतनी ही सिंपल है। जैसी दिखाई देती है।

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे विचार से ऐसा संभव नही। ये दो विपरीत ध्रुव हैं। दो विपरीत विचारधाराएं हैं। और ऐसा ही कुछ धर्मों के मामले में है। एक दूसरे के धर्म का सम्मान अच्छी बात है। लेकिन मानते तो हम कोई एक धर्म ही हैं। यानी कोई एक विचारधारा। क्या कोई व्यक्ति एक ही समय मे दक्षिणपंथी और मार्क्सवादी हो सकता है?

आज जैसे राजनीति में वैचारिक दरिद्रता आ गई है। एक वैचारिक शून्य उत्पन्न हो गया है। विचारधारा का कोई महत्व ही नहीं रहा। थोड़े से स्वार्थ के लिए लोग राजनीतिक पार्टियां बदल रहे हैं। ऐसा ही कुछ मुझे धर्म के मामले में भी नजर आता है। यहां लोग धर्म नहीं बदलते लेकिन अपने धार्मिक नियमों, मान्यताओं के विरुद्ध जाना आज बड़ी साधारण सी बात है। क्योंकि लोगों में वैचारिक शून्यता अपने धर्म के मामले में भी है। धर्म ग्रंथ अक्सर लोग पढ़ते नही। ठीक से समझते नही। यहां सारा धर्म देखा देखी का है, स्वार्थ का है। विचारधारा के कोई मायने नहीं।

मैं तो बस यही चाहता हूं कि जिस धर्म/विचारधारा को भी हम माने, उसे पढ़ें, जाने उसके सिद्धांतों को समझें बूझें। उसकी अच्छाइयों और बुराइयों को भी जाने। जरूरत महसूस हो तो धर्म का तार्किक विश्लेषण भी करें। अधूरा ज्ञान किसी काम का नहीं।

मेरा सबसे बड़ा सवाल यहां ये है कि जिन्होंने भी धर्म बनाया, उसके नियम बनाए। उन्होंने निश्चित ही कुछ सोचा समझा जाना होगा तभी ऐसा किया होगा। तो उन सब बातों का कट्टरता से पालन उचित है या बदलते समय के साथ, जैसा कि आज के राजनैतिक परिदृश्य में घट रहा है, विपरीत विचारधारों के मिश्रण में कोई हर्ज नही है।

-फेसबुक वॉल से

ऐसा हतप्रभ चुनाव तो आज तक नहीं देखा

अपने बाल्यकाल से अब तक स्वतंत्रता के बाद से सारे चुनाव देखें हैं लेकिन ऐसा अद्भुत चुनाव आज तक नहीं देखा जहां चुनाव से पूर्व ही सभी पक्ष विपक्ष यह मान कर चल रहे हैं कि आएंगे तो मोदी ही। आप देख रहे होंगे कि टीवी डिबेट में मुद्दा यह नहीं होता कि मोदी जीतेंगे या नहीं बल्कि चार सौ सीट क्यूं चाहिए ही, होता है। इसका मतलब सरकार बनाने के लिए आवश्यक 272 तो मिल ही रहीं है बहस सिर्फ़ इतनी है कि इसके ऊपर कितनी जाएंगी। विपक्ष के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी घुमा फिराकर मोदी जी की जीत स्वीकार करते हुए कहते हैं कि जादू चलाकर यदि मोदी जीत जाते हैं तो देश में आग लग जाएगी, जीत वो भी पक्की मान रहे हैं। ख़ुद की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी पारंपरिक अमेठी सीट छोड़कर वायनाड गए हैं। एक हताश, निराश, पराजित योद्धा की तरह अभी से पूरा विपक्ष एक आवाज में कह रहा है ईवीएम की वजह से जीतेंगे। क्या मतलब हुआ कि जीत सभी मान रहें हैं। वो भी पहले चरण के मतदान से पहले ही ऐसा आत्मसमर्पण चुनाव में मैंने तो पहले कभी नहीं देखा। चुनाव पूर्व सर्वे के आख़िरी दिन सभी टीवी चैनलों ने 350 से 400 से ऊपर एनडीए को दिखाया है, कांग्रेस को तो इस बार चालीस से नीचे रहने का अनुमान सभी चैनल दिखा रहे हैं।

इस वातावरण से एक बात स्पष्ट समझ आती है मोदी की गारंटी, मोदी पर विश्वास, मोदी की विकास यात्रा, मोदी की विकसित भारत के लिए दूरदृष्टि और मोदी के पिछले दस साल के दृढ़तापूर्वक किए गए कार्य। विपक्ष की सभी पार्टियों ने भाजपा के संकल्प पत्र से कहीं अधिक जनकल्याण के वायदे अपने अपने घोषणा पत्रों में किए हैं लेकिन उन पर कहीं चर्चा ही नहीं हो रही।



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

बेरोज़गारी और महंगाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को भी विपक्ष ने मोदी के चक्रव्यूह में फंसकर गौण कर दिया। धूमधाम से बनाया गया खंडित विखंडित जिसमें कहा गया था हर जगह भाजपा के विरुद्ध संपूर्ण देश में विपक्ष का एक ही उम्मीदवार होगा व्यक्तिगत अपेक्षाओं के कारण चुनाव से पहले ही धूलधूसरित हो गया। अब अधिकतर जगह आपस में ही भिड़े हुए है या चुनाव से पहले ही गठबंधन पहले ही छोड़ गए हैं।

मोदी जी ने राष्ट्रवाद, विकसित भारत, हिंदुत्व, सनातन , अपनी विकास यात्रा में सब भारतीयों को सम्मिलित करना, विश्वगुरु बनने के मार्ग पर प्रशस्त करना, अर्थव्यस्था में विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था बनाकर तीसरी पारी में तीसरी विश्व की बड़ी अर्थववस्था का संकल्प, विश्व को सुदृढ़ नेतृत्व देने की अभूतपूर्व क्षमता इत्यादि शामिल है।

क्या जनता मोदी पर विश्वास इसलिए भी कर रही है कि जिस कार्य को करने की हिम्मत पिछली सरकारों ने नहीं दिखाई वह मोदी जी ने कितनी सहजता से कर दिखाया। इसमें प्रमुख हैं कश्मीर को धारा 370 से मुक्ति, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति, महिला आरक्षण, शताब्दी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना से देश को सुरक्षित बाहर निकालना, आत्मनिर्भर भारत बनाना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में सहयोग, सभी तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार, ग़रीबों को ग़रीबी से बाहर निकालना, जनकल्याण की योजनाओं को लाभार्थियों तक सीधा पहुंचाना इत्यादि। विपक्ष समझ ही नहीं पा रहा कि 2024 का भारत बदल गया है, अब वह जातीय जनगणना, सांप्रदायिक विद्वेष, तुष्टिकरण हिंदू और हिंदुत्व और सनातन को गालियों के जुमलों में ना फंसकर सिर्फ़ विकसित भारत देखना चाहता है।

बादलों के बरसने की चाहत

पिछले कुछ दिनों से सुबह पूर्व आकाश पर हल्के बादलों का जमावड़ा बना रहता था। मंगल और शनि पूर्वी क्षितिज पर बहुत कम कांतिमान से दर्शन दे रहे हैं। आज बहुत प्रयास के बाद इनकी पहचान कर सका हूं। इनकी स्थिति चालीस अंश ऊपर है लेकिन यह सूर्योदय के समय की स्थिति है। आकाश में धूल और धुंध के कारण पांच बजे के बाद तो स्वाति जैसे चमकदार तारे भी धुंधलेपन से प्रभावित हो जा रहे हैं। चार दिन पहले से अपराह्न हल्के बादलों से भवाली भीमताल के आसमान में हल्के-फुल्के बादल छा रहे थे कल से उनके भी दर्शन नहीं हो रहे हैं। जिन बादलों से आशा की जा रही थी वो कश्मीर की कली की नायिका की तरह रूठ कर चल दिए हालांकि जिस तरह नायिका हमेशा रूठी नहीं रह सकती उसी तरह बादल हैं कभी तो बरसेंगे ही। भवाली न सही कहीं तो बरसना ही है चाहे नेपाल जाकर बरस लें। लेकिन मित्रो जल स्रोतों में निस्सरण कम होता जा रहा है और छोटी क्यारियों में उग आई चौलाई, ऊगल, बीन और मूली को अब रोज पानी की दरकार हो गई है। इसलिए बादलों से बरसने की चाहत बढ़ती जा रही है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

यह उसी तरह है जैसे अठ्ठाईस साल की उम्र को छूते ही मुझे शादी की दरकार हो गई थी और विलंब से होने वाली बारिश और शादी की परिणति दोनों ही आंधी तूफान से शुरू होती है। अब सूर्य मेष राशि में प्रवेश कर गए हैं और जो बारिश होगी वो ओलों और आंधी-तूफान के साथ ही आनी है। फलदार पेड़ों पर जो थोड़े फल दिखाई दे रहे हैं वे समय असमय काल कवलित हो जाएंगे।

दर्जनों ग्राम प्रधानों ने बैठक कर भाजपा प्रत्याशी को समर्थन का किया एलान

संतकबीरनगर: युवा भाजपा नेता और लीलावती हॉस्पिटल चंद्रौटी के प्रबन्ध निदेशक बुद्धिसागर पाण्डेय के प्रयासों से धनघटा क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधानों ने बैठक कर भाजपा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद को समर्थन देने की घोषणा किया। भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने वाले ग्राम प्रधानों में संचित गुप्ता, जितेंद्र कुमार, सर्वेश सिंह, रवि उपाध्याय, अरुंण तिवारी, श्यामसुंदर चौधरी, ओमप्रकाश यादव, स्वाती देवी, संतोष कुमार, दिलीप राय, अलीमुल कदर, राधेश्याम निषाद, सुबास तिवारी, अमरजीत यादव, महेंद्र यादव, जहीरुद्दीन, हरिकेश चतुर्वेदी, महेश यादव, देवेन्द्र सिंह, दुर्गेश तिवारी, सिद्धनाथ पाण्डेय, कृष्ण बहादुर पाल समेत दर्जनों ग्राम प्रधान शामिल रहे।

संतकबीर नगर में देवी मंदिरों में रही भीड़

संतकबीरनगर

अमृत विचार: जिले में चैत्र नवरात्र में नवमी के दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने जिले के सभी देवी मंदिरों में पहुंचकर विधि विधान से हवन-पूजन कर मां भगवती की पूजा अर्चना की। घरों व मंदिरों में मंत्रोच्चारण से समूचा वातावरण गुंजायमान हो गया। हवन-पूजन, घंटा व शंखनाद से माहौल भक्तिमय बना रहा। हवन के दौरान श्रद्धालुओं ने आरती व कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराकर दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया।

खलीलाबाद शहर स्थित समय माता मंदिर समेत शहर के बरदहिया बाजार स्थित दुर्गा मंदिर, रामजानकी मंदिर, हरिनारायण मंदिर, मडया मां पाटेश्वरी मंदिर, काली मंदिर, वन देवी मंदिर आदि स्थानों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्री समय माता मंदिर परिसर में हवन कुंड के पास व्रत का अनुष्ठान पूर्ण करने के लिए श्रद्धालु का भारी भीड़ देखने को मिली। यहां पर आचार्यों ने शास्त्रीय और वैदिक मंत्रोच्चारण से शतचंडी पूजन हवन कराया। मेंहदावल के कुबेर नाथ बाराखाल, नगरवाली माता मंदिर, हैंसर बाजार के कोचरी के देवी स्थान समेत क्षेत्रों के अन्य देवी मंदिरों पर प्रातःकाल से नवमी के पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे।

सामूहिक हवन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक हवन

संतकबीरनगर, अमृत विचार : लोगों ने नौ दिनों तक व्रत रखने के बाद पूजा के बाद सामूहिक व ब्यक्तिगत हवन कर अनुष्ठान पूरा किया। लक्ष्मीनारायण मंदिर पर नौ दिनों तक चलने वाले रामचरित मानस के नवाह्न पारायण पाठ के बाद हवन किया गया। बरदहिया स्थित मां दुर्गा मंदिर पर अक्षत, चंदन, पुष्प चढ़ाते हुए लोगों ने पूजा पाठ किया, जबकि मंदिर के बाहर दर्जनों की संख्या में एक साथ बैठकर श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हवन कराया। आचार्य रमेश चंद्र दूबे ने पीठ पर स्थित यज्ञशाला में श्रद्धालुओं को बताया कि यज्ञ में आहुति डालने से जो धुंआ उठता है उससे वायुमंडल शुद्ध होता है। इससे स्पर्श होते हुए वायुमंडल में फैले कीटाणु नष्ट हो जाते हैं।

मेंहदावल में प्रभु श्री राम का मनाया गया जन्मोत्सव

श्रीराम जन्मोत्सव मनाते भाजपाई। अमृत विचार

मेंहदावल, संतकबीरनगर

अमृत विचार: मेहदावल के रोडवेज परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव धूमधाम संग मनाया। कार्यकर्ताओं ने भगवान श्री राम की पूजा अर्चना की तथा भजन कीर्तन कर प्रसाद का वितरण किया । इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री अरुण सिंह , शेष प्रताप सिंह , आशुतोष राय , अजय पांडे , धर्मेंद्र सिंह , रविंद्र बहादुर सिंह , पूरन सिंह, विनोद सिंह एवं एक दर्जन भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थित रहे।

दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर: जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले में फरार अभियुक्त राकेश मौर्या पुत्र रामप्यारे मौर्या निवासी ऊँचागांव थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ़ को खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। सीओ ब्रजेश सिंह ने बताया कि उक्त अभियुक्त वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था और दुष्कर्म की घटना कारित किया था। जिसके संबंध में वादी ने कोतवाली खलीलाबाद पर अभियोग पंजीकृत कराया था।

एडीजी ने पुलिस अधीक्षक के साथ कबीर चौरा के किए दर्शन

यहां आने पर मिली आत्मीय शांति, कबीर के विचार हर युग में प्रासंगिक

कबीर दास की समाधि पर मत्था टेकते एडीजी जोन के एस प्रताप कुमार। अमृत विचार

मगहर, संतकबीरनगर

अमृत विचार : एडीजी जोन गोरखपुर के एस प्रताप ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के साथ सद्गुरु कबीर की निर्वाण स्थली मगहर के कबीर चौरा परिसर पहुंचकर कबीर की समाधि व मजार का दर्शन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर सन्त पुजारी दास ने स्वागत किया और साथ ही कबीर के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया।

एडीजी जोन ने कहा कि कबीर की धरती पर आने मात्र से ही आत्मिक सुख की अनुभूति होने लगती है। उन्होंने कहा कि कबीर दास के विचार और उपदेश हर युग में प्रासंगिक रहकर मानवता को राह दिखाते रहेंगे।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, चौकी इंचार्ज राजीव सिंह, मोतवल्ली खादिम हुसैन, सन्त विनोद दास, सन्त वैद्य रामसरन दास, सभासद अवधेश सिंह, सभासद मेहदी हसन, विजय प्रताप त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

ट्रैक्टर -ट्रॉली से भिड़े बाइक सवार युवक की मौत

घटना का जायजा लेते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार: पयागपुर हुजूरपुर मार्ग पर बुधवार को बाइक सवार ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ गए। हादसे में युवक की मौत हो गई। जबकि ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पयागपुर थाना क्षेत्र के पयागपुर हुजूरपुर मार्ग पर बुधवार को बागेश्वर नाथ चौराहा के पास बाइक सवार दो युवक गाड़ी सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली में जा भिड़े। जिसमे बाइक सवार अली रजा (19) पुत्र फारुख अली व फारुख अली (50) पुत्र वसीर अहमद निवासी ग्राम चैनापुर थाना कौड़िया जनपद गोंडा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें लोगों ने तत्काल सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा अली अहमद को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल फारुख अली को जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

खतरनाक हो गई है संपर्क मार्ग की क्षतिग्रस्त पुलिया

टूट कर बदहाल हुई पुलिया। अमृत विचार

मेंहदावल, संतकबीरनगर

अमृत विचार: संपर्क मार्ग की क्षतिग्रस्त पुलिया राहगीरों के लिए जान का खतरा बनी हुई है ऐसे में राहगीरों को डर-डर कर पुलिया से निकलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

विकास खंड क्षेत्र में बीएमसीटी -भड़ारे- पेड़ारी कला संपर्क मार्ग पर पुलिया क्षतिग्रस्त मार्ग पर भड़ारे गांव के निकट संपर्क मार्ग पर पुलिया को बने लगभग दो दशक से अधिक का समय बीत चुका है। कछार क्षेत्र में आधा दर्जन गांवों को बीएमसीटी मार्ग से जोड़ने वाली यह मुख्य मार्ग है। जिसके चलते प्रतिदिन यहां से निजी टैक्सी और सैकड़ों दुपहिया, चार पहिया आदि वाहन गुजरते हैं। लेकिन यह पुलिया काफी पुरानी होने के कारण हादसों को न्यौता दे रही है। पूर्वी कछार क्षेत्र के बड़ी गाड़ी लेकर जाने वाले लोगों को करमैनी जाने के लिए मुहिया पुल पर आकर करीब 10 किमी अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है। अब तब इस पुलिया के कारण पिछले तीन माह में एक दर्जन से अधिक हादसे हो चुके हैं। कई बाइक सवार पुलिया के पास में गिरकर भी घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। सुरेश ,अमित ,अभिनव , कालू , शायमधानी, नाथू , अंजनी आदि का कहना है कि लोनिवि की उदासीनता से दोनों गांव के बीच पुलिया काफी समय से क्षतिग्रस्त है। जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षतिग्रस्त पुलिया को लेकर उन्होंने तहसील, लोनिवि के अधिकारियों समक्ष समस्या रखी लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। पुलिया का निर्माण नहीं हुआ तो वे तहसील पहुंचकर आंदोलन करेंगे।

बेटी के तिलक कार्यक्रम से पूर्व पिता ने खाया जहर, भर्ती

बहराइच, अमृत विचार: जनपद के ललुही गांव निवासी एक ग्रामीण ने मजबूरी में जान देने के लिए जहर खा लिया। गंभीर हालत में उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। ग्रामीण ने यह जानलेवा कदम बेटी के तिलक कार्यक्रम से कुछ दिन पहले उठाया। परिवार के मुताबिक तिलक कार्यक्रम में दहेज देने के लिए कई लोगों से सहयोग मांगा, लेकिन सफलता नहीं मिली। जिस पर उसने आत्महत्या की कोशिश की। खैरीघाट थाने के ललुही पथार के मजरे पथार कलां निवासी 45 वर्षीय दलित सिपाही लाल पुत्र बाबूराम मजदूरी करके परिवार की आजीविका चलाता है। एक बेटी व एक बेटे की शादी कर चुका है। बेटे के एक छह माह का बेटा है। उसके तीन बेटे व चार बेटियां है। दूसरी बेटी की भी उसने नवाबगंज इलाके के एक गांव में शादी तय की है। गुरूवार को तिलक जाना है। जबकि 26 अप्रैल को शादी होनी है। मंगलवार दोपहर में वह बेटी की ननिहाल में शादी का पहला कार्ड देने की रस्म अदायगी को निकला था। ननिहाल महसी इलाके के नकवा गांव में है। वह नकवा गांव नही पहुंचा। मंगलवार शाम वह बंजरिया में रास्ते में सड़क पर पड़ा था। उसके मुंह से फेना व झाग निकल रहे थे। लोगों ने उसे पहचान उसके परिजनों को जानकारी दी। उसे निजी क्लीनिक ले जाया गया। बुधवार सुबह हालत काफी बिगड़ने पर उसे मेडिकल कालेज लाए जाने पर उसे तत्काल भर्ती कर उसका इलाज शुरू कर दिया। हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

ससुराल के लोगों ने नहीं मांगा दहेज, लेकिन कुछ देना है जरूरी

जिला अस्पताल में भर्ती सिपाही लाल की पत्नी राधा देवी ने बताया कि बेटी की ससुराल के लोग अच्छे हैं। कोई मांग नहीं की है। लेकिन बेटी की शादी में कुछ दहेज मिल जाए, इसके लिए पति ने सभी से सहयोग मांगा। जब किसी के द्वारा सहयोग नहीं मिला तो उन्होंने निराश होकर आत्महत्या के लिए कदम उठा लिया।

सजीव झांकियों का मंचन देख भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। नवरात्र के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मंदिर केसरीगंज पर जय माता दी युवा जागरण समिति के तथावधान में चल रहे श्री मद भागवत ज्ञानयज्ञ की पूर्णाहुति श्रद्धापूर्वक की गई। इस मौके पर आयोजित कन्याभोज में भारी संख्या में कन्याओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि बेला में वृंदावन धामसे आए कलाकारों ने रासलीला में राधाकृष्ण की सजीव झांकियों का मंचन किया जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूबते उतराते रहे। रासलीला में कलाकारों ने कंस वध का मंचन किया जिसमें उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि जब-जब होई धर्म की हानी, बाढ़हि असुर अधम अभिमानी, तब तब घर प्रभु विविध शरीरा हरहि दयानिधि सज्जन पीरा, अर्थात पृथ्वी पर जब-जब अत्याचार अनाचार बढ़ता है तब तब भगवान अत्याचार अनाचार और पाप को नष्ट करने के लिए अवतार लेते हैं, अत्याचारी राजा कंस के आतंक से भी जब पृथ्वी कराह रही थी, तब भगवान श्री कृष्ण ने अवतार लेकर कंस का वध कर पृथ्वी को कंस के आतंक से मुक्त किया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु रासलीला का मंचन देखने के लिए उपस्थित थे।

आईपीएल के 3 सट्टेबाजों को एसओजी ने दबोचा

महोली, अमृत विचार। आईपीएल क्रिकेट में हर मैच के हर शॉट और बॉल पर ऑनलाइन लाखों के वारे-न्यारे करने वाले तीन सट्टेबाजों को एसओजी ने दबोचा है। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और बीस हजार रुपए की नगदी बरामद करते हुए केस दर्ज किया है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के महोली कस्बे से जुड़ा है। मंगलवार की देर शाम एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) टीम के प्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह साइबर सेल की टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। उनका दावा है कि इस दौरान उन्होंने आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए तीन लोगों को नवीन फल व गल्ला मंडी से गिरफ्तार किया। मौके से उनके कब्जे से बीस हजार रुपए की नगदी और तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। अभियुक्तों के खातों में सट्टे हेतु प्रयोगार्थ करीब दो लाख पचास हजार रुपए भी सीज कराए गए। सट्टेबाजी करने वाले तीनों युवकों की पहचान हर्षित गुप्ता पुत्र अनूप गुप्ता निवासी सोनारन टोला, मान सिंह पुत्र विश्राम सिंह निवासी बड़ागांव रोड और अजीत बाजपेयी पुत्र विजय शंकर बाजपेई निवासी शुक्लन टोला, नगर पंचायत महोली के रूप में हुई। इनके द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उनके द्वारा अपने मोबाइलों पर कई ऐप के माध्यम से आईडी पासवर्ड बनाकर आईपीएल में सट्टा लगाकर हार जीत की बाजी लगाई और लगवाई जाती है। लिंक पर आइडी पासवर्ड बनाते हुए उस आइडी का प्रयोग कर अन्य क्लाइंट की आइडी बनाई जाती है। जिसका रिचार्ज कर आइडी में कॉइन ऐड करके आइडी बनाने पर मैच व सेशन में कॉइन लगाए जाते हैं। जीतने पर कॉइन के बदले पैसा भेजा जाता है। कार्रवाई के संबंध में शहर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों को निजी मुचलके पर छोड़ा गया है।

केस दर्ज

- मौके से तीन मोबाइल, 20 हजार रुपये बरामद

वर्ग पहेली-43

बाएं से दाएं

3. इबादत करने की जगह, इबादतगाह, मस्जिद-मंदिर आदि।
5. 1. लिखे हुए अक्षर, लिखाई, लिखावट 2. लिखी हुई बात, किसी विषय या मुद्दे पर गद्य में लिखित विचार आदि 3. निबंध, मज़मून।
6. 1. वर्णन 2. कथन।
7. 1. स्त्रियों द्वारा पैर में पहना जाने वाला एक प्रकार का घुंघरू वाला ज़ेवर, पाज़ेब, नूपुर 2. बांस की सीढ़ी।
9. प्रेस या छापेख़ाने में कंपोज़ की गई सामग्री रखने के लिए निर्मित धातु की एक लंबी आयताकार तश्तरी।
10. स्वर्ग का कुंड या हौज़।

ऊपर से नीचे

1. 1. विनिमय; अदला-बदली 2. हेर-फेर 3. परिवर्तन।
2. 1. एक रूप से दूसरे रूप में आना, परिवर्तन 2. आवागमन।
4. 1. घोड़े का खड़े खड़े पैर पटकते जाना, ज़मीन खूंदना 2. लांघना, छलांगना, कूदना 3. किसी कार्य या सेवा का प्रतिफल न मिलना, विवश होकर देखते रह जाना। (मु.) टापते रह जाना : वंचित रह जाना।
6. 1. घर, मकान 2. अंतरिक्ष, आकाश 3. (रामायण) एक वानर का नाम जो रामचंद्र की सेना का एक सेनापति था 4. (महाभारत) एक राजर्षि का नाम जिनकी कथा द्रोण पर्व में है 5. एक असुर का नाम 6. गया नामक तीर्थ।
7. 1. एक प्राचीन भाषा पालि
8. 1. घुमाव, चक्कर 2. परिवर्तन, बदलना 3. क्रम, सिलसिला 4. चालाकी से भरी हुई, चाल या युक्ति 5. धोखे में रखना 6. घाटा सहना, नुकसान 7. दिशा, ओर 8. उलझन, झंझट



वर्ग पहेली -42 का हल

1 यू	थ	■	■	2 इ	■	■
■	■	3 प	र	का	र	■
4 ढी	■	■	■	रां	■	5 दु
6 ठ	कु	7 रा	ई	त	■	नि
■	■	ज	■	■	■	या
8 ख़	री	दा	री	■	■	दा
■	■	न	■	9 ह	ज़ा	री

सुडोकू-122

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9	4			5				
	1				9			
		5						9
				6	4			
	8						2	
2			3	1		6		
5				4			9	
			7				1	
	6			9	2		8	4

सुडोकू -121 का हल

1	3	8	7	2	5	4	6	9
5	6	7	1	4	9	3	8	2
2	9	4	8	3	6	7	1	5
6	2	5	4	7	8	9	3	1
7	1	9	5	6	3	8	2	4
4	8	3	9	1	2	5	7	6
8	7	1	2	9	4	6	5	3
3	4	2	6	5	7	1	9	8
9	5	6	3	8	1	2	4	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 17 .31 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 07 .57 तक तत्पश्चात मघा।

मेष: आज मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ होगा। अटके हुए कार्यों में तेजी आयेगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ रहेगा। नए काम की शुरुआत करने का विचार बनायेंगे। सन्तान की सफलता से उत्साहित रहेंगे।

वृष: आज मानसिक तनाव का असर आपके काम और पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए संसाधन जुटाने में कठिनाई होगी। प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। घर के छोटे-छोटे काम को आज प्राथमिकता देंगे।

मिथुन: आज वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बौद्धिक कार्यों में आप काफी ध्यान देंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। करियर में आप बड़ा बदलाव कर सकते हैं। बहुमूल्य वस्तुओं की ख़रीदारी कर सकते हैं।

कर्क: आज करियर को लेकर नई दिशा प्राप्त हो सकती हैं। जीवनसाथी से परामर्श लेना लाभकारी होगा। वैचारिक मतभेदों को अपने व्यक्तिगत संबंधों पर हावी न होने दें। जो काम आप काफी दिनों से टाल रहे थे, वो आपको आज करना पड़ सकता है।

सिंह: आज व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। कला जगत से जुड़े लोगों की उन्नति होगी। मित्रों से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ेगी। अनावश्यक धन के अपव्यय पर नियन्त्रण करने में सफलता मिलेगी।

कन्या: आज का दिन सामान्य फलदायी रहेगा। दैनिक कार्यों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। आसपास के लोगों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें। कब्ज और गैस की समस्या बढ़ेगी। परिजनों के साथ बैठकर गम्भीर मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

तुला: आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। शारीरिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। पुराने रोगों की बाधा समाप्त होगी। पूजा-पाठ और सत्संग में आप भाग लेंगे। अपनी जीवनशैली को आप काफी ऐश्वर्यशाली कर सकते हैं।

वृश्चिक: आज घर में बुजुर्ग आपके विचारों से सहमत रहेंगे। विपरीत लिङ्ग के जातकों के प्रति आप आकर्षित रहेंगे। लोगों से आपकी जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। अपनी कार्यशैली में सुधार ला सकते हैं। अपने मित्रों से सलाह अवश्य लें।

धनु: आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी की अहमियत को समझें। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कर्ज और उधार चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। लोगों की अपेक्षाओं पर आप खरे उतरेंगे। अपने विचारों को लेकर स्वयं ही भ्रमित हो सकते हैं।

मकर: आज आपकी परिस्थितियां काफी कमजोर रहने वाली हैं। पेट के विकार परेशान कर सकते हैं। ईर्ष्यालु लोग आपके विषय में गलत बातें फैलायेंगे। आय में कमी होने से आत्मविश्वास में कुछ कमी हो सकती है। आपका स्वभाव थोड़ा अड़ियल भरा हो सकता है।

कुंभ: आज आप काफी आध्यात्मिक प्रभाव में हो सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति बहुत ही अच्छा रहेगा। अपनी सफलता का भरपूर आनंद उठायेंगे। मित्र आपकी हर कार्य में सहायता देंगे।

मीन: आज आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों की परेशानियां दूर होंगी। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बनेगी। वैवाहिक जीवन में सामन्जस्य का कुछ अभाव हो सकता है। अपनी प्रशन्सा स्वयं करने से बचें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तेरी कसम — सुबह : 10 .41
- ताल — रात : 09 .25

&pictures
- 12th फेल — सुबह : 09 .01
- द लेडी किलर — रात : 09 .03

SONY PIX
- लाइट आउट — सुबह : 09 .33
- स्पाइडर मैन 2 — रात : 08 .38

ZEE CINEMA
- वो सात दिन — सुबह : 11 .30
- राधे श्याम — रात : 08 .45

colors CINEPLEX
- मीरा — सुबह : 11 .23
- आवारा पागल दीवाना — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .45 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीचर- चिंटू से परेशान थे,
टीचर- चिंटू अपने बैग से सारी किताबें निकालो...
चिंटू- निकाल लीं सर! टीचर-ये वाली किताब किसकी है?
चिंटू-कागज की है सर, टीचर- ये तो मुझे भी पता है कागज की है।
चिंटू- तो फिर क्यों पूछ रहे हैं?
टीचर बेहोश है...

चिंटू : तुम्हें पता है तुम मोबाइल से पैसे कमा सकते हो!
मिंटू : अरे वाह! जल्दी बताओ कैसे?
चिंटू : मोबाइल बेचकर।
चिंटू की बात सुनकर मिंटू सन्न रह गया...

एक नजर

युवती को पीटा, केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के कटघर मुतुरवाही गांव की रविशंकर की पुत्री आराधना (20) को मंगलवार की शाम रंजिश बस लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया गया। पीड़िता के पिता रविशंकर की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही बिजली, अजीत एवम तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

मारपीट में मुकदमा दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के बीरी हाजीपुर गांव में किसी बात को लेकर मंगलवार की रात दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को लात घुसो से मार कर दांत से काट लिया। जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित दीपांशु सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दीपक सिंह के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

सुलतानपुर, अमृत विचार : बुधवार को कोतवाली देहात पुलिस ने फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। कोतवाली देहात प्रभारी सत्येंद्र कुमार सिंह हमराहियों के साथ क्षेत्र में तभी सूचना मिली कि दुष्कर्म का नामित महानपुर के पास खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। कोतवाल ने बताया कि दुष्कर्म में वांछित रूपेश कुमार निवासी मिश्रपुर पुरैना को न्यायालय भेजा गया था जहां से जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

गैंगस्टर में वांछित असलहे के साथ गिरफ्तार

सुलतानपुर, अमृत विचार : बुधवार को बंधुआकला थाने की पुलिस को सूचना मिली गैंगस्टर में वांछित अरबाज खान निवासी बुकुनपुर खोखीपुर मोड़ पर खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध असलहा दो जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने उस पर आर्म्स एक्ट में केस दर्ज कर कोर्ट भेज दिया।

आग ने मचाई तबाही, लाखों का नुकसान

कई थाना क्षेत्रों में आग लगने से 150 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जली, हलकान रहा फायर महकमा

संवाददाता, सुलतानपुर

जयसिंहपुर में थाना क्षेत्र में आग से जल रही गेहूं की फसल। अमृत विचार

गोसाईगंज में आवासीय छप्पर में आग बुझाने पहुंची फायर बिग्रेड टीम। अमृत विचार

अमृत विचारः बुधवार का दिन किसानों के लिए तबाही लेकर आया। आधा दर्जन थाना क्षेत्रों में आग लगने से 150 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वही कुछ लोगो की गृहस्थी आग की भेट चढ़ गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां दिन भर दौड़ती रही।

बुधवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे अखंडनगर थाना क्षेत्र में गेहूं के खेत में आग लग गई। ग्रामीण आग पर काबू पाने में लगे रहे। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक करीब 10 बीघे गेहूं जलकर राख हो चुका था। 11 बजे लम्भुआ थाना क्षेत्र के सेमरी राजापुर गांव में गेंहू के खेत में आग लग गई। फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों की कड़ी मेहनत से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक आठ बीघे गेहूं की फसल राख हो चुकी थी। फायर ब्रिगेड की टीम अभी वहां से निकली नहीं थी कि इसी थाना क्षेत्र के कैलाश मैरिज लान के बगल गेंहू के खेत में आग लग गई। ग्रामीण आग पर काबू पाने में कामयाब नहीं रहे। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने जब तक आग बुझाने में सफल हुए तब तक करीब 40 बीघे गेहूं की फसल राख हो चुकी थी।

क़रीब साढ़े 11 बजे कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के बरुवारीपुर में जंगल में आग लग गई। तेज हवा के चलते आग विकराल रूप धारण करते हुए एक घर को चपेट मे ले लिया। ग्रामीण व फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाते तब तक दो घरों की गृहस्थी राख हो चुकी थी। क़रीब 12 बजे लंभुआ थाना क्षेत्र के मठा गांव में गेहूं की फसल में आग लग गई। ग्रामीण व फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई तब तक आठ बीघे गेहूं की फसल राख हो चुकी थी। अभी फायर ब्रिगेड गांव से हटी नहीं थीं तभी तिरने गांव में आग लग गई। आग पर जब तक काबू पाया जाता है तब तक काफी नुकसान आग ने कर दिया था। साढ़े 12 बजे दोस्तपुर थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव में आग लग गई। ग्रामीण आग बुझाने में लगे रहे, लेकिन सफल नहीं हुए। वही सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई तब तक करीब 20 बीघे गेहूं आग की भेट चढ़ चुका था। इसी बीच अखण्डनगर थाना क्षेत्र के हरदवा गांव में आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक आठ बीघे गेहूं आग की भेट चढ़ चुका था। इसी बीच जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र बसायकपुर गांव में बुधवार दोपहर बारह बजे अज्ञात कारणों से जगतपुर निवासी राम शिरोमणि तिवारी के गेहूं की फसल में आग लग गई। हवा तेज होने के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया। अग्निकांड में दो दर्जन से अधिक किसानों की लगभग 25 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। फायर सर्विस जयसिंहपुर की दो गाड़ियों और बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

दोपहर में ही कूरेभार थाना क्षेत्र के पिपरी साईंनाथपुर मजरे दुबेपुर में गेहूं की फसल में आग लग गई। अज्ञात कारणों से विजयपाल दुबे के खेत मे लगी आग ने राम अछैबर दूबे, शम्भू नाथ दुबे, कमला देवी तथा राम धीरज दुबे की गेहूं की 11 बीघे फसल जलकर राख हो गई। क़रीब तीन बजे गोसाईगंज थाना क्षेत्र में द्वारिकागंज चौकी के अंतर्गत बाबूगंज बाजार मे मोहम्मद मोईन के घर में आग लग गई।सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखा सारा गृहस्थी का सामान राख हो चुका था। इसी बीच कादीपुर कोतवाली क्षेत्र में गेहूं के खेत में आग लग गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई लेकिन क़रीब पांच बीघे गेहूं राख हो चुका था।

शाम क़रीब चार गोसाईगंज थाना क्षेत्र गडौली गांव में गेहूं के खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग खेत मे गांव की तरफ बढ़ने लगी तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीण व फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाते तब तक क़रीब 50 बीघे गेहूं की फसल राख हो चुकी थी। मिली जानकारी के मुताबिक अज्ञात कारणों से केशव सिंह के गेहूं के खेत में आग लग गई। जब तक लोग एकत्रित होते देखते ही देखते आग सतीश सिंह सहित अन्य किसानो की गेहूं की फसलों को आगोश मे ले लिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाती क़रीब 50 बीघे गेहूं की फसल राख हो चुकी थी। सभी नुकसान का आकलन करने में राजस्व की टीम लगी है।

माधवपुर सिवान में 28 बीघा गेहूं की फसल हुई राख

धनपतगंज : थाना क्षेत्र मे जज्जौर के माधवपुर सिवान में अज्ञात कारणों से लगी आग ने मचाया तांडव। 28 बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। मौके पर फायर बिग्रेड नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में रोष दिखा। बुधवार की शाम करीब चार बजे सिवान मे अचानक धुंए के साथ आग की लपटे उठती देख ग्रामीण सहम गये। फायर ब्रिग्रेड को सूचित करते हुये आग बुझाने मे जुट गये। लेकिन ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते, तेज तूफानी हवा के चलते आग का फैलाव बढता गया जिसमे गांव मायंग निवासी सोनू सिंह का 11 बीघा, विजय उपाध्याय निवासी रुपीपुर का 6 बजे बीघा, चक्रसेन का 2 बीघा,भोलानाथ का 3 बीघा, राम मिलन निवासी जज्जौर का 1 बीघा, मोनू सिंह निवासी मायंग का 3 बीघा तथा अन्य कई किसानों का कुल मिलाकर आदि तकरीबन 28 बीघे गेंहू की खड़ी फसल जलकर राख हो गयी। फायर ब्रिग्रेड के समय से न पंहुचने को लेकर ग्रामीणों मे अक्रोश भी रहा। इस मौके पर मौजूद उप निरीक्षक चंद्रमणी ने बताया कि राजस्व महकमे को सूचना दी गयी है। फिलहाल ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है।

66 रोडवेज बसें गईं बाहर यात्रियों के सामने संकट

रोडवेज बस में चढ़ने के लिए हलकान रहे यात्री। अमृत विचार

45 बसें गईं अयोध्या तो 21 लगी हैं चुनाव में, सहालग में परिवहन निगम पर है दबाव

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः परिवहन निगम के पास बसों का अभाव हो गया है। बस की कमी के चलते इस गर्मी में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घंटों इंतजार के बाद बस जैसे ही स्टेशन पर आती है चढ़ने के लिए मारामारी मच जाती है।

तेज धूप के साथ लू आग उगल रही है। वहीं, निगम की बसों ने यात्रियों को और परेशानी में डाल दिया है। सहालग के चलते लोगों को मजबूरी में घर से निकलना पड़ रहा है। बताते चलें कि निगम के पास अनुबंधित बसों को मिलाकर कुल 125 बस है। जिनमें से 45 बसों को क्षेत्रीय प्रबंधक ने राम नवमी के चलते अयोध्या मंगा लिया है। वहीं, परिवहन निगम की चार बसे पहले से ही जिले में आए अर्धसैनिक बलों को लेकर चल रही है। निगम की 12 बसों से होमगार्ड के जवान पहले चरण के लोकसभा चुनाव कराने बिजनौर गए हैं। पांच बसों से पुलिस के जवान भी बिजनौर गए हैं। ऐसे में निगम की 66 बसे बाहर चली गई है। जिनके चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

> राम नवमी और चुनाव ड्यूटी से बची हुई बसों से यात्रियों को उनके गंतव्य स्थल तक भेजा जा रहा है। बसों का फेरा बढ़ाया गया है।
>
> –नागेंद्र पांडेय, एआरएम रोडवेज सुलतानपुर

20 से मिलेगी कुछ राहत

पुलिस व होमगार्ड जवानों को लेकर गई बसें पहले चरण में बिजनौर, दूसरे चरण में गाजियाबाद, तीसरे चरण में फिरोजाबाद व चौथे चरण में 13 मई को इटावा में लोकसभा चुनाव संपन्न कराकर लौटेगी। वहीं अयोध्या गई 45 बसे 20 अप्रैल के बाद वापस डिपो आ जाएगी। तब जाकर यात्रियों को कुछ राहत मिलेगी।

जान जोखिम में डाल डग्गामार से हो रहा सफर

परिवहन निगम में बसों की कमी के चलते डग्गामार वाहनों से लोग अपने गंतव्य स्थान तक जा रहे हैं। बहुत से ऐसे वाहन थे जो कमियों के चलते खड़े हो गए थे, वह भी इस मौसम में सड़क पर आ गए है। सब कुछ जानते हुए भी लोग जान जोखिम में डालकर डग्गामार वाहनों से यात्रा करने को मजबूर हैं।

जमीन के विवाद में 66 लोग पाबंद

- शांति व्यवस्था बनाए रखने को मौके पर पुलिस बल तैनात

कादीपुर, सुलतानपुर

कादीपुर में विवाद के बाद तैनात की गई पुलिस। अमृत विचार

अमृत विचारः कस्बे के सीएचसी के पीछे बंजर भूमि को लेकर दो संप्रदायों के बीच हुए विवाद को देखते हुए मौके पर एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मौके पर पूरी तरह से शांति व्यवस्था कायम है।

पुलिस ने दोनों पक्षों के 66 लोगों के विरुद्ध 107/ 116 के अंतर्गत पाबंद किए जाने के लिए एसडीएम को रिपोर्ट भेज दी है। बताते चलें कि उक्त भूमि को लेकर दोनों संप्रदायों में मंगलवार को विवाद हो गया था। जिसे देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। सीओ विनय गौतम ने बताया कि दोनों पक्षों से 66 लोगों को 107/116 के अंतर्गत पांच लाख रुपए के मुचलके पर पाबंद किए जाने की रिपोर्ट एसडीएम को भेज दी गई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुस्लिम पक्ष से सोहराब अहमद, नौशाद अहमद, मुनव्वर खान, अनवर, नजमा, रुखसाना, शहनाज बानो, फातिमा बानो सहित 44 लोगों एवं हिंदू पक्ष से बृजेश सिंह चौहान, शैलेंद्र उपाध्याय, जया चौहान, रानी चौहान, शिव यादव, सौरभ सहित 22 लोगों के विरुद्ध 107/116 के अंतर्गत पाबंद किए जाने की रिपोर्ट पुलिस ने एसडीएम को प्रेषित कर दी है।

पहली बार आए सपा प्रत्याशी का स्वागत

- सोशल मीडिया पर आदर्श चुनाव संहिता के उल्लंघन की खबरों को प्रशासन ने लिया संज्ञान

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

सपा प्रत्याशी का पांडेय बाबा में किया गया स्वागत। अमृत विचार

अमृत विचारः इंडी गठबंधन प्रत्याशी रामभुआल निषाद सपा से टिकट पाने के बाद बुधवार को पहली बार जिले में पहुंचे। उनका जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। सोशल मीडिया पर प्रसारित बड़ी संख्या में भीड़, साइरन बजाते वाहनों का काफिला की खबर को प्रशासन ने संज्ञान में लिया है। जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की खबरों को संज्ञान में लेते हुए सीडीओ के स्तर से उसकी जांच कराई जा रही है।

बुधवार दोपहर में पहली बार पाण्डेयबाबा बाजार पहुंचे समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी रामभुआल निषाद का पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। यह पूछने पर की भीम निषाद का टिकट कटने से नाराज लोगों को कैसे मनाएंगे तो उन्होंने कहा कि कोई नाराज नहीं है, सभी साथ हैं। आगे उन्होंने कहा कि जनता का सम्मान होगा, उनकी समस्याओं का समाधान होगा। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने दियरा व मोतिगरपुर में भी जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सपा विधानसभा अध्यक्ष विजय बहादुर यादव, गौतम वर्मा, राकेश यादव, भाग्यमती बेगम, शारदा यादव, राम शिरोमणि, विक्की यादव, लाल बहादुर, कल्लू वर्मा, मायाकांत यादव,उत्तम यादव , शिवम यादव सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, अन्य जगहों पर पूर्व विधायक अनूप संडा, जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव समेत अन्य ने भी स्वागत किया।

सार-संक्षेप

25 लाख में लिया मकान, बैंक ने थमाया नोटिस

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : नगर कोतवाली निवासी ने 25 लाख़ में एक मकान खरीद रहने लगा। कुछ महीनों बाद बैक ने मकान पर लोन की नोटिस चस्पा कर दिया। जानकारी करने पर पता चला कि विक्रेता ने बैंक से लोन लेकर मकान बनवाया था। जो बिना भरे बेच दिया था पीड़ित ने स्थानीय पुलिस व एसपी से गुहार लगाई।कार्यवाही न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर विक्रेता के खिलाफ़ धोखाधड़ी साहित अन्य धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के ओम नगर निवासी अशोक कुमार सोनी ने सीजेएम कोर्ट में याचिका दायर की। उसने बताया कि 21 फ़रवरी 23 को दरियापुर निवासी अस्माउलमिद्दे से 25 लाख में एक मकान का बैनामा लिया। साथ ही मकान पर काबिज होकर रहने लगा था। इसी बीच 12 जनवरी 24 की शाम बैंक ऑफ बड़ौदा ने मकान पर लोन की नोटिस चस्पा कर दिया। जिस पर 15लाख से अधिक का बकाया था। विक्रेता अस्माउलमिद्दे से घर मिलने का प्रयास किया तो वह नही मिला। साथ ही उससे फोन पर भी बात नहीं हो पाई। बैंक जाकर पता किया तो पता चला कि घर बनवाने के लिए लोन लिया गया था। पीड़ित का आरोप है कि बैनामे से पहले उपनिबंधक कार्यालय से भार मुक्त प्रमाण पत्र लिया था जिस लोन की कोइ जानकारी नहीं थी। लोन की बात छुपा विक्रेता अस्माउलमिद्दे ने धोखे से घर बेच दिया था। इसकी शिकायत नगर कोतवाली में की कार्यवाही न होने पर पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती पत्र दिया। थकहार कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट के निर्देश पर विक्रेता अस्माउलमिद्दे के खिलाफ धोखाधड़ी व विश्वशघात करने जैसी गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है

डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करतीं मेनका गांधी। अमृत विचार

जातिवाद छोड़ विकास के रास्ते पर चल पड़ा देशः मेनका

सुलतानपुर, अमृत विचार : पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने बुधवार को अपने चुनावी दौरे में गायत्री मन्दिर में जाकर हवन-पूजन किया। उन्होंने कहा प्रभु श्री राम व मां दुर्गा सबका कल्याण करें। श्रीमती गांधी ने बुधवार को गोलाघाट स्थित अपने केंद्रीय चुनाव कार्यालय का भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह,विधायक विनोद सिंह, राज प्रसाद उपाध्याय व लोकसभा प्रभारी दुर्गेश त्रिपाठी व वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में मंत्रोच्चार व फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं की फौज और उनकी ताकत अबकी बार सुलतानपुर में नया इतिहास रचेंगी। उन्होंने कहा देश जातिवाद से निकलकर विकासवाद के रास्ते पर चल पड़ा है।उन्होंने सभी का जातिवाद से ऊपर उठकर विकास के मुद्दे पर वोट करने का आवाह्न किया। श्रीमती गांधी ने रामदासपुर में डां आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

पारिजात धाम की आरती में उमड़े श्रद्धालु

सुलतानपुर, अमृत विचार : जिला उद्योग परिसर में स्थित कल्पवृक्ष पारिजात धाम पर श्री रामनवमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में दीपक जलाकर परिसर को रोशन किया गया। पारिजात जी की महाआरती उतारी गई। प्रसाद वितरण किया गया। श्री राम जी का जन्म उत्सव सभी भक्तों ने धूमधाम से मनाया। कल्पवृक्ष सेवा समिति द्वारा प्रत्येक एकादशी को आरती का आयोजन धाम पर किया जाता है। महा आरती में अंकित श्रीवास्तव, सत्यम चौरसिया, अनिल सिंह,दुर्गेश, गोकूल, पूनम आदि मौजूद रहे।

जय श्रीराम से गूंजा सीताकुंड धाम

सीताकुंड धाम पर मना श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम।

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : विश्व हिंदू महासंघ ने प्रभु श्री राम का प्राकट्योत्सव श्री सीताकुंड धाम पर जिला अध्यक्ष डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह के नेतृत्व में मनाया। मुख्य अतिथि गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन व सभासद रमेश सिंह टिन्नू रहे। अतिथि द्वय ने प्रभु श्री राम के चित्र पर माला अर्पण किया। इसके बाद भजन, कीर्तन, हवन, पूजन किया गया। मदन सिंह ने कहा कि हमारी पीढ़ी बड़ी ही भाग्यशाली है जो आज प्रभु श्री राम के जन्मस्थान पर जन्मोत्सव होते हुए देख पा रही है। अंत में आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यहां राकेश मिश्र, राजेश पाठक, शुभेन्द्र सिंह, सेनजीत कसौधन, देवेन्द्र विक्रम सिंह, तेजस्व पांडेय, अनिल सिंह, सचिन पांडेय महामंत्री, अजय प्रताप सिंह, दिव्यांश, राजेन्द्र शर्मा, सत्यम सिंह और आदित्य अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

दुनिया वाले क्या कहते हैं उसकी भी परवाह नहीं...

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वाधान में रानीपुर कायस्थ गांव में स्थित महाकालेश्वर अवसान माता शनि देव मंदिर के परिसर में अवधूत उग्र चंडेश्वर श्री कपाली महाराज की अध्यक्षता में कवि गोष्ठी में अनेक कवियों का जमावड़ा हुआ।

बृजेश कुमार पांडेय इंदु की सरस्वती वंदना रग रग में नई जवानी माई भर दे... के साथ कवि गोष्ठी का प्रारंभ हुआ। आशु कवि मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने सुनाया मैं जिस मस्ती में डूबा हूं, उसकी कोई थाह नहीं है, दुनिया वाले क्या कहते हैं उसकी भी परवाह नहीं है। डॉ करुणेश प्रकाश भट्ट ने सुनाया स्वार्थ में ढलता रहा है आदमी का हर प्रहर, मिल गया है आदमी के दिल में ये कैसा जहर। डॉ सुशील कुमार पांडेय साहित्येन्दु ने पढ़ा जन-जन को मिलता रहे रोटी वस्त्र मकान, विश्व बंधु बनता रहे प्यारा हिंदुस्तान। कवि सर्वेशकांत वर्मा ने सुनाया चलाते लेखनी कविवर सहज ही खूब लिखते हो, कभी मामा, कभी चंदा को भी महबूब लिखते हो। इंदु सुलतानपुरी ने सुनाया मंच के परपंच मा पछिताए रही कविता, दही दही कहि के विचाय रही कविता। गोष्ठी में नफीसा खातून, पंकज वर्मा, कमल नयनम तिवारी और नागेंद्र ने भी अपनी कविताएं पढ़कर तालियां बटोरी।

कड़ी सुरक्षा में निकाली गई शोभा यात्रा

- पूरा कोइरीपुर शोभायात्रा से राममय नजर आया

चांदा, सुलतानपुर

कोइरीपुर में पुलिस की मौजूदगी में निकाली गई शोभायात्रा। अमृत विचार

अमृत विचारः नगर पंचायत कोइरीपुर में ईद के दिन हुए दो समुदायों के विवाद को लेकर प्रशासन पूरी तरह चौकस रहा। बुधवार को विगत वर्षों की भांति श्री राम जन्मोत्सव के पावन पर्व पर भव्य श्री राम शोभायात्रा निकली। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस व अर्द्धसैनिक बल मुस्तैद रहे।

शोभा यात्रा का शुभारंभ दोपहर बाद वृन्दावनेश्वर हनुमान मन्दिर से शुरू हुई रथ पर सवार भगवान श्री राम के बाल रूप की मूर्ति स्थापित कर पूर्व चेयरमैन सुधीर साहू ने किया। यह शोभा यात्रा वहां से शुरू होकर कस्बा चौक व जालपा मन्दिर होते हए कस्बा भ्रमण के साथ श्री राम जानकी मन्दिर छोटा शिवाला होकर हनुमान नगर के संकट मोचन हनुमान मन्दिर से वापस होकर पुनः उसी स्थान पर आकर समाप्त हुई। भव्य शोभा यात्रा में डीजे बाजे के साथ तासा ढोल बाजा घोड़े आदि शामिल रहे। शोभा यात्रा में जगह-जगह कस्बे वासियों द्वारा नाश्ता व जलपान की व्यवस्था की गई थी। वही जगह-जगह कस्बे के लोगों द्वारा फूल मालाओ से वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया व श्री राम की आरती उतारी। शोभा यात्रा का नेतृत्व मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित राम टहल जी महाराज ने किया।

बाबा मौलेश्वर नाथ मंदिर में स्मृति ईरानी ने की पूजा-अर्चना

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : राम नवमी के अवसर पर केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी हलियापुर के महादेवन मंदिर पहुंची। उन्होंने मंदिर पर माथा टेक और विधि विधान से पूजा अर्चना की। यहां उन्होंने मंदिर के पुजारी से आशीर्वाद भी लिया। बता दें कि अमेठी लोकसभा क्षेत्र के सुलतानपुर जनपद के आंशिक गांव मिझूटी बाबा मौलेश्वरनाथ मंदिर महादेवन बना हुआ है। केंद्रीय मंत्री व अमेठी की लोकसभा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया। पूजा दर्शन के बाद अमेठी लोकसभा क्षेत्र के अन्य कार्यक्रमों के लिए वापस चली गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता हिंदेश सिंह, निर्मल सिंह,कुंवर मुकेश सिंह,जिला पंचायत सदस्य नरेश चंद्र उपाध्याय,कृष्ण कुमार यादव,रवींद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

पत्रकार को मातृ शोक दी गई श्रद्धांजलि

सुलतानपुर, अमृत विचारः जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के गुरेगांव निवासी पत्रकार व अखबार विक्रेता बाबूराम यादव की माता कैलाशी देवी (76) का मंगलवार दोपहर निधन हो गया। वह एक महीने से बीमार चल रही थी।

उनके निधन पर पत्रकार सतीश पांडेय, राकेश तिवारी, अजय पांडेय, संजय सिंह, रोहित पाठक, पवन मिश्रा, अभय राज वर्मा, भूपेश पांडेय, भूपेन्द्र सिंह, अश्वनी सिंह, अजय दुबे, रोहित सिंह, रणजीत वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओपी चौधरी, अखबार विक्रेता सन्तोष प्रजापति सहित गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

आस्था शक्ति पीठों पर कन्या भोज कराकर श्रद्धालुओं ने किया व्रत का पारण

रामनवमी के हवन-पूजन से सुगंधित हुआ वातावरण

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

गायत्री मंदिर परिसर में सामूहिक हवन में आहुतियां डालते लोग। अमृत विचार

अमृत विचारः चैत्र रामनवमी का पावन पर्व बुधवार को हवन-पूजन के बीच मनाया गया। देवी मंदिरों पर रामनवमी के दिन सुबह से ही हवन में आहुतियां दी गईं और प्रसाद बांटा गया। नौ दिन व्रत रखने वालों ने कन्या भोजन करवाया। दोपहर बाद मंदिरों पर राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम हुआ। कई स्थानों पर शाम को भंडारा व प्रसाद वितरण किया जाएगा।

सुपर मार्केट स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ, कुड़वार नाका स्थित गायत्री मंदिर, नयना माता मंदिर रूद्रनगर, शाहगंज स्थित प्राचीन मां काली मंदिर समेत सभी देवी मंदिरों पर सुबह से सामूहिक हवन का कार्यक्रम हुआ। मंदिरों पर कन्याओं को भोजन कराकर प्रसाद बांटा गया। दोपहर बाद राम जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। वहीं, लोहरामऊ के देवी मंदिर पर सुबह से लेकर शाम तक विविध आयोजन हुए। यहां दिन भर हवन हुआ। श्रद्धालुओं ने दान देकर पुण्य अर्जित किया।

संपूर्ण विश्व में व्याप्त है रामः प्रो. तिवारी

कादीपुर, सुलतानपुर : संत तुलसीदास पीजी कॉलेज में रामनवमी महोत्सव के अवसर पर कर्मयोगी पंडित राम किशोर त्रिपाठी की 100वीं जयंती उल्लास पूर्वक मनायी गई। इस अवसर पर आयोजित श्री राम और राम कथा की भारतीय संस्कृति में व्याप्ति विषयक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो राम जी तिवारी, पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग मुंबई विश्वविद्यालय ने कहा कि राम सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त हैं। वह एक देशीय नहीं, एक धर्मीय नहीं अपितु वह सब में रमने वाला है। भारतीय संस्कृति में राम नाम बहुतों का उद्धार करता रहा है। राम के उद्दात्त गुणों को अपनाकर ही हम आदर्श समाज की स्थापना कर सकते हैं। कर्मयोगी पंडित जी ऐसे ही सत्पुरुष थे, जिनका सुयश चतुर्दिक फैला हुआ है। विशिष्ट अतिथि डॉ ओंकार नाथ द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग, संत तुलसीदास पी .जी . कॉलेज ने कहा कि राम जैसा व्यक्तित्व पूरे विश्व में कहीं नहीं है। वे भारतीय संस्कृति के प्रतीक पुरुष हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रबंध समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय ने किया। महाविद्यालय के प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी, प्राचार्य प्रो रामनयन सिंह, डॉ सुशील कुमार पांडेय, प्रतीक कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

एक नजर

नोनहवां गांव में दीनी जलसा 20 अप्रैल को, तैयारी पूरी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। बर्डपुर ब्लॉक के नोनहवां गांव में 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले दीनी जलसे के लिए बुधवार को इंतज़ामिया कमेटी की एक बैठक जामा मस्जिद नोनहवां में आयोजित की गई। जलसे में तहफ़्फ़ुज ए नामूस कांफ्रेंस में किछौछा शरीफ़ से पीर ए तरीक़त हज़रत मौलाना सैय्यद अजमल हुसैन, मकराना राजस्थान से मुफ़्ती मोहम्मद शम्सुद्दीन, मध्यप्रदेश से मुफ़्ती बख़्तियार अली साहब और बराँव शरीफ़ से मौलाना इश्तियाक़ अहमद क़ादरी, मौलाना निज़ामुद्दीन, क़ारी मुजीबुल्लाह फ़ैज़ी, शायर ए इस्लाम ज़िया यज़दानी, सहित नामवर उलेमा ए कराम अपनी इस्लामी और इस्लाही तकरीरें पेश करेंगे।

त्याग व दृढ़ इच्छाशक्ति का भाव जगाता है नवरात्र

गोरखपुर अमृत विचार। लोक निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त अभियंता ई. आर के श्रीवास्तव ने चितबड़ागांव स्थित वासुदेवा माता मंदिर में पूरे नौ दिवसों तक बड़े ही धूमधाम मानते हैं। श्री श्रीवास्तव की धर्मपत्नी व उनके पुत्रों ने कहा कि गरीबों में फलाहार, कन्या भोज व पूजन कार्यक्रम के जरिए हमारी भावनात्मक एकता को बल मिलता है। नवरात्र का पर्व व्यक्ति में त्याग व दृढ़ इच्छाशक्ति और ईष्वरीय सत्ता के प्रति आस्था का भाव जगाता है। इस अवसर इंजीनियर आरके श्रीवास्तव परिवार के लोग सहित स्थानीय गांव व स्थानीय क्षेत्र के हर वर्ग, हर तबके, हर धर्म के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

खड़ी ट्रक में लगी आग

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर खड़ी ट्रक में लगी आग का वीडियो वायरल हुआ है। तहसील शोहरतगढ़ के एनएच 730 के सिसवा चौराहे पर खड़ी ट्रक में आग लग गयीं, जिससे आग की लपटों से एक-एक कर ट्रक के दो टायर दग गये। ट्रक में आग पास में गेहूं के खेत में आगलगी की घटना से लगी और पूरी ट्रक जल गई।

मुख्यमंत्री योगी ने राम नवमी पर किया कन्या पूजन

गोरखपुर, अमृत विचार। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर बुधवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। नवमी तिथि के अनुष्ठान की कड़ी में गोरखनाथ मंदिर के नव भोजनालय में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि के अनुष्ठान में सीएम योगी एवं गोरक्षपीठाधीश्वर ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत आदि का तिलक लगाया। चुनरी ओढ़ाकर एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभी कुंवारी कन्याओं व बटुकों की श्रद्धाभाव से आरती भी उतारी। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। मुख्यमंत्री यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी कन्या या बटुक की थाली में भोजन प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे। पूजन के दौरान गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, द्वारिका तिवारी, वीरेंद्र सिंह, दुर्गेश बजाज, विनय गौतम आदि उपस्थित रहे।

नवरात्र के आखिरी दिन देवी मंदिरों में रही भक्तों की भीड़

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। बासंतिक नवरात्र का समापन आज व्रत धारी ने हवन यज्ञ करके व्रत को तोड़ा। देवी मंदिरों पर हवन करने का तांता लगा रहा। सुबह से शक्तिपीठों पर पहुंचकर हवन के बाद अपने व्रत का समापन किया जो प्रथम दिन और अंतिम दिन थे। आज हवन के बाद अपना पारण भी किया। जिन लोगों ने नौ दिन तक व्रत को रखा था वह बृहस्पतिवार को व्रत का समापन करेंगे। जनपद के सिंहेश्वरी मां के स्थान पर तथा समय माता के स्थान पर पलटा देवी मां के स्थान पर एवं अन्य देवी मंदिरों पर देवी भक्तों ने नवरात्र का हवन यज्ञ पूजन करके समापन करते हुए अपनी मन्नत मांगी। बुधवार के दिन रामनवमी होने के कारण राम भक्तों ने धूमधाम से रामनवमी झांकियां निकालकर रामनवमी मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जगह-जगह मेले का आयोजन भी किया गया और साथ ही कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन का भी कार्यक्रम किया। गया प्रभु श्री राम की झांकियां भी निकल गई जो देखने लायक थी।

दर्जनों बीघा गेहूं की फसल व कई झोपड़ियां जलीं

गेहूं की डंठल से उठी आग की चपेट में आई खेत में खड़ी फसल, दमकल कर्मियों ने पाया काबू

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। चिल्हियां थाना क्षेत्र के सीतारामपुर के सिवान में अज्ञात कारणों से गेहूं की डंठल में आग लग गयी। आग धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर गेंहू खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया और आग बनकटवा उत्तरी गांव के करीब भी पहुंच गया। जिससे 25 किसानों के 70 बीघा गेहूं की फसल व भूसा रखने वाले झोपड़ी जल कर नष्ट हो गये। ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को सूचना देकर आग बुझाने में जुट गये। ग्रामीण घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने के लिए प्रयास करते रहें। उसके बाद देर से दमकल गाड़ी पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया गया।

क्षेत्र के सीतारामपुर गांव के सिवान में बुधवार दोपहर में अज्ञात कारणों से गेहूं के डंठल में आग लग गयीं। आग धीरे-धीरे अपना विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे देखकर आसपास के ग्रामीणों के हाथ पैर फूल गयें। आग पछुवां हवा से तेजी से फैलने लगा और जाकर गेहूं की खड़ी फसल को चपेट में ले लिया। आग से गेहूं के फसल जलने लगे तो लोगों अपने घरों से निकलकर बुझाने जुट गयें। आग इतनी भयानक रूप धारण कर लिया। जिसे देखकर ग्रामीण रोंगटे खड़े हो गयें। आग बनकटवा उत्तरी गांव तक पहुंच गया। आग जब गांव में पहुंची तो ग्रामीणों अफरा-तफरी मच गयीं। लोग अपने घर के समान निकालने लगे। वही मौके पर पहुंचे चिल्हियां एसओ अपनी पुलिस फोर्स के साथ आग को बुझाने जुट गयें। इसी इसी बीच दो अग्निशमन की गाड़ी पहुंच गयीं। क्षेत्र के ग्रामीण, पुलिस और अग्निशमन लगभग तीन घँटे तक मशक्कत किया, तब जाकर आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक 25 किसानों के 70 बीघा गेंहू और बनकटवा उत्तरी गांव लोगो के भूसा रखने की झोपड़ी सहित लोगों के लकड़ी आदि समान जलकर राख हो गयें। गेहूं का फसल जला हुआ देखकर किसान के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। वहीं मौके पर हल्का लेखपाल प्रशान्त कुमार पहुंचकर हुए नुकसान का आकलन किया। कहा कि सर्वे कर इसकी रिपोर्ट तहसील स्तर से शासन को भेजी जायेगी। उसके बाद सभी पीड़ितों को मुआवजा दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में एसडीएम कर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आग लगने से किसानों के हुए नुकसान का सर्वे हल्का लेखपाल करवाकर मुआवजा दिया जायेगा।

रामनवमी के कार्क्रम में मुस्लिमों ने भी लिया हिस्सा, बांटा प्रसाद

गोरखपुर, अमृत विचार। हिंदू मुस्लिम एकता का शानदार उदाहरण पेश करते हुवे उप नगर गोला में संचालित चंद्राश फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित रामनवमी के राम जन्मोत्सव में मुस्लिम भाईयों ने शिरकत कर दिल जीत लिया। कार्यक्रम में समीम अहमद, गुलाम एजाज, अरमान और वैस बरकाती के डोनेशन के मदद से बच्चों में फल बांटा गया कार्यक्रम की शुरुवात फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता और राज सोनकर ने 9 कन्या पूजन करके किया। उसके बाद राम जी की आरती क्रमश रविशंकर पाठक, पंकज कुमार गुप्ता और राज सोनकर और फाउंडेशन के बच्चों द्वारा किया गया। अंत में सभी बच्चों को अंत में मुस्लिम भाईयों के हाथो माता रानी का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में अनिल सोनकर, प्रमोद कन्नोजिया अनिल सोनकर भी शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंसील चौरसिया, अक्ंचा मद्धेशिया, राज सोनकर, समीम अहमद, गुलाम एजाज का बेहद अहम सहयोग रहा।

कॉलेज में नहीं शिक्षकों की तैनाती

सिद्धार्थनगर,

अमृत विचार। तहसील मुख्यालय डुमरियागंज स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में अध्ययनरत छात्राओं का भविष्य भगवान भरोसे है। यहां अच्छी पढ़ाई की चाहत में अपनी बेटियों इंजीनियर व डॉक्टर बनाने का अभिभावकों का सपना टूटता नजर आ रहा है। क्योंकि, यहां महत्वपूर्ण विषय गणित, विज्ञान, गृह विज्ञान और फिजिक्स के अध्यापकों की तैनाती ही नहीं है।

राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में शिक्षा सत्र 2023-24 में 394 छात्राएं नामांकित थीं। शिक्षा सत्र 2024-25 में अभी तक मात्र 315 छात्राओं ने दाखिला करवाया है। यहां बिना किसी परीक्षा के सीधे नामांकन किया जा रहा है। छात्राओं को पढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण विषय के अध्यापकों की तैनाती ही नहीं है। व्यावसायिक शिक्षा के तहत एक सोसाइटी की ओर से दो अध्यापकों को नियुक्त किया गया है। जो रिक्त अध्यापकों की जगह इन विषयों को पढ़ाते हैं। यहां कक्षा छह से हाई स्कूल तक गणित, गृह विज्ञान और विज्ञान के विषय के साथ ही इंटरमीडिएट के महत्वपूर्ण विषय फिजिक्स के अध्यापक की नियुक्ति नहीं है। इससे इन विषयों की पढ़ाई पूरी करने के लिए मोबाइल या बाहरी अध्यापकों का सहारा लेना पड़ता है। व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत एक सोसाइटी की ओर से राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में आईटीएल रिटेल के दो संविदा शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। मगर कॉलेज में विज्ञान, गणित, फिजिक्स और गृह विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों के अध्यापकों की कमी के कारण संविदा के दोनों शिक्षक इन विषयों को पढ़ाते हैं।

> कक्षा छह से 10 तक गृह विज्ञान, गणित और विज्ञान के अध्यापक नहीं हैं। फिजिक्स विषय के इंटर के भी अध्यापक तैनात नहीं हैं। इसकी सूचना मौखिक और पत्राचार के माध्यम से विभागीय अधिकारियों को दी गई है। जो अध्यापक तैनात हैं, उन्हीं लोगों से इन विषयों को भी पढ़वाया जा रहा है।
>
> **-रजनी पांडेय, प्रिंसिपल**

वाहनों का चालान कर वसूले 47500 रुपये

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालो वाहन चालको तथा सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें यातायात नियम का पालन न करने वाले 45 वाहन चालको से 47,500 शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी। प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा चैत्र रामनवमी के क्रम मे अयोध्या मे भीड़ के दृष्टिगत बेवा/माधव तिराहा पर रूट डायवर्जन लगे पुलिस कर्मियों द्वारा रूट डायवर्जन के साथ साथ सनई चौराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, हैड्रिल तिराहा तथा अन्य स्थानों पर अभियान चलाया गया।

महाराष्ट्र में चोरी करने के दो आरोपी एसटीएफ ने दबोचे

गोरखपुर

अमृत विचार। महाराष्ट्र में चोरी कर फरार चल रहे दो अभियुक्तों को एसटीएफ गोरखपुर ब्रांच ने महाराष्ट्र पुलिस की संयुक्त अभियान में कैंट थाना क्षेत्र से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

थाना मानपाड़ा, जिला ठाणे, महाराष्ट्र में पंजीकृत मुकदमें में वांछित 02 अभियुक्त बबलू बनारसी कहार पुत्र बनारसी कहार निवासी किशुन्धर जोत थाना गोल्हौरा, जिला सिद्धार्थनगर चिन्टू चौधरी निषाद पुत्र चौधरी निषाद निवासी किशुन्धर जोत थाना गोल्हौरा, जिला सिद्धार्थनगर को रेलवे स्टेशन रोड, थानाक्षेत्र कैण्ट, गोरखपुर से बजे गिरफ्तार किया गया। थाना मानपाड़ा, जिला ठाणे, महाराष्ट्र में पंजीकृत मुकदमें में वांछित अभियुक्त बबलू बनारसी कहार व चिन्टू चौधरी निषाद की गिरफ्तारी हेतु महाराष्ट्र पुलिस द्वारा एसटीएफ से सहयोग मांगा गया था। निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ टीम गोरखपुर ने अभियुक्त बबलू बनारसी कहार व चिन्टू चौधरी निषादः रेलवे स्टेशन रोड गोरखपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने थाना मानपाडा क्षेत्र में एक मकान में चोरी करने की घटना को अंजाम दिया था।

सार-संक्षेप

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जनपदीय एसओजी सर्विलांस टीम व थाना मोहाना पुलिस की संयुक्त पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़ कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से पाँच तमंचा, एक अर्द्ध निर्मित तमंचा, छोटा-बड़ा नाल-12, एक छीनी, दो हथौड़ी एवं भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किया। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी एसओजीसर्विलांस टीम व जीवन त्रिपाठी थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में ग्राम गोपीजोत गाँव के किनारे खेत से सटे मड़ई को चारो तरफ से घेर लिया गया। पुलिस वालों को देखकर अन्दर काम कर रहा ब्यक्ति मड़ई से निकलकर भागने का प्रयास किया जिसे 10-15 कदम दूर जाते-जाते खेत में पकड़ लिया गया। पकड़ा गया ब्यक्ति बंजारो की आवाज में चिल्लाने लगा, पकड़े गये ब्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम असगर अली उर्फ किनकिन पुत्र कतीवन बंजारा निवासी गोपीजोत थाना मोहाना बताया है। जिसके सम्बन्ध में आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। चिल्हियां थाना अन्तर्गत देवकलीगंज बेलगडा रोड पर मंगलवार की देर शाम वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले गये, जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिल्हियां थाना क्षेत्र के कनुवाडीह निवासी अमरनाथ मिश्र उम्र लगभग 38 साल जरूरी काम से मंगलवार को देवकलीगंज बाजार गये थे। शाम को वापस अपने घर आते समय बेलगडा गांव के पास कोई अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया, जिससे अमरनाथ मिश्र सड़क पर गिरकर बेहोश हो गये। राहगीरों द्वारा परिजन को सूचना दिया गया। सूचना पाकर परिजनों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मौत की खबर परिवारवालों को मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक अमरनाथ के पिता गोरखनाथ का पहले ही मौत हो गयी थी। मृतक के छोटे भाई पंकज ने बताया कि मेरे घर पर पहाड़ टूट गया। मृतक भाई के पास एक ही पुत्र सक्षम मिश्र है, जो अभी छोटा है।

महिला ने जेठ पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

शाहाबाद, हरदोई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने जेठ पर बदनीयती से घर में घुसकर तमंचे के बल पर छेड़छाड़ करने और विरोध पर मारपीट कर रुपए छीनने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया बुधवार को दोपहर दो बजे उसका पति खेत गया था। मौका देखकर उसका जेठ इस्माइल घर में घुस आया। और गलत नियत से पकड़ कर उसे खींचा विरोध करने पर उसे तमंचा दिखाकर मारपीट की और घर में रखी सोने की झुमकी और 19,000 रुपया छीन ले गया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

बहन की शादी से पहले छोटी बहन ने की आत्महत्या

हरदोई। घर वाले 24 अप्रैल को बड़ी बेटी की होने वाली शादी की तैयारी कर रहे थे, लेकिन उससे आठ दिन पहले ही बुधवार को आठ दिन पहले ही छोटी बेटी ने घर के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। आखिर उसने ऐसा क्यों किया ? इस बारे में कोई कुछ भी नहीं बोल रहा है। 24 अप्रैल को साण्डी थाने के सैतियापुर निवासी रनवीर सिंह की बड़ी बेटी की शादी थी। सभी लोग उसी की तैयारी कर रहे थे, लेकिन उसी बीच बुधवार की भोर पहर उसकी 20 वर्षीय छोटी बेटी सुचि का शव कमरें के अंदर खूंटी में बंधी प्लास्टिक की डोरी से लटकता हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया। घर में खुशियां आने से पहले ही मौत का मातम बरपा हो गया। सुचि ने ऐसा कदम किस वजह से उठाया ? इस बारे में फिलहाल कोई कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया।

धूमधाम से मनाई गई विश्व सम्राट अशोक की जयंती

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। विकास खंड कछौना क्षेत्र के अन्तर्गत अरसेनी गांव में मंगलवार को विश्व विजेता सम्राट अशोक महान महान की जयंती मनाई गई। जिसमें सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम रघुनाथ प्रसाद मौर्य (राष्ट्रीय पर्यवेक्षक व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सम्राट अशोक क्लब शाखा उत्तर प्रदेश) के आवास पर किया गया, जहां पर सम्राट अशोक महान की प्रतिमा पर दीप जलाकर व पुष्प अर्पित करके उपस्थित लोगों में खीर दान किया गया। कार्यक्रम में हरिपाल कुशवाहा, रामबली मौर्य, छत्रपाल कुशवाहा, करन मौर्य, चन्द्रगुप्त मौर्य, सौरभ मौर्य, शाक्य आशीष सिंह मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे। सभी लोगों ने सम्राट अशोक महान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सम्राट अशोक महान के लोक कल्याणकारी शासन व नीतियों के बारे में जाना और जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

जिसके खिलाफ शिकायत उसी को सौंप दी गई जांच

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। विकास खण्ड अहिरोरी की ग्राम पंचायत बक्शापुर में कराए गए विकास कार्यों में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने के बाद मामले की जांच के लिए नियुक्त किए गए, वहीं ग्राम विकास अधिकारी, कैसे होगा भ्रष्टाचार का खुलासा। बताते चलें कि ग्राम पंचायत बक्शापुर निवासी ग्रामीण व किसान सेवक उत्तम सिंह यादव ने जिलाधिकारी को अवगत कराया था कि ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा मिलकर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है।

अब मेडिकल कॉलेज का हर वार्ड होगा वातानुकूलित

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में मरीजों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए हर वार्ड में कूलर और एसी लगाया जाएगा। जिससे भर्ती होने वाले मरीजों को परेशानी न होने पाए।

जिला अस्पताल के माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध होने के बाद ओपीडी में मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। प्रतिदिन 1000 से 1300 तक मरीज पहुंचते हैं। इमरजेंसी, जनरल, सर्जिकल, पीएआईसीयू, एसएनसीयू वार्ड में लगभग 300 मरीज भर्ती रहते हैं। गर्मी चरम पर है और लू को प्रकोप बढ़ रहा है। ऐसे में अस्पताल में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने जाने के लिए शासन की ओर से दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में भी उल्टी, दस्त, लूज मोसन के शिकार मरीज पहुंच रहे हैं। इसी देखते हुए मेडिकल कॉलेज के सभी वार्ड में कूलर और एसी लगाया जाएगा। साथ ही जरूरत अनुसार एसी भी लगाया जाएगा। इसके लिए कागजी कार्य शुरू हो गया है। इस संबंध में प्राचार्य डॉ. एके झा ने बताया कि सभी वार्ड मं कूलर जल्द लगवा दिया जाएगा। जरूरत के अनुसार एसी भी लगाया जाएगा। पेयजल व्यवस्था सही करा दिया गया है।

किसान आंदोलन के चलते ट्रेनों का मार्ग बदला

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा अम्बाला कैंट-सानेह वाल खंड के शम्भू स्टेशन पर किसान आंदोलन के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया गया है। 17 अप्रैल को चलने वाली 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस सरहिंद-बस्सी पठानां-नंगल डैम-चण्डीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जा रही है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल को चलने वाली 14649 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चण्डीगढ़-सानेह वाल के रास्ते चलाई गई। 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चण्डीगढ़-सानेह वालके रास्ते चलाई गई। अमृतसर से 17 अप्रैल को चलने वाली 04654 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग लुधियाना-गिल्ल-धूरी-जाखल-दिल्ली मुरादाबाद के रास्ते चलाई जा रही है। अमृतसर से 17 अप्रैल को चलने वाली 15708 अमृतसर-कटिहारएक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लुधियाना-गिल्ल-धूरी-जाखल-दिल्ली के रास्ते चलाई जा रही है।

श्री माता वैष्णो देवी कटरा से 17 अप्रैल को चलने वाली 15656 श्री माता वैष्णो कटरा-कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चण्डीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जा रही है। अमृतसर से 17 अप्रैल को चलने वाली 04652 अमृतसर-जयनगर विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग लुधियाना-गिल्ल-धूरी-जाखल-दिल्ली के रास्ते चलाई जा रही है। अमृतसर से 17 अप्रैल को चलने वाली 14604 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेसपरिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चण्डीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जा रही है। दरभंगा से 16 अप्रैलको चलने वाली 15211 दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेसपरिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चण्डीगढ़-सानेह वाल के रास्ते चलाई गई। अमृतसर से 17 अप्रैल को चलने वाली 14650 अमृतसर-जयनगरएक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चण्डीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जा रही है।

बढ़ती भीड़ के दृष्टिगत ट्रेनों के बढ़ाए गए फेरे

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन ने ग्रीष्मकाल में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05557/05558 सहरसा-नई दिल्ली-सहरसा अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से 18 अप्रैल, तथा नई दिल्ली से 19 अप्रैल को किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी। बताया कि 1169/01170 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 19 अप्रैल से 24 मई, 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा गोरखपुर से 20 अप्रैल से 25 मई तक प्रत्येक शनिवार को 06 फेरों के लिए किया जायेगा।

स्वास्थ्य | लंबे समय तक समस्या बनी रहने पर कराना पड़ सकता है ऑपरेशन

नाक की हड्डी बढ़ जाने से होता है साइनस

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। साइनस जिसे मेडिकल भाषा में साइनोसाइटिस कहते है। इस बीमारी को इग्नोर करना ठीक नहीं है। इस बीमारी में रोगी की नाक की हड्डी बढ़ जाती है, जिसकी वजह से जुकाम रहता है। ठंडी चीजों से परहेज किया जायें तो ये बीमारी कई बार खुद ही खत्म हो जाती है, लेकिन जिन्हें ये परेशानी लम्बे समय तक रहती है उन्हें नाक का ऑपरेशन कराना पड़ता है।

साइनस की समस्या होने पर रोज दिनभर अदरक का रस और शहद बराबर मात्रा में मिलाकर

चाटते रहें। इससे खांसी और कफ ठीक हो सकता है। तुलसी में कई एंटी बैक्टीरियल और एंटी वायरल गुण होते हैं, इसलिए तुलसी के सेवन से समस्याएं ठीक हो सकती हैं। साइनस में तुलसी की 4-5 पत्तियां रोज खाने से आराम मिलता है।

कितने दिनों तक रहती है साइनस की समस्या

यह अवस्था 8-10 दिन बाद भी खत्म नहीं होती बल्कि आमतौर पर चार हफ्ते तक बनी रहती है। एक्यूट साइनस अक्सर बैक्टीरियल इन्फेक्शन के कारण होता है और इसमें सांस की नली के ऊपरी हिस्से में इन्फेक्शन हो जाता है। इलाज के लिए एंटी-बायोटिक दी जाती हैं।

साइनस क्यों होता है

साइनस की समस्या सर्दी-जुकाम, एलर्जी, वायरस, फंगस, बैक्टीरिया, जानवरों के शरीर से निकलने वाली रूसी, प्रदूषित हवा, धुआं व धूल के कारण हो सकती है। इसके अलावा नाक के छोटे बाल और नाक की हड्डी का नुकीले आकार में बढ़ना भी साइनस को जन्म दे सकता है।

इन चीजों से करें परहेज

साइनस होने पर केक, फ्रूट जूस, ठण्डी चीजे, चॉकलेट, खट्टी चीजे, चावल, राजमा, छोले, फूलगोभी, दूध अन्य वे सभी चीजे जिनसे परेशानी बढ़ जाती है।

साइनस होने पर लक्षण

यदि किसी को साइनस है तो बार-बार सर्दी, खांसी, जुखा, डस्ट या धुएं से एलर्जी। सुबह-सुबह बहुत छीकें आना। नाक बहना, ज्यादा ब्लगम बनना, मौसम बदलने पर तुरन्त सर्दी जुखाम जैसी समस्या होंगी।

परिवहन निगम के बेड़े में जोड़ी गई अतिरिक्त बसें

हरदोई

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में सुरक्षा कर्मियों को ले जाने के लिए परिवहन निगम की बसों को लगाया गया है। परिवहन निगम की 17 बसों को सुरक्षाकर्मियों को ले जाने के लिए लगाया गया है।

पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को शामली समेत अन्य जनपदों में होना है। इसको लेकर हरदोई से शामली के लिए सुरक्षा कर्मियों को मंगलवार को पुलिस लाइन से रवाना किया गया था। परिवार निगम की ओर से बताया गया कि यात्रियों को किसी प्रकार की सुविधा नहीं हो रही है। परिवहन निगम के बेड़े में 12 बसों को शामिल किया गया था, जिन्हें संचालित किया जा रहा है। परिवहन निगम द्वारा बताया गया की वर्तमान समय में 146 बसों को संचालित किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है यात्रियों की समस्याओं पर नजर बनाये हुए हैं यदि यात्रियों को कोई समस्या आती है उसकी शिकायत प्राप्त होती है तो उसे दूर करने के कार्यवाही की जाएगी। आरएम परिवहन निगम हरदोई एम एल केसरवानी ने बताया कि विगत एक सप्ताह में 12 नई बसों को जोड़ा गया है, अभी 22 नई बसों को जोड़ा जाना है। जल्द ही 22 नई बसों को हरदोई परिवहन निगम के बेड़े में जोड़ दिया जायेगा।

अपनी ढपली अपना राग

भाजपा सरकार सिर्फ अमीरों की हैं। इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो आम नागरिकों, किसानों व व्यापारियों के लिए काम होगा। –राहुल गांधी

भाजपा संविधान को मानती है न लोकतंत्र को। ईडी व सीबीआई के जरिये सबको जेल भेजना चाहती है।
– शिवपाल यादव

इंडी गठबंधन के लोग जब गांव में जाएंगे तो लोग इन्हें भिंडी गठबंधन कहेंगे। ये गले तक भ्रष्टाचार में डूबे हैं।
–ब्रजेश पाठक

प्रदेश में विकास हुआ है तो अखिलेश सरकार में। आज स्कूल, अस्पताल व अच्छी शिक्षा चाहिए।
–संजय सिंह

इंडी गठबंधन की न तो नीति तय है और न ही नेता। विपक्षी गठबंधन में एक अनार सौ बीमार वाली हालत है।
– नंद गोपाल गुप्ता नंदी

यहां के वोटर भी गजब

पसंद आए तो पलकों पर... वरना जब्त कराई जमानत

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : सांसद चुनने में बाराबंकी के मतदाताओं का अंदाज कुछ अलग है। जो मन को भाया उसे पलकों पर बैठाया, जो पसंद नहीं आया, उसकी जमानत तक जब्त करा दी। जी हां, अब तक के लोकसभा चुनाव में 179 में से 130 प्रत्याशी अपनी जमानत जब्त करा चुके हैं। इनमें प्रमुख सियासी दलों के दिग्गज भी शामिल हैं। बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र का पहला आम चुनाव 1951 में हुआ था। पहले चुनाव में कांग्रेस की गंगा देवी सांसद निर्वाचित हुई थे। पहले चुनाव में 11 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई थी। इनमें नौ की जमानत जब्त हो गई थी।

1957 के चुनाव में संसद पहुंचने की हसरत लेकर पांच उम्मीदवारों ने चुनावी दंगल में किस्मत आजमाई थी। इस चुनाव में रामसेवक यादव ने निर्दल के रुप में चुनाव जीता था। दो प्रत्याशी अपनी जमानत गंवा बैठे थे। 1962 के चुनाव में यहां दो लोकसभा सीटें थी। इनमें रामसनेहीघाट सीट एससी तो बाराबंकी सीट सामान्य के रुप में निर्धारित की गई थी। आरएससघाट सीट पर चार प्रत्याशी चुनाव लड़े थे। जिसमें कांग्रेस के स्वामी रामानंद विजेता तो जनसंघ के भागीरथ 35.48 प्रतिशत मत पाकर रनर रहे थे। जबकि दो प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। जबकि दूसरी सीट पर पांच प्रत्याशियों में से 34.11 प्रतिशत मत पाने वाले कांग्रेस के हुसैन कामिल किदवाई को छोड़कर तीन प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई थी। 1967 में भी दो सीटों पर चुनाव हुआ था। रामसनेहीघाट सीट पर तीन तो बाराबंकी सीट पर चार उम्मीदवार थे। रामसनेहीघाट सीट पर बी. कुरील ने जीत दर्ज की थी तो एस कैलाश 35.06 फीसदी मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे। जबकि एक उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाए थे। वहीं बाराबंकी सीट पर दो उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी।

इसी तरह 1971 में रामसनेहीघाट सुरक्षित सीट पर तीन प्रत्याशी चुनावी दंगल में उतरे थे। जिसमें बैजनाथ कुरील ने बाजी मारी थी। जबकि एनसीओ दल के बाबूलाल कुशमेश 35.75 फीसदी मत हासिल कर रनर रहे थे। जबकि एक उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। वहीं बाराबंकी सामान्य सीट पर कुल चार उम्मीदवार उतरे थे। जिसमें कुंवर रुद्र प्रताप सिंह ने चुनाव जीता था। 36.49 मत पाकर सोशलिस्ट पार्टी के रामसेवक यादव रनर रहे थे। दो की जमान जब्त हो गई थी। 1977 के चुनाव में बाराबंकी सुरक्षित सीट पर आधा दर्जन प्रत्याशियों में से राम किंकर विजेता थे। वहीं कांग्रेस के बैजनाथ कुरील 19.66 फीसदी मत पाकर दूसरे नंबर पर रहे और चार उम्मीदवारों ने अपनी जमानत गंवा दी।

1980 के चुनाव में पांच प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें से दूसरे नंबर पर रहने वाले प्रत्याशी बैजनाथ कुरील को छोड़ तीन अन्य उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाए थे।

इस चुनाव में राम किंकर ने लगातारक दूसरी बात बाजी मारी थी। इसी तरह 1984 का चुनावी दंगल आठ प्रत्याशियों के बीच हुआ था। इसमें 28.44 फीसदी मत हासिल कर दूसरे नंबर पर रहने वाले एलकेडी के रामसागर को छोड़कर अन्य उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। इस चुनाव में कमला प्रसाद रावत जीते थे। 1989 का चुनाव नौ धुरंधरों के बीच लड़ा गया, इनमें दूसरे नंबर पर कांग्रेस के राम किंकर व तीसरे नंबर के प्रत्याशी बसपा के विजय कुमार को छोड़कर छह योद्धा जमानत नहीं बचा सके थे। इस लोकसभा चुनाव में रामसागर रावत विनर रहे थे। 1991 के चुनाव में 11 प्रत्याशियों में से रनर रहे बीजेपी के कपिल देव 27.18 और कांग्रेस के कमला प्रसाद रावत 19.80 फीसदी मत पाकर जमानत बचा पाए थे, जबकि राम सागर रावत ने लगातार दूसरी बार मैदान मारा था। वहीं आठ प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। 1996 में 24 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे। राम सागर रावत ने इस चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाई थी। भाजपा के रनर प्रत्याशी कपिल देव सिंह व तीसरे नंबर पर रहे बसपा एपी गौतम को छोड़ अन्य सभी ने अपनी जमानत गंवा दी थी।

1951 में पहली बार हुआ था लोस का चुनाव

179 प्रत्याशी अब तक जमानत जब्त करा चुके हैं

130 को जमानत बचाने के लिए जनता ने तरसाया

11 प्रत्याशियों ने पहले चुनाव में आजमाई थी किस्मत

सबसे ज्यादा 1996 में 21 प्रत्याशियों ने गंवाई जमानत

बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 21 प्रत्याशियों ने अपनी जमानत 1996 के लोकसभा चुनाव में गंवाई थी। इस चुनाव में दो दर्जन उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। सपा के रामसागर रावत ने भाजपा के कपिल देव को 14722 मतों से हराया था। बसपा के आनंद प्रकाश गौतम 17 .27 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। इसके अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

जमानत बचाने का यह है गणित

प्रत्याशी को जमानत बचाने के लिए कुल मतदान का 16 .66 फीसदी (1/6 हिस्सा) वोट प्राप्त करना जरूरी होता है। किसी प्रत्याशी को अगर कुल मतदान का छठवां हिस्सा (16 .66 फीसदी) वोट नहीं मिलते हैं तो नामांकन के समय जमा की गई ज़मानत राशि ज़ब्त कर ली जाती है। इसे जमानत जब्त होना कहते हैं।

कई दिग्गजों की हुई थी बुरी हार

भाजपा के कद्दावर नेता में शामिल रामनरेश रावत को 2009 के चुनाव में मात्र 47656 मत ही हासिल हुए थे। इस हिसाब से वह चौथे नंबर पर रहे थे। 2014 के चुनाव में बसपा के कमला प्रसाद रावत तीसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 167150 मत मिले थे। जबकि चौथे नंबर पर सपा की राजरानी रावत थी। इन्हें 159284 मत मिले थे। इन दोनों की जमानत जब्त हुई थी। जबकि दूसरे नंबर पर रहे पुनिया को 242236 तो विजेता रहीं भाजपा की प्रियंका रावत को 454214 मत मिले थे। इस चुनाव में 10 लाख 68 हजार 196 मत पड़े थे। इसी तरह 2019 के चुनाव में कांग्रेस के तनुज पुनिया की भी जमानत जब्त हुई थी। इन्हें 159611 मत मिले थे और वह तीसरे नंबर पर रहे थे। इस चुनाव में विजेता रहे बीजेपी के उपेंद्र रावत को 535917 जो सपा के रामसागर को 425777 वोट मिले थे। जबकि कुल पड़े मतों की संख्या 11 लाख 54 हजार 376 थी।

आईना : डुमरियागंज लोकसभा सीट

2019 के चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
जगदम्बिका पाल	4,92,253
आफताब आलम	3,86,932
चंद्रेश उपाध्याय	60,549
अन्य	11,757

2014 में किसको कितने वोट



2014 नोटा 11,757 | 2014 नोटा 6,776

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	जगदंबिका पाल	2,98,845
बसपा	मोहम्मद मुकीम	1,95,257
सपा	माता प्रसाद पांडे	1,74,778
कांग्रेस	वसुन्धरा सिंह	88,117
पीईसीपी	डॉ. मोहम्मद अयूब	99,242

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	जगदंबिका पाल	229,872
बीजेपी	जय प्रताप सिंह	153,306
बसपा	मोहम्मद मुकीम	151,787
पीईसीपी	इनामुल्लाह चौधरी	79,820
सपा	माता प्रसाद पांडे	60,186



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	केशव देव मालवीय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	राम शंकर लाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	कृपा शंकर	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	नारायण स्वरूप शर्मा	भारतीय जनसंघ
1971	केशव देव मालवीय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	माधव प्रसाद त्रिपाठी	जनता पार्टी
1980 व 84	काजी जलील अब्बासी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	बृजभूषण तिवारी	जनता दल
1991	रामपाल सिंह	भारतीय जनता पार्टी
1996	बृजभूषण तिवारी	समाजवादी पार्टी
1998 व 99	रामपाल सिंह	भारतीय जनता पार्टी
2004	मोहम्मद मुकीम	बहुजन समाज पार्टी
2009	जगदंबिका पाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014 व 19	जगदंबिका पाल	भारतीय जनता पार्टी

2024

कुल मतदाता- 19,52 039

पुरुष मतदाता- 10,39,726

महिला मतदाता- 9,12,165

शहर में सन्नाटा ... गांव में बना है चुनावी माहौल

सुनील मिश्रा, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार : लोकसभा को लेकर प्रत्याशी इन दिनों गांव की गलियों से लेकर सड़कों तक कदमताल कर रहे हैं। अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने को हर जुगत भिड़ाने की कोशिश में हैं। हालांकि डुमरियागंज संसदीय सीट के लिए छठवें चरण में चुनाव होना है लेकिन, अभी से गांवों का निरन्तर चक्कर काट रहे ज्यादातर प्रत्याशी अभी से पूरा महौल बनाए हुए हैं। वहीं, शहरों में सन्नाटा सा पसरा है।

डुमरियागंज संसदीय सीट से भाजपा के तीसरी बार प्रत्याशी बने जगदंबिका पाल जहां अपनी जीत को सुनिश्चित करने को जी तोड़ प्रयासरत हैं वहीं से सपा ने भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी के चुनावी मैदान में उतर जाने से चुनावी सरगर्मी बढ़ी नजर आती है। वह भी समर्थकों के साथ चुनावी समर में अपनी ताकत झोंक चुके हैं। इधर, बसपा ने ख्वाजा शमसुद्दीन को यहां अपना प्रत्याशी बनाया है। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के लिए गांव में पहुंचकर चुनावी डंका बजा रहे हैं।

लोकसभा डुमरियागंज में 25 मई को चुनाव का मतदान होगा और 5 जून को स्थिति साफ होगी। लोकसभा डुमरियागंज में कुल मतदाता 19 लाख 52 हजार अपने मतों का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष 10 लाख 39726, और महिला 912165, तथा अन्य 148 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। मालूम हो कि इस चुनावी महासंग्राम में मुस्लिम मतदाता और ब्राह्मण मतदाता चुनावी जीत हार में अहम भूमिका निभाएंगे। सपा में जहां ब्राह्मण मतदाता उतार कर भाजपा में खलबली मचा दी। वही बसपा में मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर सपा के लिए एक मुश्किलें खड़ी कर दी है।

▸▸ डुमरियागंज संसदीय सीट के लिए छठवें चरण में चुनाव होना है लेकिन, अभी से गांवों का निरन्तर चक्कर काट रहे ज्यादातर प्रत्याशी

हर प्रत्याशी चल रहा है अपना - अपना दांव

इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अपनी हैट्रिक लगाने के लिए बेताब है। वह गांव के एक-एक व्यक्ति से मिलकर केंद्र और भारत सरकार के विकास की नीतियों को गिना रहे हैं। साथ ही तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील भी कर रहे हैं। वहीं, सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी भी लोगों का समर्थन पाने को पुरजोर दांव अजमा रहे हैं। स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी जो शेरे पूर्वांचल के नाम से जाने जाते रहे, के पुत्र भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी का भी पूर्वांचल के ब्राह्मणों में अच्छा प्रभाव माना जा रहा है। सपा से चुनावी भाग्य आजमाने उतरे कुशल तिवारी के आने से भाजपा में खलबली मची हुई है। क्योंकि सपा में अगर यादव मुस्लिम और ब्राह्मणों ने साथ दिया तो भाजपा के लिए कहावत सत्य होगी कि बड़ी कठिन है डगर पनघट की। यहां मतदान होने में अभी लगभग एक महीने का समय है। तीनों मुख्य पार्टियों को छोड़कर अन्य छोटे दल अभी अपने कितने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारते हैं यह परिदृश्य साफ नहीं। ऐसे में फिलहाल एनडीए, इंडिया और बसपा के बीच ही संघर्ष होना है। इन दलों के प्रत्याशी प्रचार करने लेकर सक्रिय हैं नतीजतन, चुनाव धीरे-धीरे रोचक होता जा रहा है।

इंडी गठबंधन राम विरोधी, कांग्रेस-सपा ने किया आस्था से खिलवाड़: केशव मौर्य

अमृत विचार, लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कहा कि पूरा का पूरा इंडी अलायंस राम की विरोधी है। कांग्रेस और सपा ने देशवासियों की आस्था से खिलवाड़ करने का काम कोई पहली बार नहीं किया, वे लगातार और बारंबार करते आ रहे हैं। बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि, सनातन विरोधी इन लोगों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था। आज सपा महासचिव ने भगवान राम और रामभक्तों के खिलाफ अनर्गल बयान देकर सनातनियों की श्रद्धा पर कुठाराघात किया है। उन्होंने जनता से अपील की कि, लोकसभा चुनाव में जनता को एक बार फिर इनका घमंड तोड़ना पड़ेगा। जो राम का नहीं ही वो किसी के काम का नहीं। कहा कि यदि सपा के महासचिव अपने नेता को रामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण को स्वीकार करने की सलाह दिये होते तो राम इनके सारे पाप और कलंक धो देते।

दो लड़कों की जोड़ी पहले भी फ्लॉप रही थी: भूपेन्द्र चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी पहले भी उत्तर प्रदेश में फ्लॉप रही थी और एक बार फिर इस जोड़ी को यूपी की जनता सिरे से नकार देगी। बुधवार को जारी एक बयान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि, जिनके थीम सांग में ही ये कहा जा रहा हो कि दिल्ली में प्रवेश की खातिर व राहुल और अखिलेश की खातिर जनता वोट करे, ऐसे सत्ताभोगी और स्वार्थी लोगों को जनता अच्छी तरह पहचानती है। उन्होंने कहा, इनका जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। इनके वादे जुबानी जमाखर्च से ज्यादा कुछ नहीं। इनके सारे वादे सत्ता में आने की छटपटाहट दिखाते हैं, क्योंकि न तो गरीब और किसान इनकी नीति में हैं और न ही नीयत में। दशकों तक देश पर राज करने के बाद भी आज जब वो गरीब की बात करते हैं तो मोदी पर नहीं, बल्कि खुद पर ही सवाल उठाते हैं। प्रदेश और देश की जनता उनके दिल्ली के तख्त पर आसीन होने की लालसा को कभी पूरा नहीं होने देगी।

पहले चरण में 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के पहले चरण की आठ सीटों पर 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। करीब एक करोड़ 44 लाख मतदाता मतदान करेंगे। इसमें कई राजनीतिक दिग्गजों के लिए कड़ी परीक्षा होगी। सीटों के जीतने के लिए भाजपा, इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा और बसपा के प्रत्याशियों के बीच घमासान की स्थिति है।

इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। सहारनपुर सीट पर चुनाव मैदान में भाजपा से राघव लखन पाल हैं। पिछले चुनाव में पाल को बसपा के हाजी फजलुर्रहमान ने 20 हजार मतों से हराया था। बसपा ने इस बार माजिद अली को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इमरान मसूद पर दांव लगाया है।

रामपुर सीट पर भाजपा से घनश्याम सिंह लोधी, सपा से मोहिबुल्लाह नदवी, बसपा से जीशान खां चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह, पीलीभीत सीट से भाजपा से मंत्री जितिन प्रसाद, सपा से भगवत शरण गंगवार, बसपा से अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू चुनावी लड़ाई लड रहे हैं। नगीना सीट से बसपा से सुरेंद्र पाल सिंह, भाजपा से ओम कुमार व सपा से मनोज कुमार हैं। इस सीट से आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद भी प्रत्याशी हैं।

बिजनौर सीट पर राष्ट्रीय लोकदल से चंदन चौहान, सपा से दीपक, बसपा से विजेंद्र सिंह चुनाव मैदान में हैं। मुरादाबाद सीट पर भाजपा से सर्वेश सिंह, सपा से रूचि वीरा व बसपा से इरफान सैफी हैं। मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा से केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, सपा से हरेंद्र मलिक व बसपा से दारा सिंह प्रजापति चुनाव मैदान में हैं। कैराना सीट पर भाजपा से सांसद प्रदीप कुमार, सपा से इकरा हसना व बसपा से श्रीपाल सिंह अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। संजीव बालियान मुजफ्फरनगर से लगातार तीसरी बार लोकसभा जाने की तैयारी में जुटे हैं। कैराना के चर्चित हसन परिवार की बेटी इकरा हसन पर सभी की निगाह है।

● राजनीतिक दिग्गजों के लिए होगी कड़ी परीक्षा

कीर्तिवर्धन के पास पिता से आगे जाने तो श्रेया के पास मौका बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने का

राष्ट्रवाद-रामनाम बनाम कुर्मी, यादव व मुसलमान, भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी का सीधा मुकाबला, साधे जा रहे समीकरण

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा उम्मीदवार

श्रेया वर्मा, सपा उम्मीदवार

भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह चार बार सांसद रह चुके हैं। उनके पिता भी चार-चार बार के सांसद थे। कीर्तिवर्धन अब पांचवीं बार मैदान में हैं। क्या वह अपने पिता से आगे निकल पाने में सफल होंगे? वहीं दूसरी ओर सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के बाबा स्व. बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिर-आंखों पर बैठाया। केंद्र में इस्पात मंत्री बने थे। अब सवाल है कि क्या पौत्री श्रेया वर्मा अपने बाबा की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने में सफल होंगी?

अमृत विचार: अप्रैल माह की चिलचिलाती धूप में चुनाव सरगर्मी भी तेज है। खासतौर पर भाजपा व सपा के घोषित प्रत्याशी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में इस सरगर्मी को चरम पर पहुंचाने में जुटे हुए हैं। भाजपा उम्मीदवार सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के पास इस बार मौका जहां पांचवी बार जीतकर अपने पिता का रिकॉर्ड तोड़ देने का है वहीं, सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के पास मौका विजयी होकर अपने बाबा बेनी प्रसाद वर्मा की विरासत को आगे बढ़ाने का है।

बहरहाल, इस बीच उम्मीदवार अपनी और अपनी पार्टी की उपलब्धियों को जनता के बीच रखकर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। राष्ट्रवाद से लेकर क्षेत्रवाद और जातिवाद को भी साधने की जुगत चल रही है। दिलचस्प यह कि रामनाम की धुन के बीच ईद की सेवईयां भी बांट रहीं हैं। कहीं, जातीय सहोदर होने की दुहाई दी जा रही तो कहीं विकास कराने का गुणगान हो रहा है। रामनाम का दुपट्टा भी ओढ़ाकर धर्म-जाति की अलख जगाने का भी प्रयास है।

गोंडा लोकसभा की पांच विधानसभा क्षेत्रों में करीब 25 लाख से अधिक आबादी है। इसमें करीब 18 लाख वोटरों को रिझाने की कसरत चल रही है। जिले की गोंडा सदर, मेहनौन, मनकापुर, गौरा तथा बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा में सभी भाजपा के ही विधायक हैं।

गोंडा सदर से प्रतीक भूषण शरण सिंह, मेहनौन से विनय कुमार द्विवेदी, मनकापुर से रमापति शास्त्री, गौरा से प्रभात कुमार वर्मा तथा उतरौला से राम प्रताप वर्मा सभी भाजपा के विधायक हैं। इन पांच विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम करीब 21 प्रतिशत, यादव 9 प्रतिशत, कुर्मी करीब 10 प्रतिशत हैं। इसके अलावा करीब 17 प्रतिशत ब्राह्मण, 9 प्रतिशत क्षत्रिय, अनुसूचित 18 प्रतिशत सहित कायस्थ, बनिया व अन्य जाति के लोग निवास करते हैं।

पिता का रिकॉर्ड तोड़ने की भी होगी कसरत

सांसद कीर्तिवर्धन सिंह चार बार सांसद रह चुके हैं। दो बार सपा से तो दो बार भाजपा से जीत हासिल कर चुके हैं। इसी तरह उनके पिता कुंवरआनंद सिंह भी कांग्रेस से चार बार सांसद रह चुके हैं। 1971 में वह पहली बार चुनाव जीते थे। कीर्तिवर्धन सिंह ने अपने पिता की बराबरी तो पूरी कर ली अब पांचवीं बार मैदान में हैं। वह अपने पिता से आगे निकल जाएंगे या बराबरी पर रह जाएंगे यह तो चुनाव बाद पता चलेगा।

अपने बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने का जज्बा

2009 में गोंडा से कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिर आंखों पर बैठाया। महज 25-26 प्रतिशत वोट पाकर वह विजई हुए थे और केंद्र में इस्पात मंत्री बने थे। लेकिन अपने वादों को पूरा न कर पाने पर 2014 के चुनाव में उन्हें मुंह की खानी पड़ी थी। लेकिन उनकी पौत्री श्रेया वर्मा ने अपने बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। वह विरासत बढ़ा पाएंगी या नहीं चुनाव तक इंतजार करना होगा।

सपा को सजातीय तो भाजपा को उम्मीदवार पर भरोसा

समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम, यादव के साथ सजातीय समीकरण साधने के लिए कुर्मी विरादरी की श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा ने अपने पुराने कंडीडेट सांसद कीर्तिवर्धन सिंह पर ही भरोसा जताया है। भाजपा उम्मीदवार के पास बीते 10 सालों के विकास का लेखाजोखा है। राष्ट्रवाद का जज्बा है और रामनाम का सहारा है तो सपा उम्मीदवार के पास भी सपा शासनकाल में कराए गए विकास कार्यों का पुलिंदा है। सपा उम्मीदवार के बाबा स्व. बेनी प्रसाद वर्मा द्वारा गोंडा में किए गए कार्य हैं साथ ही मुस्लिम, यादव व सजातीय वोट कुर्मी के पाले में आने की उम्मीद है। वैसे, किस उम्मीदवार को कुल मतों का कितना हिस्सा मिलता है यह तो वक्त ही बताएगा?

52 प्रतिशत बरकरार रहेगा या घटेगा

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 52 प्रतिशत मत मिले थे। 48 प्रतिशत में अन्य सभी दलीय, निर्दलीय उम्मीदवार शामिल थे। रिकार्ड मतों से जीत हासिल कर संसद तक चौथी बार पहुंचने वाले भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह पांचवी बार अपना रिकार्ड तोड़ पाएंगे या फिर उतने पर या उससे कम पर पहुंचेंगे। समीक्षकों का मानना है कि 2019 का चुनाव मोदी के नाम पर था। यह चुनाव भी उन्हीं के नाम पर लड़ा जा रहा है लेकिन पिछला मत प्रतिशत इस बार नहीं होगा। इसमें कुछ कमी आएगी।

चौथे चरण में 13 लोस सीटों व ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए आज से नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों व ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 18 अप्रैल से नामांकन शुरू होंगे। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इन सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे के बीच किये जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में लोकसभा की शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव होगा। 13 लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी व पांच सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। चौथे चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रूखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज, बहराइच समेत 13 जिलों के अंतर्गत आते हैं। ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र शाहजहांपुर में आता है।

मतदाता खामोश और ध्रुवीकरण गुम है। प्रचार के अंतिम दिन सबने जोर लगाया पर कहीं कोई लहर या तूफ़ान नहीं बन पाया। चर्चा में मोदी हैं, तो सुरक्षा के मुद्दे पर योगी की बात है। पिछले चुनावों की तरह सड़कों पर जय श्री राम का जयघोष नहीं है, पर रामनवमी के आयोजनों में राम मंदिर बनने के उत्साह की हिलोर है। जीत-हार के सवाल पर भाजपा का माहौल है, लेकिन जाति-बिरादरी से नहीं इंकार है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान से पहले कुछ ऐसा ही हाल है। चौराहों, चाय-पान की दुकानों और चौपालों में वोटों का हिसाब किताब है। भाजपा से टक्कर में दूसरे और तीसरे नंबर की उलझन का गुणा-भाग है। कौन किधर जा रहा है, इसे लेकर हर किसी का अपना कयास है। अधिकतर सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर में कौन कितना आगे-पीछे यह जानने के लिए हर कोई बेकरार है।

मनोज त्रिपाठी

उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान में आठ लोकसभा सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। इन आठ सीटों में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पांच सीटें हार गई थी। सहारनपुर, बिजनौर और नगीना लोकसभा सीट बसपा ने जीती थी, जबकि मुरादाबाद और रामपुर में सपा की साइकिल दौड़ी थी। ऐसे में इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही पार्टी के लिए हर सीट बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि इस बार सपा और बसपा के अलग-अलग चुनाव लड़ने और रालोद का साथ मिलने से भाजपा के लिए राहत की बात है, लेकिन फिर भी पार्टी ने राम मंदिर निर्माण और मोदी की गारंटी से माहौल बनाकर परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर जोरदार प्रहार करते हुए विकसित भारत के धारदार प्रचार अभियान में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। इसके बावजूद जातीय गोलबंदी उसे मतदान से पहले न सिर्फ परेशान कर रही है, बल्कि जीत का अंतर तय करने में उलझन में डाल रही है। भाजपा की यह चिंता बेवजह भी नहीं है, क्योंकि पश्चिम यूपी की कई लोकसभा सीटें जातिगत समीकरण में उलझती दिख रही हैं। कहीं मुकाबला कड़ा होता तो कहीं फंसता नजर आ रहा है। दरअसल, भाजपा को टक्कर देने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन हो या बसपा दोनों ने इस बार जातिगत समीकरणों का ही सहारा लिया है। इस रणनीति के चलते जानकार मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर लोकसभा सीट पर भाजपा, बसपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला मानकर चल रहे हैं। जाट, गुर्जर, पिछड़े और दलित वर्ग के साथ मुस्लिम मतों के लिए घमासान है। इनमें कुछ पत्ते कहीं बंद, तो कुछ कहीं हवा के साथ बहते नजर आ रहे हैं। मुस्लिम मतदाता सीट दर सीट चुनाव का रुख भांपकर मतदान करने का मन बना रहा है। उसकी निगाह बसपा या सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों की मजबूती पर टिकी है।

पश्चिम यूपी की आठ सीटों पर प्रथम चरण में कल मतदान

वोटर की चुप्पी, बूथ पर ही टूटेगी शोर थमने के साथ बढ़ी धुकधुकी

रामपुर : खेल बिगाड़ने आई बसपा को दिखने लगा अपने खेल का असर

मुस्लिम बहुल रामपुर लोकसभा सीट पर यह पहला चुनाव है, जब नूर महल का नवाब खानदान और सपा नेता मो. आजम खान नेपथ्य में हैं। ऐसे में भाजपा अपने प्रत्याशी घनश्याम लोधी जिन्होंने उपचुनाव में आजम खान के विश्वस्त आसिम रजा को हराकर बड़ा उलटफेर किया था, की फिर से जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के जनाधार वाली इस सीट पर पहले बसपा प्रत्याशी जीशान खान को लेकर कहा जा रहा था कि वह सपा उम्मीदवार मौलाना मोहिबुल्लाह का खेल बिगाड़ने आए हैं। लेकिन सपा की भीतरी कलह और प्रत्याशी मोहिबुल्लाह जो तुर्क बिरादरी से आते हैं, पर पठानों के मुकाबले तुर्क को तरजीह देने का आरोप लगने के बाद बसपा को भाजपा से मुकाबले में अपना खेल बनता नजर आने लगा है। इस सीट पर साढ़े चार लाख युवा मतदाताओं में अधिकांश जाति-धर्म की सियासत से हटकर नया चुनाव कर सकते हैं। इस समीकरण को देखते हुए भाजपा ने पूर्व सांसद बेगम नूर बानो के पौत्र पूर्व विधायक नवेद मियां के बेटे हमजा मियां को पार्टी में लेकर युवाओं को साधने में लगा दिया है। यहां मुस्लिम वोट बंटने पर भाजपा की राह आसान मानी जा रही है।

2019
के लोकसभा चुनाव में भाजपा पांच सीटें गई थी हार

02 सीट मुरादाबाद और रामपुर में जमकर दौड़ी थी सपा की साइकिल

03 सीट सहारनपुर, बिजनौर और नगीना बसपा ने जीत ली थी

पीलीभीत : भाजपा को लग रहा आसान इम्तिहान

इस सीट पर वरुण गांधी की जगह भाजपा से उतरे प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को चुनौती देने के लिए सपा प्रत्याशी भगवत शरण गंगवार और बसपा उम्मीदवार अनीस अहमद खान ने प्रचार के अंतिम दिन तक पूरी ताकत लगाए रखी। प्रधानमंत्री मोदी यहां दस दिन पहले सभा करके भाजपा का माहौल बना गए थे। इसके बाद जितिन प्रसाद ने पूरा अपना चुनावी अभियान प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के साथ इलाके के विकास पर केंद्रित रखा। उधर, सपा प्रत्याशी गंगवार के समर्थन में ईद के बाद अखिलेश यादव सभा करके जोश भर गए थे। सपा प्रत्याशी बरेली के नवाबगंज से पांच बार विधायक रहने की याद दिलाते हुए जनता से जुड़ाव और अपने काम की याद दिलाकर लोगों से रिश्ता जोड़ने का प्रयास करते रहे। बसपा प्रत्याशी अनीस अहमद खान ने इस सीट पर करीब पांच लाख मुस्लिम मतदाताओं पर नजर गड़ा रखी है।



मुरादाबाद : भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीधा संघर्ष

मुरादाबाद : इस मुस्लिम बहुल सीट पर टिकट को लेकर हुई कलह के बाद सपा नेता आजम खान समर्थकों का साथ मिलने से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा थोड़ी राहत महसूस कर रही हैं। हालांकि मौजूदा सपा सांसद एसटी हसन खुलकर उनके प्रचार में नहीं उतरे हैं। लेकिन इस क्षेत्र में कांग्रेस का जनाधार होने से भाजपा प्रत्याशी सर्वेश कुमार सिंह का मुकाबला करने में सपा-कांग्रेस गठबंधन को ज्यादा मुश्किल पेश नहीं आ रही है। जानकारों के मुताबिक यहां मुकाबला भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन की सीधी लड़ाई में बदलता नजर आ रहा है। हालांकि बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी मुस्लिम वोटों में सेंध लगाकर और परंपरागत दलित मतों को साधकर भाजपा की राह आसान करते नजर आ रहे हैं।

2019 में किसको मिले कितने वोट



सहारनपुर: मुस्लिम वोट बैंक पर भाजपा की निगाह

सहारनपुर में भाजपा से तीसरी बार मैदन में उतरे राघव लखनपाल शर्मा ने क्षत्रियों की नाराजगी को तो कुछ हद तक दूर कर लिया है, लेकिन सपा-कांग्रेस गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। हालांकि इस लड़ाई में बसपा प्रत्याशी माजिद अली उनकी राह आसान करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में सबकी निगाह मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी है, जिसकी संख्या छह लाख से ज्यादा बताई जाती है। प्रचार खत्म होने तक इस सवाल का जवाब नहीं मिल पाया है कि क्या मुस्लिम वोट एकमुश्त मसूद के समर्थन में जाएगा? पिछली बार यह सीट सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने जीती थी। यदि मुस्लिम वोट में बिखराव होता है तो भाजपा को लाभ निश्चित रूप से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम



कैराना : सीधी लड़ाई में बदलता दिख रहा चुनाव

कैराना लोकसभा सीट पर चुनाव दिलचस्प हो गया है। इस सीट को जीतने के लिए मुख्यमंत्री योगी जहां हिंदुओं को पलायन की याद दिलाकर विपक्ष को ललकार गए हैं, वहीं अंतिम दिन रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने रोड शो करके हुंकार भरी। जानकारों के मुताबिक इस सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन की हसन परिवार से उम्मीदवार इकरा हसन भाजपा को सीधी टक्कर देती नजर आ रही हैं। 28 वर्षीय इकरा लंदन में पढ़ी हैं और हिंदू गांवों में जाकर वोट मांगने के दौरान भाजपा सांसद की निष्क्रियता को मुद्दा बनाती रही हैं। भाजपा ने इस सीट पर गुर्जर समाज के प्रदीप चौधरी को दूसरी बार मैदान में उतारा है। प्रदीप चौधरी ने 2019 में इकरा हसन की मां तब्बसुम हसन को हराया था। लेकिन इस बार उनकी मुश्किल की एक वजह बसपा प्रत्याशी श्रीपाल राणा भी हैं, जो भाजपा से नाराजगी का मुद्दा उछालकर पार्टी के परंपरागत ठाकुर वोट बैंक में सेंध लगा रहे हैं।

2019 लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत



नगीना : सुरक्षित सीट पर चंद्रशेखर आजाद ने फंसाया पेंच

नगीना सुरक्षित सीट पर आज़ाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद चुनाव के केंद्र में हैं। बसपा उन्हें अपने लिए चुनौती मान रही है, यही वजह रही कि पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने नगीना में ही सभा करके प्रचार अभियान शुरू किया था। यहां करीब 70 प्रतिशत मतदाता मुस्लिम और दलित हैं। भाजपा से नहटौर के विधायक ओम कुमार तो इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी के रूप में पूर्व जज मनोज कुमार मैदान में हैं। उनके समर्थन में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रचार खत्म होने से पहले आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के साथ माहौल बना गए हैं। बसपा से सुरेंद्र पाल प्रत्याशी हैं। भाजपा को छोड़कर सभी प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान के दौरान दलित वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति बनाई। इसी तरह भाजपा के अलावा मुस्लिम मत भी तीनों प्रत्याशियों में बंटते नजर आ रहे हैं। दलित-मुस्लिम मतों के विभाजन का भाजपा सीधा फायदा उठा सकती है।



2019 का वोट प्रतिशत

बसपा	मलूक नागर	51.21
भाजपा	कुंवर भारतेंद्र	44.67
कांग्रेस	नसीमुद्दीन	2.36

बसपा भाजपा कांग्रेस

बिजनौर : भाजपा-बसपा की लड़ाई सपा ने त्रिकोणीय बनाई

बिजनौर लोकसभा सीट पर 2019 के चुनाव में सपासे गठबंधन के चलते बसपा ने जीत हासिल की थी। इस बार बसपा से चौ. विजेन्द्र सिंह प्रत्याशी हैं। वह जाट और दलित के साथ अति पिछड़ों को साधकर कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। उनके मुकाबले में उतरे भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी चंदन चौहान मीरापुर से रालोद के विधायक हैं। वह गुर्जर बिरादरी से आते हैं। चंदन को मजबूत करने के लिए बिजनौर से बसपा के सांसद मलूक नागर को रालोद में लेकर दलित वोट जोड़ने की कवायद की गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी इस सीट पर जी-जान लगाए हैं, तो सीएम योगी और बसपा सुप्रीमो मायावती भी जनसभा कर गई हैं। इस सीट पर सपा प्रत्याशी दीपक सैनी संघर्ष को त्रिकोणीय बनाकर वास्तव में भाजपा की मुसीबत बढ़ा रहे हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत

49.6 % भारतीय जनता पार्टी

49.2% सपा, बीएसपी, रालोद (गठबंधन)

मुजफ्फरनगर : भाजपा के वोट बैंक में सेंध की कोशिश

बसपा ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से दारा सिंह प्रजापति को प्रत्याशी बनाकर भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाने का प्रयास किया है। दलित और प्रजापति वोटों को साधकर बसपा की कोशिश मुस्लिम वोट अपने पक्ष में करने की है। यहां से भाजपा प्रत्याशी दो बार से सांसद केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान की हर तरफ चर्चा के बीच कुछ विरोध के स्वर भी सुनाई देते हैं। बालियान जाट समाज के साथ ओबीसी वर्ग में मजबूत समर्थन रखते हैं। लेकिन उनके विरुद्ध प्रचार में त्यागी, ठाकुर और सैनी समाज की नाराजगी को हवा देने की कोशिश की जाती रही। कांग्रेस-सपा गठबंधन से मैदान में उतरे हरेन्द्र मालिक कई चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण हर समाज में पहचान और पकड़ रखते हैं। वह अंतिम समय तक भाजपा के वोटों में सेंधमारी करके मुकाबला अपनी तरफ मोड़ने की जद्दोजहद करते नजर आए।

बिहार की चार सीटों पर कल डाले जाएंगे वोट

पटना। बिहार में इंडिया गठबंधन और राजग के बीच लोकसभा चुनाव में कड़ा मुकाबला है। दोनों ही दलों ने प्रचार में ताकत झोंक दी हैं। पहले चरण में यहां की चार सीटों जमुई, गया, नवादा और औरंगाबाद पर 19 अप्रैल को डाले जाएंगे। इन सीटों को जीतने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या मुख्यमंत्री नितीश कुमार हों और विरोधी गठबंधन के नेता तेजस्वी यादव सबने अपने तरकश के हर तीर को आजमा लिया है। एक- एक वोट का महत्व समझते हुए राजद, जदयू, हम, भाजपा और लोजपा के कार्यकर्ता मतदाताओं को घर- घर जाकर मनुहार कर रहे हैं।

औरंगाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा के सुशील सिंह ताल ठोक रहे हैं तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पाटी राष्ट्रीय जनता दल के अभय कुशवाहा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। पिछले तीन चुनाव से सुशील सिंह यहां से जीत रहे हैं। उन्होंने 2009 में जदयू और उसके बाद के दोनों चुनावों में भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की। अब उनके विजय रथ को रोकने के लिए अभय कुशवाहा ने रात दिन एक कर रखा है। तेजस्वी यादव ने यहां सभा कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की भरपूर कोशिश की है तो पीएम मोदी के साथ ही राजग के बड़े नेताओं ने भी यहां कोई कसर नहीं छोड़ी है।

गया सुरक्षित सीट को हॉट सीट की श्रेणी में रखा गया है क्योंकि यहां से पूर्व मुख्यमंत्री एवं हम के अध्यक्ष जीतन राम मांझी मैदान में हैं। उनका मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल के कुमार सर्वजीत से है। इसके साथ ही विभिन्न दलों और निर्दलीय 12 और उम्मीदवार यहां से ताल ठोक रहे हैं। हालांकि मुख्य मुकाबला मांझी और कुमार सर्वजीत के बीच ही है। 2019 में इस सीट पर जदयू ने परचम लहराया था।

भाजपा ने जमुई लोकसभा सीट अपनी प्रमुख सहयोगी पार्टी लोजपा रामविलास को दी है। इस सुरक्षित सीट पर लोजपा रामविलास ने अरुण भारती तो राजद ने अर्चना कुमारी रविदास को उम्मीदवार बनाया है। यह सीट लोजपा प्रमुख चिराग पासवान के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। लगातार दो चुनाव में वे इस सीट पर खुद ही जीत चुके हैं। अब उन्होंने अरुण भारती को उतारा है। नवादा सीट पर भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर और राजद के श्रवण कुमार ताल ठोक रहे हैं। इन्हीं दोनों के बीच मुख्य मुकाबला भी है।

● राजग ने पिछले चुनाव में जीतीं थीं ये लोकसभा सीटें

2019 में कौन कहां से जीता

सीट	विजेता पार्टी
गया	जदयू
नवादा	लोजपा
जमऊ	लोजपा
औरंगाबाद	भाजपा

तमिलनाडु में 20 सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष!

चेन्नई

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में सबसे बड़ा मुकाबला तामिलनाडु में होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के बाद लोकसभा सीटों के मामले में यह देश का चौथा सबसे बड़ा राज्य है। इस दक्षिणी राज्य में अभी तक अन्नाद्रमुक और द्रमुक के बीच द्वि-ध्रुवीय मुकाबला ही होता रहा है। राष्ट्रीय दल कांग्रेस और भाजपा इन दोनों में किसी एक पार्टी के साथ हाथ मिलाते रहे हैं। लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में यहां दो दर्जन से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा के नेतृत्व वाला राजग यहां से अपनी सीटें बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों में पहली बार भाजपा अपने फायरब्रांड नेता के अन्नामलाई के नेतृत्व में कम से कम 10 लोकसभा सीटें और दो अंकों में वोट शेयर दर्ज करने की उम्मीद कर रही है।

पिछली बार 2019 के चुनाव में डीएमके गठबंधन ने तमिलनाडु की 39 में से 38 सीटें जीती थीं। पार्टी को उम्मीद है कि इस बार अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच वोट विभाजन के कारण उनके लिए राह और भी आसान हो सकती है, क्योंकि अन्नाद्रमुक और भाजपा एक साथ चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।

2014 में द्रमुक का नहीं खुला था खाता: तमिलनाडु में साल 2014 के आम चुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री जे जयललिता के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक ने 37 सीटें जीती थीं। भाजपा ने एक सीट और एस रामदास के नेतृत्व वाली पट्टली मक्कल काची ने एक सीट जीती थी।

39 सीटों पर मतदान कल

- भाजपा अपने फायरब्रांड नेता अन्नामलाई के नेतृत्व में 10 सीटें और दो अंकों में वोट शेयर की कर रही उम्मीद
- द्रमुक को भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच वोट विभाजन के कारण नजर आ रही जीत की राह और आसान

26 उम्मीदवार नामांकन में दाखिल किए गए चुनावी हलफनामों के अनुसार चुनाव लड़ने वाले 40 सबसे अमीर उम्मीदवारों में तमिलनाडु से हैं।

2019 का चुनाव परिणाम

द्रमुक गठबंधन	38
अन्ना द्रमुक गठबंधन	01

2019 वोट शेयर

द्रमुक गठबंधन : **53.15%**
अन्ना द्रमुक गठबंधन : **30.56 %**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम प्रांत के नलबाड़ी में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा भी लगाया।

मतदाताओं का मिजाज 17 चुनावों में सिर्फ तीन बार 1998, 2014 और 2019 के चुनाव में बरेली संसदीय सीट पर 60 फीसदी से ज्यादा पड़े वोट

मंदिर और मोदी लहर में फर्स्ट डिवीजन पास हुए बरेली के मतदाता

अनुपम सिंह, बरेली

अमृत विचार : बरेली संसदीय सीट पर मतदाताओं का मिजाज मुद्दों, लहर और ध्रुवीकरण से प्रभावित होता रहा है। यही वजह है कि पिछले 72 बरसों में हुए 17 चुनावों में महज तीन बार ही यहां के मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास हुए, जबकि बाकी चुनावों में 60 फीसदी का आंकड़ा नहीं छू सके। अब इस बार डिस्टिंक्शन यानी 75 फीसदी मतदान के लिए चुनाव आयोग, राजनीतिक दल और प्रत्याशी सभी जोर लगा रहे हैं।

आजादी के बाद पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनाव में बरेली सीट पर 36.55 फीसदी मतदान हुआ था। 1957 में वोटिंग प्रतिशत छह प्रतिशत बढ़ोत्तरी के साथ 42.8 पर पहुंचा। 1962 के चुनाव में मतदाताओं ने और उत्साह दिखाया तो 48.1 प्रतिशत मतदान हुआ। 1967 में फिर मतदाता बड़ी संख्या में घरों से बाहर आए और 57.7 प्रतिशत वोटिंग हुई। 1971 के चुनाव में जिला प्रशासन और सियासी दलों को वोटिंग प्रतिशत और बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन मतदाताओं ने निराश कर दिया। वोटिंग प्रतिशत धड़ाम होकर 45.6 फीसद पर अटक गया।

हालांकि 1977 के चुनाव में उत्साह फिर देखने को मिला और 53.21 फीसदी मतदान कर मतदाताओं ने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया, लेकिन 1980 में मतदान प्रतिशत गिरकर 44.6 रह गया। 1984 में वोटिंग प्रतिशत में फिर उछाल आया। 54.01 फीसदी मतदान हुआ। 1989 के चुनाव में मतदान तीन फीसदी लुढ़ककर 51.8 रहा। 1991 में फिर बढ़ोत्तरी हुई और मतदान प्रतिशत का आंकड़ा 58.3 फीसदी पहुंचा। लेकिन 1996 में मतदान प्रतिशत 50.6 फीसदी पर चला गया। लेकिन 1998 ने पहली बार रिकॉर्ड बनाया। 61.7 फीसदी वोटिंग के साथ मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास हुए। हालांकि, एक साल बाद 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ, तो मतदान 58.5 प्रतिशत ही हुआ। 2004 में उदासीनता दिखी और मतदान प्रतिशत 52.9 पर सिमट गया। 2009 में आंकड़ा 50.4 फीसदी रहा, लेकिन 2014 के चुनाव में मतदाताओं ने कमाल कर दिया। 11 फीसदी ज्यादा वोट पड़े और मतदाताओं ने 61.2 फीसदी वोटिंग के साथ फर्स्ट डिवीजन का दूसरा रिकॉर्ड बनाया। 2019 में 2014 वाली स्थिति मतदाता बरकरार तो नहीं रख पाए, मगर 60.5 प्रतिशत मतदान के साथ फर्स्ट डिवीजन पर बने रहे।

भाजपा और मोदी लहर में रचा कीर्तिमान

- बरेली संसदीय सीट का चुनावी इतिहास बताता है कि मतदाताओं ने जिन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग की, उस समय देश में भाजपा और मोदी की लहर रही। 1998 के लोकसभा चुनाव के वक्त राम मंदिर आंदोलन के कारण भाजपा के पक्ष में माहौल था, तो 2014, 2019 में मोदी लहर थी। इसके सियासी निहितार्थ भी निकाले जा रहे हैं, क्योंकि बरेली सीट को मुस्लिम बाहुल माना जाता है। ऐसे में इन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग होना दिलचस्प है।

1977 में जनता पार्टी की लहर में 53.21, 1984 में सहानुभूति के चलते 54.01 और 99 में 58.5 फीसदी पड़े वोट थे

33,54,696 मतदाता बरेली और आंवला सीट पर

1796060 पुरुष मतदाता

1558544 महिला मतदाता

एक नजर

वायुसेना ने दो रोगियों को विमान के जरिए करगिल से श्रीनगर पहुंचाया

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना के एएन-32 विमान के जरिए दो रोगियों को बुधवार को करगिल से श्रीनगर ले जाया गया, जिन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी। वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में विमान और उन्हें ले जाए जाने की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में लिखा था कि वायुसेना के एक एएन-32 से आज सुबह दो रोगियों को करगिल से श्रीनगर पहुंचाया गया। रोगियों को तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी और उन्होंने स्थानीय प्रशासन के जरिए वायुसेना से मदद मांगी थी। करगिल केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में काफी ऊंचाई पर है।

अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर कार ने ट्रक में टक्कर मारी, 10 मौत

नाडियाड (गुजरात)। गुजरात के खेडा जिले में नाडियाड कस्बे के समीप अहदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार को एक तेज रफ्तार कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार 10 लोगों की मौत हो गई। नाडियाड देहात थाने के निरीक्षक किरीट चौधरी ने बताया, कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी कि तभी एक्सप्रेस वे पर वाहन ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायलों को एक एम्बुलेंस में पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। नाडियाड से विधायक पंकज देसाई ने कहा कि ऐसी संभावना हो सकती है कि कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण ट्रक को एक्सप्रेसवे की बाईं ओर रोका गया हो और कार चालक को ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिला, जिसकी वजह से हादसा हो गया।

साथियों की रिहाई की मांग कर रहे किसानों का रेल पटरियों पर धरना

चंडीगढ़। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान बुधवार को पंजाब एवं हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेल पटरियों पर बैठ गए। वे लोग हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे थे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के धरने के कारण कई रेलगाड़ियों के मार्ग में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि 30 से अधिक रेलगाड़ियों की आवाजाही प्रभावित हुई और उनके मार्ग में परिवर्तन किया गया या उन्हें रद्द कर दिया गया। रामनवमी के अवसर पर रेलगाड़ियों का परिचालन बाधित होने से यात्रियों को भी परेशानी हुई।

कांकेर मुठभेड़ में मारे गए 29 माओवादियों में से नौ की पहचान हुई

कांकेर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 29 नक्सलियों में से नौ की पहचान कर ली गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि मुठभेड़ के बाद मंगलवार को दो नक्सलियों की पहचान की गई थी, लेकिन आज शाम तक सात और नक्सलियों की पहचान कर ली गई है। सुंदरराज ने बताया कि मारे गए नक्सली जिनकी पहचान की गई है उनमें डिवीजनल कमेटी सदस्य शंकर राव और ललिता, उत्तर बस्तर डिवीजन की सदस्य माधवी आदि हैं।

असफल प्रेमी की आत्महत्या के लिए प्रेमिका जिम्मेदार नहीं : हाईकोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला, खुदकशी के लिए अन्य को नहीं ठहरा सकते दोषी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में दो व्यक्तियों की अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए कहा है कि यदि कोई पुरुष प्रेम में विफलता के कारण अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेता है, तो उसकी महिला साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

अदालत ने कहा कि कमजोर और दुर्बल मानसिकता वाले व्यक्ति द्वारा लिए गए गलत फैसले के लिए किसी अन्य व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा यदि कोई प्रेमी प्रेम में विफल रहने के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई छात्र परीक्षा में अपने खराब प्रदर्शन के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई मुवक्किल अपना मामला खारिज किए जाने के कारण आत्महत्या करता है तो क्रमशः प्रेमिका, परीक्षक और वकील को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

अदालत ने यह आदेश एक महिला और उसके दोस्त को अग्रिम जमानत देते हुए पारित किया था। वर्ष 2023 में एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में इन दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

मृतक के पिता की शिकायत के अनुसार, महिला और उनके बेटे के बीच प्रेम संबंध थे और दूसरा आरोपी उन दोनों का साझा मित्र था। यह आरोप लगाया गया था कि याचिकाकर्ताओं ने मृतक को यह कहकर उकसाया कि दोनों आरोपियों के बीच शारीरिक संबंध हैं और वे जल्द ही शादी करेंगे। मृतक का शव उसकी मां को उसके कमरे में मिला था। कमरे से सुसाइड नोट भी मिला था, जिसमें मृतक ने लिखा था कि वह उन दोनों (महिला और उसके सामान्य दोस्त) के कारण आत्महत्या कर रहा है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि यह सही है कि मृतक ने अपने सुसाइड नोट में याचिकाकर्ताओं के नामों का उल्लेख किया था, लेकिन अदालत की राय है कि उस 'नोट' में ऐसा कुछ भी नहीं था, जिससे पता चले कि आरोपियों की ओर से कही गई बातें इतनी खतरनाक प्रकृति की थीं कि सामान्य व्यक्ति को आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर दें। अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड पर रखे गए व्हाट्सऐप चैट से प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक संवेदनशील स्वभाव का था और जब भी महिला उससे बात करने से इनकार करती थी तो वह लगातार महिला को आत्महत्या की धमकी देता था। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि हिरासत में पूछताछ का उद्देश्य जांच में सहायता करना है और यह दंडात्मक नहीं है। अदालत ने कहा कि अब दोनों याचिकाकर्ताओं से हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को जांच में शामिल होने और सहयोग करने का निर्देश दिया।

भारत की 144 करोड़ जनसंख्या में से 24 फीसदी 0-14 वर्ष आयु वाले : यूएनएफपीए

नई दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की अनुमानित जनसंख्या 144 करोड़ हो चुकी है, जिसमें 24 प्रतिशत लोग 0 से 14 साल के उम्र के हैं। यूएनएफपीए की विश्व जनसंख्या 2024 रिपोर्ट इंटरवॉवन लाइव्स, थ्रेड्स ऑफ होप एंडिंग इनइक्वैलिटीज इन सैक्सुअल एंड रिप्रॉडक्टिव हेल्थ एंड राइट में अनुमान लगाया गया है कि भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत 144.17 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या के साथ विश्व स्तर पर सबसे आगे है, जबकि चीन को दूसरा स्थान प्राप्त है। वहां 142.5 करोड़ की आबादी है। भारत में साल 2011 में की गई जनगणना के दौरान यहां 121 करोड़ आबादी थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत की करीब 24 प्रतिशत आबादी 0-14 वर्ष की हैं, जबकि 17 प्रतिशत 10-19 वर्ष के भीतर है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि 10-24 साल के 26 प्रतिशत लोग हैं जबकि 68 फीसदी 15-64 आयु वर्ग के हैं। भारत की सात प्रतिशत आबादी 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष है।

77 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी भारत की जनसंख्या, 68 फीसदी लोग 15-64 की आयु वाले

रिपोर्ट में पाया गया कि यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में 30 वर्षों की प्रगति ने दुनिया भर में सबसे वंचित समुदायों को नजरअंदाज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में साल 2006-2023 के बीच 23 प्रतिशत लोगों का बाल विवाह कराया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में मातृ मृत्यु में काफी गिरावट आई है, जो दुनिया भर में होने वाली ऐसी सभी मौतों का 8 प्रतिशत रह गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सफलता का श्रेय अक्सर किफायती, गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के साथ-साथ स्वास्थ्य परिणामों पर लैंगिक भेदभाव के प्रभाव को दूर करने के प्रयासों को दिया जाता है।

'भगवा पोशाक' को लेकर विवाद के बाद स्कूल के अफसरों पर मामला दर्ज

हैदराबाद, एजेंसी

मंचेरियल जिला पुलिस ने कन्नेपल्ली गांव में स्कूल में 'हनुमान दीक्षा पोशाक' पहनकर आने वाले कुछ छात्रों पर कथित रूप से आपत्ति जताने के लिए स्कूल के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दांडेपल्ली पुलिस के अनुसार, छात्रों के माता-पिता की शिकायत के आधार पर मंगलवार को प्रधानाध्यापक समेत स्कूल अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। ब्लेस्ड मदर टेरेसा हाई स्कूल प्रबंधन ने बताया कि दो दिन पहले, प्रधानाध्यापक ने छात्रों को पोशाक के बजाय भगवा कपड़े में देखने के बाद उन्हें अपने माता-पिता को बुलाने के लिए कहा। बाद में लोगों के एक समूह ने मंगलवार को स्कूल में तोड़फोड़ की।

तृणमूल कांग्रेस के घोषणापत्र में सीएए निरस्त करने का वादा

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें केंद्र की सत्ता में आने पर कई सामाजिक कल्याणकारी कदमों के साथ ही नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को रद्द करने का वादा किया गया है।

राज्यसभा में तृणमूल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने यहां पार्टी मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करते हुए कहा, ₹ये वे वादे हैं जिन्हें हम 'इंडिया' समूह के हिस्से के तौर पर पूरा करेंगे, जब समूह की अगली सरकार बनेगी।'' पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित मित्रा ने कहा, ₹हम मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना के जरिए पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने का वादा करते हैं। हम नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द करने और देश में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) कवायद को रोकने का भी वादा करते हैं।

पैराशूट रेजीमेंट प्रशिक्षण केन्द्र से 427 अग्निवीरों का सफल प्रशिक्षण

बेंगलुरु। कर्नाटक में पैराशूट रेजीमेंट प्रशिक्षण केन्द्र से बुधवार को तीसरे बैच के 427 अग्निवारों ने 24 सप्ताह का कठिन भर्ती प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस मौके पर परेड का आयोजन किया गया। इसमें 427 अग्निवीरों ने अनुकरणीय अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। कर्नाटक और केरल उप-क्षेत्र के जनरल ऑफीसर कमांडर मेजर जनरल रवि मुरुगन अग्निवीरों की परेड का निरीक्षण किया और उन्हें संबोधित किया। उन्होंने अग्निवीरों को ईमानदारी, वफादारी, बहादुरी के मूल्यों को कायम रखने के महत्व पर जोर दिया और रंगरूटों की त्रुटिहीन सहनशक्ति, टर्नआउट और ड्रिल के लिए सराहना की। मेजर जनरल मुरुगन ने अग्निवीरों के माता-पिता को बधाई दी, जिनका राष्ट्र सेवा के लिए अपने बच्चों को कठिन प्रशिक्षण में भेजना समर्थन और योगदान है।

सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित केरल की सारिका ने उत्तीर्ण की सिविल सेवा परीक्षा

कोझिकोड (केरल), एजेंसी

उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले की रहने वाली महिला सारिका ए. के. ने गंभीर बीमारी सेरेब्रल पाल्सी से ग्रस्ति होने के बावजूद सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण की। सेरेब्रल पाल्सी (सीपी) एक जन्मजात बीमारी है, जो किसी व्यक्ति की चलने-फिरने, संतुलन बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित करती है।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को जारी किए गए परिणामों के अनुसार, सारिका ने अपने दूसरे प्रयास में सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए 922 रैंक हासिल की। वह अपने दाहिने हाथ का उपयोग नहीं कर पाती हैं और मोटर चालित व्हील-चेयर को नियंत्रित करने के लिए अपने बाएं हाथ का इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में वह नतीजे से हैरान थीं। सारिका ने कहा मुझे यह उम्मीद थी कि मैं परीक्षा उत्तीर्ण कर लूंगी। मुझे खुशी है कि मैंने यह कर दिखाया। मेरे पास अपनी खुशी जाहिर करने के लिए शब्द नहीं हैं। सारिका ने स्नातक होने के बाद सिविल सेवा की परीक्षा देने का फैसला किया था। अपने परिवार, दोस्तों और शिक्षकों के समर्थन की बदौलत वह इसमें सफल भी हो गईं। उन्होंने अमेरिका की एक महिला जेसिका कॉक्स का भी जिक्र किया जो हाथ नहीं होने के बावजूद एक लाइसेंस प्राप्त पायलट बन गई थीं।

भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित

कासरगोड(केरल)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि अपने पड़ोसियों के साथ भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता सिंह ने कांग्रेस के इस आरोप के स्पष्ट संदर्भ में यह बयान दिया कि चीन ने लगभग 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है जिसमें लद्दाख में 65 गश्त बिंदुओं में से 26 पर कब्जा किया जाना और अरुणाचल प्रदेश के 50-60 किमी अंदर गांव बनाना शामिल है। सिंह कन्नूर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा में बोल रहे थे।

हिरासत में मौत मामले में पुलिस पर रिपोर्ट, न्यायालय ने मांगा जवाब

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है, जिनकी हिरासत में हरियाणा के फरीदाबाद जिले में एक 32 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। यह मामला 2013 का है।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने मृतक के भाई आनंद राय कौशिक की याचिका पर हरियाणा सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई के लिए सूचीबद्ध की। आनंद कौशिक ने वकील राहुल गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी याचिका में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पिछले साल 28 नवंबर को पारित आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने आपराधिक मामला दर्ज करने और जांच को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो या किसी अन्य जांच एजेंसी को स्थानांतरित करने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उनके भाई सतेंद्र कौशिक की 25 जुलाई 2013 को फरीदाबाद के एनआईटी पुलिस थाने में हिरासत के दौरान मौत हो गई थी।

कारोबार

लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
गेहूँदड़ा	2250-2400
आर. आर.21	2450-2500
गेहूँफारम	2550-2600
जौ	2000-2100
ज्वार	2000-4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200-2400
चना	5800-5900
अरहर	9000-10000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	11000-11800
उड़दकाला	6000-8000
मूँग	8500-8800
अरहरफूल	15800-16000
अरहरस्पेशल	13800-14000
चनादाल	7250-7350
मटरदाल	5050-5150
मसूरमलका	7200-7250
मसूरदाल	7400-7450
उड़ददाल	9500-13000

मेंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक-1005, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1180

सर्राफा

कानपुर

चाँदी 999 (प्रति किलो)	85800
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75875
गिन्नी (प्रति नग)	56550-56750

स्पाइसजेट की उड़ान यात्रियों का सामान लिए बिना बागडोगरा पहुंची

नयी दिल्ली/ बागडोगरा। स्पाइसजेट एयरलाइन के कई यात्रियों को बुधवार को पश्चिम बंगाल के बागडोगरा हवाई अड्डे पर उस समय असुविधा का सामना करना पड़ा जब उन्हें पता चला कि उनका सामान दिल्ली में ही छूट गया है। स्पाइसजेट ने इस असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि दिल्ली में छूट गए यात्रियों के सामान को अगली उड़ानों के जरिये बागडोगरा लाया जाएगा। यह मामला उस समय सामने आया जब नोएडा निवासी एक यात्री ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। राजेश कुमार ने 'एक्स' पर लिखा, ''आज दिल्ली से बागडोगरा की उड़ान एसजी8841 में हमारा सामान खो गया और गलत जगह रख दिया गया। कर्मचारियों के पास इसका कोई जवाब नहीं है।'' दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से यह उड़ान दोपहर 12.30 बजे बागडोगरा के लिए रवाना हुई थी। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने इस प्रकरण पर कहा, ''स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 8841 को परिचालन कारणों से भार-वहन संबंधी बंदिशों का सामना करना पड़ा, जिससे कुछ सामान को विमान से उतार दिया गया था। लेकिन इस सामान को बाद की उड़ानों के माध्यम से जोड़ा जाएगा।''

2047 तक 34.7 लाख करोड़ डॉलर की होगी भारतीय अर्थव्यवस्था : पीएचडीसीसीआई

विकसित भारत की ओर जाने के लिए 10 प्रमुख कारकों की लगात कम करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने वर्ष 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए आज 10 प्रमुख कारकों की घोषणा की जिनमें व्यापार करने में आसानी, पूंजी, बिजली, लॉजिस्टिक्स, भूमि की लागत जैसी व्यापार करने की लागत को कम करना शामिल है।

पीएचडीसीसीआई ने '2047 तक विकसित भारत' का रूपरेखा पेश करते हुये कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद कोविड महामारी के बाद मजबूती से आगे बढ रही है। उसने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रति व्यक्ति आय 21000 डॉलर के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था 34.7 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। संगठन के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा हमने 10 प्रमुख कारको की पहचान की है जो अर्थव्यवस्था को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जा रहे हैं। फैक्ट्री स्तर पर व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना। पूंजी की लागत, कच्चे माल की लागत, भूमि की लागत और भूमि की उपलब्धता, श्रम की लागत और कुशल श्रम की उपलब्धता तथा अनुपालन की लागत सहित व्यवसाय करने की लागत को कम करना पहला और बुनियादी प्रमुख क्षेत्र है जिस पर सरकार का ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का नहीं उठा रहा फायदा : पूर्व गवर्नर रघुराम राजन

वाशिंगटन। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। जनसांख्यिकीय लाभांश से तात्पर्य कार्यबल अधिक होने और आश्रितों की संख्या कम होने से उत्पादता बढ़ने और इसी क्रम में तेज आर्थिक वृद्धि से है। राजन ने इस बात पर जोर दिया कि मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। राजन ने यहां जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में 2047 तक भारत को एक उन्नत अर्थव्यवस्था बनाना इसके लिए क्या करना होगा विषय पर चर्चा में कहा मुझे लगता है कि हम इसके (जनसांख्यिकीय लाभांश) बीच में हैं, लेकिन समस्या यह है कि फायदा नहीं उठा रहे हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5% बढ़ने का अनुमान

संयुक्त राष्ट्र। भारत की अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट में कहा गया कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए देश में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं का विस्तार कर रही हैं, जिसका भारतीय निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार व विकास (यूएनसीटीएडी) ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत 2023 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा और 2024 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।

अप्रैल के पहले पखवाड़े देश में बिजली की खपत 10 % बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में बिजली की खपत इस साल अप्रैल के पहले पखवाड़े में सालाना आधार पर करीब 10 प्रतिशत बढ़कर 70.66 अरब यूनिट रही। यह आर्थिक गतिविधियों में सुधार को दर्शाता है।

बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल में एक से 15 तारीख के बीच बिजली खपत 70.66 अरब यूनिट रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 64.24 अरब यूनिट थी। किसी एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग यानी अधिकतम आपूर्ति अप्रैल के पहले पखवाड़े में 218 गीगावाट रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 206 गीगावाट थी। बीते वर्ष एक दिन में बिजली की अधिकतम आपूर्ति अप्रैल में सर्वाधिक करीब 216 मेगावाट रही थी। मंत्रालय ने बिजली की अधिकतम मांग इस साल गर्मियों (अप्रैल-जून) में 260 गीगावाट रहने का अनुमान जताया है। पिछले साल सितंबर में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट रही जो अबतक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

70.66 अरब यूनिट सालाना खपत, आर्थिक गतिविधियों में हो रहा है सुधार

पावरग्रिड बॉन्ड से जुटाएगी 12,000 करोड़

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष में बॉन्ड जारी कर 12,000 रुपये जुटाने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। पावरग्रिड ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि बॉन्ड पर गठित निदेशकों की समिति ने 17 अप्रैल, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान गैर-परिवर्तनीय, गैर-संचयी, प्रतिदेय, कर-योग्य बॉन्ड जारी करने को मंजूरी दी।

अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में 8,339 करोड़ रुपये का किया निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति गौतम अडाणी के परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में अतिरिक्त 8,339 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे उसकी हिस्सेदारी 70.3 प्रतिशत हो गई। इस कदम से सीमेंट कंपनी की विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

कंपनी ने कहा कि अडाणी परिवार ने इससे पहले 18 अक्टूबर 2022 को कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इस नवीनतम निवेश के साथ उसने 20,000 करोड़ रुपये की योजना पूरी कर ली है। कंपनी के प्रवर्तक अडाणी परिवार ने कंपनी में 8,339 करोड़ रुपये का निवेश करके वारंट कार्यक्रम का पूर्ण अभिदान हासिल कर लिया है। कुल निवेश 20,000 करोड़ रुपये का हुआ है। नवीनतम निवेश से अडाणी परिवार की अंबुजा सीमेंट में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़ गई है। कुल मिलाकर अंबुजा सीमेंट में इसकी हिस्सेदारी 63.2 प्रतिशत से बढ़कर अब 70.3 प्रतिशत हो गई है।

70.3% हुई बढ़कर कुल हिस्सेदारी विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

ब्रिटेन में मुद्रास्फीति सबसे निचले स्तर पर

लंदन। ब्रिटेन की मुद्रास्फीति मार्च में ढाई साल में सबसे निचले स्तर पर आ गई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट इसकी मुख्य वजह रही।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च तक उपभोक्ता कीमतों में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो सितंबर 2021 के बाद यह सबसे कम है। फरवरी में यह 3.4 प्रतिशत से कम थी। हालांकि वार्षिक दर में गिरावट अर्थशास्त्रियों के अनुमान के मुताबिक नहीं है जिन्होंने इसके मार्च में 3.1 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

दुलर्भ खनिजों के वैज्ञानिकी खनन को कानूनी उपाय सुझाएगी समिति

- **कॉपर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को बनाएगी रणनीति**

नई दिल्ली। सरकार ने महत्वपूर्ण खनिज को लेकर समिति गठित की है। समिति दुर्लभ खनिजों के व्यावहारिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सिफारिश करेगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

खान मंत्रालय के आधिकारिक ज्ञापन के अनुसार, नीति आयोग के सदस्य वी के सारस्वत की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय समिति कॉपर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सुझाव देगी। समिति राज्यों के बीच खनन सुधारों के प्रभाव को लोकप्रिय बनाने के लिए रणनीति भी बनाएगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। पिछले साल भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने जम्मू-कश्मीर के सलाल-हैमाना क्षेत्र में 59 लाख टन लिथियम के अनुमानित संसाधन स्थापित किए थे।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	07	318
सुनील नरेन (कोलकाता)	06	276

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	06	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	05	10

खेल डायरी

करुआना से भिड़ेंगे गुकेश, नाकमुरा से प्रज्ञानानंदा

टोरंटो। रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भारत के डी गुकेश कैंडिडेट्स शतंरज टूर्नामेंट के 11वें दौर में जब यहां अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो करूआना से भिड़ेंगे तो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने पर टिकी होंगी। आर प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा। टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी है और भारत के इन दोनों किशोर खिलाड़ियों 17 साल के गुकेश और 18 साल के प्रज्ञानानंदा के पास अच्छा मौका है।

झेंग ने स्टुटगार्ट में कर्स्टी को हराया

स्टुटगार्ट। चीन की झेंग किनवेन ने लंबे सफर के बाद पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में सोराना कर्स्टी को सीधे सेट में शिकस्त दी। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी झेंग ने 76 मिनट में 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। झेंग पहले बीजिंग से चांगशा और फिर वहां से फ्रैंकफर्ट गईं, जहां से वह स्टुटगार्ट पहुंचीं। बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स ने कड़े मुकाबले में तात्याना मारिया को 6-1, 4-6, 6-0 से हराया। वह दूसरे दौर में दो बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक से भिड़ेंगी। स्वियातेक 2012-14 में मारिया शारापोवा के बाद स्टुटगार्ट में खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं।

जतिवाल दूसरे दौर के बाद शीर्ष पर बरकरार

नूंह (हरियाणा)। चंडीगढ़ के राजीव कुमार जतिवाल गुड़गांव ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद बुधवार को तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। एक करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले इस आयोजन के पहले दिन उन्होंने 66 का कार्ड खेला था, जिससे उनका कुल स्कोर 11 अंडर 133 का है। बेंगलुरु के एम धर्मा ने 69 का कार्ड खेला और वह कुल नौ अंडर 135 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है। तेज हवा के कारण स्थानीय खिलाड़ी सुनहित बिश्नोई और दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने भी 66 का शानदार कार्ड खेला।

पलक और सुरभि ओलंपिक ट्रायल्स की सूची में

नयी दिल्ली। रियो डि जिनेरियो में पेरिस कोटा जीतने वाली युवा निशानेबाज पलक गुलिया को गुरुवार से यहां कर्णी सिंह रेंज में शुरू होने वाले ओलंपिक ट्रायल्स के लिए पांच महिला 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजों में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए टीम का चयन करने के लिए मार्च में पिस्टल और राइफल ट्रायल्स के लिए निशानेबाजों की सूची की घोषणा की थी लेकिन महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नाम की घोषणा नहीं की थी क्योंकि रियो में अंतिम ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैम्पियनशिप अप्रैल के मध्य में होनी थी।

दूसरे चरण में पीएसजी चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल में

बार्सीलोना (स्पेन)। एक घंटे से अधिक समय तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने दूसरे चरण में बार्सीलोना को हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। काइलियान एमबापे ने दो गोल दागे जिससे पीएसजी ने मंगलवार को 4-1 से जीत दर्ज की और घरेलू मैदान पर पहले चरण में हार के बावजूद 6-4 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल में जगह बनाई। बार्सीलोना के डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को 29वें मिनट में ब्रेडली बार्कोला के खिलाफ फाउल के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते दिल्ली कैपिटल्स के मुकेश कुमार। • एजेंसी

गुजरात टाइटन्स के अभिनव मनोहर की स्टंपिंग की अपील करते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत। • एजेंसी

दिल्ली ने गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से हराया

कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाज चमके, मुकेश कुमार तीन, ईशांत शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स ने दो-दो विकेट झटके

अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात ने आईपीएल सत्र 2024 का सबसे कम स्कोर बनाया, 8.5 ओवर में ही दिल्ली ने लक्ष्य को हासिल कर लिया

दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को यहां कम स्कोर वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए गुजरात टाइटन्स को 17.3 ओवर में 89 रन पर ढेर कर दिया जो इस सत्र में किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर है। गुजरात टाइटन्स का यह आईपीएल में अब तक का सबसे कम स्कोर भी था।

पिछले कुछ मैचों में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज असरदार नहीं रहे थे लेकिन आखिरकार इस मैच में जलवा दिखाने में सफल रहे। मुकेश कुमार सबसे ज्यादा सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि इशांत शर्मा ने आठ रन देकर दो और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने एक ओवर में दो विकेट हासिल किये। गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी काफी खराब रही, उसके लिए केवल तीन खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंचे जिसमें से राशिद खान ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाये, जिन्होंने टीम की पारी का एकमात्र छक्का भी लगाया। दिल्ली कैपिटल्स ने यह लक्ष्य महज 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर हासिल कर लिया, जिससे उसके रन रेट में भी इजाफा हुआ। पंत की कप्तानी लाजवाब रही, जिन्होंने सही समय पर गेंदबाजों को लगाने के अलावा स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन किया और फिर 11 गेंद में नाबाद 16 रन बनाकर जीत दिलायी। यह विकेटकीपर बल्लेबाज विकेट के पीछे काफी फुर्तीला रहा, उन्होंने विकेट के पीछे कैच लपकने के अलावा शानदार स्टंपिंग भी की और टी20 विश्व कप को देखते हुए उनका प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए जेक फ्रेजर मैकगुर्क ने 20 रन, शाई होप ने 19 रन और अभिषेक पोरेल ने 15 रन का योगदान दिया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान शुभमन गिल (08) ने खलील अहमद की गेंद पर पारी का पहला शॉट लगाया। गिल ने फिर इशांत की गेंद को ऑफ साइड पर गैप से निकालकर चौका लगाया। लेकिन अगली ही फुल लेंथ गेंद पर गिल सीधे कवर पर पृथ्वी साव को कैच देकर आउट हो गये। साई सुदर्शन (12) ने लगातार दो चौके से शुरूआत की जिसमें एक्स्ट्रा कवर पर एक बेहतरीन चौका भी शामिल था। पंत ने इशांत के बजाय मुकेश कुमार को गेंदबाजी के लिए लगाया। इस गेंदबाज ने अपने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर ऋद्धिमान साहा (02) का विकेट झटक लिया। चोटिल डेविड वार्नर की जगह खेल रहे सुमित कुमार ने शानदार क्षेत्ररक्षण का नमूना पेश किया और नॉन-स्ट्राइकर छोर पर सीधे थ्रो से सुदर्शन को रन आउट कर दिया। तीन विकेट लेने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज अच्छी लय में आ गये और कप्तान पंत ने भी दो कैच और दो स्टंप आउट कर उदाहरण पेश किया। पंत ने इशांत की गेंद पर खतरनाक डेविड मिलर (02) का कैच लपककर गुजरात टाइटन्स को चौथा झटका दिया। पांच ओवर के बाद घरेलू टीम का स्कोर चार विकेट पर 30 रन था। इशांत ने मिलर को बायीं ओर के कोण लेती गेंद फेंकी जिस पर पंत ने कैच लिया लेकिन जोरदार अपील के बावजूद अंपायरों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी। पंत ने हालांकि रिव्यू करने का फैसला किया और अल्ट्राएज में पता चला कि मिलर ने बल्ला गेंद से छुआया था। इसके बाद गुजरात टाइटन्स की मुसीबत बढ़ती ही जा रही थी।

पंत ने स्टब्स को गेंदबाजी के लिए लगाया जिन्होंने पहले अभिनव मनोहर को और फिर शाहरूख खान को आउट किया। बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की गेंद राहुल तेवतिया के पैड पर लगी और इस गेंदबाज की अपील के बाद अंपायर ने अपनी उंगली उठा दी। तेवतिया ने रिव्यू लिया लेकिन फैसला बरकरार रहा। गुजरात टाइटन्स ने 12वें ओवर में महज 66 रन पर अपना सातवां विकेट खो दिया। खलील अहमद ने फिर मोहित शर्मा को आउट किया। इससे पहले राशिद खान ने कुलदीप यादव पर लांग आफ में पारी का पहला और एकमात्र छक्का लगाया। कुलदीप कोई विकेट नहीं ले सके लेकिन उन्होंने किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवर में 16 रन दिये। मुकेश कुमार ने फिर राशिद की पारी समाप्त कर दी।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	7	6	1	12	+0.677
कोलकाता	6	4	2	8	+1.399
चेन्नई	6	4	2	8	+0.726
हैदराबाद	6	4	2	8	+0.502
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
दिल्ली	7	3	4	6	-0.074
गुजरात	7	3	4	6	-1.303
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
मुंबई	6	2	4	4	-0.234
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

गुजरात 89/10

17.3 ओवर, अतिरिक्त : 12

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ऋद्धिमान साहा बो मुकेश कुमार	02	10	0/0
शुभमन गिल का शॉ बो शर्मा	08	06	2/0
साई सुदर्शन रन आउट (सुमित)	12	09	2/0
डेविड मिलर का पंत बो शर्मा	02	06	0/0
अभिनव मनोहर स्ट पंत बो स्टब्स	08	14	1/0
राहुल तेवतिया पगबाधा बो पटेल	10	15	1/0
शाहरूख खान स्ट पंत बो स्टब्स	00	01	0/0
राशिद खान का पंत बो मुकेश कुमार	31	24	2/1
मोहित शर्मा का सुमित कुमार बो अहमद	02	14	0/0
नूर अहमद बो मुकेश कुमार	01	07	0/0
स्पेंसर जॉनसन नाबाद	01	01	0/0

गेंदबाजी : खलील 4-1-18-1, इशांत 2-0-8-2, मुकेश कुमार 2.3-0-14-3, कुलदीप 4-0-18-0, ट्रिस्टन स्टब्स 1-0-11-2, अक्षर पटेल 4-0-17-1

दिल्ली 92/4

8.5 ओवर, अतिरिक्त : 6

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
पृथ्वी शॉ का जॉनसन बो वॉरियर	07	06	1/0
जेक फ्रेजर का मनोहर बो जॉनसन	20	10	2/2
अभिषेक पोरेल बो वॉरियर	15	07	2/1
शाई होप का मोहित बो राशिद	19	10	1/2
ऋषभ पंत नाबाद	16	11	1/1
सुमित कुमार नाबाद	09	09	2/0

गेंदबाजी : संदीप वॉरियर 3-0-40-2, स्पेंसर जॉनसन 2-0-22-1, राशिद खान 2-0-12-1, नूर अहमद 1.5-0-14-0

पैरा तीरंदाज शीतल ने सक्षम खिलाड़ियों के बीच पदक जीता

नयी दिल्ली, एजेंसी

एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं।

डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं। इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति में शीतल के हवाले से कहा गया, ''इस नतीजे से मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।''

ओलंपिक में भारत करेगा न्यूजीलैंड खिलाफ अभियान की शुरुआत

नयी दिल्ली, एजेंसी

सौ दिन बाद पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्वर्ण पदक की उम्मीद के साथ 27 जुलाई को न्यूजीलैंड खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस बार पेरिस ओलंपिक हॉकी के पूल ए में जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान फ्रांस है। वहीं पूल बी में भारत को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, और आयरलैंड की चुनौती का सामना करना है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। उसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना और फिर 30 जुलाई आयरलैंड और एक अगस्त बेल्जियम से भिड़ेगी। भारतीय टीम अपना आखिरी ग्रुप स्टेज गेम दो अगस्त को शक्तिशाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।

ओलंपिक की उलटी गिनती के साथ ही भारतीय टीम के मुख्य क्रेग फुल्टन, "हम अभी ऑस्ट्रेलिया के गहन दौरे से लौटे हैं, एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक शुरू होने में केवल 100 दिन बचे हैं और टीम में उत्साह बढ़ रहा है। स्वर्ण पदक जीतने के हमारे साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर हमारी टीम की एकजुटता के साथ बढ़ रही है।" भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि हर दिन मायने रखता है, हर अभ्यास, हर अभ्यास - यह सब ओलंपिक मंच पर उस पल की ओर बढ़ रहा है। कुल मिलाकर, हम भूखे हैं, हम केंद्रित हैं और हम चमकने के लिए तैयार हैं। उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने भी कहा, "ऑस्ट्रेलिया परीक्षण ने उन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला है जिनमें हमें सुधार करने की आवश्यकता है और शिविर में लौटने पर हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए समय रहते किसी भी शेष मुद्दे को सुलझा लें।

धीमी ओवर गति के लिए अय्यर पर 12 लाख का जुर्माना

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर की टीम मंगलवार को यहां रॉयल्स से दो विकेट से हार गई, जिसमें जोस बटलर ने 60 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।''

पंजाब किंग्स का सामना मुंबई इंडियंस से आज

मुल्लांपुर, एजेंसी

पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस निचले हाफ में चल रही दो टीम की जंग में गुरुवार को जब आमने-सामने होंगे तो दोनों इंडियन प्रीमियर लीग में अपने लड़खड़ाते अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए बेताब होंगे। छह-छह मैचों के बाद दोनों टीमों के समान चार अंक हैं। दोनों की नेट रन देकर में दशमलव अंकों का अंतर है।

पंजाब माइनस 0.218 के नेट रन रेट से सातवें जबकि मुंबई इंडियंस (माइन 0.234) आठवें स्थान पर है। पंजाब और मुंबई दोनों ने चार-चार मैच गंवाए हैं। दोनों ने अपने पिछले मैच हारे हैं और इस मैच में जीत के साथ वापसी करने की कोशिश करेंगे। पंजाब के लिए अपने शीर्ष क्रम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की चुनौती बढ़ गई है क्योंकि नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 'सात से 10 दिन' के लिए बाहर हो गए हैं। इस सत्र में पंजाब की टीम के लिए अंजान भारतीय खिलाड़ियों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन ये दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और उन्होंने एक से अधिक बार शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन की भरपाई की है। प्रभसिमरन सिंह का प्रदर्शन चिंता का विषय है।

बॉलीवुड हलचल

अक्षय कुमार की पहली तेलुगु फिल्म कनप्पा की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली पहली तेलुगु फिल्म कनप्प की शूटिंग शुरू हो गयी है। अक्षय कुमार फिल्मकार विष्णु मांचू की फिल्म कनप्पा के जरिए तमिल सिनेमा में एंट्री करने जा रहे हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसकी जानकारी विष्णु मांचू ने पोस्ट साझा कर दी है। विष्णु मांचू ने सोशल मीडिया पर अक्षय के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, कन्नप्पा का सफर और भी रोमांचक हो गया है। हम अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में स्वागत करते हैं। हम ''कनप्पा के साथ तेलुगु फिल्म में अक्षय कुमार की शुरुआत की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हैं। एक रोमांचक अनुभव के लिए तैयार हो जाइए जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे। विष्णु मांचू की एक्शन एडवेंचर पैन इंडिया फिल्म ''कन्नप्पा'' में अक्षय कुमार ,प्रभास के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। उनके अलावा मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल भी फिल्म का हिस्सा हैं। इनके अलावा नुपुर सेनन, नयनतारा और मोहन बाबू भी नजर आएंगे। यह फिल्म भगवान शिव के एक अटूट भक्त ''कन्नप्पा'' की सच्ची कहानी पर आधारित है।

जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म ''उलझ'' का टीजर रिलीज हो गया है। जाह्नवी कपूर ने फिल्म उलझ में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी देशभक्ति पर आधारित है, जो एक यंग डिप्लोमैट सुहाना (जाह्नवी कपूर) के इर्द- गिर्द घूमती है। फिल्म में सुहाना देश और अपने खिलाफ हो रही साजिश के बीच उलझती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर की शुरुआत सारे जहान से अच्छा की धुन से होती है। इसके बाद जाह्नवी कपूर के किरदार की एंट्री होती है, जिसकी पोस्टिंग विदेश में है। वहीं, ब्रैकग्राउंड में एक शख्स की आवाजा सुनाई देती है, जो अपने देश के साथ गद्दारी करने के लिए उसे मैन्यूपुलैट करने की कोशिश करता है। टीजर के अंत में जाह्नवी कपूर एक्शन मोड में भी नजर आती हैं। उलझ में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन सुधांशू सरिया ने किया है। जंगली पिक्चर्स के बैनर तले बन रही फिल्म उलझ को अमृता पांडे और विनीत जैन ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 05 जुलाई को रिलीज होगी।

चीन में रिलीज होगी विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल चीन में रिलीज होगी। विधु विनोद चोपड़ा की लिखी और निर्देशन में बनी 12वीं फेल अनुराग पाठक की इसी नाम की किताब पर आधारित है। यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित है। विक्रांत मैसी ने इस फिल्म में मनोज शर्मा की मुख्य भूमिका निभायी है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी के अलावा, मेधा शंकर की भी अहम भूमिका है। फिल्म ''12वीं फेल'' 27 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। फिल्म 12वीं फेल ने सिनेमाघरों में सिल्वर जुबली पूरी कर इतिहास रच दिया है। यह फिल्म अब चीन में भी रिलीज होगी। विक्रांत मैसी ने बताया,12वीं फेल अब चीन में भी रिलीज होने जा रही है। वहां हिंदी सिनेमा की बहुत ज्यादा डिमांड है। फिल्म को चीन में करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह फिल्म के चीन में रिलीज होने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्हें यदि मौका मिला तो वे चीन में जाकर फिल्म को प्रमोट करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

पिछले कुछ समय की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण है भारत का यह चुनाव

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय मूल के एक प्रतिष्ठित अमेरिकी प्रोफेसर ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत में इस सप्ताह शुरू होने वाले संसदीय चुनाव पिछले कुछ समय की तुलना में सबसे महत्वपूर्ण चुनाव होंगे। जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर इरफान नूरुद्दीन ने कहा कि भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों में गिरावट के संबंध में आलोचना थोड़ी ज्यादा लगती है, लेकिन कर अधिकारियों का उपयोग करके नेताओं को निशाना बनाने के मामलों की अधिक पड़ताल की जरूरत है।

प्रतिष्ठित जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में भारतीय राजनीति विषय के प्रोफेसर हमाद बिन खलीफा अल सानी नूरुद्दीन ने कहा पिछले कुछ समय की तुलना में ये चुनाव हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। एक ओर, आपके पास एक बहुमत वाली सरकार है जो अपने बहुमत का विस्तार करना चाह रही है, लेकिन इससे भारत के साथ-साथ विदेश में भी इस बात को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं कि भारत को लोकतांत्रिक पतन, विरोध जताने को लेकर डर, धमकी, विशेष रूप से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जैसी चर्चित हस्ती की गिरफ्तारी और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर चिंता का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा लेकिन अंततः यह चुनाव भारतीय लोगों के लिए है और मुझे लगता है कि दुनिया की नजरें मतदान की दर और इस बात पर रहेंगी कि चुनाव कितने प्रतिस्पर्धी हैं ताकि परिणाम चाहे जो भी हो, भारत के लोकतंत्र में विश्वास एक बार फिर से बहाल हो सके।

नूरुद्दीन ने कहा कि भारत में लोकतंत्र के बारे में चिंताएं कुछ ज्यादा ही बढ़ी हुई लगती हैं क्योंकि इस समय हमारे पास अब भी एक प्रतिस्पर्धी पार्टी परिदृश्य है, जिसमें कई पार्टियां काफी स्वतंत्र रूप से सरकार की आलोचना कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र का हिस्सा है। प्रोफेसर ने कहा कि दूसरी ओर, मुझे लगता है कि विशेष रूप से कुछ खास राजनेताओं और सार्वजनिक हस्तियों को निशाना बनाने के लिए कर अधिकारियों के उपयोग के बारे में चिंता एक ऐसी चीज है जिसकी अधिक पड़ताल की आवश्यकता है।

भारत में यकीनन यह मोदी युग है: धूमे

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी स्तंभकार बोले- 60, 70, 80 के दशक में था कांग्रेस का प्रभुत्व

दक्षिण एशिया मामलों के एक प्रख्यात अमेरिकी विशेषज्ञ और स्तंभ लेखक का कहना है कि भारत में यह यकीनन मोदी युग है और देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की स्थिति स्पष्ट तौर पर मजबूत है और वह तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी।

वॉल स्ट्रीट जर्नल के लिए दक्षिण एशिया मामलों के स्तंभकार तथा थिंक टैंक 'अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट' से जुड़े सदानंद धूमे ने एक साक्षात्कार में यह बात कही। धूमे ने कहा कि भारतीय संदर्भों में निस्संदेह यह मोदी युग है। जैसे 2015 से अमेरिकी राजनीति में ट्रंप युग रहा है, भले ही वह सत्ता में हों या नहीं हों। भारत में लगभग 2013 से स्पष्ट तौर पर मोदी युग है। आप चाहें उन्हें पसंद करें या उनसे घृणा करें लेकिन वह राष्ट्रीय चर्चा के केन्द्र में हैं। अगर आप इंदिरा गांधी के समय से लेकर अब तक की राजनीति पर नजर दौड़ाएं तो आप पाएंगे कि कोई भी ऐसा नेता नहीं है जो राष्ट्रीय चर्चा में इस तरह से केन्द्र में रहा हो। धूमे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने आर्थिक मोर्चे पर काफी अच्छा काम किया है। प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत लोकप्रियता काफी ऊंची बनी हुई है। यदि आप सर्वेक्षणों को देखें, तो यह 80% के आसपास है जो विश्व नेताओं के लिए यदि उच्चतम नहीं तो सबसे अधिक में से एक है। एक बात यह भी है कि कई मायनों में विपक्ष वास्तव में ध्वस्त हो गया है। पहले 2014 में और फिर 2019 में कांग्रेस लगातार दो निराशाजनक प्रदर्शनों के बाद फिर से संभल नहीं हो पाई है। धूमे ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भारत लंबे समय से एक ऐसा देश रहा है जिसमें केवल एक शक्तिशाली राष्ट्रीय पार्टी रही है। यदि आप 60, 70, 80 के दशक को देखें, तो उस पर कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व था और अब उस पर भाजपा का प्रभुत्व है, उस हद तक नहीं जितना कभी कांग्रेस का प्रभुत्व था।

पाकिस्तानी अदालत ने दो सीटों पर निर्वाचन किया रद

लाहौर, एजेंसी

सख्त कार्रवाई

- पीएमएलएन के दो उम्मीदवारों की जीत पर अदालत ने फेरा पानी

पाकिस्तान में लाहौर उच्च न्यायालय की अलग-अलग पीठों ने पंजाब प्रांत की दो संसदीय सीटों गुजरांवाला और लोधरान से पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएलएन) के दो उम्मीदवारों की नेशनल असेंबली में हुई जीत की अधिसूचना को रद्द कर दिया है। इस तरह पार्टी ने दोनों सीटों को गंवा दिया है। डॉन न्यूज की खबर के मुताबिक, मंगलवार को लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शाहिद करीम ने नेशनल असेंबली 81 (गुजरांवाला) से जीते अजहर कय्यूम नाहरा के खिलाफ एक आदेश पारित किया। न्यायाधीश ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अगुवाई वाली पीटीआई द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार चौधरी बिलाल इजाज की याचिका पर यह फैसला सुनाया। इजाज के वकील ने मंगलवार को दलील दी कि उनके मुवक्किल को शुरू में 7,791 वोटों से निर्वाचित घोषित किया गया था, लेकिन पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने प्रतिवादी नाहरा के अनुरोध पर दोबारा गिनती में उन्हें (नाहरा) 3,100 वोटों के अंतर से विजयी घोषित कर दिया। इस बीच, लाहौर उच्च न्यायालय की बहावलपुर पीठ ने भी ऐसे ही एक मामले में एनए-154 लोधरान से पीएमएल-एन सांसद अब्दुल रहमान कंजू को पद से हटा दिया और पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार राणा फराज नून को विजेता घोषित किया।

एक नजर

सोलोमन द्वीप के संसदीय चुनाव लिए हुआ मतदान, 334 उम्मीदवार मैदान में

होनियारा। सोलोमन द्वीप के संसदीय चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हो रहा है। संसदीय चुनाव में 50 सीटों के लिए कुल 334 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदाता संयुक्त चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिनमें राष्ट्रीय और प्रांतीय दोनों चुनाव शामिल होंगे। प्रांतीय विधानसभाओं में पदों के लिए कुल 816 उम्मीदवार और होनियारा सिटी काउंसिल के लिए 89 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे समाप्त हुआ।

बोलीविया में हादसा, बस गहरी खाई में गिरी, पांच लोगों की मौत, 35 घायल

ला पाज। पूर्वी बोलीविया में एक बस के राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त होकर 20 मीटर से अधिक गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 35 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना मंगलवार को घटित हुई। आपातकालीन विभाग और पुलिस कर्मियों को सांता क्रूज़ विभाग, क्वीन शहर में दुर्घटनास्थल पर भेजा गया था। बस संचालित करने वाली परिवहन कंपनी के अनुसार, बस सोमवार को अपराह्न में दक्षिण-पश्चिम में पोटोसी विभाग से सांता क्रूज क्रूज डे ला सिएरा शहर के लिए रवाना हुई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, स्पष्ट रूप से दृश्यता की कमी के कारण, मातरल शहर से पांच किलोमीटर दूर क्वीन के पास बस एक खड्ड में गिर गई, हालांकि इस संभावना की भी जांच की जा रही है कि चालक को नींद तो नहीं आई थी।

चीन के अंतरिक्ष यान, वाहक रॉकेट लॉन्चिंग में स्थानांतरित

बीजिंग। चीन के मानवयुक्त शेह्जहोउ-18 चालक दल वाले अंतरिक्ष यान और लॉन्ग मार्च-2एफ वाहक रॉकेट के संयोजन को प्रक्षेपण के लिए लॉन्चिंग क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने बुधवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम चीन में अंतरिक्ष यान और वाहक रॉकेट को जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर पर पहुंचाया गया और यहां सुविधाएं तथा इसके उपकरण बेहतर स्थिति में हैं। इसे भविष्य में लॉन्च करने से पहले फंक्शन जांच और संयुक्त परीक्षण योजना के अनुसार किए जाएंगे।

जापान में लोगों की जान के लिए खतरा बने भालुओं को मारने की अनुमति

टोक्यो। जापान सरकार ने देश में काले भालुओं को छोड़कर लोगों की जान के लिए खतरा बने अन्य भालुओं को मारने की अनुमति दे दी है। पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023 से मार्च के दौरान 19 प्रान्तों में भालू के हमलों का शिकार हुए 219 लोगों में से छह की मौत हो गई। मंत्रालय ने घोषणा की है कि कि नामित प्रबंधन वन्यजीव की सूची में पश्चिम जापान के शिकोकु में विचरण करने वाले काले भालुओं को जोड़ा जाएगा, क्योंकि इनकी संख्या नहीं बढ़ रही है।

ईरान ने गलत किया, संयम रखें नेतन्याहू: सुनक

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोले- अलग-थलग पड़ गया है ईरान, हमले पर कार्रवाई का निर्णय ले रहा इजराइल

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ईरान के मिसाइल हमलों के मद्देनजर अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से संयम बरतने को कहा है। उधर, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन बुधवार को वार्ता के लिए तेल अवीव पहुंचे।

सुनक ने फोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय स्थिरता के लिए ब्रिटेन के दृढ़ समर्थन को दोहराया और इजराइली नेता से कहा कि ईरान ने गलत तरह से कदम उठाया है और परिणामस्वरूप वह वैश्विक मंच पर अलग-थलग पड़ गया है। ऐसा माना जाता है कि नेतन्याहू ने शनिवार को इजराइल पर ईरान के अभूतपूर्व प्रत्यक्ष हमले की स्थिति में ब्रिटेन को उसके मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय-सह-आवास डाउनिंग स्ट्रीट की ओर से मंगलवार शाम को फोन कॉल की जानकारी दी गई। इसमें बताया गया प्रधानमंत्री सुनक ने कहा कि ईरान ने बहुत खराब तरीके से गलत अनुमान लगाकर कदम उठाया है और वैश्विक मंच पर वह अलग-थलग पड़ गया है। गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष पर सुनक ने नेतन्याहू से कहा कि वह गहराते मानवीय संकट को लेकर बहुत चिंतित हैं।

इजरायली हवाई हमले के बाद अबो अल हनूद परिवार की आवासीय इमारत पर लोगों की तलाश करते फिलिस्तीनी।

इजराइली हमले में तीन की मौत

बेरूत। लेबनान के दक्षिणी शहर शेहाबिया में इजरायल की ओर से किए गए हमले में हिजबुल्लाह के दो लड़ाके और एक अमल मूवमेंट सदस्य की मौत हो गई और तीन नागरिक घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने कहा कि इजरायली ड्रोन ने मंगलवार शाम को हवा से सतह पर मार करने वाली तीन मिसाइलें दागीं, जिससे कई दुकानें और 22 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। सूत्रों के मुताबिक, इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के इलाकों में छह हवाई हमले किए और कई कस्बों और गांवों पर गोले दागे। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कई इजरायली साइटों पर हमला किया। एक लेबनानी सैन्य सूत्र ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि अपराह्न में लेबनान से उत्तरी इजरायल की ओर 100 से अधिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से कुछ को इजरायली आयरन डोम मिसाइलों द्वारा रोक दिया गया। इससे पहले दिन में, दक्षिणी लेबनानी गांव ऐन बाल में एक नागरिक कार पर इजरायली हमले में हिजबुल्लाह का एक स्थानीय नेता मारा गया था। पीड़ित की पहचान शेहबिया शहर के अबू जाफ़र बाज़ के रूप में की गई।

सख्त भी हो और संघर्ष भी न बढ़े ऐसी कार्रवाई की उम्मीद: कैमरन

यरूशलम। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने बुधवार को कहा कि सप्ताहांत में ईरान द्वारा किए गए मिसाइल और ड्रोन हमले के जवाब में इजराइल कार्रवाई करने का निर्णय ले रहा है। इस बीच, ईरान ने चेतावनी दी कि उसके क्षेत्र में किसी छोटे से हमले का भी कठोर जवाब दिया जाएगा। इजराइल ने ईरान के अभूतपूर्व हमले का जवाब देने का संकल्प लिया है लेकिन इस बारे में कुछ नहीं कहा है कि कार्रवाई कब और कैसे की जाएगी। कैमरन ने कहा कि यह स्पष्ट है कि इजराइल ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय ले रहा है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह इसे इस तरह अंजाम देगा जो सख्त भी हो और इससे ज्यादा संघर्ष भी न बढ़े।

अमेरिका ईरान के मिसाइल, ड्रोन कार्यक्रमों पर लगाएगा नए प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान पर उसके मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों सहित अन्य मुद्दे पर नए प्रतिबंध लगाएगा। सुलिवन ने मंगलवार को कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान को निशाना बनाते हुए उसके मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों सहित अन्य मामलों में नए प्रतिबंध लगाएगा। साथ ही इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और ईरान के रक्षा मंत्रालय का समर्थन करने वाली संस्थाओं के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिका पूरे पश्चिम एशिया में वायु और मिसाइल रक्षा प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के एकीकरण को मजबूत और विस्तारित करता रहेगा।

यूक्रेन के चेर्निहाइव में रूसी मिसाइल हमला, 13 की मौत

कीव। रूस की तरफ से दागी गई तीन मिसाइल बुधवार को उत्तरी यूक्रेन के चेर्निहाइव में आठ मंजिला इमारत पर गिरीं जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने बताया कि हमले में दो बच्चों सहित कम से कम 61 लोग घायल हो गए। चेर्निहाइव राजधानी कीव से लगभग 150 किलोमीटर उत्तर में, रूस और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है और इसकी आबादी लगभग 2,50,000 है।

- 61 लोग घायल, पश्चिमी देशों से सैन्य मदद न मिलने से कमजोर पड़ रहा यूक्रेन
- पिछले दिनों यूक्रेन के एक सबसे बड़े बिजली संयंत्र को रूस ने कर दिया था नष्ट

पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन को अतिरिक्त सैन्य साजो सामान मुहैया नहीं कराए जाने से रूस के खिलाफ युद्ध में उसकी स्थिति कमजोर पड़ती जा रही है। युद्ध के तीसरे वर्ष में प्रवेश करने के साथ रूस यूक्रेन में लगातार बढ़त बना रहा है। हालांकि, सर्दियों के महीनों के दौरान, रूस युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर कोई प्रगति नहीं कर पाया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से उनके देश को और अधिक वायु रक्षा प्रणालियां प्रदान करने का अनुरोध किया है। उन्होंने चेर्निहाइव हमले के बारे में कहा कि अगर यूक्रेन को पर्याप्त वायु रक्षा उपकरण मिले होते और रूसी आतंक का मुकाबला करने के लिए दुनिया का दृढ़ संकल्प होता, तो ऐसा नहीं होता। जेलेंस्की ने इस सप्ताह की शुरुआत में बताया था कि मिसाइल और ड्रोन हमले से बचाव करते हुए यूक्रेन के पास वायु रक्षा मिसाइलें खत्म हो गई हैं।

पाकिस्तान में 63 हुई बारिश से मरने वालों की संख्या

पेशावर। पाकिस्तान में बिजली गिरने और भारी बारिश की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पिछले चार दिनों से जारी बेहद खराब मौसम के कारण कम से कम 63 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता खुर्शीद अनवर ने बताया कि ज्यादातर मौतें पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम में स्थित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई हैं। प्रांत में इमारत के ढहने से 32 लोगों की मौत हो गयी, जिसमें 15 बच्चे और पांच महिलाएं शामिल थीं। अनवर ने बताया कि उत्तर पश्चिम में दर्जनों लोग घायल हुए हैं और 1370 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बिजली गिरने और मकान ढहने की घटनाओं में 21 लोगों की मौत गयी।

यूएई में रिकॉर्ड बारिश, दुबई हवाई अड्डे में भरा पानी

दुबई, एजेंसी

रेगिस्तानी देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार को रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई, जिससे अधिकतर क्षेत्रों में लोगों को भारी जलभराव का सामना करना पड़ा। भारी बारिश के चलते दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में बाढ़ जैसे हालात बनने से बड़े पैमाने पर उड़ानें प्रभावित हुईं।

सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की खबर के मुताबिक, मंगलवार को हुई बारिश एक ऐतिहासिक मौसमी घटना है, जो 1949 में डेटा संग्रह की शुरुआत के बाद से दर्ज की गई सबसे अधिक वर्षा है। बहरीन, ओमान, कतर और सऊदी अरब में भी बारिश हुई। हालांकि, पूरे संयुक्त अरब अमीरात में तेज बारिश देखी गई। माना जा रहा है कि क्लाउड सीडिंग भारी बारिश का कारण बनी क्योंकि सरकार ने कृत्रिम बारिश के प्रयास के तहत छोटे विमान तैनात किए थे। कई रिपोर्ट में राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानियों के हवाले से कहा गया है कि बारिश से पहले छह या सात 'क्लाउड सीडिंग' उड़ानें भरी गई थीं। यूएई अपने घटते, सीमित भूजल को बढ़ाने के लिए 'क्लाउड सीडिंग' का सहारा लेता है। दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकत्र किए गए मौसम संबंधी आंकड़ों के अनुसार, बारिश सोमवार देर रात से शुरू हुई जिसके बाद लगभग 20 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण दुबई की सड़कों पर जलभराव हो गया। इसके बाद मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजे के आसपास तेज आंधी आई और फिर ये पूरे दिन जारी रही। इसके साथ ही भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। मंगलवार के अंत तक, 24 घंटों में 142 मिलीमीटर से अधिक बारिश ने दुबई में बाढ़ जैसे हालात बना दिए। एक दंपति ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बुधवार को बताया कि हवाई अड्डे पर स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि आपको टैक्सी नहीं मिल सकती। मेट्रो स्टेशन पर लोग सो रहे हैं। हवाई अड्डे पर लोग सो रहे हैं।

यूएई में बारिश ने तोड़े 75 वर्षों के सारे रिकॉर्ड

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार को 75 वर्षों में एक दिन में सबसे अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। मूसलाधार बारिश के कारण व्यापक बाढ़, यात्रा में व्यवधान और क्षति हुई। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 1949 में रिकॉर्ड तोड़ बारिश के बाद 75 वर्षों में यह सबसे अधिक बारिश हुई है। अल ऐन में 24 घंटों के भीतर 254 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो दो साल की औसत वर्षा के बराबर है।

पाकिस्तान में तीन वाहनों की टक्कर में 8 की मौत, 30 घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत के जमशोरो जिले में बुधवार को तीन वाहनों के बीच टक्कर में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और अन्य 30 घायल हो गए। बचाव सेवा ने यह जानकारी दी।

ईधी बचाव संगठन के एक स्थानीय प्रतिनिधि मेराज अहमद ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के मंझंड इलाके के पास सिंधु राजमार्ग पर आज सुबह हुई जब तेल टैंकर, ट्रक और एक यात्री बस की एक के बाद एक टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गयी और अन्य 30 घायल हो गए। पहले तेल टैंकर और ट्रक की टक्कर हुई तथा कुछ ही सेकंड के भीतर बस ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ और लोग हताहत हुए।

म्यांमार सैन्य सरकार ने आंग सान सू ची को जेल से घर पर नजरबंदी में भेजा

बैंकाक, एजेंसी

- भीषण लू के कारण बिगड़ी अपदस्थ नेता की तबियत, सू ची के बेटे एरिस ने लंदन से मां और राजनीतिक कैदियों को रिहा करने की लगाई गुहार

म्यांमार की सैन्य सरकार ने बुधवार को कहा कि अपदस्थ नेता आंग सान सू ची को भीषण लू के बीच स्वास्थ्य संबंधी कारणों से जेल से स्थानांतरित करके घर में नजरबंदी में रखा गया है। सैन्य सरकार ने पारंपरिक नववर्ष के दौरान इस सप्ताह तीन हजार से अधिक कैदियों को माफी दी है।

सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल जनरल जॉ मिन तुन ने मंगलवार देर रात विदेशी मीडिया के प्रतिनिधियों को बताया कि सू ची (78) और उनकी सरकार के कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति रहे विन मिंट (72) उन बुजुर्ग कैदियों में शामिल हैं जिन्हें तेज गर्मी के कारण जेल से घर में नजरबंदी में रखा गया है। हालांकि इस कदम के बारे में म्यांमा में सार्वजनिक तौर पर घोषणा नहीं की गई है। म्यांमा में 2021 में सेना ने निर्वाचित सरकार को बेदखल कर सत्ता अपने हाथ में ले ली और सू ची को कैद कर लिया था। देश की नेता सू ची राजधानी नेपीताव में मुख्य जेल के विशेष रूप से निर्मित प्रकोष्ठ में विभिन्न मामलों में 27 साल की जेल की सजा काट रही हैं।

म्यांमा के मौसम विभाग ने कहा कि राजधानी में मंगलवार दोपहर को तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पूर्व राष्ट्रपति विन मिंट म्यांमा के बागो क्षेत्र के ताउंगू में आठ साल की जेल की सजा काट रहे हैं। ऐसी खबरें भी आई हैं कि जेल में सू ची की तबियत बिगड़ रही है। लंदन में रहने वाले सू ची के छोटे बेटे किम एरिस ने कहा कि उनकी मां बेहद बीमार हैं, उन्हें मसूड़ों में दिक्कत है। उन्होंने कहा था कि म्यांमा की सैन्य सरकार पर उनकी मां और अन्य राजनीतिक कैदियों को रिहा करने के लिए दबाव डाला जाना चाहिए।

म्यांमार में नए साल पर 3,000 कैदी किए रिहा

यांगून। म्यांमार की प्रांतीय प्रशासन परिषद ने पारंपरिक म्यांमार नववर्ष के पहले दिन बुधवार को तीन हजार से अधिक कैदियों को माफी दे दी और उन्हें रिहा कर दिया। परिषद ने कहा कि कैदियों में 3,303 म्यांमार के नागरिक और 36 विदेशी कैदी थे, जिनमें 13 इंडोनेशियाई नागरिक और 15 श्रीलंकाई नागरिक शामिल हैं। म्यांमार में अपने पारंपरिक नववर्ष के मौके पर हर साल कैदियों को माफी देकर रिहा कर दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल ऐसे मौके पर 3,000 से अधिक कैदियों को रिहा किया गया था।

रक्षा सहयोग में मील का पत्थर होगी आईटी प्रयोगशाला: पांडे

नई दिल्ली। थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को उज्बेकिस्तान की यात्रा के दौरान उज्बेक सशस्त्र बल अकादमी में एक अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

भारतीय सेना के सूत्रों ने कहा कि सितंबर 2018 में रक्षामंत्रियों की बैठक के दौरान की गई प्रतिबद्धता के बाद यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग में मील का एक पत्थर है। जनरल पांडे द्विपक्षीय सैन्य सहयोग के नए रास्ते तलाशने के लिए 15 से 18 अप्रैल तक उज्बेकिस्तान की यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्रालय ने पूर्व में एक बयान में कहा था कि जनरल पांडे का कई रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा करने के अलावा मध्य एशियाई राष्ट्र के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक बातचीत करने का कार्यक्रम है।

अनोखी खोज | किसी पिंड द्वारा प्रलयंकारी घटना से हृदय की आकृति की संरचना बनी

प्लूटो के सीने में भी धड़कता है दिल...

अमृत विचार, नैनीताल:

नन्हा ग्रह प्लूटो के सीने में भी दिल धड़कता है। नासा के न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने प्लूटो के दिल की आश्चर्यजनक खोज की है। वैज्ञानिकों का मानना है कि किसी पिंड द्वारा प्रलयंकारी घटना से प्लूटो में हृदय की आकृति की संरचना हुई होगी।

प्लूटो सौर मंडल का ऐसा ग्रह है, जो अक्सर विवादों में घिरा रहता है। हालाकि अब यह बौना ग्रह की श्रेणी में शामिल हो गया है, लेकिन वैज्ञानिकों एक वर्ग आज भी इसे बौना न मानकर ग्रह की संज्ञा ही देता है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों के बीच जबरदस्त बहस आज भी जारी है। लिहाजा प्लूटो पर मिलने वाली कोई भी खबर सोशल मीडिया पर एकदम ट्रोल होने लगती है। अब जो खबर आई है , वह चौकाने वाली है। वैज्ञानिकों ने इस बौने ग्रह के सीने में दिल ढूंढ निकाला । नासा के न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने पहली बार प्लूटो के दिल की जासूसी 2015 में की थी। प्लूटो की दुनिया बहुत छोटी है। जिसकी संरचना का पता लगाने में अंतरिक्ष यान को अधिक समय नही लगा और दिल के आकार की इस जगह खोज निकाला।

पहले की धारणा से भिन्न है प्लूटो की संरचना

नैनीताल: पूर्व में समझा जाता कि इसकी संरचना समतल है, लेकिन नई जानकारी पहले से जुदा है। जिसमें संभवत: जल भी है। शायद समुद्र भी हो। स्विट्जरलैंड के बर्न विश्वविद्यालय और टक्सन, एरिजोना विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने प्लूटो के रहस्य से पर्दा उठाया है। विज्ञान पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।

वैज्ञानिकों ने अपनी सुविधा के लिए इस दिलनुमा जगह का नाम टॉमबॉघ रेजियो रख दिया। प्लूटो के अतीत की बात करें तो 1930 मे इसकी खोज हुई । 2006 तक यह ग्रह की श्रेणी में गिना जाता था। मगर 2006 में ग्रह की परिभाषा बदल जाने के बाद इसे बौना ग्रह की श्रेणी में शामिल कर दिया गया। तब से इस पर शुरू हुई बहस आज तक थम नही पाई है। इधर प्लूटो पर स्थित हृदय ने अपने अनोखे आकार, भूवैज्ञानिक संरचना और ऊंचाई की स्थिति को लेकर वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। इसके दिल की संरचना का पता लगाने के लिए वैज्ञानिकों ने संख्यात्मक सिमुलेशन का उपयोग किया। तब यह पता चला कि एक पिंड की प्रलयंकारी घटना से प्लूटो के हृदय का निर्माण हुआ, जो 650 किमी व्यास से थोड़ा अधिक बड़ा व्यास का है।